॥ श्रीः ॥

शिवगीता ।

पण्डितज्वालाप्रसादमिश्रकृत-
भाषाटीकासमलंकृता ।

सेयं

खेमराज श्रीकृष्णदासश्रेष्ठिना
मुम्बय्यां

(खेतवाडी ७ वीं गली खम्बाटालैन)

स्वकीये "श्रीवेंकटेश्वर" स्टीम्) मुद्रणयन्त्रा-
लये मुद्रयित्वा प्रकाशिता ।

संवत् १९७१, शके १८३६.

अस्य ग्रंथस्य सर्वेऽधिकारा राजनियमानुसारेण
मुद्रणालयाधीशाधीनाः संति ।

शिवगीतार्क-भूमिका ।

—=0=—

"इसमें परम पुरुषार्थ यही है कि, मुक्तिको प्राप्त होना, इसके निमित्त शास्त्रकारोंने अनेक प्रकारके प्रबन्ध बांधे हैं परन्तु तत्त्वज्ञानके विना मुक्तिका मिलना दुर्लभ है । तत्त्वज्ञानसेही यह प्राणी आत्माको जानकर मुक्त होजाता है (तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पंथा विद्यतेऽयनायेति श्रुतेः) अर्थात् आत्माहीको जानकर इस अधिकारी पुरुषको मुक्तिकी प्राप्ति हो जाती है आत्मज्ञानके विना मोक्षप्राप्तिका दूसरा उपाय नहीं है । और जो दूसरे उपाय लिखे हैं कि (काश्यां मरणान्मुक्तिः) काशीमें मरनेसे मुक्ति हो जाती है और (उभाभ्यामेव पक्षाभ्यां यथा खे पक्षिणां गतिः ॥ तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते शाश्वती गतिः) अर्थात् जैसे आकाशमें पक्षी दोनों पंखोंसे उडते हैं इसी प्रकार ज्ञान और कर्मसे मुक्ति होती है तथा (कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः) अर्थात् जनकादि कर्मसेही सिद्धिको प्राप्त होगये तथा (ब्रह्मज्ञानेन मुच्यन्ते प्रयागमरणेन वा । अथवा स्नानमात्रेण गोमत्याः कुरुसन्निधौ) अर्थात् यह अधिकारी पुरुष ब्रह्मज्ञानसे मुक्तिको प्राप्त होतेहैं अथवा प्रयागमें शरीर त्यागनेसे अथवा श्रीकृष्ण भगवान्के समीप गोमती तीर्थमें स्नानमात्रसे मुक्ति कथन करी है, इससे केवल आत्माके ज्ञानसेही मुक्तिकी प्राप्ति होती है, यह नहीं बनसक्ता, इस शंकाका उत्तर यह है कि, (नान्यः

पंथा विद्यतेऽयनाय) यह पूर्वकी श्रुति मुक्तिकी प्राप्ति आत्मज्ञानके बिना दूसरे कर्मादिकोंका निषेध करती है, इससे जिस प्रकार आत्मज्ञानरूप तत्त्वज्ञानको साक्षात् मोक्षकी साधनता है, तैसे तिन कर्मोंको साक्षात् मोक्षकी साधनता नहीं, किन्तु तत्त्वज्ञानकी प्राप्तिमें हीं उन कर्मादिकोंकी साधनता है, काशीमें मरनेसे इस पुरुषको महादेवजीके उपदेशसे तत्त्वज्ञान होता है, उससे मुक्ति होजातीहै इसी प्रकार निष्काम कर्म करनेसे भी तत्त्वज्ञानके प्रतिबंधक नष्ट होकर तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति होती है, इसीप्रकार प्रयागमरण गोगतीस्नान सगुणउपासना यह सब तत्त्वज्ञानके साधन हैं, साक्षात् मुक्तिके साधन नहीं, एक तत्त्वज्ञानही साक्षात् मुक्तिका साधन है दूसरे उपाय उसके उपयोगी हैं इस प्रकार परंपराके उपयोगको अंगीकार करकेही शास्त्रमें काशीमरणादिकोंको मुक्तिका साधन कहा है इससे केवल तत्त्वज्ञानसे मोक्ष माननेसे उन वचनोंमें विरोध नहीं आता और जो केवल कर्मोंकोही मुक्तिका साधन मानतेहैं उनसे यह पूछना चाहिये कि संन्यासीके प्रति शास्त्रने जो भिक्षाटनादि कर्म विधान किये हैं उन कर्मोंको मोक्षकी साधनता है, अथवा गृहस्थके प्रति जो शास्त्रने अग्निहोत्रादि विधान किये हैं उन कर्मोंको मोक्षकी साधनता है, संन्यासीके कर्मोंको मोक्षकी साधनता मानें तो संन्यासीके भिक्षाटनादि कर्मोंमें गृहस्थीको अधिकार नहीं तो गृहस्थकी मुक्ति न होनी चाहिये, और शास्त्रोंमें गृहस्थकी भी मुक्ति कथन करी है,

जैसे (कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः । श्राद्धकृत्सत्यवादी च गृहस्थोपि हि मुच्यते) अर्थात् जनकादिक निष्काम कर्म करकेही मुक्त हुए तथा श्राद्धकरनेवाले, सत्यबोलनेहारे गृहस्थभी मुक्त होजाते हैं, जो संन्यासीके कर्मोंको मोक्षहीकी साधनता मानोगे तो गृहस्थकी मुक्तिको कथन करनेहारे यह सब वचन व्यर्थ होंगे इससे संन्यासीके कर्मोंको मोक्षकी साधनता नहीं संभवती और गृहस्थके कर्मोंकोही मोक्षकी साधनता है, यह पक्ष स्वीकार करो तो गृहस्थके कर्मोंमें संन्यासीको अधिकार नहीं इससे संन्यासीकी मुक्ति न होनी चाहिये, और संन्यासीको मुक्तिकी प्राप्ति श्रुति स्मृतियोंमें देखी है (संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः) इससे गृहस्थके कर्मोंको मोक्षकी साधनता संभवती नहीं, और जैसे स्वर्गादि सुखमें विलक्षणता है, इस प्रकार मुक्तिमें कोई विलक्षणता है नहीं जिस विलक्षणताको लेकर विजातीय मुक्तिके प्रति संन्यासीके कर्मोंको कारणता हो, और विजातीय मुक्तिके प्रति गृहस्थको कारणता हो, इससे तिन कर्मोंको साक्षात् मोक्षकी साधनता नहीं संभवती. किंवा (तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषंति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन) अर्थात् अधिकारी ब्राह्मण इस आत्माको वेदाध्ययन, यज्ञ, दान, तप, अनशन इत्यादि कर्मोंसे जाननेकी इच्छा करे हैं इस श्रुतिमें यज्ञदानादि कर्मोंको आत्मज्ञानकी इच्छाकरके विविदिषाकी अथवा आत्मज्ञानकीही कारणता

कथन करी है, मोक्षकी कारणता कथन नहीं की, और ' न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुः ; अर्थात् पूर्वज महात्मा अग्निहोत्रादि कर्म, तथा पुत्रादिक प्रजा, तथा सुवर्णादिक धनसे मोक्षको प्राप्त नहीं हुए, किन्तु कर्मादिकोंके त्यागसेही तत्त्वज्ञानद्वारा मोक्षको प्राप्त हुए है, यह श्रुति मोक्षकी प्राप्तिमें कर्मोंका निषेध करती है इस कारणसे वे कर्म मोक्षके साधन नहीं हैं किन्तु एक तत्त्वज्ञानही मोक्षका साधन है यह अर्थसिद्ध हुवा, अब यह जानना अवश्य है कि, तत्त्वज्ञान किसको कहते है तो इसका उत्तर यह है कि, आत्माकूं देह इन्द्रियादि सम्पूर्ण अनात्मपदार्थोंसे जो पृथक् जानना है इसका नाम तत्त्वज्ञान है. उस आत्मज्ञानकी प्राप्ति श्रवण, मनन, निदिध्यासन साधनोंसे होती है यथा (आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः) याज्ञवल्क्य मैत्रेयीसे कहते हैं हे मैत्रेयी ! यह आत्मा द्रष्टव्य है अर्थात् आत्मसाक्षात्कार मोक्षरूप इष्टका साधन है, इससे मुमुक्षु पुरुषोंको आत्मसाक्षात्कार अवश्य संपादन करना. वह आत्माका साक्षात्कार श्रवण, मनन और निदिध्यासनसे होताहै. वेदपाठी सम्पूर्ण युक्ति सम्पन्न आत्मज्ञानी गुरुके मुखसे श्रुतिवाक्योंके अर्थ जाननेका नाम श्रवण है और वेदान्तके अनुकूल युक्तिद्वारा चिरकालसे श्रवण किये अद्वितीय ब्रह्मवस्तुकी चिन्ताका नाम मनन है, तथा तत्त्वज्ञानके विरोधी

देहादि जड पदार्थ का ज्ञान, तथा अद्वितीय ब्रह्मवस्तुके अनुकूल ज्ञानके प्रवाहको निदिध्यासन कहते हैं, इन साधनोंके करनेसे ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति होती है, और श्रवणादिकी प्राप्तिके वास्ते पुरुषको वैराग्य अवश्य करना चाहिये, अर्थात् दोनों लोकोंके सुखकी इच्छा त्यागनेका नाम वैराग्य है, क्योंकि, वैराग्यसे आत्मशुद्धि और पाप दूर होता है, और निष्काम कर्म करनेसे आत्माकी शुद्धि होती है, इस कारण तत्त्वज्ञानकी प्राप्तिके निमित्त सब साधन करने इस प्रकारसे कर्म, उपासना और ज्ञान यह तीनों परस्पर सापेक्षहैं और आत्माके ज्ञानमें उपयोगी हैं कर्म तो उपासना ज्ञानकी अपेक्षा रखताहै, उपासना कर्मकी फिर ज्ञानकी अपेक्षा रखती है और ज्ञान कर्म उपासना दोनोंकी अपेक्षा रखताहै अर्थात् उपासना और कर्मसे ज्ञान होताहै, कर्मसे अन्तःकरणकी शुद्धि, उपासनासे चित्तकी एकाग्रता और ज्ञानसे मुक्ति होतीहै, क्रमानुसार यह अनुष्ठान करनेसे परमानन्दकी प्राप्ति होतीहै, इसप्रकार संपूर्ण शास्त्र तत्त्वज्ञानके विषयमें उपयोगीहैं, इसीकारण उनके कर्त्ताओंने उनसे मुक्तिकी प्राप्ति वर्णन करीहै, उनके गूढ आशयोंको न जानकर बहुधा प्राणी यह कहने लगते हैं कि, एक शास्त्रने दूसरेका विरोध कियाहै, एक पुस्तक देखनेमें आई उसमें सांख्य और योग इनमें महाभेद प्रतिपादन कियाहै, और डेढ पंक्तिमेंही उनके मतका निराकरणकर कह दिया कि, यह भी मत समीचीन नहीं परन्तु गीताकेभी इस श्लोकपर ध्यान नहीं


दिया कि (सांख्ययौगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः) अर्थात् सांख्य और योगको बालकबुद्धिवालेही पृथक् मानते हैं, पंडित नहीं । शास्त्रकारोंने जो परिश्रम कियाहै उनके आशयको सर्वसाधारणोंको अवगत होना महा कठिन है, तात्पर्यमें किसीके भेद नहीं सबही शास्त्रकारोंने मुक्तिप्राप्तिके निमित्त अपने २ शास्त्रोंका वर्णन कियाहै उनके वाक्य कोई कर्म कोई उपासना और ज्ञानके उपयोगीहैं जो कि, तत्त्वज्ञानमें सहायक हैं इसीसे हम उनमें विरोध नहीं कहतेहैं मनुष्यको पक्षपातरहित होकर उनके आशयकी ओर विचार करना चाहिये और आत्मज्ञानकी प्राप्तिके निमित्त उद्योग करना चाहिये जैसा कि, श्रवण मनन तत्त्वज्ञानके उपयोगी ऊपर कहआये हैं उसीप्रकार उन ग्रंथोंका विचार भी अवश्य है, जिनसे आत्मज्ञानकी प्राप्ति होतीहै जो वेदान्तके नामसे विख्यातहैं जिनमें केवल आत्मज्ञानही वर्णन किया गया है उपनिषद् भगवद्गीता आदि इस विषयके विख्यात ग्रन्थ हैं, जिनसे परमशांति होतीहै उन्ही वेदान्त ग्रन्थोंमेंसे "शिवगीता" भी एक अद्भुत रत्न है जिसके जाननेसे प्राणीको योग, आत्मज्ञान, शरीरकी गति, कर्म, उपासना, ज्ञान तथा औरभी अनेक विषय ऐसी सरल रीतिसे ध्यानमें आजाते है कि, शीघ्र परमानन्दकी प्राप्ति होजातीहै, इसमें शिवजीने श्रीरामचन्द्रको ब्रह्मज्ञानका उपदेश किया है, जिसमें महाराजने परमश्रद्धासे श्रवणकर जानकीका वियोग दूर किया है, संसारमें आत्मज्ञानसे अधिक कुछ नहीं है इससे जिसमें आत्मज्ञानकी प्राप्ति

हो उसकी सर्वोत्कृष्टतामें क्या संदेह है, यह अमूल्यरत्न आज-
तक संस्कृत भाषाहीमें था इस कारण सर्व साधारणको इसका
आनंद प्राप्त नहीं होसक्ता था इस कारण जगत्प्रसिद्ध वैश्यवंशादि-
भाकर "श्रीवेङ्कटेश्वर" यंत्रालयाधिपति सेठजी श्रीखेमराज श्रीकृष्ण-
दासजीकी प्रेरणासे इस अनुपमगीता ग्रन्थका भाषार्य महात्माओंकी
प्रीतिके निमित्त निर्माण कियाहै । प्रयोजनानुसार श्रुतिभी
सम्मिलित करदी हैं, और अक्षरका अर्थ दूसरे प्रयोजनमें न
चलाजाय इसकारण इसकी टीका बहुत विस्तृत नहीं की है.
और भावार्थ प्रगट करनेमें यथाशक्ति त्रुटिभी नहीं की है
आपकी प्रसन्नता हो इसीकारण इस टीकाका नामभी (प्रसाद)
रक्खा है सज्जन महाशय इसका आदरकर मेरे परिश्रमको
सफल करेंगे. यदि कहीं टीकामें कुछ दोष रहगयाहो तो
अपनी उदारतासे उसको क्षमा करेंगे कारण कि, सर्वज्ञ परमेश्वर
है उसके गुणोंका पार कौन पासक्ता है परन्तु अपनी मतिके
अनुसार उसके गुणोंका कथन करतेहैं, शेषमें शशिभूषण
श्रीशंकर पार्वतीवल्लभसे प्रार्थना है कि, श्रोता वक्ताके सब प्रकारसे
मंगल विधानकर परमानन्दकी प्राप्ति करें । शुभमस्तु.

पं० ज्वालाप्रसाद मिश्र,
मुहल्ला दिलदारपुरा-मुरादाबाद.

श्रीः ।

अथ सिद्धान्तकौमुदी ।



श्रीगणेशाय नमः ।

दोहा-गौरिगिरीश गणेशरवि, शशिसहस्राननराम।
सबको वंदन करतहूं, सिद्धहोहिं सब काम ॥ १ ॥

श्रीगणेशाय नमः॥ श्रीसरस्वत्यै नमः॥ श्रीगुरुभ्यो नमः॥ श्रीसाम्बसदाशिवाय नमः॥ॐअस्य श्रीशिवगीतामालामन्त्रस्य॥ श्रीवेदव्यासरूप्यगस्त्यऋषिः॥जगतीच्छन्दः॥ श्रीसदाशिवःपरमात्मा देवता॥ प्रणवो बीजम्॥सर्वव्यापक इति शक्तिः॥ ह्रीं कीलकम्॥ ब्रह्मात्मसाक्षात्कारार्थे जपे विनियोगः।अथ न्यासः॥ॐश्रीवेदव्यासरूप्यगस्त्यऋषिःशिरसि॥ॐजगतीच्छन्दःमुखे॥ॐश्रीसदाशिवःपरमात्मा देवता हृदये॥ॐप्रणवोबीजंनाभौ॥ ॐसर्वव्यापक इति शक्तिः गुह्ये॥ ॐह्रीं कीलकं पादयोः॥ ॐह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।ॐह्रीं तर्जनीयभ्यां नमः॥ ॐह्रूं मध्यमाभ्यां नमः॥ ॐ ह्रैं अनमिकाभ्यां नमः॥ ॐह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ॐह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ एवं हृदयादि॥ ॥ **अथ ध्यानम्** ॥ ॥ अकारं विन्यसेन्नाभौ सत्त्वरूपं निरञ्जनम्॥ उकारं हृदये विन्द्याद्रजोरूपं द्वितीयकम्॥ १॥

मकारं मूर्ध्नि विन्यस्य तमोरूपं च त्र्यम्बकम् ॥
अकारश्च उकारश्च मकारो विन्दुलक्षणः ॥ २ ॥
त्रिधा मात्रा स्थिता यत्र तत्परं ज्योतिरोमिति ॥
अकार उच्यते रुद्रो मकारश्च पितामहः ॥ ३ ॥
उकार उच्यते विष्णुस्तत्परं ज्योतिरोमिति ॥
इच्छा क्रिया तथा शक्तिर्ब्राह्मी गौरी च वैष्णवी
॥ ४ ॥ त्रिधा शक्तिः स्थिता यत्र तत्परं ज्यो-
तिरोमिति ॥ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च देवेंद्रो देव-
तास्तथा ॥ ५ ॥अमलार्कस्थिराकारं प्रज्वलं
भुवनत्रयम् ॥ धारयन्हृदये ब्रह्म वह्निना सह
दृश्यते ॥ ६ ॥ दृशिस्वरूपं गगनोपमं परं सर्वा-
त्मकं सात्त्विकमेकमक्षरम् ॥ अलेपनं सर्वगतं
यदद्वयं तदेव चाहं प्रणवं यदुक्तम् ॥ ७ ॥ ॐ
इति ॥ उत्पन्नात्मावबोधस्य अद्वेष्टृत्वादयो
गुणाः ॥ अशेषतो भवन्त्यस्य ननु संधानरू-
पिणः ॥ ८ ॥ इति ध्यानम् ॥

सूत उवाच ।

अथातः संप्रवक्ष्यामि शुद्धं कैवल्यमुक्तिदम् ॥
अनुग्रहाल्पहेशस्य शंभोः सर्व्य मेषजम् ॥ १ ॥

सूतजी बोले हे शौनकादिको ! इसके उपरान्त अब मैं शुद्ध और कैवल्यमुक्तिदायक संसारके दुःख छुडानेमें औषधीरूप शिवगीतारत्नको शिवजीके अनुग्रहसे वर्णन करताहूं ॥ १ ॥

न कर्मणामनुष्ठानैर्नदानैस्तपसापि वा ॥
कैवल्यं लभते मर्त्यः किंतु ज्ञानेन केवलम् २॥

न कर्मोंके अनुष्ठान न दान न तपसे मनुष्य मुक्तिको प्राप्त होता है किन्तु ज्ञानसेही प्राप्त होताहै ॥ २ ॥

रामाय दण्डकारण्ये पार्वतीपतिना पुरा ॥
यत्प्रोक्ताशिवगीताख्यागुह्याद्गुह्यतमाहिसा ३॥

आगे शिवजीने दण्डक वनमें रामचन्द्रको जो शिवगीता उपदेशकी है वह गुप्तसे भी गुप्त है ॥ ३ ॥

यस्याः श्रवणमात्रेण नृणां मुक्तिर्ध्रुवं भवेत् ॥
पुरा सनत्कुमाराय स्कन्देनाभिहिता हिसा ४॥

जिसके श्रवणमात्रसेही मनुष्य मुक्तिको प्राप्त हो जाता है जो पूर्वकालमें स्कन्दजीने सनत्कुमारसे वर्णन कीथी ॥ ४ ॥

सनत्कुमारः प्रोवाच व्यासाय मुनिसत्तमः ॥
मह्यं कृपातिरेकेण प्रददौ बादरायणः ॥ ५ ॥

वह मुनिश्रेष्ठ सनत्कुमार व्यासजीसे कहते हुए व्यासजीने कृपाकरके वह हमसे वर्णन की ॥ ५ ॥

उक्तं च तेन कस्मैचिन्न दातव्यमिदं त्वया ॥
सूतपुत्रान्यथा देवाःक्षुभ्यन्ति चशपन्तिच ६॥

और कहाभी था कि, यह तुम गीता किसीको नहीं देना. हे सूतपुत्र ! ऐसा वचन पालन न करनेसे देवता क्षुभित हो शाप देतेहैं ॥ ६ ॥

अथ पृष्टो मया विप्रा भगवान्बादरायणः ॥
भगवन्देवताः सर्वाःकिं क्षुभ्यन्तिशपन्ति च७॥

हे ब्राह्मणो ! तब मैंने भगवान् व्यासजीसे पूछा हे भगवन् ! सब देवता क्यों क्षोभ करते और शाप देतेहैं ॥ ७ ॥

तासामत्रास्ति का हानिर्यया कुप्यन्ति देवताः ॥
पाराशर्योऽथ मामाह यत्पृष्टं शृणु वत्स तत् ॥८॥

उनकी इसमें क्या हानि है, जो वे देवता क्रोध करतेहैं यह सुनकर व्यासजी मुझसे बोले हे वत्स ! तू अपने प्रश्नका उत्तर सुन ॥ ८ ॥

नित्याग्निहोत्रिणो विप्राः संतिये गृहमेधिनः ॥
त एव सर्वफलदाः सुराणां कामधेनवः ॥ ९ ॥

जो ब्राह्मण नित्य अग्निहोत्र करते, और गृहस्थाश्रममें रहते हैं, वही सब फलोंके देनेहारे देवताओंको कामधेनु हैं ॥ ९ ॥

भक्ष्यं भोज्यं च पेयं च यद्यद्दिष्टं सुपर्वणाम् ॥
अग्नौ हुतेन हविषा तत्सर्वं लभते दिवि ॥ १० ॥

भक्ष्य, भोज्य, पान करने योग्य, जो कुछ पर्वोंमें यज्ञ किया गया है, सो हविद्वारा अग्निमें आहुती दीगई है, वह सब स्वर्गमें मिलतीहै ॥ १० ॥

नान्यदस्ति सुरेशानामिष्टसिद्धिप्रदं दिवि ॥
दोग्ध्री धेनुर्यथा नीता दुःखदा गृहमेधिनाम् ११॥

देवताओंको स्वर्गमें इष्टसिद्धि देनेवाला और कुछ नहीं है जैसे गृहस्थी पुरुषोंको दुही गई गाय लानेसे केवल दुःखही होता है ॥ ११ ॥

तथैवं ज्ञानवान्विप्रो देवानां दुःखदो भवेत् ॥
त्रिदशास्तेन विघ्नंति प्रविष्टा विषयं नृणाम्॥ १२॥

इसी प्रकार ज्ञानवान् ब्राह्मण देवताओंको दुःखदाताही है कारण कि, वह कर्म नहीं करता इस कारण इसके विषय मार्या पुत्रादिमें प्रवेश करके देवता विघ्न करतेहैं ॥ १२ ॥

ततो न जायते भक्तिः शिवे कस्यापि देहिनः ॥
तस्माद्विदुषां नैव जायते शूलपाणिनः ॥१३॥

इससे किसी देहधारीकी शिवमें भक्ति नहीं होती इस कारण मूर्खोंको शिवका प्रसाद नहीं मिलता ॥ १३ ॥

यथाकथंचिज्जातापि मध्ये विच्छिद्यते नृणाम् ॥
जातं वापि शिवज्ञानं न विश्वासं भजत्यलम् १४

और जो यथाकथञ्चित् जानतामी है वह किसी कारण मध्यमेंही खंडित हो जाता है और जो किसीको ज्ञान हुआभी तो वह विश्वासमें नहीं भरता ॥ १४ ॥

ऋषय ऊचुः ।

यद्येवं देवता विघ्नमाचरन्ति तनूभृताम् ॥
पौरुषं तत्र कस्यास्ति येन मुक्तिर्भविष्यति १५॥

ऋषि बोले जब इस प्रकारसे देवता शरीरधारियोंको विघ्न करतेहैं तो फिर इसमें किसका पराक्रम है जो मुक्तिको प्राप्त होगा ॥ १५ ॥

सत्यं सूतात्मज ब्रूहि तत्रोपायोऽस्ति वा न वा ॥

हे सूतपुत्र ! आप सत्य २ कहिये कि, इनका उपाय है वा नहीं है ॥

सूत उवाच ।

कोटिजन्मार्जितैःपुण्यैः शिवे भक्तिः प्रजायते १६

सूतजी बोले करोड जन्मके पुण्यसंचय होनेसे शिवमें भक्ति उत्पन्न होती है ॥ १६ ॥

इष्टापूर्तादिकर्माणि तेनाचरति मानवः ॥
शिवार्पणधिया कामान्परित्यज्य यथाविधि १७॥

उस भक्तिके होनेसे इष्टपूर्तादि कर्मोंकी कामना छोडकर मनुष्य शिवजीमें अर्पण बुद्धिसे यथाविधि कर्म करताहै ॥ १७ ॥

अनुग्रहात्तेन शंभोर्जायते सुदृढो नरः ॥
ततो भीताः पलायन्ते विघ्नं हित्वा सुरेश्वराः १८॥

उन शिवजीकी कृपासे जब यह प्राणी दृढ भक्तिमान् होता है, तब विघ्न छोडकर भयभीत हो देवता चले जाते हैं ॥ १८ ॥

जायते तेन शुश्रूषा चरिते चन्द्रमौलिनः ॥
शृण्वतो जायते ज्ञानं ज्ञानादेव विमुच्यते ॥ १९॥

उस भक्तिके करनेसे शिवजीके चरित्र श्रवण करनेकी

अभिलाषा उत्पन्न होती है, सुननेसे ज्ञान और ज्ञानसे मुक्ति हो जातीहै ॥ १९ ॥

बहुनात्र किमुक्तेन यस्य भक्तिः शिवे दृढा ॥
महापापोपपापौघकोटिग्रस्तोऽपि मुच्यते ॥२०॥

बहुत कहनेसे क्या है, जिसकी शिवजीमें दृढ भक्तिहै वह करोडों पापोंसे ग्रसा हो तौभी मुक्त हो जाता है ॥ २० ॥

अनादरेण शाठ्येन परिहासेन मायया ॥
शिवभक्तिरतश्चेत्स्यादन्त्यजोऽपि विमुच्यते२१॥

अनादरसे, मूर्खतासे, परिहाससे, कपटतासे भी जो मनुष्य शिवभक्तिमें तत्पर है, वह अन्त्यज (चांडाल) भी मुक्त हो जाता है ॥ २१ ॥

एवं भक्तिश्च सर्वेषां सर्वदा सर्वतोमुखी ॥
तस्यां तु विद्यमानायां यस्तु मर्त्यो न मुच्यते२२

इस प्रकारसे भक्ति सदा सबके करने योग्य है, इस भक्तिके होतेभी जो मनुष्य संसारसे न छूटै ॥ २२ ॥

संसारबन्धनात्तस्मादन्यः को वास्ति मूढधीः ॥
नियमाद्यस्तु कुर्वीत भक्तिं वा द्रोहमेवना॥२३॥

उस संसारबंधनसे न छूटनेकी समान दूसरा कोई भी मूर्ख नहीं, और कुछ शिवजी भक्तिकी प्राप्त नहीं होते जो नियमसे केवल नति या जोहार करते ॥ २३ ॥

नस्यापि चेत्प्रसन्नोऽसौ फलं यच्छति वाञ्छितम्
ऋद्धं किंचित्समादाय शुल्कं जलमेव वा ॥२४॥

उनपरभी प्रसन्न हो शिव मनवांछित फलप्रदान करते वह ऋद्धि वस्तु कुछ लेकर वा अल्प मोलकी वस्तु अथवा केवल जलही लेकर ॥ २४ ॥

यो ददाति नियमेनासौ तस्मै ददाति जगत्त्रयम् ॥
तन्नाप्यशक्तो नियमान्नमस्कारं प्रदक्षिणाम् ॥२५॥

जो नियमसे शिवार्पण करतेहैं, शिवजी प्रसन्न हो उसे त्रैलोक्य देतेहैं, और जो यह न होसके तो नियमसे नमस्कार वा प्रदक्षिणा २५

यः करोति महेशस्य तस्मै तुष्टो भवेच्छिवः ॥
प्रदक्षिणास्वशक्तोऽपियः स्वान्तेचिन्तयेच्छिवम् २६

जो नित्यप्रति शिवजीकी करता है, उसके ऊपरभी शिवजी प्रसन्न होतेहैं, और जो प्रदक्षिणामें असमर्थ हो केवल मनमेंही शिवजीका ध्यान करै ॥ २६ ॥

गच्छन्समुपविष्टो वा तस्याभीष्टं प्रयच्छति ॥
चन्दनं बिल्वकाष्ठस्य पुष्पाणि वनजान्यपि॥२७॥

चलते बैठतेमें जो उनका स्मरण करे उसकोभी अभीष्ट पदार्थ प्रदान करतेहैं, चन्दन बेलकाष्ठ तथा वनमें उत्पन्नहुए ॥ २७ ॥

फलानि ताहशान्येव यस्य प्रीतिकराणि वै ॥
दुष्करं तस्य सेवायां किमस्ति भुवनत्रये ॥२८॥

फल जिसके अधिक प्रीति करनेवाले हैं उस शिवजीकी सेवा करनेमें त्रिलोकीमें कौन वस्तु दुर्लभ है ? ॥ २८ ॥

वन्येषु याहशी प्रीतिर्वर्तते परमेशितुः ॥
उत्तमेष्वपि नास्त्येव ताहशी ग्रामजेष्वपि॥२९॥

वनके उत्पन्नहुए फल मूलादिमें शिवजीकी जैसी प्रीतिहै वैसी ग्राम नगरके उत्पन्न हुए उत्तम उत्तम फल मूलोंमें नहीं ॥ २९ ॥

तं त्यक्त्वा ताहशं देवं यः सेवेतान्यदेवताम् ॥
स हि भागीरथीं त्यक्त्वा कांक्षते मृगतृष्णिकाम्

जो ऐसे देवताको छोडकर अन्य देवताका भजन सेवन करताहै, वह मानो गंगाका त्याग करके मृगतृष्णाकी इच्छा करता है ॥ ३० ॥

किंतु यस्यास्ति दुरितं कोटिजन्मसु संचितम् ॥
तस्य प्रकाशते नायमर्थो मोहान्धचेतसः ॥ २१ ॥

परन्तु जिनको करोडों जन्मोंके पाप चिपट रहे हैं, उनका चित्त अज्ञानअंधकारसे आच्छादित हो रहा है, उनको शिवजीकी भक्ति प्रकाशित नहीं होती ॥ २१ ॥

न कालनियमो यत्र न देशस्य स्थलस्य च ॥
यत्रास्य चित्तं रमते तस्य ध्यानेन केवलम् ॥ २२ ॥

काल देश स्थलका कुछ नियम नहीं है जहां इसका चित्त रमै वहीं ध्यान करे ॥ २२ ॥

आत्मत्वेन शिवस्यासौ शिवसायुज्यमाप्नुयात् ॥
अतिस्वल्पतरायुः श्रीर्भूतेशांशाधिपोऽपि यः ॥ २३ ॥

शिवरूपसे अपने आत्मामें ध्यान करनेसे शिवकोही मुक्ति को प्राप्त होजाताहै. जिसकी आयु बहुत थोडी लक्ष्मी सेभी हीनहो और शिवजीकी एक अंशरूपी सार्वभौमपदयुक्त ॥ २३ ॥

स तु राजाहमस्मीति वादिनं हन्ति सान्वयम् ॥
कर्तापि सर्वलोकानामक्षय्यैश्वर्यवानपि ॥ २४ ॥

'मैंराजाहू' ऐसे अभिमानसे कहनेवालेको वंशसहित संहार करतेहैं जो सम्पूर्ण लोकका कर्ता तथा अक्षय ऐश्वर्ययान् पुरुषमी ॥ ३४ ॥

शिवःशिवोऽहमस्मीति वादिनं यं च कञ्चन ॥
आत्मना सह तादात्म्यभागिनं कुरुते भृशम्॥३५

अभिमानरहितहो जो 'शिवः शिवोहं' इस प्रकारसे कथन करता है उसको शिव आत्मस्वरूपके तादात्म्यभागी अर्थात् शिवरूपही कर देते हैं ॥ ३५ ॥

धर्मार्थकाममोक्षाणां पारं यस्याथ येन वै ॥
मुनयस्तत्प्रवक्ष्यामि व्रतं पाशुपताभिधम् ॥३६॥

हे ऋषियो ! जिस व्रतके करनेसे प्राणिके धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यह चारों पदार्थ हस्तगत होते हैं मैं यह पाशुपत व्रत तुमसे वर्णन करताहूं ॥ ३६ ॥

कृत्वा तु विरजां दीक्षां भूतिरुद्राक्षधारिणः ॥
जपन्तो वेदसाराख्यं शिवनामसहस्रकम् ॥ ३७ ॥

विरजानामक दीक्षाको करके विभूति और रुद्राक्षको धारणकर वेदसारनामक शिवसहस्रनामको जप करते हुए ॥ ३७ ॥

संत्यज्य तेन मर्त्यत्वं शैवीं तनुमवाप्स्यथ ॥
ततः प्रसन्नो भगवाञ्छंकरो लोकशंकरः ॥३८॥

इस मानव शरीरको त्यागकर शिवशरीरको प्राप्त होनेपर लोकको कल्याण करनेहार शंकर प्रसन्न होकर ॥ २८ ॥

भवतां दृश्यतामेत्य कैवल्यं वः प्रदास्यति ॥
रामाय दण्डकारण्ये यत्प्रादात्कुम्भसंभवः २९॥

तुमको दर्शन देकर कैवल्य मुक्ति देंगे जब रामचन्द्र दण्डकारण्यमें वास करते थे, तब अगस्त्यजीने उन्हें यह उपदेश दिया था ॥ २९ ॥

तत्सर्वं वः प्रवक्ष्यामि शृणुध्वं भक्तियोगिनः ३०॥
इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे शिवभक्त्युत्कर्षनिरूपणं नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

यह मैं सब तुमसे कहता हूं तुम भक्तियुक्त हो श्रवणकरो ॥ ३० ॥

इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे अगस्त्यराघवसंवादोपक्रमे भाषाटीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

ऋषय ऊचुः ॥

किमर्थमागतोऽगस्त्यो रामचन्द्रस्य सन्निधिम् ।
कथं वा विरजां दीक्षां कारयामास राघवम् ।
ततः किमाचरद्रामः फलं तद्ब्रूहि कर्मसि ॥ १ ॥

ऋषि बोले अगस्त्यजी रामचंद्रके निकट क्यों आये थे और किस-
प्रकारसे रामचंद्रसे विरजा दीक्षा कराई थी इसमे रामचंद्रको किस
फलकी प्राप्ति हुई सो आप हमसे कहिये ॥ १ ॥

सूत उवाच ।

रावणेन यदा सीताऽपहृता जनकात्मजा ॥
तदा वियोगदुःखेन विलपन्नास राघवः ॥ २ ॥

सूतजी बोले जिससमय जनककुमारी सीताको रावणने
हरण किया था तब रामचन्द्रने वियोगके कारण बहुत विलाप
किया ॥ २ ॥

निर्निद्रो निरहंकारो निराहारो दिवानिशम् ॥
मोक्तुमैच्छत्ततः प्राणान्सानुजो रघुनन्दनः॥३॥

निद्रा, देहाभिमान और भोजन त्यागकर रातदिन शोक करते
भाईसहित रामचन्द्रने प्राण त्यागन करनेकी इच्छा की ॥ ३ ॥

लोपामुद्रापतिर्ज्ञात्वा तस्य सन्निधिमागमत् ॥
अथ तं बोधयामास संसारासारतां मुनिः ॥४॥

अगस्त्यजी यह बात जानकर रामचंद्रके समीप आये औ
निने रामचंद्रको संसारकी असारता समझाई ॥ ४ ॥

अगस्त्य उवाच ।

किं विषीदसि राजेन्द्र कान्ता कस्य विचार्यताम्॥
जडः किं नु विजानाति देहोऽयं पाञ्चभौतिकः५॥

अगस्त्यजी बोले हे राजेन्द्र ! यह क्या विषाद करतेहो स्त्री किसकी इसका विचार तो करो पृथ्वी, अप, तेज, वायु और आकाश इन पांच महाभूतोंका बना हुवा यह देह जड है इसको ज्ञान नहीं होता ॥ ५ ॥

निर्लेपः परिपूर्णश्च सच्चिदानन्दविग्रहः ॥
आत्मा न जायते नैव म्रियते न च दुःखभाक्६

और आत्मा तो निर्लेप सर्वत्र परिपूर्ण सच्चिदानन्दस्वरूप है आत्मा न कभी उत्पन्न होता न मरता न दुःख भोगताहै ॥ ६ ॥

सूर्योऽसौ सर्वलोकस्य चक्षुष्ट्वेन व्यवस्थितः ॥
तथापि चाक्षुषैर्दोषैर्न कदाचिद्विलिप्यते ॥ ७ ॥

जिस प्रकार यह सूर्य संपूर्ण संसारके चक्षुरूपसे स्थित है और चक्षुओंके दोषसे कभी लिप्त नहीं होता ॥ ७ ॥

सर्वभूतान्तरात्मापि यद्वद्दृश्यैर्न लिप्यते ॥
देहोऽपि मलपिण्डोऽयं मुक्तजीवो जडात्मक:८॥

इसीप्रकार सम्पूर्ण भूतोंका आत्माभी दुःखमें लिप्त नहीं होता, और यह देहभी मलका पिंड तथा जड है यह जीव कला रहित होनेसे जड है ॥ ८ ॥

दह्यते वह्निना काष्ठैः शिवाद्यैर्भक्ष्यतेऽपि वा ॥
दृथापि नैव जानाति विरहे तस्य का व्यथा ॥ ९ ॥

यह काष्ट अग्निके संयोगसे भस्म होजाता है, सियार आदि इसको खाजातेहैं, तौभी नहीं जानता कि उसके वियोगमें क्या दुःख होताहै ॥ ९ ॥

सुवर्णगौरी दूर्वाया दलवच्छ्यामलापि वा ॥
पीनोत्तुङ्गस्तनाभोगभुग्नसूक्ष्मविलग्निका ॥ १० ॥

जिसका सुवर्णके समान गौरवर्ण, अथवा दूर्वादलके समान श्याम स्वरूप है, युग्मकलश जिसके उन्नत हैं, मध्यभाग सूक्ष्म है ॥ १० ॥

बृहन्नितम्बजघना रक्तपादसरोरुहा ॥
राकाचन्द्रमुखी बिम्बप्रतिबिम्बरदच्छदा ॥ ११ ॥

बडे नितम्ब और जांघोंवाली चरणतल जिसका कमलके सदृश रक्तवर्ण है जिसका मुख पूर्णिमाके चन्द्रमाके समान है, और पके बिम्बाफलके समान जिसके अधरोष्ठ हैं ॥ ११ ॥

नीलेन्दीवरनीकाशनयनद्वयशोभिता ॥
मत्तकोकिलसँल्लापा मत्तद्विरदगामिनी ॥ १२ ॥

नील कमलकी समान जिसके विशाल नेत्र है, मत्त कोकिलाकी समान जिसके वचन और मत्त हाथीकी समान जिसकी चाल है ॥ १२ ॥

कटाक्षैरनुगृह्णाति मां पञ्चेषुशरोत्तमैः ॥
इति यां मन्यते मूढः स तु पञ्चेषुशासितः॥१३॥

ऐसी स्त्री कामदेवके बाणकी समान कटाक्षोंसे मेरे ऊपर कृपा करती है इस प्रकारसे जो मूर्ख मानता है वही कामका शिष्य है॥ १३ ॥

तस्या विवेकं वक्ष्यामि शृणुष्वावहितो नृप ॥
न च स्त्री न पुमानेष नैव चायं नपुंसकः ॥१४॥

हे राजन्! सावधान होकर सुनो मैं इसका विवेक कथन करताहूं यह जीव स्त्री पुरुष वा नपुंसक नहीं है ॥ १४ ॥

अमूर्तः पुरुषः पूर्णो द्रष्टा देही स जीवनः ॥
या तन्वङ्गी मृदुर्बाला मलपिण्डात्मिका जडा १५

यह देही मूर्तिरहित सब देहोंमें स्थित रूपरहित सर्वव्यापी सबका साक्षी देहमें स्थित हो प्राणीको सजीव करनेवाला है

जिसको सूक्ष्माङ्गी सुकुमारी बाला कहते हैं वह एक मलका पिंड और जडस्वरूप है॥ १५ ॥

सा न पश्यति यत्किंचिन्न शृणोति न जिघ्रति॥
चर्ममात्रा तनुस्तस्या बुद्ध्या त्यक्षस्व राघव॥१६॥

वह न कुछ देखती न सुनती न सूँघती है. तिसका शरीर चर्ममात्रका है हे रामचंद्र ! बुद्धिसे विचारो और छोडो ॥ १६ ॥

या प्राणादधिका सैव हंत ते स्याद् घृणास्पदम्॥
जायन्ते यदि भूतेभ्यो देहिनः पाञ्चभौतिकाः १७

जो प्राणोंसेभी अधिक प्यारी है वही सीता तुम्हारे दुःखका कारण होगी पंच महाभूतोंसे उत्पन्न होनेके कारण पांचभौतिक देह उत्पन्न होतेहैं ॥ १७ ॥

आत्मा यदेकलस्तेषु परिपूर्णः सनातनः॥
का कान्ता तत्र कः कान्तः सर्व एव सहोदराः १८

परन्तु उन सबमें आत्मा एक परिपूर्ण सनातन है इस विचारसे कौन स्त्री कौन पुरुष सबही सहोदर हैं॥ १८ ॥

निर्मितायां गृहावल्यां तदवच्छिन्नतां गतम् ॥
नभस्तस्यां तु दग्धायां नाकांचित्क्षतिमृच्छति १९

जिस प्रकार अनेक गृह निर्माण करनेमें आकाश अवच्छिन्-ताको प्राप्त होताहै अर्थात् उन सबमें मिलजाताहै पश्चात् उन-घरोंके जल जानेपर कुछ हानिको भी प्राप्त नहीं होता ॥ १९ ॥

तद्वदात्मापि देहेषु परिपूर्णः सनातनः ॥
हन्यमानेषु तेष्वेव स स्वयं नैव हन्यते ॥ २० ॥

इसीप्रकार देहोंमें आत्मा परिपूर्ण और सनातन है । देहसम्बन्धसे अनेक प्रकारका प्रतीत होताहै परन्तु उनके नाश होनेपर आत्मा नष्ट नहीं होता, वह एकरूप है ॥ २० ॥

हन्ता चेन्मन्यते हंतुं हतश्चेन्मन्यते हतम् ॥
तावुभौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते २१॥

जो मारनेवाला जानताहै मैंने मारा जो मरनेवाला जानताहै मैं मरा यह दोनों न जाननेसे मूर्ख हैं, कारण कि न यह मारता-है और न वह मारा जाताहै ॥ २१ ॥

अस्मान्नृपातिदुःखेन किं खेदस्यास्ति कारणम्॥
स्वस्वरूपं विदित्वेदं दुःखं त्यक्त्वा सुखी भव२२

हे राम ! इसकारण अतिदुःख करनेसे खेदका कारण क्या है अपना स्वरूप इसप्रकार जानकर दुःखको त्याग कर सुखी हो २२॥

राम उवाच ।

मृते देहस्य नो दुःखं नैव चेत्परमात्मनः ॥
सीतांवियोगदुःखाग्निर्मां भस्मीकुरुते कथम् २३॥

श्रीरामचंद्र बोले हे मुने ! जब देहकोभी दुःख नहीं होता और परमात्माकोभी दुःख नहीं होताहै, तो सीताके वियोगकी अग्नि मुझे कैसे भस्म करती है ॥ २३ ॥

सदाऽनुभूयते योऽर्थः स नास्तीति त्वयेरितः ॥
जायतां तत्र विश्वासः कथं मे मुनिपुंगव ॥२४॥

जो वस्तु सदा अनुभव करी जाती है तुम कहतेहो कि वह नहीं है'। हे मुनिश्रेष्ठ ! फिर इस बातमें मुझे कैसे विश्वास हो ॥ २४ ॥

अन्योऽत्र नास्ति को भोक्ता येन जन्तुः प्रतप्यते॥
सुखस्य वापि दुःखस्य तद्ब्रूहि मुनिसत्तम ॥२५॥

जब सुख दुःखको भोक्ता जीव नहीं है, तो कौन है ? जिसके द्वारा प्राणी दुःखी होता है, सुखदुःखको भोक्ता कौन है, हे मुनिश्रेष्ठ ! कहिये ॥ २५ ॥

अगस्त्य उवाच ।

दुर्ज्ञेया शांभवी माया यया संमोह्यते जगत् ॥
मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्॥२६॥

अगस्त्यजी बोले शिवजीकी माया कठिनतासे जाननेयोग्य है जिसने जगत्को मोह लिया है, मायाको तो प्रकृति जानो और मायावाला महेश्वरको जानो ॥ २६ ॥

तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत् ॥
सत्यज्ञानात्मकोऽनन्तो विभुरात्मा महेश्वरः २७॥

उसीके अवयवरूप जीवोंसे सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है, वह महेश्वर सत्यस्वरूप ज्ञानस्वरूप अनन्त और सर्वव्यापी है ॥ २७ ॥

तस्यैवांशो जीवलोके हृदये प्राणिनां स्थितः ॥
विस्फुलिङ्गा यथा वह्नेर्जायन्ते काष्ठयोगतः॥२८॥

उसीका अंश जीवलोकमें सब प्राणियोंके हृदयमें स्थित हुआहै, जिसप्रकारसे काष्ठके योगसे अग्निमें स्फुलिंग उठतेहैं इसीप्रकार जीवभी परमात्मासे होताहै ॥ २८ ॥

अनादिकर्मसंबद्धास्तद्वदंशा महेशितुः ॥
अनादिवासनायुक्ताः क्षेत्रज्ञा इति ते स्मृताः २९॥

यह ईश्वरांश जीव अनादिकालके कर्मबंधनपाशमें बंधे हैं यह अनादि वासनाओंसे युक्त हैं और क्षेत्रज्ञ कहलातेहैं ॥ २९ ॥

मनो बुद्धिरहंकारश्चित्तं चेति चतुष्टयम् ॥
अन्तःकरणमित्याहुस्तत्र ते प्रतिबिम्बिताः॥३०॥

मन बुद्धि चित्त अहंकार यह चारौं अन्तःकरणकेही भेद हैं।
इस अन्तःकरण चतुष्टयमें क्षेत्रज्ञोंका प्रतिबिम्ब पडताहै ॥ २० ॥

जीवत्वं प्राप्नुयुः कर्मफलभोक्तार एव ते ॥
ततो वैषयिकं तेषां सुखं वा दुःखमेव वा ॥२१॥
त एव भुञ्जते भोगायतनेऽस्मिञ्छरीरके ॥

वही जीवपनको प्राप्त होकर कर्मफलके भोक्ता हुएहैं, वही जीव कर्म भोगनेके स्थान स्थूल देहोंको प्राप्त होकर विषय सेवन करनेसे सुख वा दुःख भोग करते हैं ॥ २१ ॥

स्थावरं जङ्गमं चेति द्विविधं वपुरुच्यते ॥२२॥

स्थावर जंगमके भेदसे दो प्रकारका शरीर कहाजाताहै ॥ २२ ॥

स्थावरास्तत्र देहाः स्युः सूक्ष्मा गुल्मलतादयः ॥
अण्डजाः स्वेदजास्तद्वदुद्भिज्जा इति जंगमाः ॥२३॥

वृक्ष, लता, गुल्म, यह स्थावर सूक्ष्म देह कहलातेहैं, और अण्डज, पक्षी सर्प इत्यादि, स्वेदज, कृमि मशकादि, जरायुज, मनुष्य गौ आदि, यह जंगम शरीर कहलाते हैं ॥ २३ ॥

योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः ॥
स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम् ॥२४॥

कितने एक प्राणी शरीर धारणके निमित्त कर्मानुसार योनि-योंमें प्रवेश करतेहैं और दूसरे वृक्षोंका आश्रय करतेहैं ॥ ३४ ॥

सुख्यहं दुःख्यहं चेति जीव एवाभिमन्यते ॥
निर्लेपोऽपि परं ज्योतिर्मोहितः शंभुमायया ॥ ३५ ॥

जब यह जीव विषयोंमें लिप्त होताहै तब मैं सुखीहूं दुःखीहूँ ऐसा मानताहै यद्यपि यह निर्लेप ज्योतिः स्वरूप है परन्तु शिव-जीकी मायासे मोहित हो सुखदुःखका अभिमानी होताहै ॥ ३५ ॥

कामः क्रोधस्तथा लोभो मदो मात्सर्यमेव च ॥
मोहश्चेत्यरिषड्वर्गमहंकारगतं विदुः ॥ ३६ ॥

काम, क्रोध, लोभ, मद, मात्सर्य और मोह यह छः महाशत्रु-अहंकारसे उत्पन्न होतेहैं ॥ ३६ ॥

स एव बोध्यते जीवः स्वप्नजाग्रदवस्थयोः ॥
सुषुप्तौ तदभावाच्च जीवः शंकरतां गतः ॥ ३७ ॥

वही अहंकार स्वप्न और जाग्रत अवस्थामें जीवको दुःख देताहै और सुषुप्तिमें सूक्ष्मरूपके होने और अहंकारके अभावसे यह जीव शंकरता (आनन्दरूप) को प्राप्त होताहै ॥ ३७ ॥

स एव मायासंस्पृष्टः कारणं सुखदुःखयोः ॥
शुक्तौ रजतवद्विश्वं मायया दृश्यते शिवे ॥ ३८ ॥

इस प्रकार यह मायामें मिलनेसे सुख दुःखका कारण उत्पन्न करता है जिसप्रकार सूर्यकी किरणोंके पडनेसे सीपीमें चांदी भासतीहै इसी प्रकार शिवस्वरूपमें मायासे विश्व दीखता है॥ ३८ ॥

ततो विवेकज्ञानेन न कोऽप्यत्रास्ति दुःखभाक् ॥
ततो विरम दुःखात्त्वं किं मुधा परितप्यसे॥३९॥

इस कारण तत्त्वज्ञानसे तो कोईभी दुःखभागी नहीं है। इससे हे राम! तुम दुःखको त्यागो वृथा क्यों दुःखी होते हो? ॥ ३९ ॥

श्रीराम उवाच।

मुने सर्वमिदं तथ्यं यन्मदग्रे त्वयेरितम् ॥
तथापि न जहात्येतत्प्रारब्धाद्दष्टमुल्बणम्॥४०॥

श्रीरामचंद्र बोले, हे मुनिराज! जो तुमने मेरे सन्मुख कहा है, यह सब सत्य है तथापि यह भयंकर प्रारब्धदैवका दुःख मुझे नहीं छोडता है॥ ४० ॥

मत्तं कुर्याद्यथा मद्यं नष्टाविद्यमपि द्विजम् ॥
तद्वत्प्रारब्धभोगोऽपि न जहाति विवेकिनम्॥४१॥

जिस प्रकार मद्य प्राणीको मत्त करदेता है इसी प्रकार अज्ञानहीन, तत्त्वज्ञानयुक्त ब्राह्मणको भी प्रारब्धकर्म नहीं छोडता॥ ४१ ॥

ततःकिं बहुनोक्तेन प्रारब्धसचिवः स्मरः ॥
बाधते मां दिवारात्रमहंकारोऽपि तादृशः ॥४२॥

बहुत कहनेसे क्या है यह काम प्रारब्धका मन्त्री है, यह मुझको दिनरात पीडा देता है और इसी प्रकारसे अहंकार भी दुःख देता है ॥ ४२ ॥

अत्यन्तपीडितो जीवः स्थूलदेहं विमुञ्चति ॥
तस्माज्जीवाप्तये मह्यमुपायः क्रियतां द्विज॥४३॥
इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्म-
विद्यायां योगशास्त्रे अगस्त्यराघवसंवादे वैराग्योप-
देशो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

जीव अत्यन्त पीडित होकर स्थूल देहको त्याग करता है। इस कारण हे ब्राह्मण ! मेरे जीवनके निमित्त उपाय करो ॥ ४३ ॥

इति श्रीप० शिवगीतासू० ब्रह्मवि० यो० अगस्त्यराघवसंवादे भाषाटीकायां वैराग्योपदेशो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

अगस्त्य उवाच ।

न गृह्णाति वचः पथ्यं कामक्रोधादिपीडितः ॥
हितं न रोचते तस्य मुमूर्षोरिव भेषजम् ॥ १ ॥

अगस्त्यजी बोले कामक्रोधादिसे पीडित हो मनुष्य हित-कारी वचन नहीं सुनता, उसको हितकारी वचन ऐसे अच्छे नहीं लगते जैसे मरणशंकको औषधि अच्छी नहीं लगती ॥ १ ॥

मध्येसमुद्रं या नीता सीता दैत्येन मायिना ॥
आयास्यति नरश्रेष्ठ सा कथं तव संनिधिम् ॥२॥

जिस सीताको मायावी दैत्य सागरके बीचमें ले गया है, हे राम वह तुम्हारे निकट अब किस प्रकारसे आसकती है ॥ २ ॥

बध्यन्ते देवताः सर्वा द्वारि मर्कटयूथवत् ॥
किं च चामरधारिण्यो यस्य संति सुराङ्गनाः ॥३॥

जिसके द्वारपर वानरोंके यूथोंके समान सब देवता बांधलिये गये हैं। देवताओंकी स्त्री जिसके यहां चमर ढोरती हैं ॥ ३ ॥

भुंक्ते त्रिलोकीमखिलां यः शंभुवरदर्पितः ॥
निष्कण्टकं तस्य जयः कथं तव भविष्यति ॥४॥

जो शिवजीके वरसे गर्वित हो, सम्पूर्ण त्रिलोकीको भोगता है और भय रहित है उसे तुम कैसे जीतोगे ॥ ४ ॥

इन्द्रजिन्नाम पुत्रो यस्तस्यास्तीक्ष्णवरोद्धतः ॥
तस्याग्रे संगरे देवा बहुवारं पलायिताः ॥ ५ ॥

इन्द्रजित भी उसका पुत्र शिवके वरदानसे गर्वित है उसके आगेसे देवता संग्राममें बहुतवार भाग गयेहैं ॥ ५ ॥

कुम्भकर्णाह्वियो भ्राता यस्यास्ति सुरसूदनः ॥
अन्यो दिव्यास्त्रसंयुक्तश्चिरंजीवी विभीषणः॥ ६॥

देवताओंको भय देनेवाला जिसका भाई कुम्भकर्ण बड़ा भयंकर है और अनेक प्रकार दिव्यास्त्र धारण करनेवाला चिरजीवी विभीषण है ॥ ६ ॥

दुर्गं यस्यास्ति लंकाख्यं दुर्जेयं देवदानवैः ॥
चतुरंगबलं यस्य वर्तते कोटिसंख्यया ॥ ७ ॥

देव और दानवोंको दुर्गम जिसका लंकानाम दुर्ग है, और करोड़ों जिसके यहां चतुरंगिणी सेना है ॥ ७ ॥

एकाकिना त्वया जेयः स कथं नृपनन्दन ॥
आक्रांक्षते करे धर्तुं बालश्चन्द्रमसं यथा ॥
तथा त्वं काममोहेन जयं तस्याभिवाञ्छसि॥ ८॥

'हे राजन्! फिर इकले तुम उसे कैसे जीतोगे, तुम्हारी यह बात ऐसी है, कि जैसे कोई बालक चन्द्रमाको हाथमें लेना चाहे, इसी प्रकार तुम कामसे मोहित होकर उसके जीतनेकी इच्छा करते हो॥८॥

श्रीराम उवाच।

क्षत्रियोऽहं मुनिश्रेष्ठ भार्या मे रक्षसा हृता ॥
यदि तं न निहन्म्याशु जीवने मेऽस्ति किं फलम् ९

श्रीरामचन्द्रजी बोले हे मुनिश्रेष्ठ ! मैं क्षत्रिय हूँ और मेरी भार्या राक्षसने हरण करली है, जो मैं उसे न मारूंगा तो मेरे जीनेसे क्या फल है ॥ ९ ॥

अतस्ते तत्त्वबोधेन न मे किंचित्प्रयोजनम् ॥
कामक्रोधादयः सर्वे दहन्त्येते तनुं मम ॥ १०॥

इस कारण तुम्हारे तत्त्वबोधसे मुझे कुछभी प्रयोजन नहीं है, यह कामक्रोधादिक मेरे शरीरको भस्म किये डालते हैं ॥ १० ॥

अहंकारोऽपि मे नित्यं जीवनं हन्तुमुद्यतः ॥
हृतायां निजकान्तायां शत्रुणाऽवमतस्य वै॥ ११॥

और अपनी प्रियाके हरण होने और शत्रुसे पराभव होनेसे अहंकारभी नित्य मेरे जीवनको हरण करनेको उद्यत है ॥ ११ ॥

यस्य तत्त्वबुभुत्सा स्यात्स लोके पुरुषाधमः ॥
तस्मात्तस्य वधोपायं लंघयित्वाम्बुधिं रणे॥ब्रूहि
मे मुनिशार्दूल त्वतो नान्योऽस्ति मे गुरुः॥ १२॥

हे मुनिश्रेष्ठ ! जिसको तत्त्वज्ञानकी इच्छा हो वह लोकके पुरुषोंमें नीच है। इसकारण सागर लंघकर युद्धमें उसके मारनेके उपायको आप कहिये आपसे श्रेष्ठ और कोई मेरा गुरु नहीं है ॥ १२ ॥

अगस्त्य उवाच ।

एवं चेच्छरणं याहि पार्वतीपतिमव्ययम् ॥
स चेत्प्रसन्नो भगवान्वाञ्छितार्थं प्रदास्यति १३॥

अगस्त्यजी बोले । जो ऐसी इच्छा है, तौ पार्वतीके पति शिव अविनाशीकी शरणमें जाओ, वह भगवान् प्रसन्न होकर तुमको मनवांछित फल देंगे ॥ १३ ॥

देवैरजेयः शक्राद्यैर्हरिणा ब्रह्मणापि वा ॥
स ते वध्यःकथं वा स्याच्छंकरानुग्रहं विना १४॥

इन्द्रादि देवता हरि और ब्रह्मादि जिसको नहीं जीतसक्के वह शिवजीके अनुग्रह विना तुमसे कैसे माराजायगा ॥ १४ ॥

अतस्त्वां दीक्षयिष्यामि विरजामार्गमाश्रितः ॥
तेन मार्गेण मर्त्यत्वं हित्वा तेजोमयो भव॥ १५ ॥

इसकारण विरजामार्गसे मैं तुमको दीक्षा देता हूँ । इस मार्गसे मनुष्यपन छोडकर तेजोमय होजाओगे ॥ १५ ॥

येन हत्वा रणे शत्रून्सर्वान्कामानवाप्स्यसि ॥
भुक्त्वाभूमण्डले चान्तेशिवलायुज्यमाप्स्यसि १६

जिसके प्रतापसे युद्धमें शत्रुओंको मारकर सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त होजाओगे और सम्पूर्ण धरामंडलको भोगकर अन्तमें शिवलोकको जाओगे ॥ १६ ॥

सूत उवाच ।

अथ प्रणम्य रामस्तं दण्डवन्मुनिसत्तमम् ॥
उवाच दुःखनिर्मुक्तः प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥१७॥

सूतजी बोले, तब रामचन्द्रजी मुनिश्रेष्ठको दंडवत् प्रणाम करके दुःख त्याग प्रसन्नमन हो बोले ॥ १७ ॥

श्रीराम उवाच ।

कृतार्थोऽहं मुने जातो वाञ्छितार्थो ममागतः ॥
पीताम्बुधिः प्रसन्नस्त्वं यदि मे किमु दुर्लभम् ॥
अतस्त्वं विरजां दीक्षां देहि मे मुनिसत्तम॥१८॥

श्रीरामचन्द्र बोले । हे मुने ! मैं कृतार्थ होगया मेरे कार्य सिद्ध होगये जब समुद्र पीनेवाले आप मेरे ऊपर प्रसन्न हो तो मुझे क्या दुर्लभ है । इस कारण हे मुनिश्रेष्ठ ! आप मुझसे विरजादीक्षाकी विधि कहिये ॥ १८ ॥

अगस्त्य उवाच ।

शुक्लपक्षे चतुर्दश्यामष्टम्यां वा विशेषतः ॥
एकादश्यां सोमवारे आर्द्रायां वा समारभेत् १९॥

अगस्त्यजी बोले, शुक्लपक्षकी चौदस अष्टमी वा एकादशी सोमवार अथवा आर्द्रा नक्षत्रमें यह कार्य आरंभ करना ॥ १९ ॥

यं वायुमाहुर्यं रुद्रं यमग्निं परमेश्वरम् ॥
परात्परतरं चाहुः परात्परतरं शिवम् ॥ २० ॥

जिनको वायुश्रेष्ठ, रुद्र, अग्नि, परमेश्वर, निरंतर जगत्के नियंता सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मादिकोंसेभी परे शिव कहते हैं ॥ २० ॥

ब्रह्मणो जनकं विष्णोर्वह्नेर्वायोः सदाशिवम् ॥
ध्यात्वाग्निनाऽवसथ्याग्निं विशोध्य च पृथक्पृथक्

जो ब्रह्मा, विष्णु, अग्नि, वायु इनकेभी उत्पन्न करनेवाले हैं इस प्रकार सदाशिवका ध्यान करके, अग्निबीजसे गृहाग्निका ध्यान कर देह उत्पत्तिके कारणभूत, जो पंचमहाभूत हैं वह वायुबीजसे पृथक्पृथक् हैं इसप्रकार भावना करके ॥ २१ ॥

पञ्चभूतानि संयम्य ध्यात्वा गुणविधिक्रमात् ॥
मात्राःपञ्च चतस्रश्च त्रिमात्रा द्विस्ततःपरम् २२॥

एकमात्रमभात्रं हि द्वादशान्तं व्यवस्थितम् ॥
स्थित्यां स्थाप्यामृतो भूत्वाव्रतं पाशुपतं चरेत् २३

उन महाभूतोंके गुणका क्रमसे ध्यान करै कि; गृहाग्निसे दग्ध होनेवाली भावना करावै, उसका प्रकार—मात्रा अर्थात् पंच महाभूतोंके गुण—रूप, रस, गन्ध स्पर्श और शब्द यह पांच हैं पृथ्वीमें पांचही गुण रहतेहैं, जलमें शब्द, स्पर्श, रूप, रस यह चार, तेजमें शब्द, स्पर्श, रूप यह तीन, वायुमें शब्द और स्पर्श यह दो और आकाशमें शब्द यह एकही गुण है । इसकी उत्पत्तिका क्रम आकाशसे वायु, वायुसे तेज, तेजसे जल, जलसे पृथ्वी उत्पन्न होतीहै और इससे विपरीत अर्थात् पृथ्वी जलमें, जल तेजमें, तेज वायुमें, वायु आकाशमें लय होजाताहै, अधिक अधिक गुणके भूत न्यून न्यून गुणवाले भूतोंमें लय हो जातेहैं, और इन सबकी अमात्रा जिसका गुण नहीं, उन अहंकारादिकोंको लय करै अर्थात् पंचमहाभूतोंका अहंकारमें, अहंकारका महत्तत्त्व-में, महत्तत्त्वका मायामें, मायाका सबके आधारभूत परमात्मामें लय करै. फिर अमृतबीजसे लयके विपरीत क्रम करके यह देहोत्पत्ति विषयमें प्रवृत्त है ऐसी भावना करके मैं। दिव्यदेह हूँ और पूर्व देहके उत्पन्न करनेहारे सब गुण और द्रव्यका अग्निबीजसे दाह करके उसका परमात्मामें लयकरके अमृत-

वीजसे पुनरुज्जीवन करके यह देह अमृत और दिव्य है ऐसी भावना करै इस प्रकार भूतशुद्धि करके पाशुपतव्रतका आरंभ करै ॥ २२ ॥ २३ ॥

इदं व्रतं पाशुपतं करिष्यामि समासतः ॥
प्रातरेवं तु संकल्प्य निधायाग्निं स्वशाखया२४॥

फिर प्रातःकालही मैं "पाशुपतव्रतको करूंगा" ऐसा संक्षेपसे संकल्प करके अपनी शाखा तथा गृह्यसूत्रसे अग्नि स्थापन करे॥२४॥

उपोषितः शुचिः स्नातः शुक्लाम्बरधरः स्वयम् ॥
शुक्लयज्ञोपवीतश्च शुक्लमाल्यानुलेपनः ॥ २५ ॥

उसी दिन व्रत रखकर पवित्र हो श्वेतवस्त्र धारण करे शुक्ल यज्ञोपवीत और शुक्लमाला पहरे ॥ २५ ॥

जुहुयाद्विरजामन्त्रैः प्राणापानादिभिस्ततः ॥
अनुवाकान्तमेकाग्रः समिदाज्यचरून्पृथक्२६॥

अन्तःकरण एकाग्र कर (प्राणापानव्यानोदानसमाना मे शुद्धयन्ताम्), तथा (ज्योतिरहं विरजा विपाप्मा भूयासं स्वाहा) इत्यादि विरजामंत्रके अनुवाकपर्यन्त समिधा आज्य और चरुसे हवन करै ॥ २६ ॥

आत्मन्यग्निं समारोप्य याते अग्नेति मन्त्रतः ॥
भस्मादायाग्निरित्याद्यैर्विमृज्याङ्गानिसंस्पृशेत् २७

हवनके अनन्तर (यातेअग्नियज्ञियातनूः) इस मंत्रसे अग्निको आत्मामें आरोपण करके अग्निके भस्मको (अग्निरिति भस्म इत्यादि) मंत्रोंसे अभिमंत्रित कर ललाटादि अंगोंमें धारण करै ॥ २७ ॥

भस्मच्छन्नो भवेद्विद्वान्महापातकसंभवैः ॥
पापैर्विमुच्यते सत्यमुच्यते च न संशयः ॥२८॥

जिस ब्राह्मणके शरीरमें भस्म लगी होतीहै वह महापातकोंसे भी छूट जाता है इसमें संदेह नहीं ॥ २८ ॥

वीर्यमग्नेर्यतो भस्म वीर्यवान्भस्मसंयुतः ॥
भस्मस्नानरतो विप्रो भस्मशायी जितेन्द्रियः २९

जिस कारणसे कि, भस्म अग्निका वीर्य है, मैंभी अग्निवीर्यके धारण करनेसे बलवान् होजाऊँगा। इसप्रकार जो नित्य भस्म-स्नान करता तथा जितेन्द्रिय हो भस्मपर शयन करताहै ॥ २९ ॥

सर्वपापविनिर्मुक्तः शिवसायुज्यमाप्नुयात् ॥
एवं कुरु महाभाग शिवनामसहस्रकम् ॥
इदं तु संप्रदास्यामि तेन सर्वार्थमाप्स्यसि ॥३०॥

वह सब पापसे मुक्त होकर शिवलोकको प्राप्त होताहै, हे राजन् ! तुम इस प्रकार करो और शिवसहस्रनाम मैं तुमको देताहूं इससे तुम्हारे सब मनोरथ पूर्ण होंगे ॥ ३० ॥

सूत उवाच ।

'इत्युक्त्वा प्रददौ तस्मै शिवनामसहस्रकम् ॥३१॥

ऐसे सूतजी बोले, ऐसा कहकर अगस्त्यजीने रामचंद्रको शिवसहस्र-नामका उपदेश किया ॥ ३१ ॥

वेदसाराभिधं नित्यं शिवप्रत्यक्षकारकम् ॥
उक्तं च तेन राम त्वं जप नित्यं दिवानिशम् ॥३२॥

जो कि सब वेदोंका सार है, जो शिवजीका प्रत्यक्ष करने-वाला है उसको देकर अगस्त्यजीने कहा, हे राम ! तुम इसे दिनरात जपो ॥ ३२ ॥

ततः प्रसन्नो भगवान्महापाशुपतास्त्रकम् ॥
तुभ्यंदास्यति तेन त्वं शत्रून्हत्वाप्स्यसि प्रियाम् ॥

अं तब भगवान् शिवजी प्रसन्न होकर पाशुपत अस्त्र तुमको ॐदेंगे जिससे तुम शत्रुओंको मारकर प्रियाको प्राप्त होगे ॥ ३३ ॥

तस्यैवास्त्रस्य माहात्म्यात्समुद्रं शोषयिष्यसि ॥
संहारकाले जगतामस्त्रं तत्पार्वतीपतेः ॥ ३४ ॥

उसी अस्त्रके प्रभावसे सागरको शोष सकोगे संहार कालमें शिवजी इसही अस्त्रसे जगत्को संहार करतेहैं ॥ २४ ॥

तदलाभे दानवानां जयस्तव सुदुर्लभः ॥
तस्माच्छ्रयुं तदेवास्त्रं शरणं याहि शंकरम्॥ २५॥

इति श्रीअद्भुताणे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे अगस्त्यराघवसंवादे विरजादीक्षा-निरूपणं नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

उसके विना पाये दानवोंसे जय पाना वडा दुर्लभहै । इसकारण इस अस्त्रके पानेके निमित्त शिवजीकी शरण जाओ ॥ २५ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे० अगस्त्यराघवसंवादे शिवगीताभाषाटीकायां तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

सूत उवाच ।

एवमुक्त्वा मुनिश्रेष्ठे गते तस्मिन्निजाश्रमम् ॥
अथ रामगिरौ रामस्तस्मिन्गोदावरीतटे ॥ १ ॥

सूतजी वोले, अगस्त्यजी जव ऐसा कहकर आश्रमको चलेगये तव रामगिरिके ऊपर गोदावरीके पवित्र आश्रममें रामचन्द्र ॥ १ ॥

शिवलिङ्गं प्रतिष्ठाप्य कृत्वा दीक्षां यथाविधि ॥
भूतिभूषितसर्वाङ्गो रुद्राक्षाभरणैर्युतः ॥ २ ॥

शिवलिंगका स्थापनकर अगस्त्यजीके उपदेशानुसार विरजा दीक्षा ले सर्वांगमें विभूति लगाय रुद्राक्षके आभरण पहर ॥ २ ॥

अभिषिच्य जलैः पुण्यैर्गौतमीसिन्धुसंभवैः ॥
अर्चयित्वा वन्यपुष्पैस्तद्वद्वन्यफलैरपि ॥ ३ ॥

शिवलिंगको गोदावरीके पवित्र जलोंसे अभिषेकितकर वनके उत्पन्न हुए फूलों और फलोंसे उनका पूजनकर ॥ ३ ॥

भस्मच्छन्नो भस्मशायी व्याघ्रचर्मासने स्थितः॥
नाम्नां सहस्रं प्रजपन्नक्तंदिवमनन्यधीः ॥ ४ ॥

भस्म लगाये भस्मपरही शयन करते व्याघ्रचर्मके आसनपर बैठे रातदिन अनन्य बुद्धिकर शिवसहस्रनाम जपने लगे ॥ ४ ॥

मासमेकं फलाहारो मासं पर्णाशनः स्थितः ॥
मासमेकं जलाहारो मासं च पवनाशनः ॥ ५ ॥

एक महीनेतक फलाहार, एक महीनेतक पात्तोंका भोजन एक महीना जलपान और एक महीना पवनको आहार कर रहे ॥ ५ ॥

शान्तो दान्तः प्रसन्नात्मा ध्यायन्नेवं महेश्वरम् ॥
हृत्पङ्कजे समासीनमुमादेहार्धधारिणम् ॥ ६ ॥

शान्त अन्तःकरण, इन्द्रियोंको जीते, प्रसन्न मन, महेश्वरका ध्यान किये, हृदयकमलमें विराजमान, अर्द्धाँगमें पार्वतीको धारण किये ॥ ६ ॥

चतुर्भुजं त्रिनयनं विद्युत्पिङ्गजटाधरम् ॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ॥ ७ ॥

चार भुजा तीन नेत्र बिजलीकी समान पीली जटा धारे करोडों सूर्यके समान प्रकाशमान कोटि चन्द्रमाके समान शीतल ॥ ७ ॥

सर्वाभरणसंयुक्तं नागयज्ञोपवीतिनम् ॥
व्याघ्रचर्माम्बरधरं वरदाभयधारिणम् ॥ ८ ॥

सम्पूर्ण गहने पहरे सर्पोंका यज्ञोपवीत, व्याघ्रचर्म ओढे भक्तोंके अभयदाता वरदायक मुद्रा धारे ॥ ८ ॥

व्याघ्रचर्मोत्तरीयं च सुरासुरनमस्कृतम् ॥
पञ्चवक्त्रं चन्द्रमौलिं त्रिशूलडमरूधरम् ॥ ९ ॥

व्याघ्रचर्मकाही उत्तरीय (दुपट्टा) ओढ़े, देवता और असु-

रौंसे नमस्कार पाये, पंचमुख चंद्रमा मस्तकपर धारे, त्रिशूल और डमरू लिये ॥ ९ ॥

नित्यं च शाश्वतं शुद्धं ध्रुवमक्षरमव्ययम् ॥
एवं नित्यं प्रजपतो गतं मासचतुष्टयम् ॥ १० ॥

नित्य अविनाशी शुद्ध अक्षय निर्विकार एकरूप, शिवजीका इसप्रकार नित्य ध्यान करते चार महीने वीतगये ॥ १० ॥

अथ जातो महानादः प्रलयाम्बुदभीषणः ॥
समुद्रमथनोद्भूतमन्दरावनिभृद्ध्वनिः ॥ ११ ॥

तब प्रलयकालिक समुद्रके समान भयंकर शब्द प्रगट हुआ, जिस प्रकारसे समुद्र मथनके समय मंदराचलके बिलोनेसे ध्वनि उठी थी ॥ ११ ॥

रुद्रबाणाग्निसंदीप्तभ्रश्यत्त्रिपुरविभ्रमः ॥
तमाकर्ण्याथ संभ्रान्तो यावत्पश्यति पुष्करम् १२

त्रिपुरासुरके जलानेके समय शिवजीके बाणकी अग्निके समान भयंकर महाशब्द सुनकर रामचन्द्र चकितहो जबतक गोदावरीके तटोंकी ओर दृष्टि करतेहैं ॥ १२ ॥

तावदेव महातेजा रामस्यासीत्पुरो द्विजः ॥
तेजसा तेन संभ्रान्तो नापश्यत्स दिशो दश १३ ॥

शतक भयंकर महातेजःपुञ्ज विप्र रामचन्द्रके आगे उपस्थित हुआ, उसी तेजसे चकितहो रामचन्द्रको दशोंदिशा न सूझीं ॥१३॥

अन्धीकृतेक्षणस्तूर्णं मोहं यातो नृपात्मजः ॥
विचिन्त्य तर्कयामास दैत्यमायां द्विजेश्वर१४॥

हे द्विजश्रेष्ठ ! आंखें मिच जानेसे राजकुमार मोहको प्राप्त होगये और विचार करके जाना कि यह दैत्योंकी माया है ॥ १४ ॥

अथोत्थाय महावीरः सज्जं कृत्वा स्वकं धनुः ॥
अक्षिप्यन्निशितैर्बाणैर्दिव्यास्त्रैरभिमन्त्रितैः॥१५॥

फिर वह महावीर उठकर और अपने बडे धनुष्यको चढाकर तथा दिव्य मन्त्रोंसे अभिमन्त्रितकर तीक्ष्ण बाणोंपर दृष्टि करने लगे ॥१५॥

आग्नेयं वारुणं सौम्यं मोहनं सौरपार्वतम् ॥
विष्णुचक्रं महाचक्रं कालचक्रं च वैष्णवम्॥१६॥

आग्नेयास्त्र, वरुणास्त्र, सोमास्त्र, मोहनास्त्र, सूर्यास्त्र, पर्वतास्त्र, सुदर्शनास्त्र, महाचक्र, कालचक्र, वैष्णवास्त्र ॥ १६ ॥

रौद्रं पाशुपतं ब्राह्मं कौबेरं कुलिशानिलम् ॥
भार्गवाद्यिलहून्यस्त्राण्ययं प्रायुंक्त राघवः ॥ १७ ॥

रुद्रास्त्र, पाशुपतास्त्र, ब्रह्मास्त्र, कुबेरास्त्र, वज्रास्त्र, वायव्यास्त्र और परशुरामास्त्र इत्यादि अनेक मन्त्रोंका रामने प्रयोग किया ॥ १७ ॥

तस्मिंस्तेजसि शस्त्राणि चास्त्राण्यस्य महीपतेः ॥
विलीनानि महाभ्रस्य करका इव नीरधौ ॥१८॥

परन्तु उस महातेजमें वे रामचन्द्रके अस्त्र और शस्त्र इसप्रकार लीन होगये जैसे समुद्रमें पत्थर और ओले मग्न होजातेहैं ॥ १८ ॥

ततः क्षणेन जज्वाल धनुस्तस्य कराच्युतम् ॥
तूणीरं चांगुलित्राणं गोधिकापि महीपतेः ॥१९॥

तब एक क्षणमात्रमें धनुष जलकर रामचन्द्रके हाथसे गिरा फिर तरकस अंगुलित्राण (जो अंगुलियोंमें पहरते हैं) गोधा जो प्रत्यञ्चाके आघातसे रक्षा करता है (यह चर्मके बने होते हैं) जलकर गिरपडे ॥ १९ ॥

तद्दृष्ट्वा लक्ष्मणो भीतः पपात भुवि मूर्च्छितः ॥
अथाकिञ्चित्करो रामो जानुभ्यामवनिं गतः २०

यह देखकर लक्ष्मण भयभीत और मूर्च्छित हो पृथ्वीमें गिरे और रामचन्द्रभी निस्तब्ध हो केवल घुटनेसे पृथ्वीमें बैठ गये ॥ २० ॥

मीलिताक्षो भयाविष्टः शंकरं शरणं गतः ॥
स्वरेणाप्युच्चरन्नुच्चैः शंभोर्नामसहस्रकम् ॥ २१ ॥

और आंखैं मीचे भयभीत हो शंकरकी शरणको प्राप्त हुए और ऊंचे स्वरसे शिवसहस्रनामका जप करनेलगे ॥ २१ ॥

शिवं च दण्डवद्भूमौ प्रणनाम पुनः पुनः ॥
पुनश्च पूर्ववच्चासीच्छब्दो दिङ्मंडलं ग्रसन्२२॥

और शिवजीको पृथ्वीमें दण्डप्रणाम वारम्वार किया, फिरभी प्रथमकी समान दिङ्मण्डलको शब्दायमान करनेवाला शब्द हुआ॥२२॥

चचाल वसुधा घोरं पर्वताश्च चकम्पिरे ॥
ततः क्षणेन शीतांशुशीतलं तेज आपतव ॥२३॥

उस घोर शब्दसे पृथ्वी चलायमान और पर्वत कंपित हुए तब फिर क्षणमात्रमें वह तेज चंद्रमाके समान शीतल हुआ ॥ २३ ॥

उन्मीलिताक्षो रामस्तु यावदेतत्प्रपश्यति ॥
तावद्ददर्श वृषभं सर्वालंकारसंयुतम् ॥ २४ ॥

जितनेमें रामचन्द्र नेत्र खोलकर देखतेहैं तवतकही उन्होंने संपूर्ण भूषण धारण किये वृषभका दर्शन किया ॥ २४ ॥

पीयूषमथनोद्भूतनवनीतस्य पिण्डवत् ॥
प्रोतस्वर्णं मरकतच्छायशृङ्गद्वयान्वितम् ॥२५॥

जिसका रंग अमृतके मथनेसे उत्पन्न हुए मक्खनके पिंडकी नाईं श्वेतहै, जिसके शृंगाग्रमें सुवर्णमें बंधी मरकत मणि शोभित होतीहै २५

नीलरत्नेक्षणं ह्रस्वकण्ठकम्बलभूषितम् ॥
रत्नपल्याणसंयुक्तं निबद्धं श्वेतचामरैः ॥ २६ ॥

नीलमणिके समान नेत्र ह्रस्वकण्ठसाक्षासे भूषित रत्नोंकी खोगीरसे शोभित जो कि श्वेत चामरोंसे युक्त है ॥ २६ ॥

घण्टिकाघर्घरीशब्दैः पूरयन्तं दिशो दश ॥
तत्रासीनं महादेवं शुद्धस्फाटिकविग्रहम् ॥ २७ ॥

घरघर शब्दवाली घंटिकाओंसे दशों दिशाओंको पूर्ण करते हुए वृषभपर चढे स्फाटिक मणिके समान शुभ्रकांति महादेवजी ॥ २७ ॥

कोटिसूर्यप्रतीकाशं कोटिशीतांशुशीतलम् ॥
व्याघ्रचर्माम्बरधरं नागयज्ञोपवीतिनम् ॥ २८ ॥

जो कि, करोडों सूर्य समान प्रकाशमान, करोडों चन्द्रमाओंके समान शीतल, व्याघ्र चर्मका वस्त्रधारे, नागोंका यज्ञोपवीत पहरे ॥ २८ ॥

सर्वालंकारसंयुक्तं विद्युत्पिंगजटाधरम् ॥
नीलकण्ठं व्याघ्रचर्मोत्तरीयं चन्द्रशेखरम् ॥ २९॥

सम्पूर्ण अलंकारोंसे युक्त, बिजलीकी समान पीली जटाधारे, नीलकण्ठ, व्याघ्रका चर्म ओढे, चन्द्रमा मस्तकपर विराजमान ॥२९॥

नानाविधायुधोद्भासिदशबाहुं त्रिलोचनम् ॥
युवानं पुरुषश्रेष्ठं सच्चिदानन्दविग्रहम् ॥ ३० ॥

अनेक प्रकारके शस्त्रोंसे युक्त, दशबाहु, तीन नेत्र, युवा अवस्था, पुरुषोंमें श्रेष्ठ, सच्चिदानन्द स्वरूप ॥ ३० ॥

तथैव च सुखासीनां पूर्णचन्द्रनिभाननाम् ॥
नीलेन्दीवरदामाभामुद्यन्मरकतप्रभाम् ॥ ३१ ॥

तथा निकट बैठी हुई पूर्ण चंद्रमुखी, नीलकमलके समान अथवा मरकत मणिके समान सुन्दर शरीरवाली ॥ ३१ ॥

मुक्ताभरणसंयुक्तां रात्रिं ताराञ्चितामिव ॥
विन्ध्यक्षितिधरोत्तुङ्गकुचभारभरालसाम् ॥३२ ॥

मोतियोंके आभरणोंसे युक्त, तारोंसे युक्त रात्रिकी समान शोभित, तथा विन्ध्यपर्वतकी समान, ऊंचे स्तनभारसे नम्र ॥ ३२ ॥

सदसत्संशयाविष्टमध्यदेशान्तराम्बराम् ॥
दिव्याभरणसंयुक्तां दिव्यगन्धानुलेपनाम् ॥ २३॥

है वा नहीं ऐसे संदिग्ध मध्यभागमें सुंदर है वस्त्र जिसका. और दिव्य आभूषणोंसे युक्त कस्तूरी आदि दिव्य सुगन्ध लगाये ॥ २३ ॥

दिव्यमाल्याम्बरधरां नीलेन्दीवरलोचनाम् ॥
अलकोद्भासिवदनां ताम्बूलग्रासशोभिताम् ॥ २४॥

दिव्यमालाधारे, नीलकमलके समान नेत्र, टेढे केशोंसे शोभित, मुखमें ताम्बूल खानेसे शोभित अधरोष्ठवाली ॥ २४ ॥

शिवालिंगनसञ्जातपुलकोद्भासिविग्रहाम् ॥
सच्चिदानन्दरूपाढ्यां जगन्मातरमंबिकाम् ॥ २५॥

शिवजीके आलिंगनसे उत्पन्न हुए रोमांच शरीरवाली सच्चिदानन्द-रूप त्रिलोकीकी माता ॥ २५ ॥

सौन्दर्यसारसन्दोहां ददर्श रघुनन्दनः ॥
स्वस्ववाहनसंयुक्तान्नानायुधलसत्करान् ॥ २६ ॥

सब सुन्दर पदार्थोंके सारकी मूर्तिमान् पात्र पार्वतीको रामचन्द्रने देखा इसी प्रकार अपने २ वाहनपर चढे आयुध हाथमें लिये ॥ २६ ॥

बृहद्रथन्तरादीनि सामानि परिगायतः ॥ स्व-
स्वकान्तासमायुक्तान्दिक्पालान्परितः स्थितान्।

वृहद्रथन्तरादि सामगायन करते अपनी २ स्त्रियोंसे युक्त इन्द्रादिदिक्पालोंसे सेवित ॥ ३७ ॥

अग्रगं गरुडारूढं शंखचक्रगदाधरम् ॥ काला-
म्बुदप्रतीकाशं विद्युत्कान्त्याश्रियायुतम् ॥ ३८ ॥

और सबसे आगे गरुडपर चढे शंख, चक्र, गदा और पद्म धारे, नील मेघके समान शरीरधारी, बिजलीकी समान कान्तिमान् लक्ष्मीसे युक्त ॥ ३८ ॥

जपन्तमेकमनसा रुद्राध्यायं जनार्दनम् ॥
पश्चाच्चतुर्मुखं देवं ब्रह्माणं हंसवाहनम् ॥ ३९ ॥

एकाग्र चित्तसे रुद्राध्यायका पाठ करते हुए जनार्दन और पीछे हंसपर चढे हुए चतुर्मुख ब्रह्माजी ॥ ३९ ॥

चतुर्भिश्चतुर्वेदरुद्रसूक्तैर्महेश्वरम् ॥
स्तुवन्तं भारतीयुक्तं दीर्घकूर्चं जटाधरम् ॥४०॥

चारों मुखोंसे ऋक्, यजुः, साम और अथर्व इन चारों वेद तथा रुद्रसूक्तका जप करते बडी डाढी और जटाधारण किये सरस्वती सहित महेश्वरकी स्तुति करते ॥ ४० ॥

अथर्वशिरसा देवं स्तुवन्तं मुनिमंडलम् ॥
गंगादितटिनीयुक्तमम्बुधिं नीलविग्रहम् ॥४१॥

इसीप्रकार अथर्वशीर्षके मंत्रोंसे स्तुति करते हुए मुनिमण्डल और गंगादि नदियोंसे युक्त नीलवर्ण सागर ॥ ४१ ॥

श्वेताश्वतरमन्त्रेण स्तुवन्तं गिरिजापतिम् ॥
अनन्तादिमहानागान्कैलासगिरिसन्निभान् ४२॥

श्वेताश्वतरके मंत्रोंसे शिवजीकी स्तुति करते कैलास पर्वतके समान अनन्तादि महानाग ॥ ४२ ॥

कैवल्योपनिषत्पाठान्मणिरत्नविभूषितान् ॥
सुवर्णवेत्रहस्ताढ्यं नन्दिनं पुरतः स्थितम्॥४३॥

रत्नोंसे विभूषित कैवल्य उपनिषद् पाठ करनेहारे स्तुति कर रहे हैं और सुवर्णकी छडी हाथमें लिये नंदिके आगे स्थित हुए ॥ ४३ ॥

दक्षिणे मूषकारूढं गणेशं पर्वतोपमम् ॥
मयूरवाहनारूढमुत्तरे षण्मुखं तथा ॥ ४४ ॥

दक्षिणकी ओर पर्वतकी समान मूषकपर चढे गणेशजी और उत्तरकी ओर मयूरपर चढे कार्तिकेय ॥ ४४ ॥

महाकालं च चण्डेशं पार्श्वयोर्भीषणाकृतिम् ॥
कालाग्निरुद्रंदूरस्थं ज्वलद्दावाग्निसन्निभम्॥४५॥

महाकाल और चण्डेश्वर पार्षदगण सेनानायक भयंकर मूर्तिधारे इधर उधर स्थित दावाग्निकी समान दीप्तिमान् दूर स्थित कालाग्नि रुद्र ॥ ४५ ॥

त्रिपादं कुटिलाकारं नटद्भृङ्गिरिटिं पुनः ॥
नानाविकारवदनान्कोटिशः प्रमथाधिपान्॥४६॥

तीन चरण हैं जिसके और कुटिल मूर्तिवाले प्रमथ गण तथा उनके अग्रभागमें नृत्य करनेवाले :भृंगिरिटि ऐसे अनेक मूर्तिवाले करोडों प्रमथगण ॥ ४६ ॥

नानावाहनसंयुक्तं परितो मातृमण्डलम् ॥
पञ्चाक्षरिजपासक्तान्सिद्धविद्याधरादिकान्॥४७॥

और अनेक प्रकारके वाहनोंपर स्थित चारों ओर मातृमण्डल और पञ्चाक्षरी विद्याजपनेमें तत्पर सिद्ध विद्याधरादिक ॥ ४७ ॥

दिव्यरुद्रकगीतानि गायत्किन्नरवृन्दकम् ॥
तत्र त्र्यैयम्बकं मन्त्रं जपद्विजकदम्बकम् ॥ ४८ ॥

और दिव्य रुद्रके गीत गाते हुए किन्नरोंके समूह और (त्र्यम्बकं यजामहे) इस मंत्रको जपनेहारे ब्राह्मणोंके समूह ॥ ४८ ॥

गायन्तं वीणया गीतं नृत्यन्तं नारदं दिवि ॥
नृत्यंतो नाट्यनृत्येन रम्भादीनप्सरोगणान्॥४९॥

आकाशमें वीणा बजाकर गाते और नाचते हुए नारद और नाट्यकी विधिसे नृत्य करते हुए रम्भादिक अप्सराओंके झुण्ड ॥४९॥

गायच्चित्ररथादीनां गन्धर्वाणां कदम्बकम् ॥
कंबलाश्वतरौ शंभुकर्णभूषणतां गतौ ॥ ५० ॥

और गानेमें तत्पर चित्ररथादि गन्धर्वोंके समूह तथा शिवजीके कानोंमें कुण्डलताको प्राप्त हुए कम्बल और अश्वतर नाग ॥ ५० ॥

गायन्तौ पन्नगौ गीतं कपालं कम्बलं तथा ॥
एवं देवसभां दृष्ट्वा कृतार्थो रघुनन्दनः॥ ५१ ॥

तथा गीत गानेमें तत्पर कम्बल और अश्वतरनागोंसे शोभित सब देवसभाको देखकर रामचन्द्र कृतार्थ हुए ॥ ५१ ॥

हर्षगद्गदया वाचा स्तुवन्देवं महेश्वरम् ॥
दिव्यनामसहस्रेण प्रणनाम पुनःपुनः ॥ ५२ ॥
इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्म-
विद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे शिवप्रादु-
र्भावाख्यश्चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

और हर्षसे गद्गदकण्ठ हो शिवजीकी स्तुति और दिव्य सहस्र-
नामके उच्चारणसे वारंवार प्रणाम करने लगे ॥ ५२ ॥

इति श्रीपद्मपुराणान्तर्गतशिवगीतायां भाषाटीकायां शिव-
प्रादुर्भावो नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

सूत उवाच ।

अथ प्रादुरभूत्तत्र हिरण्मयरथो महान् ॥
अनेकदिव्यरत्नांशुकिर्मीरितदिगन्तरः ॥ १ ॥

श्रीसूतजी बोले, इसके उपरान्त उस स्थानमें एक सुवर्णका बडा रथ प्रादुर्भूत हुआ जिसकी अनेक रत्नोंकी कान्तिसे सब दिशा चित्र विचित्र होगईथीं ॥ १ ॥

नद्युपान्तिकपङ्क्त्यन्यमहाचक्रचतुष्टयः ॥
मुक्तातोरणसंयुक्तः श्वेतच्छत्रशतावृतः ॥ २ ॥

नदीके किनारेकी पंक्तमें जिसके चारों चक्र स्थित थे, मोति-
योंकी झालर और सैकडों श्वेत छत्रसे युक्त ॥ २ ॥

शुद्धहेमखलीनाढ्यचतुरङ्गगणसंयुतः ॥
मुक्तावितानविलसद्ध्वजदिव्यवृषध्वजः ॥ ३ ॥

सुवर्णके खुरमढे हुए चार घोडोंसे शोभित मोतियोंकी झालर और चंदोवेसे शोभायमान जिसकी ध्वजामें वृषभका चिह्न था ॥ ३ ॥

मत्तवारणिकायुक्तः पट्टतल्पोपशोभितः ॥
पारिजाततरुद्भूतपुष्पमालाभिरञ्चितः ॥ ४ ॥

जिसके निकट एक मत्त हस्तिनी चलतीथी, जिसपर रेशमकी गद्दियाँ विछाई थीं, पांच भूतोंके अधिष्ठातृ देवताओंसे शोभित पारिजात कल्पवृक्षके फूलोंकी मालाओंसे सज्जित ॥ ४ ॥

मृगनाभिसमुद्भूतकस्तूरीमदपंकिलः ॥
कर्पूरागरुधूपोत्थगन्धाकृष्टमधुव्रतः ॥ ५ ॥

मृगनाभिसे उत्पन्न हुई कस्तूरीके मदवाला कपूर और अगर धूपकी उठीहुई गन्धसे भौरोंको आकर्षण करनेवाला ॥ ५ ॥

संवर्तघनघोषाढ्यो नानावाद्यसमन्वितः ॥
वीणावेणुस्वनासक्तकिन्नरीगणसंकुलः ॥ ६ ॥

प्रलयकालके समान शब्दायमान अनेक प्रकारके वाजोंसे युक्त वीणा-वेणु मधुर वाजे और किन्नरी गणोंसे युक्त ॥ ६ ॥

एवं दृष्ट्वा रथश्रेष्ठं वृषादुत्तीर्य शंकरः ॥
अम्बया सहितस्तत्र पट्टतल्पेऽविशत्तदा ॥ ७ ॥

इसप्रकारके श्रेष्ठ रथको देख कर वृषभसे उतर शिवजी पार्वती-सहित वस्त्रकी शय्यावाले उस रथके स्थानमें प्रविष्टित हुए ॥ ७ ॥

नीराजनैः सुरस्त्रीणां श्वेतचामरचालनैः ॥
दिव्यव्यजनपातैश्च प्रहृष्टो नीललोहितः ॥ ८॥

उसमें देवांगना श्वेत चमर और व्यजनके चलानेसे शिवजीको प्रसन्न करनेलगीं ॥ ८ ॥

क्वणत्कङ्कणनिध्वानैर्मञ्जुमञ्जीरसिञ्जितैः ॥
वीणावेणुगीतैः पूर्णमासीज्जगत्त्रयम् ॥ ९ ॥

शब्दायमान कंकणोंकी ध्वनि और निर्मल मंजीरोंके शब्द वीणा-वेणुके गीतसे मानो त्रिलोक पूर्ण होगया ॥ ९ ॥

शुकशारिकुलरावैः श्वेतपारावतस्वनैः ॥
उन्निद्रभूषाफणिनां दर्शनादेव बर्हिणः ॥
ननृतुर्दर्शयन्तः स्वांश्चन्द्रकान्कोटिसंख्यया १० ॥

तोतोंके वाक्यकी मधुरता और श्वेत कबूतरोंके शब्दसे जगत् शब्दायमान होगया । प्रसन्नतासे अपने फण उठायें हुए शिवजीके भूषणरूप शरीरमें लिपटे सर्पोंको देखकर करोडों मयूर प्रसन्न हो अपना चन्द्रक दिखाते हुए नृत्य करने लगे ॥ १० ॥

प्रणमन्तं ततो राममुत्थाप्य वृषभध्वजः ॥
आनिनाय रथं दिव्यं प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥ ११॥

तब शिवजी प्रणाम करते हुए रामको उठाकर प्रसन्न मनसे दिव्य रथमें ले आये ॥ ११ ॥

कमण्डलुजलैः स्वच्छैः स्वयमाचम्य यत्नतः ॥
समाचम्याथ पुरतः स्वांके राममुपानयत् १२ ॥

और अपने दिव्य कमण्डलुके जलसे सावधान हो आचमनकर रामचन्द्रको आचमन कराय अपनी गोदीमें बैठाया ॥ १२ ॥

अथ दिव्यं धनुस्तस्मै ददौ तूणीरमक्षयम् ॥
महापाशुपतं नाम दिव्यमस्त्रं ददौ ततः ॥ १३ ॥

इसके उपरान्त रामचन्द्रको दिव्य धनुष, अक्षय तरकस और महापाशुपतास्त्र प्रदान किया ॥ १३ ॥

उक्तश्च तेन रामोऽपि सादरं चंद्रमौलिना ॥
जगन्नाशकरं रौद्रमुग्रमस्त्रमिदं नृप ॥ १४ ॥

और रामचन्द्रसे बोले, हे राम ! यह मेरा उग्र अस्त्र जगत्का नाश करनेवाला है ॥ १४ ॥

अतो नेदं प्रयोक्तव्यं सामान्यसमरादिके ॥
अन्यन्नास्ति प्रतीघातमेतस्य भुवनत्रये ॥ १५॥

इस कारण सामान्य युद्धमें इसका प्रयोग नहीं करना । इसका निवारण करनेवाला त्रिलोकीमें दूसरा नहीं है ॥ १५ ॥

तस्मात्प्राणात्यये राम प्रयोक्तव्यमुपस्थिते ॥
अन्यदेतत्प्रयुक्तं तु जगत्संक्षयकृद्भवेत् ॥ १६ ॥

इस कारण हे राम ! प्राणसंकट उपस्थित होनेपर इसका प्रयोग करना उचितहै. दूसरे समयमें इसका प्रयोग करनेसे जगत्का नाश होजाताहै ॥ १६ ॥

अथाहूय सुरश्रेष्ठाँल्लोकपालान्महेश्वरः ॥
उवाच परमप्रीतः स्वं स्वमस्त्रं प्रयच्छथ ॥ १७॥

फिर शिवजी देवताओंमें श्रेष्ठ लोकपालोंको बुला प्रसन्न मन हो बोले, रामचन्द्रको सब कोई अपने २ अस्त्रप्रदान करो ॥ १७ ॥

राघवोऽयं च तैरस्त्रै रावणं निहनिष्यति ॥
तस्मै दैवैरवध्यत्वमिति दत्तो वरो मया ॥ १८ ॥

यह रामचन्द्र उन अस्त्रोंसे रावणको मारेंगे कारण कि, उसको मैंने वर दियाहै कि, तू देवताओंसे न मरेगा ॥ १८ ॥

तस्माद्धानरतामेत्य भवन्तो युद्धदुर्मदाः ॥
साहाय्यमस्य कुर्वन्तु तेन सुस्था भविष्यथ १९॥

इस कारण तुम सब युद्धमें भयंकर कर्म करनेवाले वानरोंका शरीर धारण करके इनकी सहायता करो इससे तुम सुखी होंगे ॥ १९ ॥

तदाज्ञां शिरसा गृह्य सुराः प्राञ्जलयस्तथा ॥
प्रणम्य चरणौ शंभोः स्वं स्वमस्त्रं ददुर्मुदा ॥२०॥

शिवजीकी आज्ञाको शिरपर धर प्रणामकर हाथजोड देवताओंने शिवजीके चरणोंमें प्रणाम कर अपने २ अस्त्र दिये ॥ २० ॥

नारायणास्त्रं दैत्यारिरैन्द्रमस्त्रं पुरंदरः ॥
ब्रह्मापि ब्रह्मदंडास्त्रमाग्नेयास्त्रं धनंजयः ॥ २१ ॥

विष्णुने नारायणास्त्र, इन्द्रने ऐन्द्रास्त्र, ब्रह्माने ब्रह्मदण्डास्त्र, अग्निने आग्नेयास्त्र दिया ॥ २१ ॥

याम्यं यमोपि मोहास्त्रं रक्षोराजस्तथा ददौ ॥
वरुणो वारुणं प्रादाद्वायव्यास्त्रं प्रभंजनः ॥२२॥

यमराजने याम्यास्त्र, निर्ऋतिने मोहनास्त्र, वरुणने वरुणास्त्र, वायुने वायव्यास्त्र ॥ २२ ॥

कौबेरं च कुबेरोऽपि रौद्रमीशान एव च ॥
सौरमस्त्रं ददौ सूर्यः सौम्यं सोमश्च पार्वतम् ॥
विश्वेदेवा ददुस्तस्मै वसवो वासवाभिधम् ॥२३॥

कुबेरने सौम्यास्त्र, ईशानने रुद्रास्त्र, सूर्यने सौरास्त्र, चन्द्रमाने सौम्यास्त्र, विश्वेदेवाने पार्वतास्त्र, आठों, वसुओंने वासवास्त्र प्रदान किया ॥ २३ ॥

अथ तुष्टः प्रणम्येशं रामो दशरथात्मजः ॥
प्राञ्जलिः प्रणतो भूत्वा भक्तियुक्तो व्याजिज्ञपत्२४

तब दशरथकुमार रामचन्द्र प्रसन्न हो शिवजीको प्रणाम कर हाथ जोड खडे हो भक्तिपूर्वक बोले ॥ २४ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्मानुषेणैव नोल्लंघ्यो लवणाम्बुधिः ॥
तत्र लंकाभिधं दुर्गं दुर्जयं देवदानवैः ॥ २५ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले, भगवन् ! मनुष्योंसे तो क्षारसमुद्र उल्लंघन नहीं किया जायगा और लंकादुर्ग देवता तथा दानवोंको भी दुर्गम है ॥ २५ ॥

अनेककोटयस्तत्र राक्षसा बलवत्तराः ॥
सर्वे स्वाध्यायनिरताः शिवभक्ता जितेन्द्रियाः२६

और वहां करोडों बली राक्षस रहते हैं, वे सब जितेंद्रिय वेदपाठ करनेमें तत्पर और आपके भक्त हैं ॥ २६ ॥

अनेकमायासंयुक्ता बुद्धिमन्तोऽग्निहोत्रिणः ॥
कथमेकाकिनाँ जेया मया भ्रात्रा च संयुगे।२७॥

अनेक प्रकारकी मायाके जाननेहारे बुद्धिमान् अग्निहोत्री हैं। केवल मैं और भ्राता लक्ष्मण युद्धमें उनको कैसे जीतसकेंगे ॥ २७ ॥

श्रीमहादेव उवाच ।

रावणस्य वधे राम रक्षसामपि मारणे ॥
विचारो न त्वया कार्यस्तस्य कालोऽयमागतः २८

शिवजी बोले, हे रामचन्द्र ! रावण और राक्षसोंके मारनेमें विचार करनेकी कुछ आवश्यकता नहीं, कारण कि उसका काल आगया है ॥ २८ ॥

अधर्मे तु प्रवृत्तास्ते देवब्राह्मणपीडने ॥
तस्मादायुः क्षयं यातं तेषां श्रीरपि सुव्रत ॥२९॥

वे देवता और ब्राह्मणका दुःख देनेरूपी अधर्ममें प्रवृत्त हुए हैं हे सुव्रत ! इस कारण उनकी आयु और लक्ष्मीकाभी क्षय होगया है ॥ २९ ॥

राजश्रीकामनासक्तं रावणं निहनिष्यसि ॥
पापासक्तो रिपुर्जेतुं सुकरः समरांगणे ॥ ३० ॥

उसने राजश्री जानकीजीकी अवमानना की है । इस कारण तुम उसे सहजमें मारसकोगे, कारण कि वह इस समय मद्यपानमें आसक्त रहता है ॥ ३० ॥

अधर्मे निरतः शत्रुर्भाग्येनैव हि लभ्यते ॥

अधीतधर्मशास्त्रोऽपि सदा वेदरतोऽपिवा ॥
विनाशकाले संप्राप्ते धर्ममार्गाच्च्युतो भवेत्३१॥

अधर्ममें प्रीति करनेवाला शत्रु भाग्यसे ही प्राप्त होताहै। जिसने वेदशास्त्र पढाहो और सदा धर्ममें प्रीतिकरताहो वह विनाशकाल आनेपर धर्मको त्याग करदेता है ॥ ३१ ॥

पीडयन्ते देवताः सर्वाः सततं येन पापिना ॥
ब्राह्मणा ऋषयश्चैव तस्य नाशः स्वयं स्थितः ३२

जो पापी सदा देवता ब्राह्मण और ऋषियोंको दुःख देताहै, उसका नाश स्वयं होता है ॥ ३२ ॥

किष्किंधानगरे राम देवानामंशसंभवाः ॥
वानरा बहवो जाता दुर्जया बलवत्तराः ॥३३॥

हे राम! किष्किंधा नामक नगरमें देवताओंके अंशसे बहुतसे महाबली और दुर्जय वानर उत्पन्न हुए हैं ॥ ३३ ॥

साहाय्यं ते करिष्यंति तैर्बद्ध्वा च पयोनिधिम् ॥
अनेकशैलसंबद्धे सेतौ यांतु बलीमुखाः ॥
रावणं सगणं हत्वा तामानय निजां प्रियाम्॥३४॥

वे सब तुम्हारी सहायता करेंगे। उनके द्वारा तुम सागरपर सेतु बंधवाना अनेक पर्वत लाकर वे वानर पुल बांधेंगे उसपर सब वानर

उतरजांयगे । इस प्रकार रावणको उसके साथियोंसहित मारकर वहांसे अपनी प्रियाको लाओ ॥ ३४ ॥

शौर्य्ययुद्धे जयो यत्र तत्रास्त्राणि न योजयेत् ॥
निरस्त्रेऽल्पशस्त्रेषु पलायनपरेषु च ॥
अस्त्राणि मुञ्चन्दिव्यानि स्वयमेवविनश्यति३५॥

जहां संग्राममें शस्त्रसेही जय प्राप्त होनेकी संभावना हो वहां अस्त्रोंका प्रयोग न करना और जिनके पास अस्त्र नहीं हैं अथवा थोडे शस्त्र हैं तथा जो भाग रहे हैं ऐसे पुरुषोंके ऊपर दिव्यास्त्रका प्रयोग करनेवाला स्वयं नष्ट होजाताहै ॥ ३५ ॥

अथवा किं बहूक्तेन मयैवोत्पादितं जगत् ॥
मयैव पाल्यते नित्यं मया संह्रियतेऽपि च॥३६॥

बहुत कहनेसे क्या है यह संसार जो मेराही उत्पन्न कियाहै, मैं ही इसका पालन और मैंही इसका संहार करताहूं ॥ ३६ ॥

अहमेको जगन्मृत्युर्मृत्योरपि महीपते ॥
असेऽहमेव सकलं जगदेतच्चराचरम् ॥ ३७ ॥

मैंही एक जगत्की मृत्युकाभी मृत्युस्वरूप हूं, हे राजन् ! मैं ही इस चराचर जगत्का भक्षण करनेवाला हूं ॥ ३७ ॥

मम वक्त्रगताः सर्वे राक्षसा युद्धदुर्मदाः ॥
निमित्तमात्रं त्वं भूयाःकीर्तिमाप्स्यसि संगरे२८॥
इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे रामाय वरप्रदानं
नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

वे युद्धदुर्मद सब राक्षस तो मेरे मुखमें प्राप्तहोचुके हैं तुम निमित्तमात्र होकर संग्राममें कीर्ति पाओगे ॥ २८ ॥

इति श्रीशि० भाषाटी० रामाय वरप्रदानं नाम पंचमोऽध्यायः ॥५ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्नत्र मे चित्रं महदेतत्प्रजायते ॥
शुद्धस्फटिकसंकाशस्त्रिनेत्रश्चन्द्रशेखरः ॥ १ ॥

श्री रामचंद्रबोले, हे भगवन् ! आप कहते हो कि मैंही जगत्की उत्पत्ति और पालन करताहूं इसमें मुझे बडा आश्चर्य है। स्वच्छ स्फटिक मणिकी समान जिनका शरीर और तीन नेत्र तथा मस्तकपर चंद्रमा है ॥ १ ॥

मूर्तस्त्वं तु परिच्छिन्नाकृतिः पुरुषरूपधृक् ॥
अम्बया सहितोऽत्रैव रमसे प्रमथैः सह ॥ २ ॥

ऐसे आप परिच्छिन्न और पुरुषाकृति मूर्ति धारण किये हो और पार्वतीं सहित प्रमथआदि गणोंके साथ यहीं विहार करते हो॥ २ ॥

त्वं कथं पञ्चभूतादि जगदेतच्चराचरम् ॥
तद्ब्रूहि गिरिजाकान्त मयि तेऽनुग्रहो यदि॥३॥

फिर तुमने पंचभूतादि यह चराचर जगत् कैसे उत्पन्न किया है। हेगिरिजापते ! जो आपकी मुझपर कृपा है तो आप कहिये॥३॥

श्रीभगवानुवाच ।

साधु पृष्टं महाभाग दुर्ज्ञेयममरैरपि ॥
तत्प्रवक्ष्यामि ते भक्त्या ब्रह्मचर्येण सुव्रत ॥
पारं यास्यस्यनायासाद्येन संसारनीरधेः ॥ ४ ॥

श्रीभगवान् बोले । हे महाभाग रामचन्द्र ! सुनो, जो देवतोंकीभी बुद्धिमें नहीं आता, वह मैं यत्नपूर्वक तुमसे कहताहूं जिससे तुम अनायासही संसारसागरके पारहो जाओगे ॥ ४ ॥

दृश्यन्ते पञ्चभूतानि येन लोकाश्चतुर्दश ॥
समुद्राः सरितो देवा राक्षसा ऋषयस्तथा ॥ ५ ॥

जो कुछ यह पांच महाभूत, चौदह भुवन, समुद्र, पर्वत, देवता, राक्षस और ऋषि दीखते हैं ॥ ५ ॥

---

१ चौदहभुवन भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यं यह सात ऊपरके लोक। अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, और पाताल यह सात अधोलोक मिलकर चौदह लोक हुए.

दृश्यन्ते यानि चान्यानि स्थावराणि चराणि च॥
गन्धर्वाः प्रमथा नागाः सर्वे ते मद्विभूतयः ॥६॥

तथा और जो स्थावर, जंगम, गन्धर्व, प्रमथ, और नाग दीखते हैं यह सब मेरी विभूति हैं ॥ ६ ॥

पुरा ब्रह्मादयो देवा द्रष्टुकामा ममाकृतिम् ॥
मंदरं प्रययुः सर्वे मम प्रियतरं गिरिम् ॥ ७ ॥

प्रथम, ब्रह्मादि देवता मेरा रूप देखनेके निमित्त मेरे प्रिय मंदराचल पर्वतपर गये ॥ ७ ॥

स्तुत्वा प्राञ्जलयो देवा मां तदा पुरतः स्थिताः॥
तान्हृष्ट्वाथ मया देवाँल्लीलाकुलितचेतसः ॥ ८ ॥

देवता हाथ जोड मेरे आगे स्थित हुए तब मैंने देवताओंको लीलासे व्याकुलचित्त जानकर उन ब्रह्मादि देवताओंका ज्ञान हरलिया ॥ ८ ॥

तेषामपहृतं ज्ञानं ब्रह्मादीनां दिवौकसाम् ॥
अथ तेऽपहृतज्ञाना मामाहुः को भवानिति ॥
अथाब्रुवमहं देवानहमेव पुरातनः ॥ ९ ॥

वे तत्कालही ज्ञानरहित हो हमसे बोले तुम कौन हो ? तब मैंने देवतोंसे कहा मैंही पुरातन हूँ ॥ ९ ॥

आसं प्रथममेवाहं वर्तामि च सुरेश्वराः ॥
भविष्यामिचलोकेऽस्मिन्मत्तोनान्योऽस्तिकश्चन

हे देवताओ ! सृष्टिसे पहलेही मैंही था, वर्तमानमें भी मैंही हूं और अन्तमें भी मैंही रहूँगा । इस लोकमें मेरे सिवाय और कुछ नहीं है ॥ १० ॥

व्यतिरिक्तं च मत्तोऽस्तिनान्यत्किञ्चित्सुरेश्वराः ॥
नित्योऽनित्योऽहमनघो ब्रह्मणांब्रह्मणस्पतिः११॥

हे सुरेश्वरो ! मुझसे व्यतिरिक्त और कुछ वस्तु नहीं है । नित्य अनित्य भी मैंही हूँ तथा मैंही पापरहित वेद और ब्रह्माका भी पति हूँ ॥ ११ ॥

दक्षिणा च उदश्चोऽहं प्राञ्चः प्रत्यञ्च एव च ॥
अधश्चोर्ध्वं च विदिशो दिशश्चाहं सुरेश्वराः।१२॥

मैंही दक्षिण उत्तर पूर्व पश्चिम हूँ । हे सुरेश्वरो ! ऊपर नीचे दिशा विदिशा सब मैंही हूँ ॥ १२ ॥

सावित्री चापि गायत्री स्त्री पुमानपुमानपि ॥
त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप् च पंक्तिश्छन्दस्त्रयीमयः१३॥

सावित्री, गायत्री, स्त्री, पुरुष, नपुंसक, त्रिष्टुप्, जगती, अनुष्टुप् और पंक्तिछन्दभी मैंही हूँ, तथा मैं ही तीनों वेदोंमें वर्णन किया गयाहूँ ॥ १३ ॥

सत्योऽहं सर्वगः शान्तस्त्रेताग्निर्गौरहं गुरुः ॥
गौर्यहं गह्वरं चाहं द्यौरहं जगतां विभुः ॥ १४ ॥

मैंही सत्यस्वरूप मायाके विकारसे रहित हूँ, सब प्रकार शांत दक्षिणाग्नि, गार्हपत्य, आहवनीय तीन अग्निस्वरूप हूँ, गौ, गुरुमें गुरुता, वाणी वाणीका रहस्य, स्वर्ग और जगत्का पति मैंहीहूं॥१४॥

ज्येष्ठः सर्वसुरश्रेष्ठो वरिष्ठोऽहमपांपतिः ॥
अर्च्योऽहंभगवानीशस्तेजोऽहं चादिरप्यहम् १५॥

मैंही सबसे ज्येष्ठ सब देवताओंसे श्रेष्ठ ज्ञानियोंमें पूज्य सब जलोंका पति सागर मैं ही हूं, मैंही अर्चाके योग्य षड्गुण ऐश्वर्यसम्पन्न तेजः-स्वरूप और उसकी आदिवायुभी मैं ही हूं ॥ १५ ॥

ऋग्वेदोऽहं यजुर्वेदः सामवेदोऽहमात्मभूः ॥
अथर्वणश्च मन्त्रोऽहं तथा चांगिरसो वरः॥१६॥

मैंही ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और श्रेष्ठ आंगिरस अथर्ववेद हूँ मैंही स्वयम्भू हूँ ॥ १६ ॥

इतिहासपुराणानि कल्पोऽहं कल्पवानहम् ॥
नाराशंसी च गाथाहं विद्योपनिषदोऽस्म्यहम् १७

भारतादि इतिहास, ब्राह्मपुराणादि पुराण, कल्पसूत्र, उनका प्रवर्तक बोधायनादि ऋषि, नाराशंसी नामक रुद्रतत्त्वके प्रतिपादक मुख्य तत्त्वकी प्रतिपादन करनेवाली गाथा, उपासनाकाण्ड, उपनिषद् यह सब मैंही हूँ ॥ १७ ॥

श्लोकाःसूत्राणि चैवाहमनुव्याख्यानमेव च ॥
व्याख्यानानि परा विद्या इष्टं हुतमथाहुतिः १८॥

"तदप्येष श्लोको भवति" इत्यादि श्लोक सांख्ययोगादि सूत्र व्याख्यान अनुव्याख्यान गान्धर्वगान विद्यादि यज्ञहोम आहुति ॥ १८॥

दत्तादत्तमयं लोकः परलोकोऽहमक्षरः ॥
क्षरः सर्वाणि भूतानि दान्तिः शान्तिरहं खगः ॥
गुह्योऽहं सर्ववेदेषु आरण्योऽहमजोऽप्यहम्॥ १९॥

गाय आदि दानके पदार्थ दान देना, यह लोक, अविनाशी परलोक, क्षर—प्राणीमात्रोंके हृदयमें वास करनेहारा, इन्द्रियनिग्रह, मनोनिग्रह और खग—जीवभी मैं ही हूं, सब वेदोंमें गूढभी मैं ही हूं, निर्जनस्थानवासीभी मैंही हूं, जन्मरहितभी मैंही हूँ ॥ १९ ॥

पुष्करं च पवित्रं च मध्यं चाहमतः परम् ॥
बहिश्चाहं तथा चांतः पुरस्तादहमव्ययः ॥ २० ॥

पुष्कर, पवित्र, सबके मध्य और बाहर भीतर आगे अविनाशी मैंही हूँ ॥ २० ॥

ज्योतिश्चाहं तमश्चाहं तन्मात्राणींद्रियाण्यहम् ॥
बुद्धिश्चाहमहंकारो विषयाण्यहमेव हि ॥ २१ ॥

तेज, अन्धकार, इन्द्रिय, इन्द्रियके गुण, बुद्धि, अहंकार और शब्दादि विषय मैंही हूँ ॥ २१ ॥

ब्रह्मा विष्णुर्महेशोऽहमुमा स्कन्दो विनायकः ॥
इन्द्रोऽग्निश्च यमश्चाहं निर्ऋतिर्वरुणोऽनिलः २२॥

ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर, उमा, स्कन्द, गणपति, इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु ॥ २२ ॥

कुबेरोऽहं तथेशानो भूर्भुवः स्वर्महर्जनः ॥
तपःसत्यं च पृथिवी चापस्तेजोऽनिलोप्यहम्२३

कुबेर, ईशान, भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यं, यह सात लोक पृथ्वी, जल, वायु ॥ २३ ॥

आकाशोऽहं रविः सोमो नक्षत्राणि ग्रहास्तथा ॥
प्राणः कालस्तथा मृत्युरमृतं भूतमप्यहम् ॥२४॥

आकाश, सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, ग्रह, प्राण, काल, मृत्यु, अमृत, भूत-प्राणी, यह सब मैंही हूं ॥ २४ ॥

भव्यं भविष्यत्कृत्स्नं च विश्वं सर्वात्मकोप्यहम्॥
ओमादौ च तथा मध्ये भूर्भुवः स्वस्तथैव च ॥
ततोऽहं विश्वरूपोऽस्मि शीर्षं च जपतां सदा २५

वर्तमान और भविष्यभी मैंही हूं, सम्पूर्ण विश्व सर्वरूपभी मैंही हूँ, ओंकारके आदि और मध्यमें भूर्भुवः स्वः, मैंही हूं और गायत्री शीर्ष जपनेवालोंका विराट् स्वरूपभी मैंही हूं ॥ २५ ॥

अशितं पायितं चाहं कृतं चाकृतमप्यहम् ॥
परं चैवापरं चाहमहं सर्वपरायणः ॥ २६ ॥

भक्षण, पान, कृत, अकृत (नहीं किया) तथा पर, अपर, मैंहीहूँ और सबका आश्रय मैंही हूँ ॥ २६ ॥

अहं जगद्धितं दिव्यमक्षरं सूक्ष्ममव्ययम् ॥
प्राजापत्यं पवित्रं च सौम्यमग्राह्यमग्रियम्॥२७॥

मैंही जगत्का हित, अक्षर, सूक्ष्म, दिव्य, प्रजापति, पवित्र, सोम, देवता; अग्राह्य (जो ग्रहण करनेमें न आवे) और सबका आदि मैंही हूँ ॥ २७ ॥

अहमेवोपसंहर्ता महोग्रस्तेजसां निधिः ॥
हृदि यो देवतात्वेन प्राणत्वेन प्रतिष्ठितः॥२८॥

मैंही सबका उपसंहार करनेवाला, मैंही पर्वत, सागर इत्यादि गुरुवस्तु और प्रलयकालिक अग्नि सूर्यादितेज इन सब पदार्थोंमें विद्यमानहूं, मैंही सब प्राणियोंके हृदयमें देवता और प्राणरूपसे स्थित हूं॥ २८॥

शिरश्चोत्तरतो यस्य पादौ दक्षिणतस्तथा ॥
यश्च सर्वोत्तरः साक्षादोङ्कारोऽहं त्रिमात्रकः॥२९॥

जिसका शिर (स्पर्श संज्ञकवर्ण) उत्तरको, और जिसके पाद (उष्म संज्ञक वर्ण) दक्षिणको और जिसके अन्तर (अन्तस्थसंज्ञक वर्ण) मध्यमें हैं, ऐसा त्रिमात्रिक साक्षात् ओंकार मैं हूं॥ २९॥

ऊर्ध्वं चोन्नामये यस्मादधश्चापनयाम्यहम् ॥
तस्मादोङ्कार एवाहमेको नित्यःसनातनः॥३०॥

जिस कारणसे कि मैं जप करनेवालोंको स्वर्गादि लोकको लेजाता, पुण्यक्षीण पुरुषोंको नीचे लेजाताहूं, इस कारण मैं एक निरन्तर नित्य सनातन ओंकारहूं॥ ३०॥

ऋचो यजूंषि सामानि यो ब्रह्मा यज्ञकर्मणि ॥
प्रणामये ब्राह्मणेभ्यस्तेनाहं प्रणवो मतः ॥ ३१ ॥

यज्ञकर्ममें ब्रह्मा नामक ऋत्विक् होकर ऋग्यजु और सामके मन्त्र ऋत्विजोंको देता हूं; इस कारण मैंही प्रणवरूप हूं तात्पर्य यह कि सब मैंहीहूं ॥ ३१ ॥

स्नेहो यथा मांसपिण्डं व्याप्नोति व्यापयत्यपि ॥
सर्वांल्लोकानहं तद्वत्सर्वव्यापी ततोस्म्यहम् ३२॥

जैसे घृत तैलादि स्नेह द्रव्य मांसपिंडमें व्याप्त होकर भक्षण करने वालेकी सब देहको व्याप्त करतेहैं, इसीप्रकार सब लोकोंमें अधिष्ठानरूपसे व्याप्त होकर मैं सर्वव्यापी हूं ॥ ३२ ॥

ब्रह्मा हरिश्च भगवानाद्यन्तं नोपलब्धवान् ॥
ततोऽन्ये च सुरायस्मादनन्तोऽहमितीरितः।३३॥

ब्रह्मा हरि भगवान् व और दूसरे देवभी मेरा आदि और अन्त नहीं ऐसा जानते इस कारणसे मैं अनन्त हूं ॥ ३३ ॥

गर्भजन्मजरामृत्युसंसारभवसागरात् ॥
तारयामि यतो भक्तं तस्मात्तारोऽहमीरितः॥३४।

गर्भवास जन्म जरामृत्युसे भरे संसारसागरसे मैं भक्तोंको तारदेताहूं इस कारण मेरा नाम तारक है ॥ ३४ ॥

चतुर्विधेषु देहेषु जीवत्वेन वसाम्यहम् ॥
सूक्ष्मो भूत्वा च हृद्देशे यत्तत्सूक्ष्मं प्रकीर्तितः३५॥

जरायुज, स्वेदज, अंडज, उद्भिज्ज इन चार प्रकारके देहोंमें मैं जीवरूपसे वास करताहूं और उनके हृदयाकाशमें सूक्ष्म रूप होकर वासकरताहूं, इससे मै सूक्ष्म कहाताहूं ॥ ३५ ॥

महातमसि मग्नेभ्यो भक्तेभ्यो यत्प्रकाशये ॥
विद्युद्दतुलं रूपं तस्माद्वैद्युतमस्म्यहम् ॥ ३६ ॥

महाअन्धकारमें मग्न हुए भक्तोंको उद्धार करनेके निमित्त बिजलीकी समान दीप्तिमान् निरुपम तेजरूप प्रगट करताहूं इसकारण मै विद्युत्स्वरूप हूं ॥ ३६ ॥

एक एव यतो लोकान्विसृजामि सृजामि च ॥
विवासयामि गृह्णामि तस्मादेकोऽहमीश्वरः॥३७॥

जिसकारणसे कि मै एकही लोकोंको उत्पन्न और संसार करके लोकान्तरमें पहुंचाताहूं और ग्रहण करताहूं इसकारणसे मुझे स्वतन्त्र और एक ईश्वर कहतेहैं ॥ ३७ ॥

न द्वितीयो यतश्चास्ति तुरीयं ब्रह्म यत्स्वयम् ॥

भूतान्यात्मनि संहृत्य चैको रुद्रो वसाम्यहम् ३८॥

प्रलयकालमें कोई दूसरा स्थित नहीं रहता केवल मैंही तीनों गुणोंसे परे स्वयं ब्रह्मरुद्रस्वरूप सब प्राणियोंको अपने में लयकरके स्थित होताहूं ॥ ३८ ॥

सर्वाँल्लोकान्यदीशेऽहमीशिनीभिश्च शक्तिभिः ॥
ईशानमस्य जगतः स्वदृशं चक्षुरीश्वरम् ॥३९॥

जो कि मैं सब लोकोंको ईशिनी अर्थात् सब लोकोंको स्वाधीन रखनेवाली शक्तियोंसे स्वाधीन रखताहूं उनपर सत्ता चलाताहूं इसकारण सर्वद्रष्टा सबका चक्षु मैं ईशान कहाताहूं ॥ ३९ ॥

ईशानश्चास्मि जगतां सर्वेषामपि सर्वदा ॥
ईशानः सर्वविद्यानां यदीशानस्ततोऽस्म्यहम् ४०

मैं स्थिर और चर सब प्राणियोंका सदा ईश्वर हूं तथा सब विद्याओंका अधिपति हूं, अर्थात् सर्व ईश्वर शक्तिसम्पन्न हूं इससे मेरा ईशान नाम सार्थ है ॥ ४० ॥

सर्वभावाश्चिरीक्ष्येहमात्मज्ञानं निरीक्षये ॥
योगं च गमये तस्माद्भगवान्महतो मतः ॥४१॥

मैं सब अतीत और अनागत पदार्थोंको आत्मज्ञानसे देखताहूं, इसीप्रकार योगसाधनसम्पन्न पुरुषको आत्मज्ञानरूप

योगका उपदेश करताहूँ, और सबमें व्यापनेसे मैं भगवान् ऐश्वर्यवान् हूं ॥ ४१ ॥

अजस्रं यच्च गृह्णामि विसृजामि सृजामि च ॥
सर्वाँल्लोकान्वासयामि तेनाहं वै महेश्वरः॥४२॥

मैं निरन्तर सब लोकोंकी उत्पत्ति, पालन और संहार करताहूं, इस कारण मुझे महेश कहतेहैं ॥ ४२ ॥

महत्यात्मज्ञानयोगैश्वर्ये यस्तु महीयते ॥
सर्वान्भावान्पारित्यज्य महादेवश्च सोस्म्यहम् ४३

महत् पुरुषोंमें आत्मज्ञान और अष्टांग योगसे जो महिमा वियमान है और जो सब पदार्थोंको उत्पन्न करके रक्षा करताहै वह महादेव मैंही हूं ॥ ४३ ॥

एकोऽस्मि देवः प्रदिशो नु सर्वाः पूर्वो हि जातोऽस्म्यहमेव गर्भे ॥ अहं हि जातश्च जनिष्यमाणः प्रत्यङ्जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः॥ ४४॥

मैंही श्रुतिप्रतिपादित एक देव सम्पूर्ण दिशाओंमें वर्तमान हूं। मैंही सबसे प्रथम गर्भमें वास करनेहारा, गर्भसे निकलनेहारा और पीछे उत्पन्न होनेहारा हूँ मैंही सम्पूर्ण लोक हूँ, और सब दिशाओंमें मेराही मुख है ॥ ४४ ॥

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात् ॥ संबाहुभ्यां धमति संपतत्रैर्द्यावा-भूमी जनयन्देव एकः ॥ ४५ ॥

सर्वत्र मेरे नेत्र सर्वत्र मेरा मुख सर्वत्र मेरी भुजा और सर्वत्र मेरे चरण हैं मैंही भुजा और चरणोंसे स्वर्ग और भूमिको उत्पन्न करता हुआ एक देवस्वरूप हूँ ॥ ४५ ॥

वालाग्रमात्रं हृदयस्य मध्ये विश्वं देवं जातवेदं वरेण्यम् ॥ मामात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम् ॥ ४६ ॥

केशके अग्रभागकीसमान सूक्ष्मरूप हृदयमें रहनेवाला, विश्व-व्यापक, स्वप्रकाश, श्रेष्ठ आत्मस्वरूप मैं हूँ मुझे जो चतुर पुरुष तत्त्वमस्यादि वाक्योंके ज्ञानसे (वह तू है) ऐसी उपाधि त्यागकर जीव और ब्रह्मको एकतासे देखतेहैं अर्थात् एकस्वरूप जानतेहैं वही निरन्तर मोक्षको प्राप्त होतेहैं दूसरे नहीं ॥ ४६ ॥

अहं योनिं योनिमधितिष्ठामि: चैको सयेदं पूर्णं पञ्चविधं च सर्वम् ॥ मामीशानं पुरुषं देवमीड्यं विदित्वा निचाय्येमां शान्तिम त्यन्तमेति॥४७॥

सीपीमें जो रजतबुद्धि है यह भ्रमही है परन्तु रजतके भ्रमका आधार युक्ति यथार्थ है उसीप्रकार मेरे स्वरूपमें भासनेहारा जगत् मिथ्या है परन्तु उसका आधार मै सत्य तथा एकरूप हूँ मैही यह पंचभूतात्मक जगत् धारणकियेहूँ ऐसे मुझे ईश्वरके स्वरूपमें जो विवेक करेगा. उसको अनन्त शान्ति अर्थात् मुक्तिकी प्राप्ति होगी ॥ ४७ ॥

प्राणेज्वन्तर्मनसो लिङ्गमाहुरस्मिन्क्षोधो या च तृष्णा क्षमा च॥ तृष्णां हित्वा हेतुजालस्य मूलं बुद्ध्या चित्तं स्थापयित्वा मयीह॥एवं ये मां ध्यायमाना भजंते तेषां शान्तिःशाश्वतीनेतरेषामृ४८

प्राणकाही अन्तर्गत मन है वहां क्षुधा पिपासा और तृष्णा रहती है इससे शुभाशुभ फल प्राप्तिका कारण जो धर्म अधर्म है उसके भी कारण विषयतृष्णाको छिनकर निश्चयात्मक बुद्धि मुझमें अन्तःकरण लगाकर जो मेरा ध्यान करतेहैं उनको निरन्तर शांति और मोक्षसुख प्राप्त होता है दूसरोंको नहीं ॥ ४८ ॥

यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह ॥
आनन्दं ब्रह्म मां ज्ञात्वा न बिभेति कुतश्चन४९॥

जहां वाणीकी गति नहीं जहां मन नहीं पहुंचसक्ता इस प्रकार आनन्द ब्रह्मरूप मेरे जाननेवालेको कहींसे भय प्राप्त नहीं होता॥४९॥

श्रुत्वेति देवा मद्वाक्यं कैवल्यज्ञानमुत्तमम् ॥
जपन्तो मम नामानि मम ध्यानपरायणाः॥५०॥

इस कारण देवता मेरे वचन जो कि आत्मस्वरूप ज्ञानके देनेवाले हैं सुनकर मेरे नामका जप करके मेरे ही ध्यानपरायण हुए ॥ ५० ॥

सर्वे ते स्वस्वदेहान्ते मत्सायुज्यं गताः पुरा ॥
ततोऽग्रे परिदृश्यन्ते पदार्था मद्विभूतयः ॥५१ ॥

देहान्तमें वे सब मेरे सायुज्यको प्राप्त होगये । जो कुछ ये पदार्थ दीखते हैं यह सब मेरीही विभूति है ॥ ५१ ॥

मय्येव सकलं जातं मयि सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥
मयि सर्वं लयं याति तद्ब्रह्माद्वयमस्म्यहम्॥५२॥

यह सब वस्तु मुझहीसे उत्पन्न हो मुझहीमें प्रतिष्ठित हैं और अन्तमें मुझमें ही लय हो जाती हैं मैंही अद्वय ब्रह्म हूँ ॥ ५२ ॥

अणोरणीयानहमेव तद्वन्महानहं विश्वमहं विशुद्धः ॥ पुरातनोऽहं पुरुषोऽहमीशो हिरण्मयोऽहंशिवरूपमस्मि ॥ ५३ ॥

मैंही सूक्ष्मसे भी अति सूक्ष्म महान्सेभी महान् मैंही विश्वरूप निर्लेप पुरातन पुरुष सर्वेश्वर तेजोमय और शिवरूपहूँ ॥ ५३ ॥

अपाणिपादोऽहमचिन्त्यशक्तिः पश्याम्यचक्षुः स शृणोम्यकर्णः ॥ अहं विजानामि विविक्तरूपो न चास्ति वेत्ता मम चित्सदाहम् ॥ ५४ ॥

मेरे हस्त चरण नहीं और सब कुछ कर सक्ताहूँ मेरी शक्ति किसीके ध्यानमें नहीं आती मेरे भौतिक नेत्र नहीं तथापि सब कुछ देखताहूँ कान नहीं और सब कुछ सुनताहूं मै सत् असत् सब विचारको जानताहूँ मेरा एकान्तस्वरूप है मेरा जाननेवाला कोई नहीं मै सदा चैतन्यस्वरूप हूँ ॥ ५४ ॥

वेदैरशेषैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम् ॥ न पुण्यपापे मम नास्ति नाशो न जन्म देहेंद्रियबुद्धिरस्ति ॥ ५५ ॥

सम्पूर्ण वेदोंमें मैंही जानने योग्यहूं। वेदान्तका कर्ता और वेदका जाननेवाला भी मैंही हूं। मुझमें पाप और पुण्य नहीं, मेरा नाश तथा जन्म नहीं मुझे देह-इन्द्रिय और बुद्धिका संबंध नहीं है ॥ ५५ ॥

न भूमिरापो न च वह्निरस्ति न चानिलो मेऽस्ति न मे नभश्च ॥ एवं विदित्वा परमात्मरूपं गुहाशयं निष्कलमद्वितीयम् ॥ समस्तसाक्षिं सदसद्विहीनं प्रयाति शुद्धं परमात्मरूपम् ॥ ५६ ॥

भूमि, जल, तेज, वायु, आकाश इनसे मैं लिप्त नहींहूँ । इस प्रकारसे पंचकोशात्मक गुहामें निवास करनेहारा निर्विकार संगरहित सर्वसाक्षी कार्यकारण भेदशून्य परमात्माहूँ । जो मुझको इस प्रकारसे जानतेहैं वह मेरे शुद्ध परमात्मस्वरूपको प्राप्त होते हैं ॥ ५६ ॥

एवं मां तत्त्वतो वेत्ति यस्तु राम महामते ॥
स एव नान्यो लोकेषु कैवल्यफलमश्नुते ॥५७॥

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु० विभूतियोगोनाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

हे महाबुद्धिमन् ! रामचन्द्र ! इस प्रकार जो मुझे तत्त्वसे जानता है वही संसारमें मुक्त होता है दूसरा नहीं ॥ ५७ ॥

इति श्रीपं० शिवराघवसंवादे विभूतियोगोनाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्यन्मया पृष्टं तत्तथैव स्थितं विभो ॥
अन्योत्तरं मया लब्धं त्वत्तो नैव महेश्वर ॥ १ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले । हे भगवन् ! जो कुछ मैंने प्रश्न किया है वह तो उसी प्रकार स्थित है, हे महेश्वर ! आपने इस विषयका कोई उत्तर नहीं दिया ॥ १ ॥

परिच्छिन्नपरीमाणे देहे भगवतस्तव ॥
उत्पत्तिः पञ्चभूतानां स्थितिर्वा विलयः कथम् २॥

हे महेश्वर ! आपका देह परिच्छिन्नपरिमाण अर्थात् इयत्ता करनेके योग्य है फिर सब संसारकी उत्पत्ति पालन नाश कैसे करते हो ॥२॥

स्वस्वाधिकारसंबद्धाः कथं नाम स्थिताः सुराः॥
ते सर्वे त्वं कथं देव भुवनानि चतुर्दश ॥ ३ ॥

इसी प्रकार अपने २ अधिकारके पालन करनेवाले इन्द्र वरुणादि सब देवता तुम्हारी देहमें कैसे रहतेहैं और वे सब देवता और चौदह भुवन यह मैंहीहूं ऐसा जो तुम कहते हो तो कैसे कहते हो अर्थात् जबतक उपाधिहै तबतक जीव ईश्वरका अभेद संभवित नहीं होता और जड प्रपंच महाभूतोंमें चेतनाका तादात्म्य संभवित नहीं ॥ ३ ॥

त्वत्तः श्रुत्वापि देवात्र संशयो मे महानभूत् ॥
अप्रत्यायितचित्तस्य संशयं छेत्तुमर्हसि ॥ ४ ॥

हे देव ! आपसे उत्तर सुना परन्तु संदेह नहीं जाता कारण कि चित्तका निश्चय नहीं. इस सन्देहको दूर करनेको आपही समर्थ हो ॥ ४ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

वटबीजेऽतिसूक्ष्मेऽपि महावटतरुर्यथा ॥
सर्वदास्तेऽन्यथा वृक्षः कुत आयाति तद्वद् ॥
तद्वन्मम तनौ राम भूतानामागतिर्लयः ॥ ५ ॥

श्रीभगवान् बोले । सूक्ष्म वटके बीजमें जिस प्रकार महान् वटका वृक्ष सदा रहता है और उसीसे वह वृक्ष निकल भी आता है यदि ऐसा न हो तो बताओ यह वृक्ष कहांसे आता है इसी प्रकार मेरे सूक्ष्म शरीरसे सब भूतोंका जन्म पालन और नाश होताहै ॥ ५ ॥

महासैंधवपिण्डोऽपि जले क्षिप्तो विलीयते ॥
न दृश्यते पुनः पाकात्कुत आयाति पूर्ववत् ॥ ६ ॥

जिस प्रकारसे जलके बीजमें बडा सैन्धेका खण्ड डालनेसे

वह उसमें विलीन होजाताहै और नहीं दीखता पीछे उस जलको अग्निमें औटानेसे वह पूर्ववत् प्राप्त होजाताहै ॥ ६ ॥

प्रातःप्रातर्यथा लोको जायते सूर्यमण्डलात् ॥
एवं मत्तो जगत्सर्वं जायतेऽस्ति विलीयते ॥
मय्येव सकलं राम तद्धि जानीहि सुव्रत ॥ ७ ॥

अथवा जैसे प्रतिदिन सूर्यसे प्रकाश उत्पन्न होता और संध्यासमय विलीन होजाताहै इसी प्रकार मुझसे जगत् उत्पन्न होकर विलीन होजाताहै और मुझमें ही स्थिर रहताहै हे सुव्रत राम! तुम ऐसा जानो ॥ ७ ॥

श्रीराम उवाच।

कथितेऽपि महाभाग दिग्जडस्य यथा दिशि ॥
निवर्तते भ्रमो नैव तद्वन्मम करोमि किम्॥ ८ ॥

श्री रामचंद्र बोले हे भगवन्! आपने दृष्टान्तसे प्रतिपादन किया, परन्तु जिस प्रकार दिशाओंके भ्रमवालेको उत्तरादि दिशाओंका भ्रम होजाताहै, इसी प्रकार मुझे भ्रम होगया है। वह निवृत्त नहीं होता मैं क्या करूं ॥ ८ ॥

श्रीभगवानुवाच।

मयि सर्वं यथा राम जगदेतच्चराचरम् ॥

वर्तते तद्दर्शयामि न द्रष्टुं क्षमते भवान् ॥ ९ ॥

श्रीभगवान् बोले। हे राम ! जिस प्रकार यह चराचर जगत् मुझमें वर्तमान है, सो मै तुमको दिखाताहूं परन्तु तुम उसे देखनेको समर्थ नहीं ॥ ९ ॥

दिव्यं चक्षुः प्रदास्यामि तुभ्यं दशरथात्मज ॥
तेन पश्य मयं त्यक्त्वा मत्तेजोमण्डलं ध्रुवम् १०

इस कारण उसके देखनेको मैं तुम्हें दिव्यनेत्र देताहूं, उन नेत्रोंसे भय त्यागकर तुम मेरा दिव्य स्वरूप देखो ॥ १० ॥

न चर्मचक्षुषा द्रष्टुं शक्यते मामकं महः ॥
नरेण वा सुरेणापि तन्ममानुग्रहं विना ॥ ११ ॥

नरेन्द्र वा देवता इस मेरे तेज स्वरूपको मेरे अनुग्रह विना चर्म चक्षुसे नहीं देखसक्ते ॥ ११ ॥

सूत उवाच।

इत्युक्त्वा प्रददौ तस्मै दिव्यं चक्षुर्महेश्वरः ॥
अथादर्शयदेतस्मै वक्त्रं पातालसंनिभम् ॥ १२ ॥

सूतजी बोले, ऐसा कहकर शिवजीने रामचंद्रको दिव्यनेत्र दिये और पातालकी समान बडा विस्तृत मुख रामचन्द्रको दिखाया ॥ १२ ॥

विद्युत्कोटिप्रभं दीप्तमतिभीमं भयावहम् ॥
तद्दृष्ट्वैव भयाद्रामो जानुभ्यामवनिं गतः ॥१३॥

करोडों बिजलीकी समान प्रकाशमान अतिशय भयदायक भयंकर उस रूपको देखतेही रामचंद्र जंघाओंके बलसे पृथ्वीमें बैठगये ॥ १३ ॥

प्रणम्य दण्डवद्भूमौ तुष्टाव च पुनः पुनः ॥
अथोत्थाय महावीरो यावदेव प्रपश्यति ॥१४॥

प्रणाम और दंडवत् करके शिवजीको वारंवार प्रसन्न करने लगे फिर महाबली रामचंद्र उठकर जबतक देखतेहैं ॥ १४ ॥

वक्त्रं पुरभिदस्तत्र अन्तर्ब्रह्माण्डकोटयः ॥
चटका इव लक्ष्यन्ते ज्वालामालासमाकुलाः १५

तबतक त्रिपुरघाती शिवजीके मुखमें करोडों ब्रह्माण्ड प्रलयकालकी अग्निसे व्याप्त होकर चटका पक्षीके पंखोंकी समान दीखे ॥ १५ ॥

मेरुमन्दरविन्ध्याद्या गिरयः सप्त सागराः ॥
दृश्यन्ते चन्द्रसूर्याद्याः पञ्च भूतानि ते सुराः १६

सुमेरु, मंदराचल, विंध्याचलादि पर्वत, सात समुद्र, चंद्र, सूर्यादि सब ग्रह, पांच महा भूत और शिवजीके साथ आये हुए सब देवता ॥ १६ ॥

अरण्यानि महानागा भुवनानि चतुर्दश ॥
प्रतिब्रह्माण्डमेवं तद्दृष्ट्वा दशरथात्मजः ॥ १७ ॥

वन, बड़े २ सर्प, चौदह भुवन इस प्रकार रामचंद्रने प्रत्येक ब्रह्माण्डको देखकर ॥ १७ ॥

सुरासुराणां संग्रामास्तत्र पूर्वापरानपि ॥
विष्णोर्दशावतारांश्च तत्तत्कर्माण्यपि द्विजाः १८

उन्होंने पूर्वकालमें हुआ देवता और असुरोंका संग्राम भी देखा विष्णुके दश अवतार और उनके कर्तव्य कर्मभी सबको आदि ॥ १८ ॥

पराभवांश्च देवानां पुरदाहं महेशितुः ॥
उत्पद्यमानानुत्पन्नान्सर्वानपि विनश्यतः ॥१९॥

युद्धमें देवताओंकी पराजय, शिवजीका त्रिपुरासुरको मारना इसी प्रकार उत्पन्न हुए संपूर्ण जीवोंका लय देखकर ॥ १९ ॥

दृष्ट्वा रामो भयाविष्टः प्रणनाम पुनः पुनः ॥
उत्पन्नतत्त्वज्ञानोऽपि बभूव रघुनन्दनः ॥ २० ॥

रामचंद्र भयभीतहो बारंबार प्रणाम करने लगे । यद्यपि रामचंद्रको तत्त्वज्ञानभी होगया था तथापि भयभीत होगये ॥ २० ॥

अथोपनिषदां सारैरर्थैस्तुष्टाव शंकरम् ॥ २१ ॥

तब उपनिषदोंका सार और अर्थरूप; वाणीसे शिवजीकी स्तुति करने लगे ॥ २१ ॥

श्रीराम उवाच ।

देव प्रपन्नार्तिहर प्रसीद प्रसीद विश्वेश्वर विश्ववन्द्य ॥ प्रसीद गंगाधर चन्द्रमौले मां त्राहि संसारभयादनाथम् ॥ २२ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले । हे विश्वेश्वर, हे शरणागतदुःखनाशक, हे चन्द्रशेखर ! प्रसन्न हूजिये और संसारके भयसे मुझ अनाथ की रक्षा कीजिये ॥ २२ ॥

त्वत्तो हि जातं जगदेतदीश त्वय्येव भूतानि वसन्ति नित्यम् ॥ त्वय्येव शंभो विलयं प्रयान्ति भूमौ यथा वृक्षलतादयोऽपि ॥ २३ ॥

हे शंकर ! यह भूमि और इसपर उत्पन्न होनेवाले वृक्षादि सब आपसेही उत्पन्न हुए हैं यह सब नित्य तुमहीमें स्थित रहते हैं । हे शिव ! अन्तमें यह सब तुम्हीमें स्थित होजाते हैं ॥ २३ ॥

ब्रह्मेन्द्ररुद्राश्च मरुद्गणाश्च गन्धर्वयक्षाऽसुर-

सिद्धसंघाः ॥ गंगादिनद्यो वरुणालयाश्च
वसन्ति शूलिंस्तव वक्त्रयन्त्रे ॥ २४ ॥

ब्रह्मा, इन्द्र, एकादश रुद्र, मरुद्गण, गन्धर्व, यक्ष, असुर, सिद्ध, गंगादि नदी, सागर यह सब हे शूलधारणकरनेवाले ! तुम्हारे मुखमें दीखते हैं ॥ २४ ॥

त्वन्मायया कल्पितमिन्दुमौले त्वय्येव दृश्य-
त्वमुपैति विश्वम् ॥ भ्रान्त्या जनः पश्यति
सर्वमेतच्छुक्तौ यथा रौप्यमहिं च रज्जौ ॥२५ ॥

हे चन्द्रमौले ! तुम्हारी मायासे कल्पित हुआ यह विश्व तुम्हारेही स्वरूपमें प्रतीत होताहै, इसे भ्रांतियुक्त होकर पुरुष इस प्रकारसे देखते हैं जिस प्रकारसे शुक्तिमें रजतका और रस्सीमें सर्पका भ्रम उत्पन्न होताहै, वह भ्रांति वैसी नहीं है यह जैसी भ्रांति होतीहै वह पदार्थ अन्यत्र सिद्ध होताहै और नहीं भी होता, जैसे शुक्तिमें रजतकी भ्रांति हुई । परंतु रूपा पदार्थ दूसरे स्थानमें विद्यमान है, तैसे यह जगत् तुम्हारे स्वरूपसे बचकर अन्यत्र नहीं दीखता इसीसे लोक इसको शुक्तिका रजतवत् भ्रम मानते हैं ॥ २५ ॥

तेजोभिरापूर्य जगत्समस्तं प्रकाशमानं कुरुषे

प्रकाशम् ॥ विना प्रकाशं तव देवदेव नदृश्यते विश्वमिदं क्षणेन ॥ २६ ॥

आप अपने तेजसे सब जगत् व्याप्त और प्रकाश करतेहो । हे देवदेव आपके प्रकाशके विना तो यह जगत् क्षणमात्रमें अदृश्य होजाय ॥ २६ ॥

अल्पाश्रयो नैव बृहत्पदार्थं धत्तेऽणुरेको न हि विन्ध्यशैलम् ॥ त्वद्वक्त्रमात्रे जगदेतदस्ति त्वन्माययैवेति विनिश्चिनोमि ॥ २७ ॥

जो पदार्थ थोडे आश्रयवाला है वह बडे पदार्थको धारण करनेमें समर्थ नहीं होता, जिस प्रकार एक अणु विंध्याचलको धारण नहीं करसक्ता, और तुम्हारे मुखमात्रमें यह सब जगत् दीखता है । यह सब आपकी माया हैं, वास्तविक नहीं ऐसा मुझे निश्चय है ॥ २७ ॥

रज्जौ भुजङ्गो भयदो यथैव न जायते नास्ति न चैति नाशम् ॥ त्वन्मायया केवलमात्त-रूपं तथैव विश्वं त्वयि नीलकण्ठ ॥ २८ ॥

जिस प्रकारसे रज्जुमें सर्पकी भ्रांति भयदायक होतीहै, यद्यपि वहां वास्तवमें सर्प उत्पन्न नहीं होता, और भ्रमके नाश होनेपर

संत्रंका नाश भी नहीं होता (यथार्थही है कि जो उत्पन्न नहीं हुआ उसका नाश होनेवाला नहीं) परन्तु यह भय देनेवाला होता है इसी प्रकार तुह्मारी मायासे जिसको अस्तित्व प्राप्त हुआहै, ऐसा यह जगत् मिथ्या होनेपर भ्रांतिके कार्यको सत्य उत्पन्न करताहै ॥२८॥

विचार्यमाणे तव यच्छरीरमाधारभावं जगतामुपैति ॥ तदप्यवश्यं यदविद्ययैव पूर्णश्चिदानन्दमयो मतस्त्वम् ॥ २९ ॥

जो यह तुम्हारा शरीर जगत्का आधारभूत दीखता है यदि विचार दृष्टिसे देखाजाय तो भी यह अज्ञान दृष्टिकी कल्पना है, कारण कि तुम सच्चिदानन्दरूप और सर्वत्र पूर्ण हो ॥ २९ ॥

पूजेष्टपूर्तादिवरक्रियाणां भोक्तुः फलं यच्छसि विश्वमेव ॥ मृषैतदेवं वचनं पुरारे त्वत्तोऽस्ति भिन्नं न च किञ्चिदेव ॥ ३० ॥

ऐसा है तो कर्मकाण्डप्रतिपादक सर्व श्रुति व्यर्थ हुई, पर ऐसा नहीं । पूजा यज्ञ इष्टापूर्त दान अध्ययनादि कर्मोंका फल तुम कर्ताको देतेहो, यह कर्मकाण्डपर विश्वास रखनेका प्रमाण है, परन्तु महापुण्योंके उदयसे जब ब्रह्मका सा-

आत्कार होताहै और यह सब प्रपंच तुमसे अभिन्न दीखने लगता है, तब तुम क्या कर्मोंका फल देते हो ? अर्थात् नहीं देते, तब कर्मकांड-प्रतिपादक कथा असिद्ध हो जातीहै ॥ ३० ॥

अज्ञानमूढा मुनयो वदन्ति पूजोपचारादिबलि-क्रियाभिः ॥ तोषं गिरीशो भजतीति मिथ्या कुतस्त्वमूर्तस्य तु भोगलिप्सा ॥ ३१ ॥

ज्ञानहीन अविचारी पुरुषही पूजा यज्ञ आदि वाह्य कर्मोंसे शिव संतुष्ट होते हैं ऐसा कहते हैं परन्तु यह ठीक नहीं कारण कि जो अमूर्त परिमाणरहित और अनन्त है उसको भोगकी इच्छा नहीं होती ॥ ३१ ॥

किञ्चिद्बिल्वं वा चुलुकोदकं वा यस्त्वं महेश प्रीति-गृह्य दत्से ॥ त्रैलोक्यलक्ष्मीमपि यज्ञनेभ्यः सर्वं त्वविद्याकृतमेव मन्ये ॥ ३२ ॥

इसी प्रकार किंचित् वेलपत्र वा चुल्लभर जल जो प्रीतिसे आपको देताहै वह प्रीतिसे स्वीकार करके आप उसे स्वराज्य पद देतेहो यह मी माथासे: कलित है ऐसा मेरा निश्चय है ॥ ३२ ॥

व्याप्नोषि सर्वा विदिशो दिशश्च त्वं विश्वमेकः पुरु-

पः पुराणः ॥ नष्टेऽपि तस्मिंस्तव नास्ति हानि-
र्घटे विनष्टे नभसो यथैव ॥ २२ ॥

तुमहीं एक पुराण पुरुष सम्पूर्ण दिशा विदिशा और विश्वमें व्याप्त हो, इस जगत्के नाश होनेमें भी तुम्हारी हानि नहीं हो सक्ती, जिस प्रकार घटके नाश होनेसे घटमें व्यापी आकाशकी हानि नहीं हो सक्ती, इसीप्रकार जगत् नाशसे तुम्हारी कुछ हानि नहीं ॥ २२ ॥

यथैकमाकाशगमर्कबिम्बं क्षुद्रेषु पात्रेषु जलान्वि-
तेषु ॥ भजत्यनेकप्रतिबिम्बभावं तथा त्वमन्तः-
करणेषु देव ॥ २४ ॥

जिस प्रकार आकाशमें एकही सूर्यके विंब जल भरेहुए छोटे पात्रोंमें अनेक विंबत्वको प्राप्त होता है अर्थात् अनेकरूप दीखते है इसी प्रकारसे आप एक होकर भी सबके अंतःकरणमें अनेकरूपसे विराजते हो ॥ २४ ॥

संसर्जने वाऽप्यवने विनाशे विश्वस्य किञ्चित्तव
नास्ति कार्यम् ॥ अनादिभिः प्राणभृतामहद्भै-
स्तथापि तत्स्वप्नवदातनोषि ॥ २५ ॥

संसारके उत्पत्ति पालन और नाश होनेमेंभी तुम्हारा कुछ कर्तव्य नहीं है, केवल अनादि सिद्ध देहधारियोंके कर्मानुसार स्वप्नवत् तुम सब कार्य करते हो, जीव ईश्वरमें केवल बिम्ब और प्रतिबिंबकी समान अन्तर है ॥ ३५ ॥

स्थूलस्य सूक्ष्मस्य जडस्य भोगो देहस्य शंभो न विदं विनास्ति ॥ अतस्त्वदारोपणमातनोति श्रुतिः पुरारे सुखदुःखयोः सदा ॥ ३६ ॥

हे शंभो ! स्थूल और सूक्ष्म दोनों जड देहोंमें आत्मतत्त्वके सिवाय दूसरा चैतन्य अंश नहीं है, हे पुरमथन ! सुख दुःख जो दोनों देहको होतेहै उनकी कहनेवाली श्रुति केवल आपमें आरोप करती है वास्तविक नहीं ॥ ३६ ॥

नमःसच्चिदम्भोऽधिहंसाय तुभ्यं नमः कालकालाय कालात्मकाय ॥ नमस्ते समस्ताघसंहारकर्त्रे नमस्ते मृषा चित्तवृत्त्येकमोक्रे ॥ ३७ ॥

हे भगवन् ! सच्चिदानन्दरूप समुद्रमें हंसरूप नीलकण्ठ कालस्वरूप भक्तजनोंके सम्पूर्ण पातक दूर करनेवाले और सबके साक्षी आपके वास्ते नमस्कार है ॥ ३७ ॥

सूत उवाच ।

एवं प्रणम्य विश्वेशं पुरतः प्राञ्जलिः स्थितः ॥

विस्मितः परमेशानं जगाद रघुनन्दनः ॥ ३८ ॥

सूतजी बोले, इस प्रकार विश्वेश्वरको प्रणाम कर, हाथ जोड विस्मित हो रामचन्द्र परमेश शिवजीसे बोले ॥ ३८ ॥

श्रीराम उवाच ।

उपसंहर विश्वात्मन्विश्वरूपमिदं तव ॥
प्रतीतं जगदेकात्म्यं शंभो भवदनुग्रहात् ॥ ३९ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले, हे विश्वात्मन् ! यह अपना विश्वरूप आप उपसंहर करिये । हे शंकर ! आपके अनुग्रहसे आपमें एकत्र स्थित सब जगत्को देखकर मुझे प्रतीति हुई ॥ ३९ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

पश्य राम महाबाहो मतो नान्योऽस्ति कश्चन ॥

श्रीभगवान् बोले, हे महाभुज ! रामचन्द्र ! देखो मुझसे दूसरा कोई नहीं है ।

सूत उवाच ।

इत्युक्त्वैवोपसंजह्रे स्वदेहे देवतादिकान् ॥
मीलिताक्षः पुनर्हर्षाद्ददर्श प्रपश्यति ॥ ४० ॥

सूतजी बोले-ऐसा कहकर शिवजीने अपने देहमेंसे देवतादिकोंको गुप्त किया, अर्थात् विश्वरूप छिपा लिया ॥ ४० ॥

तावदेव गिरेः शृङ्गे व्याघ्रचर्मोपरि स्थितम् ॥
ददर्श पञ्चवदनं नीलकण्ठं त्रिलोचनम् ॥ ४१ ॥

आंख खोल फिर जो रामचन्द्र प्रसन्न हुये तिसी पुलकेही समयमें पर्वतके शृंगपर व्याघ्रचर्मपर स्थित पंचमुख नीलकण्ठ त्रिलोचन शिवजीको देखा ॥ ४१ ॥

CC. No. 10452

व्याघ्रचर्माम्बरधरं भूतिभूषितविग्रहम् ॥
फणिकङ्कणभूषाढ्यं नागयज्ञोपवीतिनम् ॥ ४२ ॥

जो व्याघ्रचर्मका वस्त्र ओढे, शरीरमें विभूति लगाये हैं सर्पके कंकण पहरे, नागका यज्ञोपवीत धारे ॥ ४२ ॥

व्याघ्रचर्मोत्तरीयं च विद्युत्पिङ्गजटाधरम् ॥
एकाकिनं चन्द्रमौलिं वरेण्यमभयप्रदम् ॥ ४३ ॥

व्याघ्रचर्मकाही वस्त्र ओढे बिजलीकी समान पीली जटा धारे इकले मस्तकपर चन्द्रमा धारे श्रेष्ठ भक्तोंके अभयदेनेहारे ॥ ४३ ॥

चतुर्भुजं खण्डपरशुभुग्रहस्तं जगत्पतिम् ॥
अथाज्ञया पुरस्तस्य प्रणम्योपविवेश सः ॥ ४४ ॥

चारभुज। शत्रुनाशक परशा धारण किये मृग हाथमें लिये ध्वज-

गतूके पति शिवजीको देख उनकी आज्ञामें मन लगाके प्रणाम करके रामचन्द्र स्थित हुए ॥ ४४ ॥

अथाह रामं देवेशो यद्यत्प्रष्टुमभीप्ससि ॥
तत्सर्वं पृच्छ राम त्वं मत्तो नान्योऽस्ति ते गुरुः ४५

इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्म० योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे विश्वरूप-दर्शनं नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

तब शिवजी रामचन्द्रसे बोले जो जो तुम्हारे पूछनेकी इच्छा है वह तुम सब पूछो । हे राम ! मेरे सिवाय दूसरा कोई तुम्हारा गुरु नहीं है ॥ ४५ ॥

इति श्रीपद्म० शिवराघवसंवादे भाषाटीकायां विश्वरूपदर्शनं नाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

श्रीराम उवाच ।

पाञ्चभौतिकदेहस्य चोत्पत्तिर्विलयस्थितिः ॥
स्वरूपं च कथं देव भगवन्वक्तुमर्हसि ॥ १ ॥

श्रीरामचंद्र बोले, पंचभूतके देहकी उत्पत्ति, स्थिति नाश किस प्रकारसे होताहै और इसका स्वरूप क्या है, हे भगवन् ! विस्तारपूर्वक आप मुझसे कहिये ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

पञ्चभूतैः समारब्धो देहोऽयं पाञ्चभौतिकः ॥
तत्र प्रधानं पृथिवी शेषाणां सहकारिता ॥ २ ॥

श्रीभगवान् बोले, पृथ्वी आदि पंचभूतसे बना हुआ यह देह है, इसमें पृथ्वी प्रधान है और दूसरे चार इसमें मिले. हुए अर्थात् सहकारी हैं ॥ २ ॥

जरायुजोऽण्डजश्चैव स्वेदजश्चोद्भिजस्तथा ॥
एवं चतुर्विधः प्रोक्तो देहोऽयं पाञ्चभौतिकः ॥३॥

जरायुज, अंडज, स्वेदज और उद्भिज यह पांचभौतिक देहके चार भेद हैं ॥ ३ ॥

मानसस्तु परः प्रोक्तो देवानामेव स स्मृतः ॥
तत्र वक्ष्ये प्रथमतः प्रधानत्वाज्जरायुजम् ॥ ४ ॥

और मानसिक उत्पत्ति जो कहाती है वह पांचवीं है उसे देवसर्ग कहते हैं, उन चारोंमें जरायुज प्रधान है, सो प्रथम उसीका वर्णन करते हैं ॥ ४ ॥

शुक्रशोणितसंभूता वृत्तिरेव जरायुजः ॥
स्त्रीणां गर्भाशये शुक्रमृतुकाले विशेद्यदा ॥ ५ ॥

स्त्रीके रज और पुरुषके बीजसे जरायुजकी उत्पत्ति होतीहै जिस समय ऋतुकालमें स्त्रीके गर्भाशयमें पुरुषका वीर्यप्रवेश होता है ॥ ५॥

योषितो रजसा युक्तं तदेव स्याज्जरायुजम् ॥
बाहुल्याद्रजसः स्त्री स्याच्छुक्राधिक्येपुमान्भवेत् ६

स्त्रीका रज मिलित होता है तभी जरायुजकी उत्पत्ति होती है। स्त्रीका रज अधिक होनेसे कन्या और वीर्य अधिक होनेसे पुरुषकी उत्पत्ति होती है ॥ ६ ॥

शुक्रशोणितयोः साम्ये जायते च नपुंसकः ॥
ऋतुस्नाता भवेन्नारी चतुर्थे दिवसे ततः ॥
ऋतुकालस्तु निर्दिष्ट आषोडशदिनावधि ॥७ ॥

और शुक्र शोणितके समान होनेसे नपुंसक होताहै। जब स्त्री ऋतुस्नान कर चुके तब चौथे दिनसे सोलह रात्रितक ऋतुकालकी अवधि कहीहै ॥ ७ ॥

तत्रायुग्मदिने स्त्री स्यात्पुमान्युग्मदिनेभवेत्॥८॥

उसमें विषमदिन पांचवें सातवें नववें दिनमें स्त्री और युग्म दिनमें पुरुषकी उत्पत्ति होतीहै ॥ ८ ॥

षोडशे दिवसे गर्भो जायते यदि सुभ्रुवः ॥
चक्रवर्ती भवेद्राजा जायते नात्र संशयः ॥ ९ ॥

जो सोलहवीं रात्रिमें स्त्रीके गर्भ रहता है, तो चक्रवर्ती राजा उत्पन्न होताहै इसमें संदेह नहीं ॥ ९ ॥

ऋतुस्नाता यस्य पुंसः साकांक्षं मुखमीक्षते ॥
तदाकृतिर्भवेद्गर्भस्तत्पश्येत्स्वामिनो मुखम् १० ॥

ऋतुमें स्नान करके जो स्त्री कामातुर हो जिस पुरुषका मुख देखतीहै, उसी आकृतिका गर्भ होताहै, इसी कारणसे स्त्री उस दिन स्वामीका मुख देखै ॥ १० ॥

यादस्ति चर्मावृतिः सूक्ष्मा जरायुः सा निगद्यते॥
शुक्रशोणितयोर्योगस्तस्मिन्नेव भवेद्यतः ॥
तत्र गर्भो भवेद्यस्मात्तेन प्रोक्तो जरायुजः ॥११॥

स्त्रीके उदरमें एक पेशीचमडा निर्मित होताहै उसे जरायु कहते हैं, जिस कारणसे शुक्र और शोणितका योग उसी गर्भमें होताहै इसीकारणसे उसे जरायुज कहते हैं ॥ ११ ॥

अण्डजाः पक्षिसर्पाद्याः स्वेदजा मशकादयः ॥
उद्भिज्जास्तृणगुल्माद्या मानसाश्च सुरर्षयः ॥१२॥

सर्प और पक्षी आदि जीव अंडज कहलाते है, मशकादि स्वेदज कहलाते हैं, वृक्षगुल्मादि उद्भिज्ज कहाते हैं, और देवर्षिआदि मानसिक कहाते हैं ॥ १२ ॥

जन्मकर्मवशादेव निषिक्तं स्मरमन्दिरे ॥
शुक्रं रजःसमायुक्तं प्रथमे मासि तद्भवम् ॥ १३ ॥

अपने पूर्वजन्मके कर्मवशसे यह प्राणी स्त्रीके गर्भाशयमें प्राप्त होकर शुक्र शोणितके मिलनेसे प्रथममासमें शिथिल रहता है ॥१३॥

कललं बुद्बुदं तस्मात्ततः पेशी भवेदिदम् ॥
पेशीघनं द्वितीये तु मासि पिण्डः प्रजायते॥ १४॥

कुछ दिनोंमें उसकी बुदबुदकी आकृति होने लगतीहै, कुछ दिनोंमें जेरसी होतीहै, इस कारण उसमें दहीकी समान कुछ गाढापन आताहै फिर कुछ दिनमें उसकी पेशी (मांसपिंड) बनतीहै । इस प्रकार शुक्र-शोणित संयोग होते हुए एकमास हो जाता है, दूसरे मासमें मांसपिंड बनता है ॥ १४ ॥

करांघ्रिशीर्षकादीनि तृतीये संभवन्ति हि ॥
अविभक्तिश्च जीवस्य चतुर्थे मासि जायते॥ १५॥

तृतीयमासमें शिर, हाथ आदि उत्पन्न होतेहैं, और जीवका आश्रय लिंगदेह चौथे महीनेमें उत्पन्न होताहै ॥ १५ ॥

ततश्चलति गर्भोऽपि जनन्या जठरे स्वतः ॥
पुत्रश्चेद्दक्षिणे पार्श्वे कन्या वामे च तिष्ठति ॥१६॥

तब यह गर्भ माताके उदरमें चलायमान होने लगता है। पुत्र दक्षिणपार्श्व, और कन्या वामपार्श्वमें स्थित होती है॥ १६ ॥

नपुंसकस्तूदरस्य भागे तिष्ठति मध्यतः ॥
अतो दक्षिणपार्श्वे तु शेते माता पुमान्यदि ॥१७॥
अङ्गप्रत्यङ्गभागाश्च सूक्ष्माः स्युर्युगपत्तदा ॥
विहाय श्मश्रुदन्तादीञ्जन्मानन्तरसंभवान्॥१८॥

और नपुंसक उदरके मध्यभागमें स्थित होता है । इसकारण दक्षिणपार्श्वमें जन्म लेनेके अनन्तर होनेवाले श्मश्रु तथा दन्तादिको छोडकर सब अंग प्रत्यंगके भाग ॥ १७ ॥ १८ ॥

चतुर्थे व्यक्तता तेषां भावानामपि जायते ॥
पुंसां स्थैर्यादयो भावाभीरुत्वाद्यास्तुयोषिताम्१९

एक साथ चौथे मासमें होजातेहैं । पुरुषोंके गंभीरता स्थिरतादि धर्म और स्त्रियोंके चञ्चलतादि धर्म चौथे मासमें उत्पन्न होजातेहैं जो सूक्ष्मरूपसे रहते हैं ॥ १९ ॥

नपुंसके च ते मिश्रा भवंति रघुनन्दन ॥

मातृजं चास्य हृदयं निपत्यानभिकाङ्क्षति ॥२०॥
ततो मातुर्मनोऽभीष्टं कुर्याद्गर्भविवृद्धये ॥
तां च द्विहृदयां नारीमाहुर्दौर्हृदिनीं ततः ॥२१॥

और नपुंसक गर्भके स्त्री पुरुषोंके मिले हुए धर्म गर्भमें उत्पन्न होतेहै और माताके हृदयके सन्निकटही इसका हृदय होकर जिस वस्तुकी माता इच्छा करती है उसी वस्तुकी यह इच्छा करता है। इस कारण गर्भकी वृद्धिके निमित्त माताकी इच्छा पूर्ण करनी चाहिये और इसीसे गर्भवती स्त्रीको दोहदवती अर्थात् दो हृदयवाली कहतेहैं ॥ २० ॥ २१ ॥

अदानाद्दौर्हृदानां स्युर्गर्भस्य व्यङ्गतादयः ॥
मातुर्यद्विषये लोभस्तद्दातों जायते सुतः ॥ २२ ॥

और उसकी इच्छा पूर्ण न होनेसे गर्भमें निर्बलता, बुद्धिहीनता, व्यंगतादि दोष होजाते हैं और माताका जिन विषयोंमें चित्त होता है उन विषयोंमें ही आर्त वह पुरुष होता है, इसलिये गर्भिणीकी इच्छा पूर्ण करे ॥ २२ ॥

प्रबुद्धं पञ्चमे चित्तं मांसशोणितपुष्टता ॥
षष्ठेऽस्थिस्नायुनखरकेशलोमविविक्तता ॥ २३ ॥

पांचवें महीनेसे चित्त बढता है तथा मांस और रक्तकी पुष्टि होतीहै, छठे महीनेमें अस्थि, स्नायु, और नख, मस्तकके केश तथा शरीरके लोम प्रगट होतेहैं ॥ २३ ॥

बलवर्णौ चोपचितौ सप्तमे त्वङ्गपूर्णता ॥
पादान्तारितहस्ताभ्यां श्रोत्ररन्ध्रे पिधायसः॥२४॥

सातवें मासमें बल शरीरका वर्ण तथा सब अवयवोंकी पूर्णता होतीहै और वह गर्भका बालक घुटनोंमें कोनी धर हाथोंसे कान ढक ॥ २४ ॥

उद्विग्नो गर्भसंवासादस्ति गर्भक्षयान्वितः॥२५॥

और गर्भवाससे व्याकुल होकर भयभीत हुआसा स्थित होताहै ॥ २५ ॥

आविर्भूतप्रबोधोऽसौ गर्भदुःखादिसंयुतः ॥
हा कष्टमिति निर्विण्णः स्वात्मानं शोशुचत्यथ२६

उस समय इसको अनेक जन्मोंकी सुधि होजातीहै तब बड़ा दुःखी होताहै और हा! कष्टकी बात है ऐसे कहताहुआ दुःखी होता अपने आत्माको शोचता है ॥ २६ ॥

अनुभूता महासह्याः पुरा मर्मच्छिदोऽसकृत् ॥
कलंभवालुकास्तप्ता दह्यन्ते च सुखाशयाः॥२७॥

वहं असह्य और मर्मभेदी यातनाको प्राप्त होकर वारंवार कष्ट पाताहै जिस प्रकारसे तपाये रेतमें उसीको डाल दो उसको जो वेदना होतीहै ऐसी वेदनाको वह प्राप्त होताहै और दुःख भोगताहै ॥ २७ ॥

जठरानलसंतप्तः पित्तारुयरसविप्लुषः ॥
गर्भाशये निमग्नं तु दहन्त्यतिभृशं तु माम्॥२८॥

गर्भवासके दुःख यह हैं प्रथम गर्भवासकी अग्निसे (जो जाठराग्नि कहातीहै) सन्तप्त होकर कहताहै कि यह ज्वाला मुझको अत्यन्त पीडित करतीहै ॥ २८ ॥

औदर्यकृमिवक्राणि कूटशाल्मलिकण्टकैः ॥
तुल्यानि च तुदन्त्यार्तपार्श्वास्थिक्रकचार्दितम्॥२९

इसी प्रकार उदरके कीडे जब काटतेहैं तो विदित होताहै कि इनके मुख कूटशाल्मलिके काँटेकी समान तीक्ष्ण हैं और यह मुझको अत्यन्त पीडित करतेहैं ॥ २९ ॥

गर्भे दुर्गन्धभूयिष्ठे जठराग्निप्रदीपिते ॥
दुःखं मयातं यत्तस्मात्कनीयःकुम्भपाकजम् ३०

गर्भकी बडी भारी दुर्गन्ध और जाठराग्निकी ज्वालासे जो मुझको दुःख प्राप्त हुआहै उससे कुंभीपाक नरकका दुःख कमहै ॥३०॥

पूयासृक्श्लेष्मपायित्वं वान्ताशित्वं च संयद्भवेत् ॥
अशुचौ कृमिभावश्च तत्प्राप्तं गर्भशायिना॥३१॥

मवाद, रक्त, कफ, अमंगल पदार्थही पान करने और वांति भक्षण करनेको मिलतीहै, अशुचि पदार्थ मल मूत्रादिमें रहनेसे गर्भमें स्थित प्राणी कीडाही होजाताहै ॥ ३१ ॥

गर्भशय्यां समारुह्य दुःखं यादृक् मयापि तत् ॥
नातिशेते महादुःखं निःशेषं नरकेषु तत् ॥३२॥

जो दुःख गर्भशय्यामें सोकर मैंने पायाहै यह दुःख सम्पूर्ण नरकोंमेंभी पडकर प्राप्त नहीं होताहै ॥ ३२ ॥

एवं स्मरन्पुरा प्राप्ता नानाजातीश्च यातनाः ॥
मोक्षोपायमपि ध्यायन्वर्ततेऽभ्यासतत्परः॥३३॥

इस प्रकारसे पूर्वकालमें प्राप्त हुई अनेक प्रकारकी यातनाओंको स्मरण करताहुआ मुक्त होनेका उपाय सोचता यही अभ्यास करता रहताहै ॥ ३३ ॥

अष्टमे त्वक्छ्रुती स्यातामोजस्तेजश्च हृद्भवम् ॥
शुद्धमापीतरक्तं च निमित्तं जीवितं मतम्॥३४॥

आठवें महीनेमें त्वचा और श्रुति प्राप्त होतहिं । इसी प्रकार ओज. इन्द्रियशक्ति और तेज शरीरके आरम्भ करनेहारे

तथा धातुपरिणामसे होनेहारे हृदयके तेज जो जीवनके मुख्य कारण है वह प्राप्त होतेहैं ॥ ३४ ॥

मातरं च पुनर्गर्भं चञ्चलं तत्प्रधावति ।।
ततो जातोऽष्टमे गर्भो न जीवत्योजसोज्झितः३५।

कुछ समयतक अतिशय चंचल होनेके कारण किसी समय माताके हृदयमें चंचलरूपसे रहताहै, कभी गर्भाशयमें चपलताको प्राप्त होजाताहै । इसी कारण अष्टम मासमें उत्पन्न हुआ बालक बहुधा नहीं जीता कारण कि वह ओज और तेजसे हीन होता है ॥ ३५ ॥

किंचित्कालमवस्थानं संस्कारात्पीडिताङ्गवत् ॥
समयः प्रसवस्य स्यान्मासेषु नवमादिषु ॥३६॥

फिर नौमे मासमें प्रसूतिका समय होताहै परन्तु शीघ्र प्रसव होनेका प्रतिबंधक यह है कि, जो कुछ गर्भके प्रारब्ध कर्म हुए तो उसे और कुछ कालतक गर्भमें रहना पडता है ॥ ३६ ॥

मातुरस्रवहां नाडीमाश्रित्यान्ववतारिता ॥
नाभिस्थनाडी गर्भस्य मात्राहाररसावहा ॥
तेन जीवति गर्भोऽपि मात्राहारेण पोषितः॥३७॥

माताकी एक रक्तवाहिनी नाडी नाभिचक्रकी एक नाडीसे

मिली हुई है, उसीके द्वारा माताका भक्षण किया अन्न गर्भमें पहुंचता है, इस प्रकार माताके आहारसे पुष्टिको प्राप्तहो यह गर्भ उसीके द्वारा जीवित रहता है ॥ ३७ ॥

अस्थियन्त्रविनिष्पिष्टः पतितः कुक्षिवर्त्मना ॥
मेदोऽसृग्दिग्धसर्वांगो जरायुपुटसंवृतः ॥ ३८ ॥

योनिचक्रमें इसके सम्पूर्ण अंग अस्थियोंसे पिचकर व्यथित होते है, तब यह प्रथम कुक्षिसे निकलकर योनिसे बाहर आता है, उस समय इसका शरीर मेदा रुधिरसे लिप्त और जरासे आच्छादित रहता है ॥ ३८ ॥

निष्क्रामन्भृशदुःखार्तो रुदन्नुच्चैरधोमुखः ॥
यन्त्रादेव विनिर्मुक्तः पतत्युत्तानशाय्यधः ॥ ३९ ॥

यह प्राणी अत्यन्त दुःखसे पीडितहो नीचेको मुखकर जैसेही योनिचक्रसे निकलताहै वैसेही ऊंचे स्वरसे रोताहै, इस प्रकार गर्भवासके यन्त्रसे निकलकर दुःखही भोगताहै कहीं सुख नहीं मिलता ॥ ३९ ॥

अकिञ्चित्कृत्तथा बालो मांसपेशीसमास्थितः ॥
श्वमार्जारादिदंष्ट्रिभ्यो रक्ष्यते दण्डपाणिभिः ४० ॥

जन्म लेकर यह कुछभी नहीं कर सक्ता, केवल मांसके पिंडकी

समान पडा रहताहै तब इसके मातापिता दंड हाथमें लिये कुत्ते बिडाव तथा डाढवाले जन्तुओंसे इसकी रक्षा करते हैं ॥ ४० ॥

पितृवद्राक्षसं वेत्ति मातृवद्डाकिनीमपि ॥
यूयं वयं वो वदति दीर्घकष्टं तु शैशवम् ॥४१॥

उस समय यह ज्ञानशून्यहो ; पिताकोही समान राक्षसकोभी जानता है, तथा डाकिनीकोभी माताकी समान समझता है, पीनेको दुग्ध जानकर पीनेकी अभिलाषा करताहै, तात्पर्य यह है कि बाल अवस्थाभी महाकष्टकारक है ॥ ४१ ॥

श्लेष्मणा पिहिता नाडी सुषुम्ना यावदेव हि ॥
व्यक्तवर्णं च वदनं तावद्वक्तुं न शक्यते ॥ ४२ ॥

जबतक सुषुम्नानाडी कफसे आच्छादित रहतीहै तबतक स्फुटअक्षर और वचन बोलनेको वह समर्थ नहीं होता ॥ ४२ ॥

अतएव च गर्भेऽपि रोदितुं नैव शक्यते ॥ ४३ ॥

इसी कारणसे यह गर्भमेंभी नहीं रो सक्ता ॥ ४३ ॥

हतोऽथ यौवनं प्राप्य मन्मथज्वरविह्वलः ॥
गायत्यकस्मादुच्चैस्तु तथाकस्माच्च वल्गति ४४॥

पीछे युवा अवस्थाके आनेसे कामदेवके ज्वरसे विह्वलहो अक-

स्मात् ही कभी कुछ गाता है, और कभी अपना पराक्रम कहने लगता है ॥ ४४ ॥

आरोहति तरून्वेगाच्छान्तानुद्वेजयत्यपि ॥
कामक्रोधमदान्धः सन्न कांश्चिदपि वीक्षते॥४५॥

कभी अभिमानसे वृक्षोंपर चढता, कभी शान्त प्राणियोंको उद्वेजित करता, कभी काम क्रोधके मदसे अन्धा हो किसीकोभी नहीं देखता ॥ ४५ ॥

अस्थिमांसशिरालाया वामाया मन्मथालये ॥
उत्तानभूतमंडूकपाटितोदरसन्निभे ॥
आसक्तः स्मरबाणार्त आत्मना दह्यते भृशम् ४६

अस्थिमांस और नाडी इनके सिवाय स्त्रीके मन्मथ स्थानमें और क्या है जिसमें कि मेडकके फाडेहुए पेटकी समान दुर्गन्ध आती है परन्तु तथापि उसमें आसक्त हुआ कामबाणसे पीडित हो अपने आत्माको अत्यन्त जलाता है ॥ ४६ ॥

अस्थिमांसशिरात्वग्भ्यः किमन्यद्वर्तते वपुः ॥
वामानां मायया मूढो न किंचिद्वीक्षते जगत् ४७

अस्थि मांस शिरा और त्वचा इसके सिवाय स्त्रीके शरीरमें और

क्या है जो यह पुरुष स्त्रियोंमें आसक्त होकर मायासे मूढ होनेके कारण जगत्में कुछभी नहीं देखता ॥ ४७ ॥

निर्गते प्राणपवने देहो हंत मृगीदृशः ॥
वृथा हि जायते नैव वीक्ष्यते पञ्चषैर्दिनैः ॥४८॥

एक समय प्राणपवन निर्गत होजानेसे भी मृगकेसे नेत्रवालीका यह देह व्यर्थताको प्राप्त होता है और पांच छः दिन बीतनेपर फिर वह देह दीखता भी नहीं ॥ ४८ ॥

महापरिभवस्थानं जरां प्राप्यातिदुःखितः ॥
श्लेष्मणापिहितोरस्को जग्धमन्नं न जीर्यते॥४९॥

इस प्रकार युवा अवस्थामें दुःख भोगने उपरांत वृद्धावस्थाका दुःख प्रारंभ होता है तब यह महानिरादरके स्थान जराको प्राप्त होकर महादुःखी होताहै, इसका हृदय कफसे व्याप्त होजाता है और खाया हुआ अन्नभी जीर्ण नहीं होता ॥ ४९ ॥

सन्नदन्तो मन्ददृष्टिः कटुतिक्तकषायभुक् ॥
वातभुग्नकटिग्रीवः करोरुचरणोल्वणः ॥ ५० ॥

दांत गिर पडते, दृष्टि मंद होजाती है, तथा अनेक प्रकारके रोग होनेके कारण कटु तिक्त कषाय औषधियोंका सेवन करताहै, वायुसे कमर टेढी होजाती है, कटि गर्दन हाथ जंघा चरण यह निर्बल होजातेहैं ॥ ५० ॥

मदायुतसमाविष्टः परित्यक्तः स्वबन्धुभिः ॥
निःशौचो मलदिग्धांग आलिङ्गितवरोषितः॥ ५१॥

तब सहस्रों रोग इसके शरीरमें लिपटजातेहैं बंधु तिरस्कार करतेहैं (दोहा--सींग झडे औ खुर घिसे, पीठ बोझ नहिं लेय ॥ ऐसे बूढे बैलको, कौन बांध भुस देय) तब यह पवित्रतारहित हो मलसे व्याप्त शरीर होनेके कारण नखशिखपर्यन्त सब शरीरोंसे सन्तप्त होताहै ॥ ५१ ॥

ध्यायन्नसुलभान्भोगान्केवलं वर्ततेऽचलः ॥
सर्वेंद्रियक्रियालोपाद्धस्यते बालकैरपि ॥ ५२ ॥

तथापि ईश्वरका ध्यान नहीं करता और शय्या श्रेष्ठ भोजन आदि दुर्लभ भोगोंका ध्यान करता हुआ स्थित होताहै इसके हाथ पैर कांपने लगते हैं, सब इन्द्रियोंकी शक्ति कुंठित होजातीहै और कोई सामर्थ्य न रहनेके कारण बालक भी इसकी हँसी करतेहैं ॥ ५२ ॥

ततो मृतिजदुःखस्य दृष्टान्तो नोपलभ्यते ॥
यस्माद्बिभ्यन्तिभूतानिप्राप्तान्यपिपरांरुजम्॥५३॥

फिर इसके आगे मरणकालके दुःखका तो कोई दृष्टान्त ही नहीं, दरिद्रादि पीडा रोगादिपीडा कितनीही प्राप्त हो

उसको कुछ न गिनकर एक मरणके भयसे सर्वदा भय-
भीत होतेहै ॥ ५३ ॥

नीयते मृत्युना जंतुः परिष्वक्तोऽपि बन्धुभिः ॥
सागरान्तर्जलगतो गरुडेनैव पन्नगः ॥ ५४ ॥

बंधुओंसे घिरे हुए प्राणीको मृत्यु ले जातीहै जिस प्रकार समुद्रमें प्राप्तहुए सर्पको गरुड लेजाताहै ॥ ५४ ॥

हा कान्ते हा धनं पुत्राः क्रन्दमानः सुदारुणम् ॥
मण्डूक इव सर्पेण मृत्युना नीयते नरः ॥ ५५ ॥

हा प्रिये ! हा धन ! हा पुत्रो ! इसप्रकार दारुण विलाप करते हुए इस पुरुषको मृत्यु इस प्रकार लेजातेहैं जैसे सर्प मेढकको लेजाताहै ॥ ५५ ॥

मर्मसूत्कृष्यमाणेषु मुच्यमानेषु संधिषु ॥
यद्दुःखं म्रियमाणस्यस्मर्यतां तन्मुमुक्षुभिः ॥५६॥

सम्पूर्ण मर्मस्थानोंके टूटने और शरीरके अवयवोंकी संधियोंके भग्न होनेसे जो दुःख मरनेवालेको होताहै वह मुमुक्षुओंको स्मरण करना चाहिये, इसके स्मरण करनेसे संसारसे वैराग्य होकर आवागमनसे छूटनेके निमित्त नारायणके चरणोंमें ध्यान लगेगा ॥ ५६ ॥

दृष्ट्वाक्षिप्यमाणायां संज्ञया ह्रियमाणया ॥
मृत्युपाशेन बद्धस्य त्राता नैवोपलभ्यते ॥५७॥

यमदूतोंके दृष्टि आकर्षण करने और चेतना लुप्त होजानेसे कालपाशमें बन्धेका कोई रक्षक नहीं होता ॥ ५७ ॥

संरुध्यमानस्तमसा महच्चित्तमिवाविशन् ॥
उपाहूतस्तदा ज्ञातीनीक्षते दीनचक्षुषा ॥ ५८ ॥

तब यह अज्ञानसे युक्त हो महत् चित्तमें प्रवेश होनेसे नहीं बोलता और जब भार्या पुत्रादि जातिके लोग पुकारतेहैं तो उत्तर न देकर दीन नेत्रोंसे देखने लगता है ॥ ५८ ॥

अयस्पाशेन कालेन स्नेहपाशेन बन्धुभिः ।
आत्मानं कृष्यमाणं तं वीक्षते परितस्तथा॥५९॥

तब इस जीवको लोहनिर्मित कालपाशसे यमदूत खैंचतेहैं एक ओरसे बंधुओंका स्नेह खैंचताहै तब यह कुछ नहीं कर सक्ता तटस्थरूपसे देखताहै ॥ ५९ ॥

हिक्कया बाध्यमानस्य श्वासेन परिशुष्यतः ॥
मृत्युना कृष्यमाणस्य न खल्वस्ति परायणम् ६०

हिचकी बढने और श्वास रुकने तथा तालुके सूखनेसे उस मृत्युके पकडेहुएका कोई आश्रय नहीं होता ॥ ६० ॥

संसारयन्त्रमारूढो यमदूतैरधिष्ठितः ॥
क्व यास्यामीतिदुःखार्तःकालपाशेन योजितः ६१

संसाररूपी चक्रमें आरूढ हुआ यमदूतोंसे घिरा: कालफांसीसें बंधा महादुःखी हो मैं कहां जाऊं इस प्रकारसे वह जीव विचार करता ॥ ६१ ॥

किं करोमि क्व गच्छामि किं गृह्णामि त्यजामि किम् ॥ इति कर्तव्यतामूढः क्रूरच्छद्मेहात्यजत्यसून् ॥ ६२ ॥

क्या करूं, कहां जाऊं, क्या ग्रहण करूं, क्या त्यागदूं इस प्रकार चिन्तन करता कर्तव्यातासे मूढ हो शीघ्रही प्राणोंको त्यागता है ॥ ६२ ॥

यातनादेहसंबद्धो यमदूतैरधिष्ठितः ॥
इतो गत्वानुभवति या यास्ता यमयातनाः ॥
तासु यल्लभते दुःखं तद्वक्तुं क्षमते कुतः ॥ ६३ ॥

मार्गमें यमदूतोंसे घसीटा हुआ यातनाकी देहमें प्राप्त होकर यहांसे जाकर जिन जिन यमयातनाओंका दुःख भोगताहै उन्हें कहनेको कौन समर्थ है ॥ ६३ ॥

कर्पूरचन्दनाद्यैस्तु लिप्यते सततं हि यत् ॥
भूषणैर्भूष्यते चित्रैः सुवस्त्रैः परिधार्य्यते ॥ ६४॥

जिस शरीरको केशर कस्तूरी चन्दन कपूर आदि लगाकर सदा भूषित कियाथा जिसे अनेक गहनोंसे शोभित और वस्त्रोंसे आच्छादित कियाथा ॥ ६४ ॥

अस्पृश्यं जायतेऽप्रेक्ष्यं जीवत्यक्तं सदा वपुः ॥
निष्कासयन्ति निलयात्क्षणंनस्थापयन्त्यपि ६५

वह शरीर प्राणवायुके निर्गत होतेही छूनेके अयोग्य और देखनेको भी अयोग्य होजाताहै फिर कोई इसको क्षणमात्र न रखकर घरसे निकालने लगतेहैं ॥ ६५ ॥

दह्यते च ततः काष्ठैस्तद्भस्म क्रियते क्षणात् ॥
भक्ष्यते वा शृगालैश्च गृध्रकुक्कुटवायसैः ॥
पुनर्न दृश्यते सोऽपि जन्मकोटिशतैरपि ॥ ६६॥

तब यह शरीर काष्ठसे जलाकर क्षणमात्रमें भस्म करदिया जाताहै (फूलबोझ जिन शिर न सँभारे, तिनके अंग काठ बहुडारे । शिरपीडा जिनकी नहिं हेरी, करत कपाल क्रिया तिनकेरी) अथवा शृगाल गृध्र कुत्ते कौए इसको खाजाते हैं फिर यह करोडों जन्मतक भी दृष्टिगोचर नहीं होताहै ॥ ६६ ॥

माता पिता गुरुजनः स्वजनो ममेति मायोपमे जगति कस्य भवेत्प्रतिज्ञा ॥ एको यतो व्रजति कर्मपुरःसरोऽयं विश्रामवृक्षसदृशः खलु जीवलोकः ॥ ६७ ॥

जादूगरके समान उत्पन्न जादूसरीखे इस जगत्में मेरी माता मेरा पिता मेरे गुरुजन मेरे स्वजन ऐसी कौन प्रतिज्ञा करताहै ? जीव केवल कर्मोंकोही लेकर परलोकमें जाताहै, जैसे मार्गमें पथिकोंके विश्रामके लिये छायाका कोई वृक्ष आजाताहै, ऐसाही यह मृत्युलोक है ॥ ६७॥

सायंसायं वासवृक्षं समेताः प्रातःप्रातस्तेनतेन प्रयान्ति ॥ त्यक्त्वान्योऽन्यं तं च वृक्षं विहंगा यद्वत्तद्वज्ज्ञातयोऽज्ञातयश्च ॥ ६८ ॥

जिस प्रकारसे पक्षी संध्याकालमें वृक्षपर आनकर बसेरा लेते और प्रातःकाल उठकर एक दूसरेको त्याग अपने अभिलषित देशोंमें चले जातेहैं इसी प्रकारसे जाति अजातिके पुरुषोंका समागम है, कर्मानुसार अपने कुटुम्बादिमें जन्म लेकर स्थित होतेहैं, कर्म समाप्त होते ही अपनी गतिको प्राप्त होतेहैं । इससे मनुष्यको उचित है कि, प्राणियोंके समागमको पथिक समाजके समान जाने, यथा (या दुनियामें आयके, छांड देइ तू ऐंठ । लेनाहै सो लेइले, उठी जातहैं पैंठ) ॥ ६८ ॥

मृतिबीजं भवेज्जन्म जन्मबीजं भवेन्मृतिः ॥
घटयन्त्रवदभ्रान्तो बंभ्रमीत्यनिशं नरः ॥ ६९ ॥

मृत्युके वीजसे जन्म और जन्मके वीजसे मृत्यु होतीहै अर्थात् जो उत्पन्न हुआ है उसका अवश्य नाश होगा और नाश हुआ अवश्य जन्मलेगा यह प्राणी इसी प्रकार घटीयन्त्रकी समान निरंतर भ्रमण करता रहताहै ॥ ६९ ॥

गर्भे पुंसः शुक्रपाताद्यदुक्तं मरणावधि ॥
तदेतस्य महाव्याधेर्मत्तो नान्योऽस्ति भेषजम् ७०

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु० शिवराघवसं-
वादे पिण्डोत्पत्तिकथनं नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

हे रामचंद्र ! गर्भमें वीर्यके प्राप्त होनेसे इस प्रकारसे प्राणीका जन्म और मृत्यु होतीहै यह महाव्याधि है, जीवन मरण दोनोंमेंही महा-दुःख होताहै इस व्याधिको दूर करनेके निमित्त मेरे सिवाय दूसरी औषधि नहीं (नान्यःपंथा विद्यते अयनायेति श्रुतेः) इस कारण मेरा भजन करना योग्य है ॥ ७० ॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखण्डे शिवगीताभा० अष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

देहस्वरूपं वक्ष्यामि शृणुष्वावहितो नृप ॥
मत्तो हि जायते विश्वं मय्यैवैतत्प्रलीयते ॥ १ ॥

श्रीभगवान् बोले, हे राजन् ! तुम सावधान होकर सुनो, मैं तुमसे देहका स्वरूप कहताहूं, यह संसार मुझहीसे उत्पन्न होता और मुझहीसे धारण किया जाताहै ॥ १ ॥

मय्येवेदमधिष्ठाने लीयते शुक्तिरौप्यवत् ॥
अहं तु निर्मलः पूर्णः सच्चिदानन्दविग्रहः ॥ २ ॥

और जिसप्रकार भ्रम निवृत्त होनेसे रजत सीपमें लय होजातीहै इसी प्रकार यह जगत् ज्ञानसे मुझमें लय होजाताहै, मैं निर्मल पूर्ण सच्चिदानंदस्वरूप हूं ॥ २ ॥

असंगो निरहंकारः शुद्धं ब्रह्म सनातनः ॥
अनाद्यविद्यायुक्तः सञ्जगत्कारणतां व्रजेत् ॥ ३॥

मैं संगरहित निरहंकार शुद्ध सनातन ब्रह्म हूँ, मैं अनादिसिद्ध मायासे युक्त होकर जगत्का कारण होताहूं ॥ ३ ॥

अनिर्वाच्या महाविद्या त्रिगुणा परिणामिनी ॥
रजः सत्त्वं तमश्चेति त्रिगुणाः परिकीर्तिताः ॥४॥

मेरी मायाका वर्णन नहीं होसक्ता, उसमें सत्त्व, रज, तम यह तीन गुण रहतेहैं ॥ ४ ॥

सत्त्वं शुक्लं समादिष्टं सुखज्ञानास्पदं नृणाम् ॥
दुःखास्पदं रक्तवर्णं चञ्चलं च रजो मतम् ॥ ५ ॥

सत्त्वगुण शुक्लवर्ण मनुष्योंको सुख और ज्ञानका देनेवाला है और रजोगुणका रक्तवर्ण है, यह चंचल और मनुष्योंको दुःख देनेवाला है ॥ ५ ॥

तमः कृष्णं जडं प्रोक्तमुदासीनं सुखादिषु ॥
अतो मम समायोगाच्छक्तिः स्यात्त्रिगुणात्मिका ६

तमका कृष्ण वर्ण है, यह जड और सुख दुःखसे उदासीन रहता है। इसीकारण मेरे संयोगसे वह त्रिगुणात्मिका माया ॥ ६ ॥

अधिष्ठाने तु मय्येव भजते विश्वरूपताम् ॥
शुक्तौ रजतवद्ज्ञौ भुजङ्गो यद्वदेव तु ॥ ७ ॥

मेरेही अधिष्ठानसे इसप्रकार जगत्को रचना करके दिखाती है, जिसप्रकार अज्ञान शुक्तिमें रजत और रस्सीमें सर्प दिखादेताहै ॥ ७ ॥

आकाशादीनि जायन्ते मत्तो भूतानि मायया ॥
तैरारब्धमिदं विश्वं देहोऽयं पाञ्चभौतिकः ॥८॥

मुझसे मायाके द्वारा आकाशादिकी उत्पत्ति होतीहै, मुझसे प्रथम आकाश, आकाशसे वायु,-वायुसे अग्नि, अग्निसे जल, जलसे पृथ्वी उत्पन्न होतीहै उन्हीं पांचोंसे उत्पन्न हुआ यह सब देह पंचभूतात्मक कहाताहै ॥ ८ ॥

पितृभ्यामशिताद्अन्नात्षट्कोशं जायते वपुः ॥
स्नायवोऽस्थीनि मज्जा च जायन्ते पितृतस्तथा ९

पितामाताके भक्षण किये अन्नसे यह षट्कोशात्मक शरीर उत्पन्न होताहै, जिसमें स्नायु, अस्थि और मज्जा पिताके कोशसे उत्पन्न होते हैं ॥ ९ ॥

त्वङ्मांसं शोणितमिति मातृतश्च भवन्ति हि ॥
भावाः स्युः षड्विधास्तस्यमातृजाःपितृजास्तथा॥
रजसा आत्मजाःसत्यसंभूताःस्वात्मजास्तथा १०

त्वचा मांस और रुधिर यह माताके वीर्यसे उत्पन्न होतेहैं इसप्रकार माता और पितासम्बन्धी षट्कोशात्मक देहमें मातासे उत्पन्न होनेवाले, पितासे उत्पन्न होनेवाले, रजसे उत्पन्न होनेवाले, तथा आत्मासे उत्पन्न होनेवाले, चार पदार्थ हैं ॥ १० ॥

मृदवः शोणितं मेदो मज्जा प्लीहा यकृद्धृदम् ॥
हन्नाभीत्येवमाद्यास्तु भावा मातृभवा मताः॥११॥

उसमें रक्त, मेदा, मज्जा, प्लीहा, यकृत्, गुदा, हृदय, नाभि इत्यादि मृदु पदार्थ मातासे उत्पन्न होतेहै ॥ ११ ॥

श्मश्रुलोमकचस्नायुशिरोधमनयो नखाः ॥
दशनाः शुक्रमित्यादि स्थिराः पितृसमुद्भवाः १२

श्मश्रु, लोम, केश, स्नायु, शिरा, धमनी, नाडी, नख, दंत, वीर्य आदि स्थिर पदार्थ पिताके संबंधसे होतेहैं ॥ १२ ॥

शरीरोपचितिर्वर्णो वृद्धिस्तृप्तिर्बलं स्थितिः ॥
अलोलुपत्वमुत्साह इत्यादि राजसं विदुः ॥१३॥

पुष्टता, वर्ण, वृद्धि, तृप्ति, बल, अवयवोंकी दृढता, अलोलुपता, उत्साह इत्यादि रजसे उत्पन्न होतेहैं ॥ १३ ॥

इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं धर्माधर्मौ च भावना ॥
प्रयत्नो ज्ञानमायुश्चेन्द्रियाणीत्येवमात्मजाः १४॥

इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, धर्म, अधर्म, भावना, प्रयत्न, ज्ञान, आयुष्य, इन्द्रिय इत्यादि यह आत्मज अर्थात् आत्मासे उत्पन्न हुए कहाते हैं ॥ १४ ॥

ज्ञानेन्द्रियाणि श्रवणं स्पर्शनं दर्शनं तथा ॥
रसनं घ्राणमित्याहुः पञ्च तेषां तु गोचराः॥१५॥

श्रोत्र, त्वचा, चक्षु, जिह्वा और घ्राण. यह पांच ज्ञानेन्द्रिय कहातेहैं ॥ १५ ॥

शब्दः स्पर्शस्तथा रूपं रसो गंध इति क्रमात् ॥
वाक्करांघ्रिगुदोपस्थान्याहुः कर्मेन्द्रियाणि हि १६॥

क्रमसेही शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध यह पांच इनके विषय हैं वाणी, हाथ, पैर, गुदा, और उपस्थ यह पांच कर्मेन्द्रिय हैं ॥ १६ ॥

वचनादानगमनविसर्गरतयः क्रमात् ॥
क्रियास्तेषां मनोबुद्धिरहंकारस्ततः परम् ॥१७॥
अन्तःकरणमित्याहुश्चित्तं चेति चतुष्टयम्॥१८॥

बोलना, लेना, देना, चलना, मलविसर्जन और रति यह क्रमसे पांचों इन्द्रियोंके पांच कार्यहैं और मन उभयात्मक है मन, बुद्धि, अहंकार, और चित्त यह अन्तःकरणके चार भेद हैं ॥ १७ ॥ १८ ॥

सुखं दुःखं च विषयौ विज्ञेयौ मनसः क्रियाः ॥
स्मृतिभीतिविकल्पाद्या बुद्धिः स्यान्निश्चयात्मिका

सुख और दुःख यह मनका विषय है, स्मृति भय विकल्प इत्यादि मनके कर्म हैं, और जो निश्चय करती है उसीको बुद्धि कहतेहैं और अहं, मम यह जो अहंकारात्मक मनकी वृत्ति है इसेही चित्त कहतेहैं ॥ १९ ॥

अहंममेत्यहंकारश्चित्तं चेतयते यतः ॥
सत्त्वाख्यमन्तःकरणं गुणभेदात्त्रिधा मतम् ॥
सत्त्वं रजस्तम इति गुणाःसत्त्वात्तु सात्त्विकाः२०

यह अंतःकरणभी सतोगुणादिके भेदसे तीन प्रकारका है सत, रज, तम यह तीन गुण हैं जब सतोगुण प्रधान होता है तब ॥२०॥

आस्तिक्यशुद्धधर्मैकमतिप्रकृतयो मताः ॥
रजसो राजसा भावाः कामक्रोधमदादयः॥२१॥

आस्तिक्य बुद्धि, स्वच्छता, धर्ममें रुचि इत्यादि सात्त्विक धर्म प्राप्त होतेहैं और जब रजोगुण होता है तो काम क्रोध मद इत्यादि होतेहैं ॥ २१ ॥

निद्रालस्यप्रमादादिवञ्चनाद्यास्तु तामसाः ॥
प्रसन्नेन्द्रियतारोग्यानालस्याद्यास्तुसत्त्वजाः २२

तमोगुणकी प्रधानतामें निद्रा, आलस्य, प्रमाद, वंचना होती है, इन्द्रियोंकी प्रसन्नता, आरोग्य, आलस्यका न होना, यह गुण सत्त्वसे उत्पन्न होते हैं ॥ २२ ॥

देहो मात्रात्मकस्तस्मादादत्ते तद्गुणानिमान् ॥
शब्दश्रोत्रमुखरतां वैचित्र्यं सूक्ष्मवाग्धृतिः॥२३॥

इन पांच महाभूतोंकी मात्रासे उत्पन्न हुआ यह देह उनके गुणोंको धारण करताहै, उनमें शब्द, श्रोत्र, इन्द्रिय, वाणी कुशलता, लघुता, वैर्य ॥ २३ ॥

बलं च गगनाद्वायोः स्पर्शं च स्पर्शनेन्द्रियम् ॥
उत्क्षेपणमवक्षेपाकुञ्चने गमनं तथा ॥ २४ ॥
प्रसारणमितीमानि पञ्च कर्माणि वायुतः ॥

और वल यह सातगुण आकाशसे इस स्थूल देहमें प्राप्त होतेहैं, स्पर्शगुण, त्वगिन्द्रिय, उत्क्षेपण (ऊपरको फेंकना) अवक्षेपण (नीचेको फेंकना) आकुंचन (सकोडना) प्रसारण (फैलना) गमन (चलना) यह पांच कर्म हैं ॥ २४ ॥

प्राणापानौ तथा व्यानसमानोदानसंज्ञकाः २५॥

प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान, यह पांच प्राण हैं ॥२५॥

नागः कूर्मश्च कृकलो देवदत्तो धनंजयः ॥
दशेति वायुविकृतीस्तथा गृह्णाति लाघवम्॥२६॥

नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनंजय यह पांच उपप्राण कहातेहैं, यह एकही वायुके विकारको प्राप्त होनेपर दश नाम धर लियेहैं ॥ २६ ॥

तेषां मुख्यतरः प्राणो नाभेः कण्ठादधः स्थितः॥
चरत्यसौ नासिकयोर्नाभौ हृदयपङ्कजे ॥ २७ ॥

उसमें प्राणपवन मुख्य है जो नाभिसे लेकर कंठतक स्थित रहता है, और नासिका नाभि तथा हृदयकमलमें गमन करताहै ॥ २७ ॥

शब्दोच्चारणनिश्वासोच्छ्वासादेरपि कारणम् २८॥

शब्दके उच्चारण निश्वास और श्वासादिकका यही कारणहै॥२८॥

अपानस्तु गुदे मेढ्रे कटिजंघोदरेष्वपि ॥
नाभिकण्ठे वृषणयोरूरुजानुषु तिष्ठति ॥
तस्य मूत्रपुरीषादिविसर्गः कर्म कीर्तितम् ॥२९॥

गुद, लिंग, कटि, जंघा, उदर, नाभि, कंठ, अंडकोष, जोडोंकी संधि, और जंघाओंमें अपानवायु रहताहै, उसका कर्म मूत्र और पुरीषका विसर्जन (त्याग) करनाहै ॥ २९ ॥

व्यानोऽक्षिश्रोत्रगुल्फेषु जिह्वाघ्राणेषु तिष्ठति ॥
प्राणायामधृतित्यागग्रहणाद्यस्य कर्म च ॥३०॥

नेत्र, कर्ण, पांवके घुटने, जिह्वा तथा नासिका इन पांच स्थानोंमें व्यानवायु रहताहै, प्राणायाम रेचक, पूरक, कुंभक इसके कर्म हैं ॥ ३० ॥

समानो व्याप्य निखिलं शरीरं वह्निना सह ॥
द्विसप्ततिसहस्रेषु नाडीरन्ध्रेषु संचरन् ॥ २१ ॥

समानवायु सब शरीरमें व्याप्त होकर जाठराग्निके सहित बहत्तर हजार नाडियोंके रन्ध्रमें संचार करताहै ॥ २१ ॥

भुक्तपीतरसान्सम्यगानयन्देहपुष्टिकृत् ॥
उदानः पादयोरास्ते हस्तयोरङ्गसंधिषु ॥ २२ ॥

भोजन किये और पियेहुए सम्पूर्ण रसोंको देहकी पुष्टिके निमित्त लेकर चरण, हाथ और अंगकी संधियोंमें उदान वायु रहताहै ॥ २२ ॥

कर्मास्य देहोन्नयनोत्क्रमणादि प्रकीर्तितम् ॥
त्वगादिधातूनाश्रित्य पञ्च नागादयः स्थिताः२३

देहका उठाना, चलाना, यह इसका कर्म कहाहै, त्वचा, मांस, रक्त, अस्थि और स्नायु इन पांच धातुओंके आश्रय नागादि पांच उपप्राग रहेहैं ॥ २३ ॥

उद्गारादि निमेषादि क्षुत्पिपासादिकं क्रमात् ॥
तन्द्रीजृंभति शोकादि तेषां कर्म प्रकीर्तितम्२४॥

उकार, हुचकी यह नाग पवनका कर्म, पलक खोलना लगाना कटाक्ष यह कूर्मका कर्म, भूख प्यास छींकना हलकका

कर्म, आलस्य निद्रा जंभाई देवदत्तका कर्म, शोक और हास्य धनंजयका कर्म है ॥ ३४ ॥

अग्नेस्तु रोचकं रूपं दीप्तिं पाकं प्रकाशताम् ॥
अमर्षतीक्ष्णसूक्ष्माणामोजस्तेजश्च शूरताम् ३५॥

अग्निके धर्म चक्षु, कृष्ण, नील, शुक्ल इत्यादि रूप भोजनका पाक, स्वतःप्रकाश, क्रोध, तीक्ष्णपन, कृशता, ओज, इन्द्रियोंका तेज, संताप, शूरता ॥ ३५ ॥

मेधावितां तथा दत्ते जलात्तु रसनं रसम् ॥
शैत्यं स्नेहं द्रवं स्वेदं गात्राणि मृदुतामपि॥३६॥

और बुद्धि यह गुण तेजसे प्राप्त होतेहैं, और रसनेन्द्रिय, रस, शीत, चिकटापन, द्रवत्व पसीना और सम्पूर्ण अवयवोंमें कोमलता यह धर्म जलसे उत्पन्न होतेहैं ॥ ३६ ॥

भूमेर्घ्राणेंद्रियं गन्धं स्थैर्यं धैर्यं च गौरवम् ॥
त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः॥३७॥

घ्राणेंद्रिय, गन्ध, स्थिरता, धैर्य, गुरुत्व, यह धर्म पृथ्वीसे उत्पन्न होते हैं. त्वचा, रुधिर, मांस मेदा, अस्थि, मज्जा और शुक्र यह सात धातु शरीरको धारण करतेहैं ॥ ३७ ॥

अन्नं पुंसाशितं त्रेधा जायते जठराग्निना ॥
मलः स्थविष्ठो भागः स्यान्मध्यमो मांसतां व्रजेत्
मनः कनिष्ठो भागः स्यात्तस्मादन्नमयं मनः ३८

पुरुषोंका भक्षण किया अन्न जाठराग्निसे तीन भाग होजाताहै, तिसका स्थूल भाग मल, मध्यभाग मांस और सूक्ष्म भाग मन होता है, इससे मन अन्नमय कहाताहै ॥ ३८ ॥

अपां स्थविष्ठो मूत्रं स्यान्मध्यमो रुधिरं भवेत् ॥
प्राणःकनिष्ठो भागः स्यात्तस्मात्प्राणो जलात्मकः

जलका स्थूलभाग मूत्र, मध्यमभाग रक्त, और कनिष्ठ भाग प्राण कहाता है इससे जलमय प्राण है ॥ ३९ ॥

तेजसोऽस्थि स्थविष्ठः स्यान्मज्जा मध्यमसंभवः॥
कनिष्ठा वाङ्मता तस्मात्तेजोऽवन्नात्मकं जगत् ४०

तेजका स्थूलभाग अस्थि, मज्जा मध्यमभाग, और वाणी सूक्ष्म-भाग है, आशय यह है कि अन्न, उदक और तेजरूप सब जगत् है ॥ ४० ॥

लोहिताज्जायते मांसं मेदो मांससमुद्भवम् ॥
मेदसोऽस्थीनि जायन्ते मज्जा चास्थिसमुद्भवा ४१

रक्तसे मांस उत्पन्न होताहै, मांससे मेदा, मेदसे अस्थि और अस्थिसे मज्जा उत्पन्न होताहै ॥ ४१ ॥

नाड्योऽपि मांससंघाताच्छुक्रं मज्जासमुद्भवम् ४२॥

मांससेही नाडी उत्पन्न होती हैं, और मज्जासे वीर्य उत्पन्न होता है ॥ ४२ ॥

वातपित्तकफास्तत्र धातवः परिकीर्तिताः ॥
दशाञ्जलिजलं ज्ञेयं रसस्याञ्जलयो नव ॥ ४३ ॥

वात, पित्त, कफ यह तीन धातु शरीरमें रहतेहैं, शरीरमें दश अञ्जलि प्रमाण जल रहता है और नौ अञ्जलि रस अर्थात् (अन्न) रहताहै ॥ ४३ ॥

रक्तस्याष्टौ पुरीषस्य सप्त स्युः श्लेष्मणश्च षट् ॥
पित्तस्य पञ्च चत्वारो मूत्रस्याञ्जलयस्त्रयः ॥४४॥

रक्त आठ अञ्जलि, विष्ठा सात अञ्जलि, कफ छः अञ्जलि, पित्त पांच अंजलि और मूत्र चार अञ्जलि रहताहै ॥ ४४ ॥

वसायास्त्रय मेदसो द्वौ तु मज्जात्वञ्जलिसंमितः ॥
अर्धाञ्जलिस्ततः शुक्रं तदेव बलमुच्यते ॥ ४५ ॥

वसा (चर्बी) तीन अञ्जलि, मेदा दो अञ्जलि, मज्जा एक अञ्जलि और वीर्य आधी अञ्जलि रहताहै, इसीको बल कहतेहैं ॥ ४५ ॥

अस्थ्नां शरीरसंख्या स्यात्षष्टियुक्तं शतत्रयम् ॥
जलजानि कपालानि रुचकास्तरणानि च ॥
नवकानीति तान्याहुः पञ्चधास्थीनि सूरयः ४६॥

शरीरमें अस्थि तीनसौ साठ, शंख, कपाल, रुचक, आस्तरण, और नवक यह पांच प्रकारकी अस्थि होती हैं ॥ ४६ ॥

द्वे शते त्वस्थिसन्धीनां स्यातां तत्र दशोत्तरे ॥
रौरवाः प्रसराः स्कन्दसेचनाः स्युरुलूखलाः ४७

शरीरमें दोसौ दश २१० अस्थियोंकी सन्धी हैं, उनके रौरव प्रसर स्कन्दसेचन उलूखल ॥ ४७ ॥

समुद्गा मण्डकाः शंखावर्ता वायसतुण्डकाः ॥
इत्यष्टधा समुद्दिष्टाः शरीरेष्वस्थिसंधयः ॥४८॥

समुद्ग मण्डक शंखावर्त और वायसतुण्डक यह आठ भेद अस्थियोंकी संधिके हैं ॥ ४८ ॥

सार्धकोटित्रयं रोम्णां श्मश्रुकेशास्त्रिलक्षकाः ॥
देहस्वरूपमेवं ते प्रोक्तं दशरथात्मज ॥
तस्मादसारो नास्त्येव पदार्थो भुवनत्रये ॥ ४९ ॥

साढेतीन करोड सब शरीरपर रोम हैं, और डाढीके बाल तीन लाख हैं, हे दशरथकुमार ! इस प्रकार यह देहका रूप तुम्हारे प्रति वर्णन किया, इस देहकी समान निस्सार पदार्थ दूसरा त्रिलोकीमें कोई नहीं है ॥ ४९ ॥

देहेऽस्मिन्नभिमानेन न महोपायबुद्धयः ॥
अहंकारेण पापेन क्रियन्ते हंत सांप्रतम् ॥ ५० ॥

इस देहको प्राप्त होकर पापबुद्धि पुरुष महाअभिमान करते हैं, और अहंकाररूप पापसे मुख्यानन्द मोक्षका कुछभी उपाय नहीं करते, यह महा शोककी बात है ॥ ५० ॥

तस्मादेतत्स्वरूपं तु बोद्धव्यं तु मुमुक्षुभिः॥५१॥

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे शिवरामसंवादे देहस्वरूपनिर्णयो नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

इस कारण मुमुक्षुको वैराग्य दृढ होनेके निमित्त यह स्वरूप जानना अवश्य है ॥ ५१ ॥

इति श्रीपद्मपुराणान्तर्गतशिवगीतायां शरीरनिरूपणं नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्कुत्र जीवोऽसौ जन्तोर्देहेऽवतिष्ठते ॥
जायते वा कुतो जीवः स्वरूपं चास्य किं वद १॥

श्रीरामचन्द्र बोले—भगवन् ! इस देहमें यह जीव कहां वर्तमान है यह कहांसे उत्पन्न होताहै और इसका क्या स्वरूप है सो आप कहिये ॥ १ ॥

देहान्ते कुत्र वा याति गत्वा वा कुत्र तिष्ठति ॥
कथमायाति वा देहं पुनर्न यदि वा वद ॥ २ ॥

देहान्तमें यह कहां जाताहै और जाकर कहां स्थित होताहै और फिर देहमें किसप्रकार आताहै वा नहीं आता सो आप कहियेा॥२॥

श्रीभगवानुवाच ।

साधु पृष्टं महा भाग गुह्याद्गुह्यतरं हि यत् ॥
देवैरपि सुदुर्ज्ञेयमिन्द्राद्यैर्वा महर्षिभिः ॥ ३ ॥

श्रीभगवान् बोले, हे महाभाग ! बहुत अच्छी बात पूछी है जो गुतसे भी गुप्त है, जिसे इन्द्रादि देवता और ऋषिभी कठिनतासे नहीं जान सक्ते ॥ ३ ॥

अन्यस्मै नैव वक्तव्यं मयापि रघुनन्दन ॥
त्वद्भक्त्याहं परं प्रीतो वक्ष्याम्यवहितः शृणु ॥४॥

हे रघुनन्दन ! मैंभी यह किसी दूसरेसे नहीं कहना चाहता परन्तु तुम्हारी भक्तिसे प्रसन्न होकर मैं कहताहूँ सुनो ॥ ४ ॥

सत्यज्ञानात्मकोऽनन्तः परमानन्दविग्रहः ॥
परमात्मा परंज्योतिरव्यक्तोव्यक्तकारणम् ॥ ५ ॥
नित्यो विशुद्धः सर्वात्मा निर्लेपोहं निरञ्जनः ॥
सर्वधर्मविहीनश्च न ग्राह्यो मनसापि च ॥ ६ ॥

मैंही सत्यस्वरूप ज्ञानस्वरूप अनन्त परमानन्द परमात्मा परंज्योति मायासे मोहित जीवोंको न दीखनेहारा, संसारका कारण, नित्य विशुद्ध, सम्पूर्णका आत्मा, सर्वान्तर्यामी, निःसंग, क्रियारहित, सब धर्मोंसे परे मनसेभी परे हूँ ॥ ५ ॥ ६ ॥

नाहं सर्वेन्द्रियग्राह्यः सर्वेषां ग्राहको ह्यहम् ॥
ज्ञाताहं सर्वलोकस्य मम ज्ञाता न विद्यते ॥७ ॥

मुझे कोई इन्द्रिय नहीं ग्रहण करसकती, मैं सम्पूर्णका ग्रहण करनेहाराहूँ, मैं सम्पूर्ण लोकका ज्ञाताहूं और मुझे कोई नहीं जानता ७

दूरः सर्वविकाराणां परिणामादिकस्य च ॥
यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह॥ ८ ॥

मैं संपूर्ण विकारोंसे रहित हूँ, बाल्य यौवनादि परिणाम आदि विकारभी मुझमें नहीं है, जहां मनके सहित जाकर वाणी निवृत्त होजाती है ॥ ८ ॥

आनन्दं ब्रह्म मां ज्ञात्वा न बिभेति कुतश्चन॥९॥

उस आनन्दब्रह्म मुझको प्राप्त होकर यह प्राणी फिर कहींसे भी भयको प्राप्त नहीं होता है ॥ ९ ॥

यस्तु सर्वाणि भूतानि मय्येवेति प्रपश्यति ॥
मां च सर्वेषु भूतेषु ततो न विजुगुप्सते ॥१०॥

जो सम्पूर्ण प्राणियोंको मुझमें देखता है, और मुझ संपूर्ण प्राणियोंमें देखता है, वह निन्दारहित हो जाता है ॥ १० ॥

यत्र सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद्विजानतः ॥
को मोहस्तत्र कः शोक एकत्वमनुपश्यतः॥११॥

जिसको सम्पूर्ण (भूत) प्राणी आत्मारूप दीखतेहैं उस सर्वत्र एकरूप देखनेवालेको शोक और मोह नहीं होता ॥ ११ ॥

एवं सर्वेषु भूतेषु गूढ़ोत्मा न प्रकाशते ॥
दृश्यते त्वग्र्यया बुद्धचासूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः१२

यह सम्पूर्ण भूतोंमें गुप्तरूप आत्मा प्रकाशित नहीं होता, परन्तु सम्पूर्णमें वर्तमान है, सूक्ष्मदर्शी श्रवण, मनन, निदिध्यासन साधना, करनेवाले पुरुषोंको अग्रबुद्धिसे दीखताहै, दूसरे मनुष्योंको नहीं दीखताहै ॥ १२ ॥

अनाद्यविद्यया युक्तस्तथाप्येकोऽहमव्ययः ॥
अव्याकृतब्रह्मरूपो जगत्कर्ताहमीश्वरः ॥ १३ ॥

अनादि मायासे युक्त निर्विकार अविनाशी एक मैंही नामरूप रहित ब्रह्म जगत्का कर्ता, परमेश्वर हूँ ॥ १३ ॥

ज्ञानमात्रं यथा दृश्यमिदं स्वप्नं जगत्त्रयम् ॥
तद्वन्मयि जगत्सर्वं दृश्यतेऽस्ति विलीयते॥१४॥

जिस प्रकार अविद्याके साक्षीभूत ज्ञानपर स्वप्नमें त्रिलोकी की कल्पना कीजातीहै इसी प्रकार मुझमें यह सब जगत् उत्पन्न हो दीखता, स्थिति पाता और लय होजाताहै ॥ १४ ॥

नानाविद्यासमायुक्तो जीवत्वेन वसाम्यहम् ॥
पञ्चकर्मेन्द्रियाण्येव पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि च ॥
मनो बुद्धिरहंकारश्चित्तं चेति चतुष्टयम् ॥ १५ ॥

अनेक प्रकारकी अविद्याके आश्रय होकर जीवरूपसेभी मैंही निवास करताहूँ, पांच कर्मेन्द्रिय और पांच ज्ञानेन्द्रिय, मन, बुद्धि, अहंकार, चित्त यह चारों ॥ १५ ॥

वायवः पञ्च मिलिता यांति लिङ्गशरीरताम् ॥
तत्राविद्यासमायुक्तं चैतन्यं प्रतिबिम्बितम्॥ १६ ॥
व्यावहारिकजीवस्तु क्षेत्रज्ञः पुरुषोऽपि च॥ १७॥

पंचप्राण यह सब मिलकर लिंगशरीरको उत्पन्न करतेहैं, उसी लिंगशरीरमें अविद्यायुक्त यह चैतन्यका प्रतिबिम्ब पडता है, उसीको व्यवहारमें जीव क्षेत्रज्ञ और पुरुष कहते हैं॥ १६ ॥ १७ ॥

स एव जगतां भोक्ता नाद्ययोः पुण्यपापयोः ॥
इहामुत्र गतिस्तस्य जाग्रत्स्वप्नादिभोक्तृता॥ १८॥

यही जीव अनादि कालसे पुण्य पापसे निर्मित हुए स्थावर जंगमादि देहोंमें वासकर शुभाशुभ कर्मका फल भोक्ता है, उसीकी परलोकगति होती, तथा वही जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति, इन अवस्थाओंका भोक्ता है॥ १८ ॥

यथा दर्पणकालिन्ना मलिनं दृश्यते मुखम् ॥
तद्वदन्तःकरणगैर्दोषैरात्मापि दृश्यते ॥ १९ ॥

जैसे दर्पणके मलिन होनेमें मुखभी मलीन दीखताहै, इसी प्रकार अन्तःकरणके दोषोंसे आत्मा विकारी दीखताहै॥ १९ ॥

परस्पराध्यासवशात्स्यादन्तःकरणात्मनोः ॥
एकीभावाभिमानेन परात्मा दुःखभागिव ॥२०॥

अंतःकरण और जीव इन दोनोंके परस्पर अध्यासके कारण और एकभावका अभिमान करनेसे परमात्मभी दुःखीसा प्रतीत होताहै, वास्तवमें सुख दुःखका धर्म अन्तःकरणमें है जीवमें नहीं, परन्तु जिस प्रकार चन्द्रमाका प्रतिबिम्ब जलमें पडनेसे वह जलके चलायमान होनेसे : चलायमान विदित होताहै इसी प्रकार अन्तःकरणके सुख दुःख होनेसे वही जीवमें आरोपण किये जातेहैं ॥ २० ॥

मरुभूमौ जलत्वेन मध्याह्नार्कमरीचिकाः ॥
दृश्यंते मूढचित्तस्य न ह्यार्द्रास्तापकारकाः॥२१॥

जिस प्रकार कि मारवाडदेशमें दुपहरके समय सूर्यकी किरण रेतमें पडकर जलरूपसे प्रतीत होतीहै, उसमें केवल अज्ञानसे जाना जाताहै, वो जलरूप नहीं, वास्तवमें संतापही करनेवालीहै ॥ २१ ॥

तद्वदात्मापि निर्लेपो दृश्यते मूढचेतसाम् ॥
स्वाविद्याख्यात्मदोषेण कर्तृत्वादिकधर्मवान् २२

इसी प्रकार आत्मामें निर्लेप हैं, परन्तु यह मूढ बुद्धिवालोंको अविद्या और अपने दोषके कारण कर्ता भोक्ता प्रतीत होताहै ॥ २२ ॥

तत्र चान्नमये पिण्डे हृदि जीवोऽवतिष्ठते ॥
आनखाग्रं व्याप्य देहं तद्भुवेऽवहितः शृणु ॥
पुरीतदभिधानेन मांसपिण्डो विराजते ॥ २३ ॥

इस अन्नमय पिंडके स्थूल देहमें हृदयके विषय जीव स्थित रहताहै, और नखके अग्रभागसे लेकर शिखांपर्यन्त व्याप्त हो रहा है, सो तू सावधान होकर सुन, वही यह जीव मैं 'मनुष्य' मैं 'ब्राह्मण' इत्यादि अभिमान करता हुआ इस मांसपिंडमें स्थित है ॥ २३ ॥

नाभेरूर्ध्वमधः कण्ठाद्व्याप्य तिष्ठति यः सदा ॥
तस्य मध्येऽस्ति हृदयं सनालं पद्मकोशवत् २४॥

नाभिसे ऊपर और कंठसे नीचे अवकाशके स्थानको व्याप्त करके सदा स्थित रहताहै, इतनेही स्थानके बीचमें हृदय है जिसका स्वरूप डंडी सहित कमलकलीकी समान है ॥ २४ ॥

अधोमुखं च तत्रास्ति सूक्ष्मं सुपिरमुत्तमम् ॥
दहराकाशमित्युक्तं तत्र जीवोऽवतिष्ठति ॥ २५॥

उसका मुख नीचेकोहै, उसमें सूक्ष्म और सुन्दर एक छिद्र है, उसीको दहराकाश कहतेहैं, उसमें जीव रहता है ॥ २५ ॥

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च ॥
भागो जीवःस विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते२६

केशके अग्रभागका सौवाँ भागकर फिर उसकाभी सौवाँ भाग करके जो प्रमाण किया जाय वही सूक्ष्मता जीवकी जाननी वस्तुतः तो जीवके स्वरूपका प्रमाण नहीं है कि ऐसा है, और इतना है ॥ २६ ॥

कदम्बकुसुमोद्गुकेसरा इव सर्वतः ॥
प्रसृता हृदयान्नाड्यो यासिव्याप्तं शरीरकम्२७॥

जिसप्रकार कदम्बके फूलके मध्यभाग चारों ओर केशर होता है, इसीप्रकारसे हृदय स्थानसे सहस्रों नाडी निर्गत हुई हैं जो शरीरभरमें व्याप्त हैं ॥ २७ ॥

हितं वलं प्रयच्छन्ति तस्मात्तेन हिताः स्मृताः ॥
द्वासप्ततिसहस्रैस्ताः संख्याता योगवित्तमैः २८॥

वे हित और वलको देतीहैं, इस कारण उनकी हित संज्ञा है, योगियोंने उन नाडियोंकी संख्या बहत्तर सहस्र कही है ॥ २८ ॥

हृदयात्तास्तु निष्क्रान्ता यथार्करश्मयस्तथा ॥
एकोत्तरशतं तासु मुख्या विष्वग्विनिर्गताः॥२९

जिसप्रकार: सूर्यसे किरण निर्गत होती हैं, इसी प्रकारसे वे नाडी हृदयसे निकली हैं. उनमें एकसौ एक मुख्यनाडियोंने सम्पूर्ण शरीरको वेष्टित कर दिया है ॥ २९ ॥

प्रतीन्द्रियं दश दश निर्गता विषयोन्मुखाः ॥
नाड्यःकर्मादिहेतूत्थाः स्वप्नादिफलभुक्तये ३०॥

और प्रत्येक इन्द्रियोंमें दश दश नाडी हैं उन्हींके द्वारा विषयोंका अनुभव होता है, यह नाडीही सुख दुःख जाग्रत् स्वप्नादिके साक्षात्का कारण है ॥ ३० ॥

वहन्त्यम्भो यथा नद्यो नाड्यः कर्मफलं तथा ॥
अनन्तैकोर्ध्वगा नाडी मूर्धपर्यन्तमञ्जसा॥३१॥

जिसप्रकारसे नदी जलको वहाती है इसीप्रकार नाडी सुख दुःखरूपकर्म फलको वहाती है । इन १०१ नाडियोंमेंसे एक नाडी ऊपर अनन्तनाम ब्रह्मरंध्रतक पहुंच गईहै ॥ ३१ ॥

सुषुम्नेति समाख्याता तया गच्छन्विमुच्यते ॥
तत्रावस्थितचैतन्यं जीवात्मानं विदुर्बुधाः॥३२॥

जो अनन्ता अर्थात् सुषुम्नानामक नाडी है उसमें प्राप्त होकर यह जीव मुक्त हो जाता है, जिससमय यह अन्तःकरण कामादि दोषशून्य होताहै, उस समय यत्न करनेसे योगीका आत्मा इस

नाडीमें प्राप्त होताहै, परन्तु उस समय सद्गुरुकी कृपा और पूर्ण-ज्ञानकी आवश्यकता है, कारण कि, ज्ञानद्वारा मुक्ति प्राप्त होती है२२

यथा राहुरदृश्योऽपि दृश्यते चंद्रमंडले ॥
तद्वत्सर्वगतोऽप्यात्मा लिङ्गदेहे हि दृश्यते॥२३॥

जिसप्रकारसे राहु अदृश्य रहकर भी चन्द्रमण्डलमें दीखता है। इसीप्रकार सर्वत्र रहनेवाला आत्मा लिंगदेहमेंही प्रतीत होताहै ॥ २३ ॥

यथा घटे नीयमाने घटाकाशोऽपि नीयते ॥
तद्वत्सर्वगतोऽप्यात्मा लिङ्गदेहे विनिर्गते ॥२४॥

जिसप्रकार घटके ले जानेसे घटाकाशभी लेकर जाया जाता है, इसी प्रकार सर्वत्र व्यापकभी जीवात्मा लिंगदेहमेंही प्रतीत होताहै ॥ २४ ॥

निश्चलः परिपूर्णोऽपि गच्छतीत्युपचर्यते ॥
जाग्रत्काले तथाज्ञोऽयमभिव्यक्तविशेषधीः २५॥

यद्यपि वह सर्वत्र पूर्ण और निश्चल है, परन्तु वह जाग्रत् अवस्थामें घटादि पदार्थोंका चैतन्य प्रतिबिंबयुक्त होनेसे अन्तःकरण-वृत्तिसे व्याप्त होकर चंचलसा दीखता है ॥ २५ ॥

व्याप्नोति निष्क्रियः सर्वान्भानुर्दशं दिशो यथा॥
नाडीभिर्वृत्तयो यांति लिङ्गदेहसमुद्भवाः॥ २६ ॥

जिसप्रकारसे सूर्य दशों दिशाओंको व्याप्त करता है इसी प्रकार निष्क्रिय और सर्व पदार्थोंमें व्याप्त लिंगदेहके सम्बन्धसे उत्पन्न हुई अन्तःकरणकी वृत्ति नाडियोंद्वारा बाहर जाकर विषयोंमें प्राप्त हो उन्हे प्रकाश करती हैं ॥ २६ ॥

तत्तत्कर्मानुसारेण जाग्रद्भोगोपलब्धये ॥
इदं लिङ्गशरीराख्यमामोक्षान्न निवर्तते ॥२७ ॥

अपने किये उन उन कर्मोंके अनुसार जाग्रतादि अवस्थाओंमें सुख दुःखका साक्षात्कार जीव करता रहताहै, सम्पूर्ण वृत्ति लिंगशरीरसे उठती हैं, जबतक मोक्ष न हो तबतक लिंगशरीरका नाश नहीं होता ॥ २७ ॥

आत्मज्ञानेन नष्टेऽस्मिन्साविद्ये सशरीरके ॥
आत्मस्वरूपावस्थानं मुक्तिरित्यभिधीयते॥२८॥

जिससमय ज्ञानद्वारा जीव और ब्रह्मका भेद मिट जायगा और अविद्यासहित इस लिंग शरीरका नाश हो जायगा उस समय केवल आत्माका अनुभवमात्र 'अहं ब्रह्मास्मि' इस स्वरूपमें स्थिर होनेसेही मुक्त होता है ॥ २८ ॥

उत्पादिते घटे यद्वद्घटाकाशत्वमृच्छति ॥
घटे नष्टे यथाकाशः स्वरूपेणावतिष्ठते ॥ ३९ ॥

जिसप्रकार घटके उत्पन्न होतेही घटाकाश उसमें प्राप्त होजाता है और उसके नष्ट होनेसे वह अपने स्वरूपमें अवस्थान करता है, इसीप्रकार मायाके नष्ट होनेसे आत्मा अपने स्वरूपमें अवस्थान करता है ॥ ३९ ॥

जायत्कर्मक्षयवशात्स्वप्नभोग उपस्थिते ॥
बोधावस्थां तिरोधाय देहाद्याश्रयलक्षणाम्॥४०॥
कर्मोद्भावितसंस्कारस्तत्र स्वप्नारिरंसया ॥
अवस्थां च प्रयात्यन्यां मायावीवात्ममायया ४१

जब जाग्रत् अवस्थामें भोग देनेवाले कर्मोंका क्षय होकर स्वप्नकालमें भोग देनेवाले कर्म जाग्रत् समयके देह गेहादि विषयके साक्षात् करनेवाले ज्ञानको छिपाकर जब जागृत् होतेहै तब (यह जीव क्रीडा करो) इस प्रकारसे परमेश्वरकी इच्छासे पूर्व अनुभव किया हुआ स्वप्नसमयके विषयका जागृत् होनेपर यह मायावी अविद्योपाधि जीव मायाकी निद्राके योगसे जाग्रत् अवस्थामेंभी स्वप्नसे भिन्नस्वरूप अवस्थाकी ओर देखता है ॥ ४० ॥ ४१ ॥

घटादिविषयान्सर्वान्बुद्ध्यादिकरणानि च ॥
भूतानि कर्मवशतो वासनामात्रसंस्थितान्॥४२॥

घटपटादि विषय, बुद्धि आदि इन्द्रिय और स्वप्नसमयके भोग देनेवाले पदार्थकी समान सब सृष्टि अन्तःकरणने कल्पना करी है, जिसप्रकार इकला मनुष्य स्वप्नमें अनेक मनुष्य देखता, भोग भोगता और संसारकी सब रचना भिन्न भिन्न जानता है, यथार्थमें एकही है, इसी प्रकार वास्तविक आत्मा है, परन्तु अन्तःकरणकी कल्पनासे बहु जगत् अनेक मानसे दीखता है ॥ ४२ ॥

एतांपश्यन्स्वयंज्योतिःसाक्ष्यात्माप्यवतिष्ठते ४३

इन सबको देखनेहारा स्वयंज्योति आत्मा साक्षीरूपसे सबमें वर्तमान है ॥ ४३ ॥

अत्रान्तःकरणादीनां वासनाद्वासनात्मता ॥
वासनामात्रसाक्षित्वं तेन तत्र परात्मनः ॥४४॥

इस अवस्थामें अन्तःकरणादि सर्व पदार्थोंकी वासना मात्र-नासे की हुई असत्य होनेसे वह वासनारूपही है और परमात्मा उस ही स्थानमें वासनामात्रसे साक्षी है ॥ ४४ ॥

वासनाभिः प्रपंचोऽत्र दृश्यते कर्मचोदितः ॥
जाग्रद्भूमौ यथा तद्वत्कर्तृकर्मक्रियात्मकः॥४५॥

जिसप्रकार जाग्रत् अवस्थामें कर्ता कर्म क्रिया इत्यादि संपूर्ण कारणोंसे युक्त व्यवहार चलता है इसी प्रकार पूर्व जन्म के किये कर्मोंकी प्रेरणासे वासनारूप प्रपंच है परन्तु जाग्रत् अवस्थामें प्रपंचका व्यवहार समर्थ होताहै और स्वप्न अवस्थामें कल्पित है यही इसमें भेद है॥ ४५ ॥

निःशेषबुद्धिसाक्ष्यात्मा स्वयमेव प्रकाशते ॥
वासनामात्रसाक्षित्वं साक्षिणःस्वाप उच्यते४६॥

सम्पूर्ण बुद्धि वृत्तिका साक्षी आत्मा स्वयंही प्रकाश करता है, उस साक्षीका जो वासनामात्र साक्षीपना है उसे स्वप्न कहतेहैं॥ ४६ ॥

भूतजन्मनि यद्भूतं कर्म तद्वासनावशात् ॥
नेदीयस्त्वाद्वयस्याद्ये स्वप्नं प्रायःप्रपश्यति४७॥

बाल्य अवस्थामें जाग्रत्में जो कर्म स्तनपान कन्दुकक्रीडा आदि कियेहैं, उस समय उसीकी वासना हृदयमें प्रबल रहती है, इसकारण वेही स्वप्न दीखतेहैं ॥ ४७ ॥

मध्ये वयसि कार्कश्यात्करणानामिहार्जितः ॥
वीक्षते प्रायशः स्वप्नं वासनाकर्मणोर्वशात्॥४८॥

और तरुण अवस्थामें इन्द्रिय अपने व्यापारमें कुशल हो जातीहैं यह प्राणी अनेक व्यापारमें व्यग्र हो जाताहै, अध्ययन, कृषि, व्यापार आदिकी वासना हृदयमें अत्यन्त दृढ हो जाती है, इस कारण तद्रूपही स्वप्न देखताहै ॥ ४८ ॥

यियासुः परलोकं तु कर्म विद्यादिसंभृतम् ॥
भाविनो जन्मनो रूपं स्वप्न आत्मा प्रपश्यति॥४९

और जो वृद्धावस्थामें परलोक जानेके निमित्त दान धर्म विद्यादि दान ऐसे उत्तम कर्म करतेहैं उनके हृदयमें यह वासना दृढ हो जातीहै तो प्रायः यहभी इसी प्रकारके स्वप्न देखा करतेहैं, कि हमने दान किया, इस प्रकार लोककी प्राप्ति हुई ॥ ४९ ॥

यद्वत्प्रपतनाच्छ्येनः श्रान्तो गगनमण्डले ॥
आकुञ्च्य पक्षौ यतते नीडे निःशयनायने॥५०॥

जिस प्रकारसे श्येन पक्षी आकाशमें भ्रमण करते २ जब थक जाताहै, तब विश्रामका और कोई उपाय नहीं देखकर निजपंखोंको सकोडकर अपने वोसलेमें विश्राम लेताहै ॥ ५० ॥

एवं जाग्रत्स्वप्नभूमौ श्रान्त आत्माभिसञ्चरन् ॥
आपीतकरणग्रामः कारणेनैति चैकताम् ॥ ५१ ॥

इसी प्रकार जाग्रत् और स्वप्न अवस्थामें विचरनेसे जब आत्मा श्रांत होता है तब संपूर्ण इन्द्रियोंके शिथिल होनेसे सब साधनोंको लयकर देता है अर्थात् संपूर्ण इन्द्रियोंके व्यापारको समासकर निद्रित हो जाता है ॥ ५१ ॥

नाडीमार्गैरिन्द्रियाणामाकृष्यादाय वासनाम् ॥
सर्वं ग्रसित्वा कार्यं च विज्ञानात्मा प्रलीयते ५२॥

नाडियोंके मार्गसे इन्द्रियकी वासनाको आकर्षणकर जाग्रत् और स्वप्न अवस्थाके सब कार्य समासकर आत्मा लीन हो जाताहै ॥ ५२ ॥

ईश्वराख्येऽव्याकृतेऽथ यथा सुखमयो भवेत् ॥
कृत्स्नप्रपञ्चविलयस्तथा भवति चात्मनः ॥५३॥

जिस समय यह मायासे आच्छादित चैतन्य अव्याकृत स्वरूपमें लय होता है, उस समय सम्पूर्ण प्रपंच लय हो जाता है, परन्तु यह लय आत्यंतिक नहीं है, इसमें केवल कार्यरूपका नाश होता है कारण रूपवासना बनी रहती है ॥ ५३ ॥

योषितः काम्यमानायाः संभोगान्ते यथा सुखम् ॥

स आनंदमयो बाह्यो नान्तरः केवलं यथा॥५४॥

जिस पुरुषकी किसी स्त्रीको अत्यंत इच्छा हो, और वह उसे प्राप्त होजाय उसके सम्भोगसे जो सुख होताहै उसकी सीमा है, परन्तु उससे कहीं अधिक सुख निद्रा अवस्थामें जीवको आनन्दमय कोशमें प्राप्त होनेसे होता है जब जीवको बाह्य विषयका ज्ञान नहीं होता, वह अन्तर अर्थात् मोक्षकी अवस्थाकी समान जिसमें विषय-वासना अत्यन्त निवृत्त होती है, निवृत्त वासनावालाभी नहीं होता५४

प्राज्ञात्मतां समासाद्य विज्ञानात्मा तथैव सः ॥
विज्ञानात्मा कारणात्मा तथा तिष्ठंस्तथापि सः॥५५

निद्रावस्थामें जीवात्मा जब ईश्वरको प्राप्त होता है तब जाग्रत् आदि अवस्थामें जैसा ईश्वरसे भिन्न रहताहै तैसा तहां भी भिन्न रहताहै, तत्रभी भेद नहीं जाता ऐसा होनेसेही वह उस समय दुःखरहित होताहै क्योंकि कारणात्मामें उसका साम्य माना जाता है, एकत्व पाताहै, इस कारण औपचारिक है ॥ ५५ ॥

अविद्यासूक्ष्मवृत्त्यानुभवत्येव सुखं यथा ॥
अज्ञानमपि साक्ष्यादिवृत्तिभिश्चानुभूयते ॥
तथाहं सुखमस्वाप्सं नैव किंचिदवेदिषम् ॥५६॥

तो भी उस अवस्थामें अविद्याकी सूक्ष्मत्व वृत्ति आनेसे जैसे सुख अनुभव करताहै उस सुखको जैसे, "सुखमहमस्वाप्सम्" अर्थात् मैं सुखसे सोया "नकिंचिदवेदिषम्" और दूसरा कुछभी न जाना केवल अज्ञानकाही अनुभव किया ॥ ५६ ॥

इत्येवं प्रत्यभिज्ञापि पश्चात्तस्योपपद्यते ॥ ५७ ॥

परन्तु यह अज्ञानभी साक्षी आदिकी वृत्तिसे अनुभव किया जाताहै, किसे सुखसे सोया यदि साक्षी न हो तो सुखसे सोनेकी स्मृति किसी प्रकार नहीं हो सक्ती. क्योंकि गाढ निद्रामें सोतेसमय तो उसे सुखका अनुभव होता नहीं, उसके पश्चात् जाग्रत् होकर साक्षीके द्वारा जानताहै ॥ ५७ ॥

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्याख्यमेवेहामुत्र लोकयोः ॥
पश्चात्कर्मवशादेव विस्फुलिंगा यथानलात् ५८॥

जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति यह तीन अवस्था जैसी इस लोककी हैं, तैसी देवलोककी हैं, सुषुप्तिके अन्तमें जब जाग्रत् अवस्था आती है तो अपने कारणरूप जीवके प्रारब्धके कर्मसे फिर इन्द्रियें इस प्रकार जाग उठतीहैं जिस प्रकार अग्निसे विस्फुलिंग (चिनगारियां) उठने लगती हैं. इसी प्रकार सूक्ष्मरूपमें लीन हुई इन्द्रियें उठतीहैं ॥ ५८ ॥

जायन्ते कारणादेव मनोबुद्ध्यादिकानि तु ॥

पयःपूर्णो घटो यद्वन्निमग्नः सलिलाशये ॥
तैरेवोद्धृत आयाति विज्ञानात्मा तथैत्यजात् ५९

जिस प्रकार जलभरा हुआ घडा जलमें डुबादो और यदि उसे फिर निकालो तो वह उस जलसे भरा हुआ ही बाहर आताहै, इसी प्रकारसे यह जीवात्मा इन्द्रिय आदि सहित कारणमें लयको प्राप्त हो उन इन्द्रियों सहित ही जाग्रत् अवस्थाको प्राप्त होता है ॥ ५९ ॥

विज्ञानकारणात्मानस्तथा तिष्ठंस्तथापि सः ॥
दृश्यते सत्सु तेष्वेव नष्टेष्वायात्यदृश्यताम्॥६०॥

विज्ञानात्मा (जीव) कारणात्मा (ईश्वर) यह दोनों वास्तवमें एकहीरूप हैं परन्तु अविद्याके प्रपंचसे उनमें भेद प्रतीत होताहै, जब यह अविद्या नष्ट होजाय तो ऐसा नहीं होता उस समय दोनों एक-रूप होजातेहैं ॥ ६० ॥

एकाकारोऽर्यमा तत्तत्कार्येष्विव परः पुमान् ॥
कूटस्थो दृश्यते तद्वद्गच्छत्यागच्छतीवसः ॥६१॥

जिस प्रकारसे एकही सूर्य जलादि पदार्थोंमें प्रतिबिंबित होनेसे अनेकरूप दीखताहै, और जलके चलायमान होनेसे सूर्यादिमेंही-चञ्चलता प्रतीत होती है, इसी प्रकार कूटस्थ एक (जीवात्मा) ईश्वर

एकही है, और अनेक देहोंमें प्रतिबिम्बित जीवरूपसे प्रविष्ट होकर अनेकरूप और गमनागमनादिरूपसे दीखताहै ॥ ६१ ॥

मोहमात्रान्तरायत्वात्सर्वं तस्योपपद्यते ॥
देहाद्यतीत आत्मापि स्वयंज्योतिःस्वभावतः ६२
एवं जीवस्वरूपं ते प्रोक्तं दशरथात्मज ॥ ६३ ॥
इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्म-
विद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे जीवस्वरूप-
कथनं नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

आत्मा देहादि उपाधिसे रहित स्वप्रकाश है, परन्तु स्वरूपकी स्मृति लोप करनेवाली मायाने विस्मृतिको प्राप्त कर दिया है, इससे सब प्रपंच इसमें अज्ञानसे विदित होता है, कारण कि, यह माया तो (अघटितघटनापटीयसी) न होने वाली बातकोभी करके दिखा देती है। मायाके योगसे आत्मामें कितनेही विरुद्ध कर्म दीखें परन्तु मायाके दूर होतेही जीव ईश्वर और निर्विकार हो जाता है, हे दशरथकुमार ! यह तुमसे जीवका स्वरूप वर्णन किया ॥ ६२ ॥ ६३ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे० ब्रह्मविद्यायां० जीवस्वरूपवर्णनं नाम
दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

श्रीभगवानुवाच ।

देहान्तरगतिं स्वस्य परलोकगतिं तथा ॥
वक्ष्यामि नृपशार्दूल मत्तः शृणु समाहितः ॥१॥

जीवकी देहान्तरगति और परलोकगति लिंग देहके कारण होतीहै यह बात संक्षेपसे कहकर अब विस्तारसे वर्णन करते हुए श्रीभगवान् बोले हे नृपश्रेष्ठ ! उस जीवकी देहान्तरगति और परलोकगति मैं तुमसे वर्णन करताहूं, सावधान होकर सुनो ॥ १ ॥

भुक्तं पीतं यदस्त्यत्र तद्भसादासबन्धनम् ॥
स्थूलदेहस्य लिङ्गस्य तेन जीवनधारणम् ॥२॥

इस स्थूलदेहसे जो कुछ भोजन कियाजाता और पिया जाताहै उसीके कारण लिंग और स्थूल देहमें सम्बन्ध उत्पन्न होताहै, उसीसे जीवन धारण होताहै ॥ २ ॥

व्याधिना जरया वापि पीड्यते जाठरोऽनलः ॥
श्लेष्मणा तेन भुक्तान्नं पीतं वा न पचत्यलम् ॥३॥

जिस समय व्याधि वा जरा अवस्थासे कफ प्रबल होताहै तब जाठरानलके मंद होनेसे भोजन किया हुआ अन्न अच्छी तरह नहीं पचताहै ॥ ३ ॥

भुक्तपीतरसाभावादाशु शुष्यन्ति धातवः ॥
भुक्तपीतरसेनैव देहं लिम्पंति नित्यशः ॥ ४ ॥

तब भोजन किये हुए रसके न प्राप्त होनेसे शीघ्रही धातु सूख जाते है, और भोजन किये तथा पान किये रससेही शरीरमें जाठराग्निके दीप्त रहते जो अन्न भक्षण किया जाता है, वह रसरूप होकर शरीरको पुष्ट करताहै ॥ ४ ॥

समीकरोति यस्मात्तत्समानो वायुरुच्यते ॥
इदानीं तद्रसाभावादामबन्धनहानितः ॥ ५ ॥

उस समय प्राणवायु वह सम्पूर्ण रस लेकर सब धातुओंमें पहुंचाताहै, इसी कारणसे यह समान वायु कहाताहै और वृद्धावस्थामें वह रस उत्पन्न नहीं होता, इसकारण शरीरके बंधन जो दृढतासे परस्पर संबद्ध हैं शिथिल होजाते हैं ॥ ५ ॥

परिपक्वरसत्वेन यथाम्रं वृन्ततः फलम् ॥
स्वयमेव पतत्याशु तथा लिङ्गं तनोर्व्रजेत् ॥६॥

जिस प्रकार कि, आम्र फल पककर अपने भारसे आपही शीघ्र पतित हो जाताहै, इसी प्रकार शरीरके शिथिल होनेसे लिंगशरीरका स्थूलसे वियोग हो जाताहै ॥ ६ ॥

ततःस्थानादपाकृष्य हृषीकाणां च वासनाः ॥

आध्यात्मिकाधिभूतानिहृत्पद्मे चैकतां गताः७॥

सम्पूर्ण इन्द्रियोंकी वासना, आध्यात्मिक–जीवसम्बन्धी बुद्धि और ज्ञानेन्द्रियादि आधिभौतिक–प्राप्त होनेवाले देहके कारणभूत सूक्ष्म रूपवाले कर्म, यह तीनों आकर्षित होकर हृदयकमलमें एकताको प्राप्त होतेहैं ॥ ७ ॥

तदोर्ध्वगः प्राणवायुः संयुक्तो नववायुभिः ॥
ऊर्ध्वोच्छ्वासी भवत्येष तथा तैनैकतां गतः ॥८॥

तब मुख्य प्राणवायु शेष नौ वायुओंसे संयुक्त होकर ऊर्ध्वश्वासरूपी होजाताहै, और फिर वे सब एक होकर जीवात्मासे संयुक्त होतेहैं ॥ ८ ॥

चक्षुषो वाथ मूर्ध्नो वा नाडीमार्गं समाश्रितः ॥
विद्याकर्मसमायुक्तो वासनाभिश्च संयुतः ॥ ९ ॥

विद्या, कर्म और वासनासे युक्त हो यह जीव अपने कर्मसे नाडीमार्गका आश्रय करके नेत्रमार्ग अथवा ब्रह्मरंध्रके द्वारा बहिर्गत होताहै ॥ ९ ॥

प्रज्ञात्मानं समाश्रित्य विज्ञानात्मोपसर्पति ॥
यथा कुम्भो नीयमानो देशाद्देशान्तरं प्रति॥ १०॥

स्वपूर्ण एव सर्वत्र स आकाशोऽपि तत्र तु ॥
घटाकाशाख्यतां याति तद्वल्लिंगं परात्मनः ११॥

जिसप्रकारसे घडेको इस देशसे दूसरे स्थानमें लेजातेहैं परन्तु वह आकाशसे पूर्णही जाताहै, जहां जहां घट जायगा उसी उसी स्थानमें घटाकाशभी जायगा इसी प्रकारसे जहां जहां लिंगशरीर गमन करताहै उसी उसी स्थानमें जीव जाता है ॥ १० ॥ ११ ॥

पुनर्देहान्तरं याति यथाकर्मानुसारतः ॥
आमोक्षात्संचरत्येवं मत्स्यः कूलद्वयं यथा॥१२॥

और कर्मानुसार दूसरे देहको प्राप्त होता है, जिस प्रकार नदीका मच्छ कभी इस किनारे और कभी दूसरे किनारे जाताहै, इसी प्रकारसे यह मोक्ष न होनेतक अनेक योनियोंमें भ्रमण करता रहताहै ॥ १२ ॥

पापभोगाय चेद्धन्छेद्यमदूतैरधिष्ठितः ॥
यातनादेहमाश्रित्य नरकानेव केवलम् ॥ १३ ॥

जो पापी हैं उनको यमदूत लेजातेहैं वह यातनादेहका जो नरक दुःख भोगनेके लिये दी जाती हैं उसको आश्रय करके केवल नरकोंहीको भोगताहै ॥ १३ ॥

इष्टापूर्तादिकर्माणि योऽनुतिष्ठति सर्वदा ॥
पितृलोकं व्रजत्येष धूममाश्रित्य वह्निपः ॥ १४॥

और जिन्होंने सदा इष्ट (यज्ञादि) पूर्त (वापीकूपतडागादि निर्माण करना) कर्म कियेहैं, वह पितृलोकको गमन करतेहैं, यमदूत उन्हें पितृलोकको प्राप्त करते हैं ॥ १४ ॥

धूमाद्रात्रिस्ततः कृष्णपक्षस्तस्माच्च दक्षिणम् ॥
अयनं च ततो लोकं पितॄणां च ततः परम् ॥
चन्द्रलोके दिव्यदेहं प्राप्य भुंक्ते परां श्रियम् १५

उस मार्गका क्रम यह है कि, धूम फिर रात्रिअभिमानी देवताके निकट फिर कृष्णपक्षाभिमानी देवताके निकट फिर दक्षिणायनअभिमानी देवताके निकट फिर वहांसे पितृलोकमें जाताहै, पितृलोकसे आगे चन्द्रलोकको प्राप्त हो दिव्य देह पाकर महाल्क्ष्मीका भोग करताहै ॥ १५ ॥

तत्र चन्द्रमसा सोऽसौ यावत्कर्मफलं वसेत् ॥
तथैव कर्मशेषेण यथैतत्पुनरावजेत् ॥ १६ ॥

वहां यह चन्द्रमाकीही समान होकर कर्मके फलकी अवधितक चन्द्रलोकमें वास करता है, जब पुण्य फल समाप्त होजाताहै तो जिस क्रमसे इस लोकमें गमन हुआ था उसी क्रमसे इस लोकमें फिर आता है ॥ १६ ॥

वपुर्विहाय जीवत्वमासाद्याकाशमेति सः ॥
आकाशाद्वायुमागत्य वायोरंभो व्रजत्यथ ॥ १७ ॥

चन्द्रलोकसे चलते समय उस शरीरको छोड यह आकाशरूप होकर आकाशसे वायुमें और वायुसे जलमें आताहै ॥ १७ ॥

अद्भ्यो मेघं समासाद्य ततो वृष्टिर्भवेद्भुवौ ॥
ततो धान्यानि भक्ष्याणि जायते कर्मचोदितः १८

जलसे मेघोंमें प्राप्त होकर फिर यह वर्षाद्वारा पृथ्वीपर पतित होताहै, फिर अनेक कर्मके वश होकर भक्षण योग्य अन्नमें प्राप्त होताहै ॥ १८ ॥

योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः ॥
स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम् १९॥

और कितने एक शरीरप्राप्तिके निमित्त मनुष्यादि योनिमें प्राप्त होतेहैं और कितने एक कर्म और ज्ञानके तारतम्यसे स्थावरत्वको प्राप्त होजातेहैं ॥ १९ ॥

ततोऽन्नत्वं समासाद्य पितृभ्यां भुज्यते परम् ॥
ततः शुक्रं रजश्चैव भूत्वा गर्भोऽभिधार्यते ॥२०॥

जो जीव अन्तमें प्राप्त हुएहैं, उस अन्तको स्त्री पुरुष भक्षण करते हैं उससे स्त्री और पुरुषोंका रज और शुक्र होकर उन दोनोंके संयोगसे वह गर्भरूप धारण करतेहैं ॥ २० ॥

ततः कर्मानुसारेण भवेत्स्त्रीपुन्नपुंसकम् ॥
एवं जीवगतिः प्रोक्ता मुक्तिं तस्य वदामि ते२१॥

यही जीव कर्मके अनुसार स्त्री, पुरुष और नपुंसक होताहै, इस प्रकारसे इस जीवकी इस लोकमें गति और परलोकगति होतीहै, अब इसकी मुक्तिका वर्णन करताहूँ ॥ २१ ॥

यस्तु शान्त्यादियुक्तः सन्सदा विचारतो भवेत्॥
स याति देवयानेन ब्रह्मलोकावधिं नरः ॥ २२ ॥

जो शमदमादिसाधनसम्पन्न सदा अपने वर्णाश्रमके कर्म करते और फलकी आकांक्षा न करके ईश्वरार्पण करदेतेहैं वह मनुष्य देवयानमार्गसे ब्रह्मलोकपर्यन्त गमन करतेहैं ॥ २२ ॥

अर्चिर्भूत्वा दिनं प्राप्य शुक्लपक्षमतो व्रजेत् ॥
उत्तरायणमासाद्य संवत्सरमथो व्रजेत् ॥ २३ ॥

वह प्रथम ज्योतिमें प्राप्त हो पीछे दिन और फिर शुक्लपक्षाभिमानी देवताके निकट जाताहै फिर उत्तरायणको प्राप्त होकर संवत्सरके निकट गमन करताहै ॥ २३ ॥

आदित्यचन्द्रलोकौ तु विद्युल्लोकमतः परम् ॥
अथ दिव्यःपुमान्कश्चिद्ब्रह्मलोकादिहैति न॥२४॥

फिर सूर्यलोकको प्राप्त होताहै, चन्द्रलोकसेभी ऊपर विद्युत् लोकको प्राप्त होताहै फिर उससे आगे कोई एक पुरुष दिव्य-देहको प्राप्त हो ब्रह्मलोकको जाताहै: और वहांसे यहां नहीं आताहै॥ २४ ॥

दिव्ये वपुषि संधाय जीवमेवं नयत्यसौ ॥
ब्रह्मलोके दिव्यदेहे भुक्त्वा भोगान्यथेप्सितान्॥२५
तत्रोषित्वा चिरं कालं ब्रह्मणा सह मुच्यते ॥
शुद्धब्रह्मरतो यस्तु न स यात्येव कुत्रचित्॥२६॥

ब्रह्मलोकमें प्राप्त होकर दिव्य देहके आश्रित हो यह जीव रहताहै, उस दिव्य देहसे ब्रह्मलोकमें अनेक प्रकारके मन इच्छित भोगोंको भोगताहुआ बहुत कालतक उस स्थानमें वासकर ब्रह्माके साथ मुक्त होजाताहै उसकी फिर आवृत्ति नहीं होती ॥ २५ ॥ २६ ॥

तस्य प्राणा विलीयन्ते जले सैन्धवखिल्यवत् ॥
स्वप्नदृष्टा यथा सृष्टिः प्रबुद्धस्य विलीयते॥२७॥
ब्रह्मज्ञानवतस्तद्वद्विलीयन्ते तदैव ते ॥

विद्याकर्मविहीनो यस्तृतीयं स्थानमेति सः ॥ २८ ॥

जिस प्रकारसे स्वप्नमें देखी हुई सृष्टि जाग्रत् होतेही लय होजातीहै, इसी प्रकारसे ब्रह्मज्ञान प्राप्त होनेसे यह सब सृष्टि लय होजातीहै, और जिन्होंने केवल पापही कियेहैं और उपासना तथा पुण्यकर्मसे रहित, उनकी तीसरी गति अर्थात् नरक होताहै ॥ २७ ॥ २८ ॥

भुक्ताऽन्न नरकान्घोरान्महारौरवरौरवान् ॥
पश्चात्प्राक्तनशेषेण क्षुद्रजन्तुर्भवेदसौ ॥ २९ ॥

वे अनेक प्रकारके रौरव, महारौरव, घोर नरकोंको भोगकर पीछे शेष कर्मोंके अनुसार क्षुद्र जन्तुओंके शरीरको प्राप्त होतेहैं ॥ २९ ॥

यूकामशकदंशादिजन्मासौ लभते भुवि ॥
एवं जीवगतिः प्रोक्ता किमन्यच्छ्रोतुमिच्छसि ३०

पृथ्वीमें लीख, मच्छर, डांश आदिका जन्म लेताहै, इस प्रकारसें जीवकी गति तुमसे वर्णन की अब और क्या सुननेकी इच्छा है ॥ ३० ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्यत्त्वया प्रोक्तं फलं तज्ज्ञानकर्मणोः ॥
ब्रह्मलोके चन्द्रलोके भुंक्ते भोगानिति प्रभो ॥ ३१ ॥

रामचन्द्र बोले, हे भगवन्! आपने उपासना और कर्मफलसे अनेक प्रकारसे चन्द्रलोक और ब्रह्मलोककी प्राप्ति वर्णन की सो यथार्थ है॥ ३१ ॥

गन्धर्वादिषु लोकेषु कथं भोगः समीरितः ॥
देवत्वं प्राप्नुयात्कश्चित्कश्चिदिन्द्रत्वमेति च॥३२॥

गन्धर्वादि लोक और इन्द्रादि लोकोंमें किस प्रकारसे भोग प्राप्त होतेहै कोई देवता कोई इन्द्र और कोई गन्धर्व होताहै॥ ३२ ॥

एतत्कर्मफलं वास्तु विद्याफलमथापि वा ॥
तद्ब्रूहि गिरिजाकान्त तन्न मे संशयो महान्॥३३॥

हे शंकर! यह कर्मका फल है वा उपासनाका फल है सो कृपा करके वर्णन कीजिये, इसमें मुझे बडा सन्देह है॥ ३३ ॥

श्रीभगवानुवाच।

तद्विद्याकर्मणोरेवानुसारेण फलं भवेत् ॥
युवा च सुन्दरः शूरो नीरोगी बलवान्भवेत्॥३४॥

शिवजी बोले, उपासना और शुभकर्म इन दोनोंहीके योगसे फल प्राप्त होता है, वहं हम वर्णन करतेहैं, जो मनुष्य युवा सुन्दर शूर नीरोग और बलवान् हों॥ ३४ ॥

सप्तद्वीपां वसुमतीं भुंक्ते निष्कण्टकं यदि ॥
स प्रोक्तो मानुषानन्दस्तस्माच्छतगुणो मतः३५॥

वह यदि सप्तद्वीपयुक्त पृथ्वीको निष्कण्टक भोग करताहो उसका नाम मानुषानन्द है यह आनन्द साधारण मनुष्यको देह प्राप्त होने-वाले आनन्दसे सौ गुणा अधिक है ॥ ३५ ॥

मनुष्यस्तपसा युक्तो गन्धर्वो जायतेऽस्य तु ॥
तस्माच्छतगुणो देवगन्धर्वस्य न संशयः॥ ३६ ॥

जो मनुष्य तप आदिसे संयुक्त हो वह गन्धर्व होता है, मनुष्योंके आनन्दसे सौगुणा आनन्द गन्धर्वोंको प्राप्त होताहै ॥ ३६ ॥

एवं शतगुणानन्द उत्तरोत्तरतो भवेत् ॥
पितृणां चिरलोकानामज्ञातसुरसंपदाम् ॥ ३७ ॥

इसी प्रकारसे ऊपर ऊपर पितृलोक देवादिलोकमें उत्तरोत्तर सौगुणा आनंद बढता जाता है ॥ ३७ ॥

देवतानामथेन्द्रस्य गुरोस्तद्वत्प्रजापतेः ॥
एवं ब्रह्मण आनन्दः पुरः स्यादुत्तरोत्तरः ॥३८॥

तिनमेंभी देवता देवतासे इन्द्र इन्द्रसे बृहस्पति बृहस्पतिसे प्रजापति प्रजापतिसे ब्रह्मदेव ब्रह्मदेवसे ब्रह्मानंद उत्तरोत्तर सौ २ गुणा अधिक है ॥ ३८ ॥

ज्ञानाधिक्यात्सुखाधिक्यं नान्यदस्ति सुरालये ॥
श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकामहतो यश्च द्विजो भवेत्३९

ज्ञानके आनंदसे अधिक आनंद तो देवलोकमें भी नहीं है, कारण कि, ज्ञानीको किसी वस्तुकी अपेक्षा नहीं है, कहींसे भय नहीं है, जो ब्राह्मण क्षत्रियादि वेदवेदांगके पारगामी निष्पाप, और निष्काम हैं, और भगवत्की उपासना करनेवाले है ॥ ३९ ॥

तस्याप्येवं समाख्याता आनन्दाश्चोत्तरोत्तरम् ॥
आत्मज्ञानात्परं नास्ति तस्माद्दशरथात्मज४०॥

यह अनुक्रमसे उत्तर उत्तर आनंदको प्राप्त होतेहैं परन्तु हे दशरथकुमार ! यह जो कुछ आनंद है सो आत्मज्ञानकी बराबर नहीं है, इससे आत्मज्ञानका अनुष्ठान करना उचित है ॥ ४० ॥

ब्राह्मणः कर्मभिर्नैव वर्धते नैव हीयते ॥
न लिप्यते पापकेन कर्मणा ज्ञानवान्यदि॥४१॥

जो ब्राह्मण ब्रह्मवेत्ता है उसे कर्मउपासनासे कुछ प्रयोजन नहीं है न उसकी कर्मसे कुछ वृद्धि और न करनेसे कुछ हानिभी नहीं, जो शास्त्रने विहित कर्मोंका विधान और निषिद्ध कर्मोंका निषेध कियाहै, वह केवल जबतक ज्ञान नहीं

तमीतक है, ज्ञान होने पर कुछ नहीं, और यदि ज्ञानी लोकस्थापनके निमित्त कर्म करें तो भी कुछ हानि नहीं ॥ ४१ ॥

तस्मात्सर्वाधिको विप्रो ज्ञानवानेव जायते ॥
ज्ञात्वा यः कुरुते कर्म तस्याक्षय्यफलं भवेत्४२॥

इस कारणसे ज्ञानवान् ब्राह्मण सबसे श्रेष्ठ है, जो कोई पुण्यवान् ज्ञानी जानकर कर्म करताहै उसके पुण्यका फल अक्षय होताहै ॥ ४२ ॥

यत्फलं लभते मर्त्यः कोटिब्राह्मणभोजनैः ॥
तत्फलं समवाप्नोति ज्ञानिनं यस्तु भोजयेत्४३

जिस फलको मनुष्य करोड ब्राह्मणके भोजन करानेसे प्राप्त होताहै वह फल एक ज्ञानीके भोजन करानेसे प्राप्त होजाताहै ॥४३॥

ज्ञानिभ्यो दीयते यच्च तत्कोटिगुणितं भवेत् ॥
ज्ञानवन्तं द्विजं यस्तु द्विषते च नराधमः ॥
स शुष्यमाणो म्रियते यस्मादीश्वर एव सः ४४॥

जो वस्तु ज्ञानिजनोंको दिया जाताहै वह करोडपट मिलती है और जो मनुष्योंमें अधम ज्ञानीकी निन्दा करताहै वह क्षयरोगको प्राप्त होकर मृतक होजाताहै कारण कि, ज्ञानी साक्षात् ईश्वर है ॥ ४४ ॥

उपासको न यात्येव यस्मात्पुनरधोगतिम् ॥

उपासनरतो भूत्वा तस्मादास्व सुखी नृप ॥४५॥

इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्म-विद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे जीवगत्या-दिनिरूपणं नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

हे रामचन्द्र ! जो निर्गुणको कठिन समझतेहैं वह पहले सगुण उपासना करें, किसीभी सगुण उपासना करनेवालेकी अधोगति नहीं होती, इस कारण सगुणरूपकी ही उपासना करके सुखी हो ॥ ४५ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासू० शिवराघवसंवादे एकादशोऽध्यायः ११॥

॥ श्रीराम उवाच ॥

भगवन्देवदेवेश नमस्तेऽस्तु महेश्वर ॥
उपासनविधिं ब्रूहि देशं कालं च तस्य तु ॥ १ ॥

श्रीरामचंद्र बोले, हे देवदेव ! महेश्वर ! आपको नमस्कार है आप उपासनाकी विधि और उसका देशकाल वर्णन कीजिये, कि किस समय किस प्रकार उपासना कीजाय ॥ १ ॥

अंगानि नियमांश्चैव मयि तेऽनुग्रहो यदि ॥

॥ ईश्वर उवाच ॥

शृणु राम प्रवक्ष्यामि देशं कालमुपासने ॥ २ ॥

सर्वाकारोऽहमेवैकः सच्चिदानन्दविग्रहः ॥
मदंशेन परिच्छिन्ना देहाः सर्वत्रिलोकसाम् ॥ २॥

हे भगवन् ! हमारे ऊपर आपकी कृपाहोय तो उपासनाका अंग और नियम कहो. फिर शिवजी बोले हे राम ! मैं तुमसे उपासनाकी विधि और उसका देश काल :कहताहूं, तुम मन लगाकर सुनो । जितने देवता हैं यह सब मेरेही रूप हैं वास्तवमें मुझसे भिन्न नहीं ॥ २ ॥ ३ ॥

ये त्वन्यदेवताभक्ता यजन्ते श्रद्धयान्विताः ॥
तेऽपि मामेव राजेन्द्र यजन्त्यविधिपूर्वकम् ॥४॥

जो दूसरे देवताओंके भक्त हैं, और श्रद्धापूर्वक उनका पूजन करतेहैं, हे राजन् ! वे पुरुष मेराही भेदबुद्धिसे यजन करने. वालेहै ॥ ४ ॥

यस्मात्सर्वमिदं विश्वं मत्तो न व्यतिरिच्यते ॥
सर्वक्रियाणां भोक्ताहं सर्वस्याहं फलप्रदः ॥ ५ ॥

जिस कारण कि, इस सम्पूर्ण संसारमें मेरे सिवाय और कुछ नहीं है, इसीसे मैं सब क्रियाका भोक्ता और सबका फल देनेवाला हूं ॥ ५ ॥

येनाकारेण ये मर्त्या मामेवैकमुपासते ॥
तेनाकारेण तेभ्योऽहं प्रसन्नो वाञ्छितं ददे ॥६॥

जो पुरुष विष्णु, शिव, गणेशादि जिस भावसे मेरी उपासना करतेहैं, उसी भावनाके अनुसार उसी देवताके रूपसे मैं उन्हें वांछित फल देताहूँ ॥ ६ ॥

विधिनाऽविधिना वापि भक्त्या ये मामुपासते॥
तेभ्यः फलं प्रयच्छामि प्रसन्नोऽहं न संशयः॥७॥

विधिसे अविधिसे किसी प्रकारसे हो जो मेरी उपासना करते हैं उनको मैं प्रसन्न होकर फल देताहूं, इसमें कोई संदेह नहीं ॥ ७ ॥

अपिचेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ॥
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः॥८॥

यद्यपि वह दुराचारी है परन्तु वह अनन्य होकर मेरा भजन करताहै उस पुरुषको साधुही मानना चाहिये, और पुण्यवान् है यह भक्तिकी महिमा दिखाई है परन्तु यह निश्चय जानना चाहिये कि, अनन्यभक्तिवाला किसी प्रकार दुराचारी नहीं होसक्ता, कारण कि अनन्यभक्तिका और स्थानमें मन नहीं जाता ॥ ८ ॥

स्वजीवत्वेन यो वेत्ति मामेवैकमनन्यधीः ॥
तं न स्पृशंति पापानि ब्रह्महत्यादिकान्यपि॥९॥

जो एकनिष्ठबुद्धि होकर जीवात्मा परमात्माको एकही रूप जानताहै, अर्थात् जीवरूपभी मेरेकोही जानताहै और अनन्य बुद्धिसे मेरा भजन करताहै उसको पाप स्पर्श नहीं करता, बहुत क्या उसे ब्रह्महत्याभी स्पर्श नहीं करती ॥ ९ ॥

उपासाविधयस्तत्र चत्वारः परिकीर्तिताः ॥
संपदारोपसंवर्गाध्यासा इति मनीषिभिः ॥ १० ॥

उपासनाकी विधि चार प्रकारकी है संपत्, आरोप, संवर्ग और अध्यास ॥ १० ॥

अल्पस्य चाधिकत्वेन गुणयोगाद्विचिन्तनम् ॥
अनन्तं वै मन इति संपद्विधिरुदीरितः ॥ ११ ॥

अल्प वस्तुकाभी गुणयोगसे मनकी वृत्तिसे अनन्त गुणोंकी भावनासे चिंतन करना जैसे कि, मूर्तिमें अनंत गुणविशिष्ट शिव तथा विष्णुका ध्यान करना इसका नाम संपत् है ॥ ११ ॥

विधावारोप्य योपासा सारोपः परिकीर्तितः ॥
यद्वदोंकारमुद्गीथमुपासीतेत्युदाहृतः ॥ १२ ॥

एक देश वा अंगमें संपूर्ण उपास्य वस्तुका आरोप करके जो उपासना करनीहै उसे आरोप कहते है, जैसे ओंकारकी उद्गीथसामरूपसे उपासना की जाती है ॥ १२ ॥

आरोपो बुद्धिपूर्वेण य उपासाविधिश्च सः ॥
योषित्यग्निमतिर्यत्तदध्यासः स उदाहृतः॥१३॥

आरोप और अध्यास इनका स्वरूप बहुधा एकसा है, भेद इतनाही है कि बुद्धिपूर्वक किसी एक वस्तुमें विवक्षित धर्मका आरोप करके उसकी उपासना करना,—जैसे स्त्रीपर अग्निका आरोप (अर्थात् स्त्रीको अग्निरूप मानना) यह अध्यास है ॥ १३ ॥

क्रियायोगेन चोपासाविधिः संवर्ग उच्यते ॥
संहृत्य वायुः प्रलये भूतान्येकोऽवसीदति १४ ॥

कर्मयोगसे उपासना करनेका नाम संवर्ग है अर्थात् सम्पूर्ण भूतोंको उपासनाके योगसे वशमें करना, जैसे प्रलय कालमें संवर्त नामक वायु अपनी शक्तिसे सब भूतोंको वश करती है ॥ १४ ॥

उपसंगम्य बुद्ध्या यदासनं देवतात्मना ॥
तदुपासनमन्तः स्यात्तद्बहिः संपदादयः ॥ १५॥

गुरुसे प्राप्त हुए ज्ञानसे देवतामें और अपनेमें भेद न मानना और अन्तःकरणसे देवताके समीप प्राप्त होना और अन्तःकरणसेही सब पूजन कल्पित करना, इसका नाम अंतरंग उपासना है, और इसके उपरांत दूसरी विधिसे बहिरंग उपासना कहाती है ॥ १५ ॥

ज्ञानान्तरानन्तरितसजातिज्ञानसंहतेः ॥
सम्पन्नदेवतात्मत्वमुपासनमुदीरितम् ॥ १६ ॥

तब इसप्रकार किसीकी उपासना करनी और कहांतक करनी ? किसीभी देवताकी उपासना करते हुए, ध्यानसे उस देवताके स्वरूपका जो ज्ञान होताहै उस ज्ञानको विजातीय ज्ञानसे शिवका ध्यान करते हुए कामिनीके ध्यानसे-मध्यमें विच्छिन्न न होकर व्यवधानरहित ज्ञानपरम्परासे-निदिध्यासना करके ध्यानयोग्य देवताओंमें अपनी बुद्धि लगाकर एक रूपका साक्षात् होनेतक उपासना करता रहै॥ १६॥

संपदादिषु बाह्येषु दृढबुद्धिरुपासनम् ॥
कर्मकाले तदंगेषु दृष्टिमात्रमुपासनम् ॥
उपासनमिति प्रोक्तं तदंगानि ब्रुवे शृणु ॥ १७ ॥

संपदादि जो चार उपासना वर्णनकी है, यह दृढ बुद्धिकी उपासना तथा उपासनाकी परम अवधि है, और सगुण उपासना इस प्रकार है कि, मूर्तिकी उपासना करनेके समय उसके प्रत्येक अंगोंमें अक्षय दृष्टि लगाकर उपासना करनी, इस उपासनाके अंगोंको श्रवण करो ॥ १७ ॥

तीर्थक्षेत्रादिगमनं श्राद्धं तत्र परित्यजेत् ॥
सच्चित्तैकाग्रता यत्र तत्रासीत सुखं द्विजः ॥१८॥

उपासनेके योग्य देशोंका कथन करतेहैं कि, तीर्थ और क्षेत्रादिकोंमें ही जानेसे उपासना होगी यह विचार न करे क्षेत्रादिकोंमें जानेकी श्रद्धा त्याग दे, और जहां अपना चित्त स्वच्छ और एकाग्रतायुक्त होय तहांही सुखसे बैठकर उपासना करे ॥ १८ ॥

कम्बले मृदुतल्पे वा व्याघ्रचर्मणि वा स्थितः ॥
विविक्तदेशे नियतः समग्रीवशिरस्तनुः ॥ १९ ॥

कम्बल मृदुकपास वस्त्र अथवा मृगचर्मपर स्थित होकर एकान्त देशमें स्थितहो समान ग्रीवा और शरीरको सरल करके ॥ १९ ॥

अत्याश्रमस्थःसकलानीन्द्रियाणि निरुध्य च ॥
भक्त्याथ स्वगुरुं नत्वा योगं विद्वान्प्रयोजयेत्२०

विधिपूर्वक भस्म धारणकर और सम्पूर्ण इन्द्रियोंको रोककर तथा भक्तिपूर्वक अपने गुरुको प्रणाम करके, ज्ञानशास्त्रद्वारा ज्ञानकी प्राप्तिके निमित्त भक्तिसे प्राणायाम करे ॥ २० ॥

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्ययुक्तमनसा सदा ॥
तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः२१॥

जिसका अन्तःकरण मूढ़ और विवेकशून्य है उसकी इंद्रियें दुष्ट घोडोंकी समानहैं, अर्थात् जैसे दुष्ट घोडा सारथीके वशमें नहीं आता, तैसे दुष्ट इन्द्रियवाले उन्हें वश नहीं कर सक्ते ॥ २१ ॥

विज्ञानी यस्तु भवति युक्तेन मनसा सदा ॥
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः२२॥

और जो ज्ञानसंपन्न हैं, उनके यत्न करनेसे सम्पूर्ण इन्द्रियें मनके सहित वशमें होजातीहैं, जिसप्रकार सुशिक्षित अश्व सारथीके वशमें होजाताहै ॥ २२ ॥

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्यमनस्कः सदाऽशुचिः ॥
न स तत्पदमाप्नोति संसारमधिगच्छति ॥ २३ ॥

और जो विवेकशून्य चंचलचित्त वाह्य और अन्तर शौचसे हीन और अनुभवज्ञानरहित है वे उस स्थानको नहीं प्राप्त होते, परन्तु निरंतर संसारमेंही भ्रमण करतेहै ॥ २३ ॥

विज्ञानी यस्तु भवति समनस्कः सदा शुचिः ॥
स तत्पदमवाप्नोति यस्माद्भूयो न जायते ॥२४॥

और जो ज्ञानी स्थिरचित्त बाह्य आभ्यन्तर पवित्रतासे युक्त हैं वे उस स्थानको प्राप्त होतेहैं जहांसे फिर आना नहीं होता (न स पुनरावर्तते २) यह श्रुतिमें लिखाहै ॥ २४ ॥

विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रह एव च ॥
सोऽध्वनः पारमाप्नोति मम्मैव परमं पदम् ॥२५॥

जिसका विज्ञानरूपी सारथी मनरूपी लगाम धारण कियेहै इन्द्रियरूपी घोडे जुते शरीररूपी रथमें जो बैठाहै वह संसाररूपी मार्गसे पारहो परमपद (मोक्ष) स्थानपर पहुँच जाताहै ॥ २५ ॥

हृत्पुण्डरीकं विरजं विशुद्धं विशदं तथा ॥
विशोकं च विचिन्त्याग्र ध्यायेन्मां परमेश्वरम् ॥२६

हृदयकमल कामादिदोषरहित शमदमादिगुणसम्पन्न स्वच्छ और शोकरहित करके उसमें मेरा ध्यान करना उचित है ॥ २६ ॥

अचिन्त्यरूपमव्यक्तमनन्तमभृतं शिवम् ॥
आदिमध्यान्तरहितं प्रशांतं ब्रह्म कारणम् ॥२७॥

जो अचिन्त्यस्वरूप सीमारहित है, जिससे श्रेष्ठ कोई दूसरा नहीं है, जो नाशरहित कल्याण स्वरूप आदिअन्तशून्य प्रशांत और सबका कारण है ॥ २७ ॥

एकं विभुं चिदानन्दमरूपमजमद्भुतम् ॥
शुद्धस्फटिकसंकाशमुमादेहार्धधारिणम् ॥ २८ ॥

सर्वव्यापक सच्चिदानन्दस्वरूप रूपरहित उत्पत्तिशून्य आश्चर्ययुक्त शुद्ध ब्रह्मरूपको शुद्ध स्फटिक मणिकी समान शरीर और अर्द्धांगमें पार्वतीको धारण किये ॥ २८ ॥

व्याघ्रचर्माम्बरधरं नीलकण्ठं त्रिलोचनम् ॥
जटाधरं चंद्रमौलिं नागयज्ञोपवीतिनम् ॥ २९ ॥

व्याघ्रचर्म क्षोढे, नीलकंण्ठ, त्रिलोचन, जटाजूट धारण किये चन्द्रमा शिरपर धरे, नागोंका यज्ञोपवीत पहरे ॥ २९ ॥

व्याघ्रचर्मोत्तरीयं च वरेण्यमभयग्रदम् ॥
पराभ्यामूर्ध्वहस्ताभ्यां बिभ्राणं परशुं मृगम् ॥
भूतिभूषितसर्वाङ्गं सर्वाभरणभूषितम् ॥ ३० ॥

व्याघ्रचर्मकाही उत्तरीय (दुपट्टा) ओढे, सर्व श्रेष्ठ भक्तोंके अभयदाता, पीठकी ओरके ऊंचे दोनों हाथोंमें मृग और परशु धारण किये, सब अंगमें विभूति लगाये, तथा सम्पूर्ण आभूषणोंसे भूषित ॥ ३० ॥

एवमात्मारणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम् ॥
ज्ञाननिर्मथनाभ्यासात्साक्षात्पश्यति मांजनः ३१

इसप्रकारसे आत्माको अरणी और प्रणवको उत्तर अरणी करके उसका मथन करता हुआ मेरा जन कहे अनुसार ध्यान करे तो यह मेरा साक्षात्कार पाताहै, जब यहको करते

हैं सब अग्निके निमित्त खैर वा शमीकी दो लकडी ले जाय नीचे रख अग्निके निमित्त उससे मथते हैं ॥ ३१ ॥

वेदवाक्यैरलभ्योऽहं न शास्त्रैर्नापि चेतसा ॥
ध्यानेन शृणुते यो मां सर्वदाहं वृणोमि तम्३२॥

वेदवचन और शास्त्रोंके वचनसे मुझे कोई नहीं पासक्ता परन्तु जो एकाग्रचित्तसे सदैव मेरा ध्यान करता है, मैं उसे प्राप्त होता हूं और उसे फिर त्याग नहीं करता ॥ ३२ ॥

नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः ॥
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञानेन लभेत माम्३३॥

जो पापसे पराङ्मुख नहीं जिसकी तृष्णा शान्त नहीं श्रवण मनन निदिध्यासनसे जिसका मन समाधान नहीं है जिसका मन चंचल है ऐसा पुरुष केवल शास्त्रके अध्ययनसे मुझे प्राप्त नहीं करसक्ता ॥ ३३ ॥

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपञ्चो यः प्रकाशते ॥
तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबन्धैः प्रमुच्यते ॥३४॥

जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाका प्रपंच जिस साक्षीरूप अधिष्ठान ब्रह्मस्वरूपके द्वारा प्रकाशित होता है, वह

ब्रह्म मैं हूँ, ऐसा यथार्थ जाननेसे यह सम्पूर्ण बंधनोंसे मुक्त होजाता है ॥ २४ ॥

त्रिषु धामसु यद्भोग्यं भोक्ता भोगश्च यद्भवेत् ॥
तेभ्यो विलक्षणःसाक्षी चिन्मात्रोऽहंसदाशिवः२५

तीनों अवस्थामें जो भोग पदार्थ जो भोक्ता और जो भोग्य वस्तु है, यह तीनों ब्रह्मकी ही सत्तासे कल्पित है, इनका प्रकाशक गति करानेहारा साक्षी सदाशिव मैंही हूँ ॥ २५ ॥

कोटिमध्याह्नसूर्य्याभं चन्द्रकोटिसुशीतलम् ॥
चन्द्रसूर्याग्निनयनं स्मेरवक्त्रसरोरुहम् ॥ २६ ॥

इसप्रकार निर्गुण कथनकर अब फिर मंद अधिकारियोंको सगुणरूपका उपदेश करते हैं. मध्याह्नकालके करोडों सूर्यकी समान तेजयुक्त और करोडों चंद्रमाकी समान शीतल सूर्य चंद्रमा अग्नि जिसके नेत्र हैं उनके मुखकमलका स्मरण करे ॥ २६ ॥

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा ॥ सर्वाध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षीचेता केवलो निर्गुणश्च ॥ २७ ॥

एकही परमात्मा सम्पूर्ण भूतोंमें गुप्त है, सर्वव्यापी और सब भूतोंका अन्तरात्मा है, सबका अध्यक्ष और सब भूतोंमें निवास करनेवाला सबका साक्षी चित्तकी प्रेरणा करनेवाला निर्लेप और निर्गुण है ॥ ३७ ॥

एको वशी सर्वभूतान्तरात्माप्येकं बीजं नित्यदा यः करोति ॥ तं मां नित्यं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम् ॥ ३८ ॥

स्वाधीन सब भूतोंका आत्मा वह एकही देव है, मायारूप प्रपंचका बीज प्रगट करता है, वह पुरुष मैंही हूँ मुझको जो धीर पुरुष शास्त्र और आचार्यके उपदेशसे साक्षात्कार करते हैं उन्हींको निरन्तर शान्ति और कैवल्य मुक्ति होती है दूसरोंको नहीं ॥ ३८ ॥

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव ॥ एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः ॥ ३९ ॥

जिस प्रकारसे एकही अग्नि सब संसारमें प्रविष्ट होकर उन काष्ठ लोह आदिमें सीधे टेढे चतुष्कोण आदिरूपसे उसी वस्तुके आकारसी होरही है, इसी प्रकार सबका अन्तरात्मा

एकही है, और शरीरोंमें प्राप्त होनेसे उसीके आकारसा प्रतीत होता है, यद्यपि उपाधिके वशीभूत होनेसे भिन्न २ प्रकारका प्रतीत होता है, तथापि सर्व लोकके दुःखसे वह दुःखी और सुखसे सुखी नहीं होता ॥ ३९ ॥

वेदेह यो मां पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्॥ स एव विद्वानमृतोऽत्र भूयो नान्यस्तु पन्था अयनाय विद्यते ॥ ४० ॥

जो विद्वान् ज्ञानी मुझको सर्वान्तर्यामी महान् व्यापक स्वप्रकाश, मायासे रहित आत्मस्वरूप जानताहै, वही संसार-बंधनसे मुक्त होता है, इसके सिवाय मुक्तिके प्राप्त होनेका दूसरा उपाय नहीं है. तथा च श्रुतिः (वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमा-दित्यवर्णं तमसः परस्तात् ॥ तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पंथा विद्यतेऽयनाय) ॥ ४० ॥

हिरण्यगर्भं विदधामि पूर्वं वेदांश्च तस्मै प्रहिणोमि योऽहम् ॥ तं देवमीड्यं पुरुषं पुराणं निश्चित्य मां मृत्युमुखात्प्रमुच्यते ॥ ४१ ॥

प्रथम सृष्टिके आरंभमें मैं ब्रह्माको उत्पन्न करके उसके निमित्त वेदको उपदेश करता वही स्तुतिके योग्य पुराण पुरुष

मेंहूं, जो इस निश्चयसे मुझे जानतेहैं, वे मृत्युके मुखसे छूटजाते है तथा च श्रुतिः (योवै ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं योवै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै) इत्यादि श्रुतिमें प्रसिद्ध है ॥ ४१ ॥

एवं शान्त्यादियुक्तः सन्वेत्ति मां तत्त्वतस्तु यः ॥
निर्मुक्तदुःखसंतानः सोऽन्ते मय्येव लीयते॥४२॥

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे उपासनाज्ञानफलं नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

इस प्रकार शान्ति आदि गुणोंसे युक्त हो जो मुझको तत्त्वसे जानता है वह दुःखोंसे छूटकर अन्तमें मुझको प्राप्त होजाताहै ॥४२॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्त० शिवगीतासूपनिषत्सु शिवराघवसंवादे उपासनापंचकयोगो नाम द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

सूत उवाच ।

एवं श्रुत्वा कौसलेयस्तुष्टो मतिमतां वरः ॥
पप्रच्छ गिरिजाकान्तं सुभगं मुक्तिलक्षणम् ॥१॥

सूतजी बोले, बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ रघुनाथजी इस प्रकार श्रवण करके प्रसन्न हो गिरिजापतिसे मुक्तिका लक्षण पूछने लगे ॥ १ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्करुणाविष्टहृदय त्वं प्रसीद मे ॥
स्वरूपं लक्षणं मुक्तेः ब्रूहि परमेश्वर ॥ २ ॥

श्रीरामचंद्र बोले, हे कृपासागर भगवन् ! आप मेरे ऊपर प्रसन्न होकर मुक्तिका स्वरूप और लक्षण वर्णन कीजिये ॥ २ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

सालोक्यमपि सारूप्यं सार्ष्टयं सायुज्यमेव च ॥
कैवल्यं चेति तां विद्धि मुक्तिं राघव पञ्चधा ॥ ३ ॥

श्रीभगवान् बोले, हे राम ! सालोक्य, सारूप्य, सार्ष्टि, सायुज्य और कैवल्य यह मुक्तिके पांच भेद हैं ॥ ३ ॥

मां पूजयति निष्कामः सर्वदाऽज्ञानवर्जितः ॥
स मे लोकं समासाद्य भुंक्ते भोगान्यथेप्सितान् ॥ ४

जो कामनारहित अज्ञानसे हीन होकर मूर्तिमें मेरा पूजन करतेहैं वह मेरे लोकको प्राप्त होकर सालोक्य मुक्तिको प्राप्त होतेहैं और अनेक प्रकारके इच्छित भोग भोगतेहैं ॥ ४ ॥

ज्ञात्वा मां पूजयेद्यस्तु सर्वकामविवर्जितः ॥
मया समानरूपः सन्मम लोके महीयते ॥ ५ ॥

और जो मेरा स्वरूप जानकर निष्काम बुद्धिसे मेरा भजन करताहै वह मेरे स्वरूपको प्राप्त होकर अनेक प्रकारके अभिलाषित भोगोंको भोगताहै इसे सारूप्य मुक्ति कहतेहैं ॥ ५ ॥

इष्टापूर्तादिकर्माणि मत्प्रीत्यै कुरुते तु यः ॥
सोऽपि तत्फलमाप्नोति नात्र कार्या विचारणा६॥

जो पुरुष मेरी प्रीतिके निमित्त इष्टापूर्तादिकर्मोंको करताहै, वहभी उसी फलको प्राप्त होताहै इसमें संशय नहीं ॥ ६ ॥

यत्करोति यदश्नाति यज्जुहोति ददाति यत् ॥
यत्तपस्यति तत्सर्वं यः करोति मदर्पणम् ॥ ७ ॥
मल्लोके स श्रियं भुंक्ते मत्तुल्यं प्राभवं भजेत् ॥

जो कर्त्ता जो भोजनकर्ता और जो अग्निमें हवन करता है जो देखताहै और जो कुछ तपस्या आदि करता है, वह सब मेरेही अर्पण करताहै, वह मेरे लोककी सब लक्ष्मी जगत्के कर्तापन आदिसे व्यतिरिक्त सब दिव्य संपत्ति भोगताहै, इसे सार्ष्टि मुक्ति कहतेहैं ॥ ७ ॥

यस्तु शान्त्यादियुक्तः सन्मामात्मत्वेन पश्यति८
स जायते परं ज्योतिरद्वैतं ब्रह्म केवलम् ॥
आत्मस्वरूपावस्थानं मुक्तिरित्यभिधीयते ॥९॥

जो शान्तिआदि साधनसे युक्त होकर श्रवण मनन, निदिध्यास-नपूर्वक मुझेही आत्मारूप जानताहै वह अद्वैत स्वप्रकाश ब्रह्मके तद्रूपको प्राप्त होताहै, जो जीवका यथार्थ स्वरूपहै इस स्वरूपमें अवस्थान करनेका नाम सायुज्यमुक्ति है ॥ ८ ॥ ९ ॥

सत्यं ज्ञानमनन्तं सदानन्दं ब्रह्म केवलम् ॥
सर्वधर्मविहीनं च मनोवाचामगोचरम् ॥ १० ॥

सत्य ज्ञान अनंत आनंद इत्यादि लक्षण युक्त और सब धर्मरहित मन और वाणीसे परे ॥ १० ॥

सजातीयविजातीयपदार्थानामसंभवात् ॥
अतस्तद्व्यतिरिक्तानामद्वैतमिति संज्ञितम् ११॥

सजातीय और विजातीय पदार्थोंके उसमें न होनेसे इस ब्रह्मको अद्वैत कहतेहैं ॥ ११ ॥

मत्वा रूपमिदं राम शुद्धं यदभिधीयते ॥
मय्येव दृश्यते सर्वं जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥१२॥

हे राम ! यह जो शुद्ध स्वरूप वर्णन किया है, इसे आत्मरूप जानकर सम्पूर्ण स्थावर जंगम जगत्को मेरेही रूपमें देखताहै ॥ १२॥

व्योम्नि गन्धर्वनगरं यथा दृष्टं न दृश्यते ॥
अनाद्यविद्यया विश्वं सर्वं मय्येव कल्प्यते॥१३॥

जिस प्रकार आकाशमें गन्धर्वनगर नहीं है और उसकी मिथ्या प्रतीति होतीहै इसी प्रकारसे यह अनादि अविद्यासे उत्पन्न हुआ जगत् मुझमें कल्पना किया जाताहै, वास्तविक मिथ्या है ॥ १३ ॥

मम स्वरूपज्ञानेन यदाऽविद्या प्रणश्यति ॥
तदैक एव वर्त्तेऽहं मनोवाचामगोचरः ॥ १४ ॥

जिस समय मेरे स्वरूपके ज्ञानसे अविद्या नष्ट होजातीहै तब मन वाणीसे परे एक मैंही विद्यमान रहताहूं ॥ १४ ॥

सदैव परमानन्दः स्वप्रकाशश्चिदात्मकः ॥
न कालः पञ्चभूतानि न दिशो दिशश्च न ॥
मदन्यन्नास्ति यत्किञ्चित्तदा वर्त्तेऽहमेकलः॥१५॥

मैं नित्य परमानन्द स्वप्रकाश और चिदात्मा हूं, काल दिशा विदिशा पंचभूत इस स्वरूपमें कुछ नहीं है, मेरे सिवाय दूसरी कोई वस्तु नहीं है, मैं केवल एकही विद्यमान रहताहूं ॥ १५ ॥

न संदृशे तिष्ठति मे स्वरूपं न चक्षुषा पश्यति मां तु कश्चित् ॥ हृदा मनीषा मनसाभिक्लृप्तं ये मां विदुस्ते ह्यमृता भवन्ति ॥ १६ ॥

मेरे निर्गुण स्वरूप कोई नील पीतादि आकार और वर्णका नहीं है, और इन चर्मचक्षुसेभी कोई मुझे देखनेको समर्थ नहीं होसक्ता, जो कोई हृदयमें बुद्धिसे मेरे स्वरूपको जानते हैं, वेही ज्ञानी मुक्त होजातेहैं ॥ १६ ॥

श्रीराम उवाच ।

कथं भगवतो ज्ञानं शुद्धं मर्त्यस्य जायते ॥
तत्रोपायं हर ब्रूहि मयि तेऽनुग्रहो यदि ॥१७॥

श्रीरामचंद्रजी बोले, हे भगवन् ! मनुष्योंको शुद्धज्ञान किस प्रकारसे होता है, हे शंकर ! जो आपकी कृपा मेरे ऊपर है तो इसका उपाय वर्णन कीजिये ॥ १७ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

विरज्य सर्वभूतेभ्य आविरिञ्चपदादपि ॥
घृणां वितत्य सर्वत्र पुत्रमित्रादिकेष्वपि ॥१८॥

श्रीभगवान् बोले, ब्रह्मलोकपर्यन्त दिव्य देहकोभी नाशवान् समझकर भार्या, मित्र, पुत्रादि इन सबको क्लेशदाता और अनित्य समझकर इनसे चित्तकी वृत्ति पृथक् करे ॥ १८ ॥

श्रद्धालुर्मुक्तिमार्गेषु वेदान्तज्ञानलिप्सया ॥
उपायनकरो भूत्वा गुरुं ब्रह्मविदं व्रजेत् ॥ १९ ॥

और श्रद्धापूर्वक ज्ञान प्राप्त होनेके निमित्त मोक्षशास्त्र वेदांतमें निष्ठावान होकर उसीके जाननेका उपाय करताहुआ ब्रह्मवेत्ता गुरुके निकट जाय ॥ १९ ॥

तमर्थं पुरतः कृत्वा दण्डवत्प्रणमेद्गुरुम् ॥
उत्थाय चाञ्जलिं कृत्वा वाञ्छितार्थान्निवेदयेत् २०

उस गुरुके आगे अपने हाथमें लायाहुवा पदार्थ रखके दंडवत् नमस्कार करे. फिर उठिके हाथ जोडके इच्छित धर्थका निवेदन करे ॥ २० ॥

सेवाभिः परितोष्यैनं चिरकालं समाहितः ॥
सर्ववेदान्तवाक्यार्थं शृणुयात्सुसमाहितः ॥२१॥

बहुत कालतक सावधान हो इन्हें सेवासे संतुष्ट करे और मन लगाकर सब वेदान्तके वाक्योंका अर्थ श्रवण करे ॥ २१ ॥

सर्ववेदान्तवाक्यानां मयि तात्पर्यनिश्चयम् ॥
श्रवणं नाम तत्प्राहुः सर्वे ते ब्रह्मवादिनः ॥२२॥

और सम्पूर्ण वेदान्तके वाक्योंका तात्पर्यभी निश्चय करले (यह नहीं कि अहं ब्रह्म करता फिरे) इसका नाम ब्रह्मवादियोंने श्रवण कहा है ॥ २२ ॥

लोहमण्यादिदृष्टान्तयुक्तिभिर्यद्विचिन्तनम् ॥
तदेव मननं प्राहुर्वाक्यार्थस्योपबृंहणम् ॥ २३ ॥

लोह मणी आदिके दृष्टान्त सद्युक्तिसे जैसे कि, चुम्बककी शक्तिसे लोहा भ्रमण करता है, इसी प्रकार ब्रह्मकी सत्तासे जगत् भ्रमण करता है श्रवणको पुष्ट करके मनन करे अर्थात् उसका चिन्तन करे वाक्यार्थके विचारकाही नाम मनन कहा है ॥ २३ ॥

निर्मोहो निरहंकारः समः संगविवर्जितः ॥
सदा शान्त्यादियुक्तः सन्नात्मन्यात्मानमीक्षते ॥
यत्सदा ध्यानयोगेन तन्निदिध्यासनं स्मृतम् २४

ममता और अहंकार रहित सबमें समान संगवर्जित शांति आदि साधनसम्पन्न होकर निरन्तर ध्यानयोगसे आत्माका आत्मासेही ध्यान करनेको निदिध्यासन कहते हैं ॥ २४ ॥

सर्वकर्मक्षयवशात्साक्षात्कारोऽपि चात्मनः ॥
कस्यचिज्जायते शीघ्रं चिरकालेन कस्यचित् २५

सम्पूर्ण कर्मके क्षय हो जानेसे जो आत्माका साक्षात्कार है, किसीको शीघ्र और किसीको चिरकालमें होता है जिसे प्रतिबंधक नहीं होता उसे शीघ्र और जिसे प्रतिबंधक होते है उसे देरमें होताहै ॥ २५ ॥

कूटस्थानीह कर्माणि चिरकालार्जितान्यपि ॥
ज्ञानेनैव विनश्यंति न तु कर्मायुतैरपि ॥ २६ ॥

जो कुछ जीवके किये हुए और करोडों जन्मके संग्रह किये कर्म हैं वह ज्ञानसेही नष्ट होतेहैं, कर्म चाहे दससहस्र करोडनसे नष्ट नहीं होते ॥ २६ ॥

ज्ञानादूर्ध्वं तु यत्किञ्चित्पुण्यं वा पापमेव वा ॥
क्रियते बहु वाल्पं वा न तेनायं विलिप्यते॥२७॥

ज्ञान होनेपर जो कुछ पुण्य वा पाप थोडा या बहुत किया जाता है, उससे यह प्राणी लिप्त नहीं होता ॥ २७ ॥

शरीरारम्भकं यत्तु प्रारब्धं कर्म तन्मतम् ॥
तद्भोगेनैव नष्टं स्यान्न तु ज्ञानेन नश्यति ॥२८॥

और जो इस प्राणीके शरीर निर्माणका हेतु प्रारब्धका कर्म है, वह भोगनेसेही नष्ट होगा, ज्ञानसे नहीं ॥ २८ ॥

निर्मोहो निरहंकारो निर्लेपः संगवर्जितः ॥
सर्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ॥
यः पश्यन्संचरत्येष जीवन्मुक्तोऽभिधीयते॥२९॥

जिसको मोह अहंकार नहीं है, जो सम्पूर्ण संगसें रहित है, सम्पूर्ण प्राणियोंको आत्मामें और सम्पूर्ण प्राणियोंमें जो आत्माको देखता है, इसप्रकार ज्ञानयुक्त विचरता हुआ प्राणी जीवन्मुक्त कहाताहै, कारण कि वह प्रारब्धकर्मक्षयके निमित्त विचरताहै ॥ २९ ॥

अहिनिर्मोचनी यद्वद्वभ्रुः पूर्वं भयप्रदा ॥
ततोऽस्य न भयं किंचित्तद्वद्वभ्रुरयं जनः ॥३०॥

सांपकी कैंचली सर्पसहित जिसप्रकार देखनेवालेको भय देती है और सर्पके शरीरसे छूटनेपर कुछभी भय नहीं देती इसी प्रकार मायायुक्त आत्माके होनेसे अनेक प्रकारसे संसारभय प्रतीत होतेहैं । वही जीवन्मुक्त होनेसे फिर कहीं किसी प्रकारसे भयभीत नहीं होता ॥ ३० ॥

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य वशं गताः ॥
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्येतावदनुशासनम् ॥३१॥

जिस समय इस प्राणीके हृदयकी वासना संपूर्ण नष्ट हो जातीहै और वैराग्य प्राप्त होताहै, तभी यह प्राणी अमृत हो जाता है, यही वेदान्तशास्त्रकी मुख्य शिक्षा है ॥ ३१ ॥

मोक्षस्य नहि वासोऽस्ति न ग्रामान्तरमेव वा ॥
अज्ञानहृदयग्रन्थिनाशो मोक्ष इति स्मृतः॥३२॥

जिस प्रकार कैलास वैकुंठ आदि दिव्य लोक हैं, इस प्रकार मोक्ष कोई लोक नहीं है, मुक्त किसी ग्रामान्तरका निवासी नहीं होता, केवल हृदयकी अज्ञानग्रन्थिके नष्ट होजानेसे मुक्त होताहै ॥ ३२ ॥

वृक्षाग्रच्युतपादो यः स तदैव पतत्यधः ॥
तद्वज्ज्ञानवतो मुक्तिर्जायते निश्चितापि तु॥३३॥

जिसका वृक्षके अग्रभागसे चरण आगे पड़ताहै वह उसी समय नीचे गिरताहै, इसी प्रकार ज्ञानीपुरुषोंको ज्ञान होतेही मुक्तिकी प्राप्ति होजातीहै, इस संसारसे वह तत्काल छूट जाताहै ॥ ३३ ॥

तीर्थे चण्डालगेहे वा यदि वा नष्टचेतनः ॥
परित्यजन्देहमिमं ज्ञानादेव विमुच्यते ॥ ३४ ॥

जीवन्मुक्त पुरुष तीर्थमें वा चाण्डालके घरमें देह त्यागन करे अथवा ब्रह्मका चिन्तन करता हुआ देहका त्यागन करे किंवा अचेतन होकर मृतक हो जाय, वह ज्ञानके बलसे मुक्तही होजाताहै ॥ ३४ ॥

संवीतो येन केनाश्नन्भक्ष्यं वाऽभक्ष्यमेव वा ॥
शयानो यत्र कुत्रापि सर्वात्मा मुच्यतेऽन्न सः ३५

जीवन्मुक्त किसी प्रकारके वस्त्र धारण करे वा नग्न, भक्ष्य अथव अभक्ष्य कुछभी खाय चाहें जहां शयन करे वह प्रारब्धकर्मके क्षय होजानेसे मुक्त होजाताहै ॥ ३५ ॥

क्षीरादुद्धृतमाज्यं यत्क्षिप्तं पयसि तत्पुनः ॥
न तेनैवैकतां याति संसारे ज्ञानवांस्तथा ॥३६॥

जिस प्रकार दूधमें से निकाला हुआ घृत यदि फिर दूधमें डालो वह घृत उसमें नहीं मिलता इसी प्रकार ज्ञानवान् संसारसे विरक्त होकर फिर जगत्में आसक्त होता नहीं ॥ ३६ ॥

नित्यं पठति योऽध्यायमिमं राम शृणोति वा ॥
स मुच्यते देहबन्धादनायासेन राघव ॥ ३७ ॥

हे रामचन्द्र ! जो इस अध्यायको नित्य पढते और सुनते हैं वह अनायास देहबंधनसे छूट जातेहैं ॥ ३७ ॥

अतः संयतचित्तस्त्वं नित्यं पठ महीपते ॥
अनायासेन तेनैव सर्वथा मोक्षमाप्स्यसि॥३८॥

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु० शिवराघवसंवादे त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

हे राम ! तुम्हारा अन्तःकरण जो संशयके वश हो रहा है इस कारण तुम नित्य इस अध्यायका पाठ करो इससे अनायास तुम्हारी मुक्ति हो जायगी ॥ ३८ ॥

इति श्रीपद्म० शिवगीता० मोक्षनि० त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्यदि ते रूपं सच्चिदानन्दविग्रहम् ॥
निश्चलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम् ॥ १ ॥

शिवजीसे ब्रह्मसाक्षात्कारकी विधि सुनकर अब दूसरे साधनोंमें प्रश्न करतेहुए रामचन्द्रजी बोले हे भगवन् ! यद्यपि तुम्हारा रूप सच्चिदानंदात्मक निरवयव क्रियाशून्य और निर्दोष है ॥ १ ॥

सर्वधर्मविहीनं च मनोवाचामगोचरम् ॥
सर्वव्यापिनमात्मानमीक्षते सर्वतः स्थितम् ॥२॥

तथा सब धर्मोंसे परे मन और वाणीके अगोचर तुमको सर्वव्यापक होनेसे जीव सर्वस्थानमें स्थित आत्मा स्वरूपसे देखता है ॥ २ ॥

आत्मविद्यातपोमूलं तद्ब्रह्मोपनिषत्परम् ॥
अमूर्तं सर्वभूतात्माकारं कारणकारणम् ॥ ३ ॥

आत्मविद्या और तपही जिसका मूल साधन है, जो उपनिषदोंका मुख्य तात्पर्य है, जो मूर्तिरहित सम्पूर्ण भूतोंका आत्मा अर्थात् सब जीव जिसके अंश हैं, जो कारणका कारण अदृश्य स्वरूप है ॥ ३ ॥

यत्तदद्दश्यमग्राह्यं वा तद्ग्राह्यं कथं भवेत् ॥
अत्रोपायमजानानस्तेन खिन्नोऽस्मि शंकर ॥४॥

जो अतिसूक्ष्म और इन्द्रियोंसे अग्राह्य है वह ब्रह्म ग्राह्य कैसे हो सक्ता है, उस सूक्ष्ममें चित्तकी वृत्ति किस प्रकार हो सक्ती है, यह मुझे संदेह है इसीसे बुद्धि व्यग्र है इसका उपाय आप वर्णन कीजिये ॥ ४ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

शृणु राजन्प्रवक्ष्यामि तत्रोपायं महाभुज ॥
सगुणोपासनाभिस्तु चित्तैकाग्र्यं विधाय च ॥
स्थूलसौरांभिकान्यायात्तत्र चित्तं प्रवर्तयेत्॥५॥

श्रीशिवजी बोले–हे महाभुज रामचंद्र ! सुनो मैं इस विषयमें उपाय करताहूं प्रथम सगुण उपासना करते २ चित्तको एकाग्र करे, और स्थूलसौरांभिकान्यायसे निर्गुण स्वरूपमें चित्तकी वृत्ति प्रवृत्त करे.

स्थूलसौरंभिकान्याय इसको कहते है कि, प्रियमनुष्यको जिस प्रकार मृगजल दिखाकर रवि यथार्थ जल है ऐसा प्रतारणासे बुलाकर फिर वास्तविक जल दिखातेहैं । इसी प्रकार प्राणीको प्रथम साधनादिक उपदेश कर पीछे ब्रह्मज्ञान कथन करतेहैं ॥ ५ ॥

तस्मिन्नन्नमये पिण्डे स्थूलदेहे तनूभृताम् ॥
जन्मव्याधिजरामृत्युनिलये वर्तते दृढा ॥ ६ ॥

और इस प्रकार जाने कि इस अन्नके पिंड स्थूल देहमें जन्म मृत्यु जरा व्याधि यही दृढतासे विद्यमान हैं, अर्थात् निश्चयही इसकी दशा बदलती रहती है ॥ ६ ॥

आत्मबुद्धिरहंमानात्कदाचिन्नैव हीयते ॥
आत्मा न जायते नित्यो म्रियते वा कथंचन७॥

ऐसे स्थूल देहमें प्राणीको अहंभावसे जो आत्मबुद्धि दृढ हो जाती है वह नहीं मिटती, आत्मा कभी जन्म नहीं लेता और कभी इसका नाशभी नहीं होता कारण कि, यह नित्य है ॥ ७ ॥

संजायतेऽस्ति विपरिणमते वर्धते तथा ॥
क्षीयते नश्यतीत्येते षड्भावा वपुषः स्मृताः ॥८॥

अब शरीरकी अवस्था वर्णन करते इसकी निस्सारता प्रतिपादन करतेहैं उत्पत्ति (होना) अस्ति, परिपक्वता, वृद्धि, क्षय और नाश, यह छः अवस्था इस शरीरकी हैं ॥ ८ ॥

आत्मनो न विकारित्वं घटस्थनभसो यथा ॥
एवमात्मावपुस्तस्मादिति संचिन्तयेद्बुधः ॥ ९ ॥

और घटमें स्थित आकाश जिस प्रकार निर्विकार है, इसी प्रकार इस देहमें आत्मा विकार रहित है, इस प्रकार देह और आत्मा इन दोनोंके धर्म परस्पर विरुद्धहै, अज्ञानी जन अविद्यासे देहको आत्मा मानतेहैं, और ज्ञानी देहसे आत्माको पृथक् देखतेहैं ॥ ९ ॥

मूषानिक्षिप्तहेमाभः कोशः प्राणमयोऽत्र तु ॥
वर्ततेऽन्तरतो देहे बुद्धः प्राणादिवायुभिः ॥ १० ॥
कर्मेन्द्रियैः समायुक्तश्चलनादिक्रियात्मकः ॥
क्षुत्पिपासापराभूतो नायमात्मा जडो यतः ११ ॥

घडियामें गला करके डाले सुवर्णकी कान्तिके समान प्राणमय कोश है, यह स्थूल देहके अन्तर प्राणादि वायुसे बद्ध-वर्तमान है, परन्तु पाण्यादि इंद्रियोंसे युक्त चलनादि कर्मोंसे युक्त क्षुधापिपासासे व्याप्त और जड होनेके कारण यह आत्मा नहीं है ॥ १० ॥ ११ ॥

चिद्रूप आत्मा येनैव स्वदेहमनुपश्यति ॥
आत्मैवाहं परं ब्रह्म निर्लेपः सुखनीरधिः ॥१२॥

आत्मा चैतन्यरूप है जिसके द्वारा यह जीव अपने शरीर को देखताहै आत्माही परब्रह्म निर्लेप और सुखका सागरहै ॥ १२ ॥

न तदश्नाति कं चैनं न तदश्नाति कश्चन ॥
ततः प्राणमये कोशे कोशोऽस्त्येव मनोमयः ॥
स संकल्पविकल्पात्माबुद्धीन्द्रियसमाहितः १३॥

अज्ञान इस ब्रह्मका ग्रास नहीं करसक्ता, न ब्रह्म किसी वस्तुका ग्रास करताहै अर्थात् वह अनामय पारिपूर्ण सर्वत्र सुख-स्वरूप है उसे कार्य कारणकी अपेक्षा नहीं है, उस प्राणमय कोशके अन्तर्गत मनोमयकोश है, वह संकल्प विकल्परूप बुद्धि और इंद्रियोंसे समायुक्त है ॥ १३ ॥

कामः क्रोधस्तथा लोभो मोहो मात्सर्यमेव च ॥
मदश्चेत्यरिषड्वर्गो ममतेच्छादयोऽपि च ॥
मनोमयस्यकोशस्य धर्मा एतस्य तत्र तु ॥१४॥

काम, क्रोध, लोभ, मोह, मात्सर्य और मद यह शत्रुओंका षड्वर्ग और ममता इच्छादिक यह सम्पूर्ण मनोमयकोशके धर्म हैं ॥ १४ ॥

या कर्मविषया बुद्धिर्वेदशास्त्रार्थनिश्चिता ॥
सा तु ज्ञानेन्द्रियैःसार्धं विज्ञानमयकोशतः।१५॥

जो कर्मविषयिणी बुद्धि और वेदशास्त्रसे निश्चित कीगई है, वह ज्ञान इन्द्रियोंके सहित विज्ञानमय कोशमें स्थित रहती है ॥ १५ ॥

इह कर्तृत्वाभिमानी स एव तु न संशयः ॥
इहामुत्र गतिस्तस्य स जीवो व्यावहारिकः १६॥

इसमें कर्तृत्वपनका अभिमानी निःसन्देह वह जीव विद्यमान है. जो इस लोक तथा परलोकमें गमन करताहै, व्यवहारमें जिसको जीव कहते हैं ॥ १६ ॥

व्योमादिसात्त्विकांशेभ्यो जायन्ते धीन्द्रियाणितु
व्योम्नः श्रोत्रं भुवो घ्राणं जलाज्जिह्वाथ तेजसः१७
चक्षुर्वायोस्त्वगुत्पन्ना तेषां भौतिकता ततः ॥
व्योमादीनां समस्तानां सात्त्विकांशेभ्य एव तु१८

आकाशादिके सात्त्विक अंशसे ज्ञानेन्द्रियोंकी उत्पत्ति होतीहै, आकाशसे श्रोत्र, पृथ्वीसे घ्राण, जलसे जिह्वा, और तेजसे चक्षु, और वायुसे त्वचा उत्पन्न होती है इस

प्रकार यह इन्द्रिय पांचभौतिक है, जीवत्यप्राप्तिके तीन शरीर हैं, स्थूल, सूक्ष्म और कारण, स्थूलका अन्त सूक्ष्म और सूक्ष्मका अन्त कारणशरीर है, सूक्ष्म शरीरकोही लिंगशरीर कहते है, इन तीनों शरीरोंमें पांचकोश रहते हैं, अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय, स्थूल शरीरमें अन्नमय कोश है, सूक्ष्म शरीरमें प्राणमय और मनोमय और विज्ञानमय कोश है, कारण शरीरमें आनंदमय कोश है, इन पांचों कोशोंमें अन्नमयकोशसे वर्णन करके लिंग शरीरके तीनों कोश कहकर लिंग शरीरके अवयवोंका वर्णन किया है ॥ १७ ॥ १८ ॥

जायेते बुद्धिमनसी बुद्धिः स्यान्निश्चयात्मिका ॥
वाक्पाणिपादपायूपस्थानि कर्मेन्द्रियाणि तु ॥
व्योमादीनां रजोंऽशेभ्यो व्यस्तेभ्यस्तान्युनुक्रमात्

इन पांचोंभूतोंके सात्त्विकादि अंशसे बुद्धि और मन उत्पन्न होते हैं, जिसमें बुद्धि निश्चयात्मिका और मन संशयात्मक है और वचन, हाथ, पाद, पायु, उपस्थ यह पांच कर्मेन्द्रिय तो आकाशादिकोंके रजोगुण अंशसे क्रमपूर्वक उत्पन्न होते हैं ॥ १९ ॥

समस्तेभ्यो रजोंऽशेभ्यः पञ्च प्राणादिवायवः ॥
जायन्ते सप्तदशकमेवं लिङ्गशरीरकम् ॥ २० ॥

और उन सबके रजोगुण समान मिलनेसे पांच प्राणादि वायु उत्पन्न होते हैं, यही पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय, पांच प्राण, मन और बुद्धि मिलाकर सत्रह अवयवोंसे लिंग शरीरकी उत्पत्ति होती है ॥ २० ॥

एवं लिङ्गशरीरं तु तप्तायःपिण्डवद्यतः ॥
परस्पराध्यासयोगात्साक्षी चैतन्यसंयुतः ॥२१॥

यह लिंगशरीर तपायेहुए लोहखण्डकी समान गोल है, इस कारण परस्परके अध्यास पडनेसे साक्षी चैतन्यसे युक्त है ॥ २१ ॥

तदानन्दमयः कोशो भोक्तृत्वं प्रतिपद्यते ॥
विद्याकर्मफलादीनां भोक्तेहामुत्र स स्मृतः॥२२॥

जहां साक्षी चैतन्य लिंग शरीरसे अध्यासको प्राप्त होता है, वही आनंदमयकोश है, उस आनंदमयकोशका जो कर्तृत्वपनका अभिमानी है, वही उपासना और कर्म फलसे इसलोक तथा परलोकमें कर्मफलका भोगनेवाला कहा जाता है ॥ २२ ॥

यदाध्यासं विहायैष स्वस्वरूपेण तिष्ठति ॥
अविद्यामात्रसंयुक्तःसाक्ष्यात्मा जायते तदा।२३॥

और जिस समय निद्रावस्थामें यही आत्मा लिंग शरीरके अध्यासको छोडंकर केवल अपने स्वरूपमें अविद्यासंयुक्त रहता है, तब इसकी साक्षी संज्ञा है ॥ २३ ॥

दृष्टान्तःकरणादीनामनुभूतस्मृतेरपि ॥
अतोऽन्तःकरणाध्यासादस्यस्तत्त्वेन चात्मनि ॥
भोक्तृत्वं साक्षिता चेति द्वैधं तस्योपपद्यते।२४॥

अन्तःकरणादि इन्द्रिय और उनकी वृत्ति, अनुभव और स्मृति इनका द्रष्टा होनेसे अन्तःकरणका अध्यास होनेपर आत्माको साक्षित्व और भोक्तृत्व यह दोनोंही योग्य होते हैं अंतःकरणका अध्यास हुआ तबही साक्षित्व और केवल (अन्तःकरणका अध्यास नहीं ऐसा) हुआ तब भोक्तृत्व होता है ॥ २४ ॥

आतपश्चापि तच्छाया तत्प्रकाशे विराजते ॥
एको भोजयिता तत्र भुङ्क्तेऽन्यःकर्मणःफलम्॥२५॥

इसके उपरान्त "ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्द्धे। छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च

त्रिगाचिकेताः" इस श्रुतिको कहते हैं, आतप विना आच्छादित विंवरूप ईश्वर छाया – आच्छादित विंवरूप जीव यह दोनों अलके प्रकाशसे प्रकाशित हैं, इन दोनोंमें एक जीव भोक्ता होनेसे कर्मफलको भोक्ता है और ईश्वर द्रष्टा होनेसे भुगाताहै ॥ २५ ॥

क्षेत्रज्ञं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु ॥
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि प्रग्रहं तु मनस्तथा ॥२६॥

क्षेत्रज्ञ जीवात्माको रथी, शरीरको रथ, बुद्धिको सारथी, मनको लगाम कहते हैं सो तू जान ॥ २६ ॥

इन्द्रियाणि हयान्विद्धि विषयांस्तेषु गोचरान् ॥
इन्द्रियैर्मनसा युक्तं भोक्तारं विद्धि पूरुषम् ॥२७॥

इन्द्रियोंको घोडे स्वरूप जानना और यह इन्द्रियरूपी अश्व रूपादिविषयरूपी स्थानमें विचरते हैं, इन्द्रिय और मनके सहित यह आत्मा भोक्ता कहाता है, वास्तवमें उपाधि-विना यह आत्मा शुद्ध है, कदाचित् कर्तृत्व भोक्तृत्वको प्राप्त नहीं होता तात्पर्य यही है कि, रथी तो रथमें बैठा है, सारथी और घोडे रथको जिधर लेजायँ उधरही जाताहै और यदि दुष्ट घोडे हुए तो सारथीकभी कहना न मानकर रथ लेकर कहीं

गढेमें डाल देतेहैं, इसी प्रकार दुष्ट इन्द्रियें इस शरीररूपी रथको विषयोंमें ले जाकर पटकती हैं तब सब इन्द्रियोंके सहित आत्मा दुःखी प्रतीत होताहै ॥ २७ ॥

एवं शान्त्यादियुक्तः सन्नुपास्ते यः सदा द्विजः ॥
उद्धाट्योद्धाट्य चैकैकं यथैव कदलीतरोः २८॥
वल्कलानि ततः पश्चाल्लभते सारमुत्तमम् ॥
तथैव पञ्चभूतेषु मनः संक्रमते क्रमात् ॥
तेषां मध्ये ततः सारमात्मानमपि विन्दति॥२९॥

इस प्रकारसे जो ब्राह्मण शान्ति आदिसे युक्त होकर उपासना करता है वह जिस प्रकारसे कदलीके वल्कलको बराबर उतारते चले जाओ तौ उसमें वल्कलही निकलते हैं पश्चात् सार प्राप्त होताहै इसी प्रकार पंचकोशमें क्रमसे उपासना करते और उनसे चित्त हटाते तथा उन्हें असाररूप जानते हुए सबके अन्तःसारभूत आत्माको प्राप्त होताहै ॥ २८ ॥ २९ ॥

एवं मनः समाधाय संयतो मनसि द्विजः ॥
अथ प्रवर्तयेच्चितं निराकारे परात्मनि ॥ ३० ॥

इस प्रकार मनको सावधान करके और पंचकोशका ज्ञान

करके जो मन स्थिर करताहै, तब उसका चित्त निराकार परमात्मामें लगजाता है ॥ ३० ॥

ततो मनः प्रगृह्णाति परमात्मानमव्ययम् ॥
यत्तदद्दश्यमग्राह्यमस्थूलाद्युक्तिगोचरम् ॥ ३१ ॥

तब यह मन केवल परमात्माकोही ग्रहण करताहै जो केवल अदृश्य, अग्राह्य, स्थूल, सूक्ष्मादि धर्मसे परे है, उसमें प्राप्त होकर निश्चल होजाताहै, फिर चलायमान नहीं होता ॥ ३१ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवञ्छ्रवणेनैव प्रवर्तन्ते जनाः कथम् ॥
वेदशास्त्रार्थसंपन्ना यज्वानः सत्यवादिनः ॥३२॥

श्रीरामचन्द्र बोले हे भगवन् ! जब श्रवणादि साधनद्वारा आत्मस्वरूपकी प्राप्ति होजातीहै, तो वेदशास्त्रके जाननेवाले यज्ञशील सत्यवादी उसके श्रवण करनेमें प्रवृत्त क्यों नहीं होते ॥ ३२ ॥

शृण्वन्तोऽपि तथात्मानं जानते नैव केचन ॥
ज्ञात्वापि मन्यते मिथ्या किमेतत्तव मायया ३३॥

और कोई गुनकरभी आत्माको जाननहीं सक्ते, और कोई जानकरभी मिथ्या मानतेहैं, क्या यह तुम्हारी माया है ॥ ३३ ॥

श्रीभगवानुवाच।

एवमेव महाबाहो नात्र कार्या विचारणा ॥
दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया॥ ३४ ॥

श्रीशिवजी बोले, हे महाबाहो ! यह ऐसेही है इसमें कुछ सन्देह नहीं, मेरी त्रिगुणात्मक मायाका उल्लंघन करना महा-कठिन है ॥ ३४ ॥

मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरंति ते ॥
अभक्ता ये महाबाहो मम श्रद्धाविवर्जिताः ॥३५॥

जो मेरी शरणागत आकर मुझको प्राप्त हो जाते हैं वेही इस मायाको तरतेहैं, हे महाभुज ! जो अभक्त है, और जिनकी श्रद्धा मेरे विषय नहीं है ॥ ३५ ॥

फलं कामयमानास्ते चैहिकामुष्मिकादिकम् ॥
क्षयिष्णवल्पं सातिशयं ततः कर्मफलं मतम्३६॥

जे इसलोक और परलोकमें अनेक प्रकारके फलकी इच्छा करनेवाले हैं, उनको कर्मानुसार फल मिलता है, वे सुख भोगकरभी थोडे कालों इस लोकमें प्राप्त होते हैं, कारण कि, उन्हें तो कर्म-फलही इष्ट है और कर्मफल क्षय होनेवाला है। तथा थोडा और ऐसे

लोकोंमें उन फलोंको भोगते हैं जहां जहां अल्प सुख है और शीघ्र नष्ट हो जाता है ॥ २६ ॥

तदविज्ञाय कर्माणि ये कुर्वन्ति नराधमाः ॥
मातुः पतन्ति ते गर्भे मृत्योर्वक्त्रे पुनःपुनः॥२७॥

इस बातको न जानकर जो अधम मनुष्य कर्मोंको करतेहैं, वे माताके गर्भमें उत्पन्न होकर वारंवार मृत्युके मुखमें पडते हैं ॥२७॥

नानायोनिषु जातस्य देहिनो यस्य कस्यचित्॥
कोटिजन्मार्जितैः पुण्यैर्मयि भक्तिःप्रजायते२८।

अनेक प्रकारकी योनियोंमें उत्पन्न हुए किसी एक प्राणीकी करोडों जन्मके संचित किये पुण्यसे मेरे विषे भक्ति होतीहै ॥ २८ ॥

स एव लभते ज्ञानं मद्भक्तः श्रद्धयान्वितः ॥
नान्यकर्माणि कुर्वाणो जन्मकोटिशतैरपि ॥२९॥

वही श्रद्धायुक्त मेरा भक्त ज्ञानको प्राप्त होता है और दूसरा करोडों जन्मभी कर्म करनेसे मुझे प्राप्त नहीं होता ॥ २९ ॥

ततः सर्वं परित्यज्य मद्भक्तिं सम्यगाहर ॥
सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ॥ ३० ॥

अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥

इसकारण हे राम ! और सब त्यागनकर केवल मेरी भक्ति करो दूसरे और सब धर्मोंको त्यागन करके एक मेरी शरणमें प्राप्त हो मैं तुमको सब पापोंसे छुडाकर मुक्तकर दूंगा तुम शोच कुछ मत करो ॥ ४० ॥

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ४१॥
यत्तपस्यसि राम त्वं तत्कुरुष्व मदर्पणम् ॥
ततः परतरा नास्ति भक्तिर्मयि रघूत्तम ॥ ४२ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासू०

शिवराघवसंवादे पञ्चकोशोपपादनं नाम

चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

हे राम ! तुम जो कुछ कर्म करते जो भोजन करते जो हवन करते और जो देते हो तथा जो तप करते हो वह सब मेरे अर्पण करो, हे राम ! इससे अधिक मेरेमें दृढ भक्ति होनेका दूसरा साधन नहीं है, इसका तात्पर्य यह है कि, शरीर इन्द्रिय और प्राण तथा

मनके जो जो धर्म हैं उनका त्याग करके मुझको आश्रित हो अर्थात् मुझे प्राप्त हो ॥ ४१ ॥ ४२ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे शिवगीता० शिवरामवसंवादे
चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

श्रीराम उवाच ।

भक्तिस्ते कीदृशी देव जायते वा कथंचन ॥
यया निर्वाणरूपत्वं लभते मोक्षमुत्तमम् ॥
तद्ब्रूहि गिरिजाकान्त मयि तेऽनुग्रहो यदि ॥ १ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले, हे भगवन् ! आपकी भक्ति कैसी है और वह किसप्रकार उत्पन्न होती है जिसके प्राप्त होनेसे यह जीव निर्वाण हो जाता है और मुक्तपदवी प्राप्त करता है, हे शंकर ! वह आप सब वर्णन कीजिये, जिससे संसारसे निवृत्ति प्राप्त हो ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

यो वेदाध्ययनं यज्ञं दानानि विविधानि च ॥
मदर्पणधिया कुर्यात्स मे भक्तः स मे प्रियः ॥ २ ॥

शिवजी बोले जो वेदाध्ययन दान यज्ञ सम्पूर्ण मेरेमें अर्पणकी बुद्धिसे करता है, वह मेरा भक्त और मेरा प्रिय है यह इसप्रकार है कि "आत्मा त्वं गिरिजा मतिः सहचराः प्राणाः शरीरं गृहं पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रा समाधिस्थितिः ॥ संचारः

पदयोः प्रदक्षिणविधिः स्तोत्राणि सर्वा गिरो यद्यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम् ॥ १ ॥" अर्थ यह कि, यह शरीर शिवालय है, इसमें सच्चिदानन्द आप हो, बुद्धिरूप श्रीपार्वतीजी हैं, आपके साथ चलनेवाले नौकर प्राण है और जो मैं विषयानन्दके निमित्त खाता पीता देखता सुनता हूं, बोलता स्पर्श करताहूं, यही आपकी पूजा है, निद्रा समाधि है, फिरना आपकी प्रदक्षिणा है, वचन आपकी स्तुति है, हे शिव ! इसप्रकार मैं आपका आराधन करताहूँ, आप मेरे ऊपर कृपाकरो, इसप्रकार आराधन करे कर्मोंको ऐसे मेरे अर्पण करे ॥ २ ॥

नर्यभस्म समादाय विशुद्धं श्रोत्रियालयात् ॥
अग्निरित्यादिभिर्मन्त्रैरभिमंत्र्य यथाविधि ॥ ३॥

अग्निहोत्रकी पवित्र भस्म लाकर अथवा श्रोत्रिय ब्राह्मणके स्थानसे लाकर "अग्निरिति भस्म" इत्यादि मन्त्रोंसे यथाविधि अभिमंत्रित कर ॥ ३ ॥

उद्धूलयति गात्राणि तेन चार्चति मामपि ॥
तस्मात्परतरा भक्तिर्मम राम न विद्यते ॥ ४ ॥

अपने शरीरमें उसे लगाकर और भस्मद्वाराही जो मेरा अर्चन करताहै, हे राम ! उससे अधिक मेरी भक्ति करनेवाला दूसरा नहीं है ॥ ४ ॥

सर्वदा शिरसा कण्ठे रुद्राक्षान्धारयेतु यः ॥
पञ्चाक्षरीजपरतः स मे भक्तः स मे प्रियः ॥ ५ ॥

जो प्राणी मस्तक और कण्ठमें रुद्राक्षको धारण करता है और (नमः शिवाय) इस पंचाक्षरी विद्याका जप करता है वह मेरा भक्त है और मुझे प्यारा है ॥ ५ ॥

भस्मच्छन्नो भस्मशायी सर्वदा विजितेन्द्रियः ॥
यस्तु रुद्रं जपेन्नित्यं चिन्तयेन्मामनन्यधीः ॥६॥

भस्म लगानेवाला, भस्मपर शयन करनेवाला, सदा जितेन्द्रिय जो सदा रुद्रसूक्त जपता और अनन्य बुद्धिसे मेरा चिन्तन करता है ॥ ६ ॥

स तैनैव च देहेन शिवः संजायते स्वयम् ॥
जपेद्यो रुद्रसूक्तानि तथाथर्वशिरः परम् ॥ ७ ॥

वह उसी देहसे शिवस्वरूप होजाता है, जो रुद्रसूक्त वा अथर्वशीर्ष मन्त्रोंका जप करताहै ॥ ७ ॥

कैवल्योपनिषत्सूक्तं श्वेताश्वतरमेव च ॥
ततः परतरो भक्तो मम लोके न विद्यते ॥ ८ ॥

कैवल्योपनिषद् वा श्वेताश्वतर उपनिषद्का जो जप करता है उससे अधिक मेरा दूसरा भक्त इस लोकमें नहीं है ॥ ८ ॥

अन्यत्र धर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात् ॥
अन्यत्र भूताद्भव्याच्च यत्प्रवक्ष्यामि तच्छृणु॥९॥

धर्मसे विलक्षण, अधर्मसे विलक्षण, कार्य और कारणसेभी परे, भूत और भविष्यकालसे भी परे जिसको मै कहता हूँ सो तू सुन ॥ ९ ॥

वदंति यत्पदं वेदाः शास्त्राणि विविधानि च ॥
सर्वोपनिषदां सारं दध्नो घृतमिवोद्धृतम् ॥१०॥

जिस वस्तुको वेद और सब शास्त्र वर्णन करतेहै. जो संपूर्ण उपनिषदोंमेंसे सार ग्रहण कियाहै जैसे दहीमेंसे घृत ॥ १० ॥

यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति मुनयः सदा ॥
तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमिति यत्पदम् ॥११॥

जिसकी इच्छा करके मुनिजन ब्रह्मचर्य धारण करतेहै. वह अकार उकार मकारात्मक हमारा पद है, सो मै तुझसे संक्षेपसे वर्णन करताहूँ ॥ ११ ॥

एतदेवाक्षरं ब्रह्म चैतदेवाक्षरं परम् ॥
एतदेवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् १२

यही अक्षर परब्रह्म और सगुणब्रह्म, निर्गुणब्रह्म है, इसी अक्षर ब्रह्मके जाननेसे ब्रह्मलोकको प्राप्त होकर मुक्त होजाताहै ॥ १२ ॥

एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ॥
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते ॥ १२ ॥

यही उत्तम आधार है, यही उत्तम तारक है. इसको जानके ब्रह्मलोकमें पूजित होताहै ॥ १२ ॥

छन्दसां यस्तु धेनूनामृषभत्वेन चोदितः ॥
इदमेवावधिः सेतुरमृतस्य च धारणात् ॥ १४ ॥

जो वेदरूपी धेनुओंमें श्रेष्ठ है ऐसा वेदान्त प्रतिपादन करताहै यही मोक्षका धारण करनेवाला और संसारसागरका सेतु है, तथा च श्रुतिः "यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपश्छन्दोभ्योऽध्यमृतात्संबभूव" इति नै० ॥ १४ ॥

मेदसा पिहितं कोशं ब्रह्मणो यत्परं मतम् ॥
चतस्रस्तस्य मात्राः स्युरकारोकारकौ तथा १५॥

वह वस्तु क्या है अब उसका वर्णन करते हैं, वह मेदसे आच्छादित हुए कोश अर्थात् हृदयाकाशमें जो ब्रह्म है उसे ओंकार कहते हैं. यही परम मंत्र है और इसीमें सब लोक निवास करतेहैं, तथा च श्रुतिः-"सोऽयमात्माऽध्यक्षरमोंकारोधिमात्रं पादमात्रा मात्राश्च पादा अकार उकारो मकारः" इति माण्डू०

"ओमिति ब्रह्म। ओमितीदं सर्वम्।" अर्थात् यह ओंकारही ब्रह्म और सब कुछ है॥ १५॥

मकारश्चावसानेऽर्धमात्रेति परिकीर्तिता॥
पूर्वत्र भूश्च ऋग्वेदो ब्रह्माष्टवसवस्तथा॥
गार्हपत्यश्च गायत्री गङ्गा प्रातःसवस्तथा॥१६॥

उसकी चार मात्रा हैं अकार उकार और मकार और अन्तकी कारणरूप आधी मात्रा है पहली अकाररूप मात्रामें भूर्लोक, ऋग्वेद, ब्रह्मदेव, आठवसु, गार्हपत्य अग्नि, गायत्री छन्द, और प्रातःसवन यह आठ देव निवास करते हैं॥ १६॥

द्वितीया च भुवो विष्णू रुद्रोऽनुष्टुब्यजुस्तथा॥
यमुना दक्षिणाग्निश्च माध्यन्दिनसवस्तथा॥१७॥

दूसरी उकार मात्रामें भुवर्लोक, विष्णु, रुद्र, अनुष्टुप् छन्द, यजुर्वेद, यमुनानदी, दक्षिणाग्नि, माध्यंदिन सवन यह देवता निवास करते है॥ १७॥

तृतीया च सवः सामान्यादित्यश्च महेश्वरः॥
अग्निराहवनीयश्च जगती च सरस्वती॥ १८॥

तीसरी मकार मात्रामें स्वर्लोक, सामवेद, आदित्य, महेश्वर, आहवनीयाग्नि, जगती छन्द और सरस्वती नदी ॥ १८ ॥

तृतीयं सवनं प्रोक्तमथर्वत्वेन यन्मतम् ॥
चतुर्थी यावसानेऽर्धमात्रा सा सोमलोकगा॥ १९॥

और अथर्ववेद तृतीयसवन यह वास करते हैं, और जो चौथी मात्रा है वह सोमलोक ॥ १९ ॥

अथर्वाङ्गिरसः संवर्तकोऽग्निर्महरुतस्तथा ॥
विराट् सभ्यावसथ्यौ च शुतुद्रिर्यज्ञपुच्छकम् २० ॥

अथर्वांगिरस गाथा संवर्तक अग्नि, महर्लोक, विराट्, सभ्य और आवसथ्य अग्नि, शुतुद्रीनदी और यज्ञपुच्छ यह देवता निवास करते हैं, "अमात्रश्चतुर्थोऽव्यक्तहार्य्यः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोङ्कार आत्मैव संविशत्यात्मनाऽऽत्मानं य एवं वेद य एवं वेद" अर्थात् जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति तीन अवस्थासे परे अमात्रिक तुरीया अवस्थारूप आत्माही है, यह वाचकवाच्यरूप वाणी मनका मूलअज्ञान दूर करनेसें व्यवहारके अयोग्य है, तथा प्रपंचरहित शिव स्वरूप और अद्वैत है ऐसे उच्चारण किया हुआ ओंकार आत्माही है ऐसे जो जानता है

वह अपने आत्मासे परमार्थरूप आत्मामें प्रवेश करताहै, और जन्मके कारणोंका लयकर फिर उत्पन्न नहीं होता ॥ २० ॥

प्रथमा रक्तवर्णा स्याद्द्वितीया भास्वरा मता ॥
तृतीया विद्युदाभा स्याच्चतुर्थी शुक्लवर्णिनी२१ ॥

पहली मात्रा रक्तवर्ण, दूसरी भास्वर (प्रकाशयुक्त) वर्ण, तीसरी बिजलीके वर्णको तथा चौथी मात्रा शुभ्र वर्ण है ॥ २१ ॥

सर्वं जातं जायमानं तदोङ्कारे प्रतिष्ठितम् ॥
विश्वं भूतं च भुवनं विचित्रं बहुधा तथा॥२२॥

जो कुछ उत्पन्न हुआहै और जो कुछ उत्पन्न होगा स्थावर जंगमात्मक अनेक प्रकारका यह जगत् ॐकारमेंही प्रतिष्ठित है ॥ २२ ॥

जातं च जायमानं च तत्सर्वं रुद्र उच्यते ॥
तस्मिन्नेव पुनः प्राणाः सर्वमोङ्कार उच्यते ॥२३॥

भूत भविष्यरूप यह संसार रुद्ररूपही है, और रुद्रमें प्राण और उसमें भी ॐकार स्थित है, तात्पर्य यह है शिव और ॐकार एकस्वरूप हैं ॥ २३ ॥

प्रविलीनं तदोङ्कारे परं ब्रह्म सनातनम् ॥
तस्मादोङ्कारजापी यः स मुक्तो नात्र संशयः२४॥

वह शिवरूप सनातन ब्रह्म ॐकारमेंही वर्तमान है इसकारण ॐकारका जपनेहारा निःसन्देह मुक्त होजाताहै ॥ २४ ॥

श्रौताग्नेः स्मार्तवह्नेर्वा शैवाग्नेर्वा समाहृतम् ॥
भस्माभिमन्त्र्य यो मां तु प्रणवेन प्रपूजयेत् ॥
तस्मात्परतरो भक्त इह लोके न विद्यते ॥ २५ ॥

श्रौत अग्निसे अथवा स्मार्त अग्निसे अथवा शैवाग्निसे उत्पन्न हुई भस्मको जो ॐकारसे अभिमंत्रित करके ॐकारद्वारा जो मेरा पूजन करताहै, उससे अधिक संसारमें मेरा दूसरा प्रियभक्त नहीं है ॥ २५ ॥

शालाग्नेर्दाववह्नेर्वा भस्मादायाभिमन्त्रितम् ॥
यो विलिम्पति गात्राणि स शूद्रोऽपि विमुच्यते २६

घरकी अग्नि वनकी अग्निकी भस्मको ॐकारसे अभिमंत्रित करके जो अपने शरीरमें लगावे वह शूद्रभी मुक्तिको प्राप्त होजाताहै ॥ २६ ॥

कुशपुष्पैर्बिल्वदलैः पुष्पैर्वा गिरिसंभवैः ॥
यो मामर्चयते नित्यं प्रणवेन प्रियो हि सः॥२७॥

दर्भाङ्कुर, बिल्वपत्र तथा औरभी वनके पर्वतके उत्पन्न हुए फूलोंसे ॐकारद्वारा जो मेरी नित्य पूजा करताहै वह मेरा प्रिय है ॥ २७ ॥

पुष्पं फलं समूलं वा पत्रं सलिलमेव वा ॥
यो दद्यात्प्रणवे मह्यं तत्कोटिगुणितं भवेत्॥२८॥

पुष्प, फल, मूल, पत्र किंवा जलसे जो ओंकारयुक्त मेरे निमित्त दान करताहै, वह करोड गुना होजाताहै ॥ २८ ॥

अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ॥
ये स्यास्त्यध्ययनं नित्यं स मे भक्तः स मे प्रियः२९

किसी प्राणीमात्रकी हिंसा न करनी, सत्य बोलना, चोरी न करनी, बाह्याभ्यंतर शौचयुक्त, इन्द्रियनिग्रह करनेवाले, वेदाध्ययनमें तत्पर जो मेरे भक्त हैं वे मेरे प्यारे हैं ॥ २९ ॥

प्रदोषे यो मम स्थानं गत्वा पूजयते तु माम् ॥
स परां श्रियमाप्नोति पश्चान्मयि विलीयते ३०

जो कोई प्रदोषके समय मेरे स्थानमें जाकर मेरी पूजा करता है, वह अत्यन्त लक्ष्मीको प्राप्त होताहै, और अन्तमें मुझमें लय होजाताहै ॥ ३० ॥

अष्टम्यां च चतुर्दश्यां पर्वणोरुभयोरपि ॥
भूतिभूषितसर्वांगो यः पूजयति मां निशि ॥
कृष्णपक्षे विशेषेण स मे भक्तः स मे प्रियः ॥३१॥

अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा, अमावास्या, इन तिथियोंमें जो सर्वांगमें भस्म लगाकर रात्रिके समय मेरा पूजन करताहै वह मेरा भक्त और प्रिय है ॥ ३१ ॥

एकादश्यामुपोष्यैव यः पूजयति मां निशि ॥
सोमवारे विशेषेण स मे भक्तो न नश्यति ॥३२॥

जो एकादशीके दिन व्रत रहकर प्रदोषके समय मेरा पूजन करता है और विशेष करके जो सोमवारके दिन मेरा पूजन करता है, वह मेरा भक्त मुझे प्रिय है ॥ ३२ ॥

पञ्चामृतैः स्नापयेद्यः पञ्चगव्येन वा पुनः ॥
पुष्पोदकैः कुशजलैस्तस्मान्नान्यः प्रियो मम३३

जो पंचामृत, पंचगव्य, पुष्प, सुगन्धयुक्त जल अथवा कुशके जलसे मुझे स्नान कराता है उससे अधिक मेरा कोई प्रिय नहीं है ॥ ३३ ॥

पयसा सर्पिषा वापि मधुनेक्षुरसेन वा ॥
पक्वाम्रफलजेनापि नारिकेलजलेन वा ॥ ३४ ॥

दूध, घृत, मधु, इक्षुरस (गन्नेका रस) पके आमके फल अथवा नारियलके जलसे ॥ ३४ ॥

गन्धोदकेन वा मां यो रुद्रमन्त्रमनुस्मरेत् ॥
अभिषिञ्चेत्ततो नान्यः कश्चित्प्रियतरो मम॥३५

अथवा जो गंधयुक्त जलसे रुद्रमंत्र उच्चारण करता हुआ मेरा अभिषेक करताहै उसको अधिक प्यारा दूसरा मुझे नहीं है ॥ ३५ ॥

आदित्याभिमुखो भूत्वा ऊर्ध्वबाहुर्जले स्थितः ॥
मां ध्यायन्नविलम्बस्थमथर्वांगिरसं जपेत्॥३६॥
शरीरेऽस्मिन् शरीरेऽसौ गृहं गृहपतिर्यथा ॥
बृहद्रथन्तरं वामदेव्यं देवव्रतानि च ॥ ३७ ॥

और जो जलमें स्थित हो सूर्यकी ओर मुख किये ऊपरको बाँहें उठाये सूर्यके बिंबमें मेरा ध्यान करता हुआ अथर्वांगिरसका जप करताहै वह इस प्रकार मेरे शरीरमें प्रवेश करताहै, जैसे गृहपति घरमें प्रवेश करता है और बृहद्रथन्तर वामदेव और देवव्रत सामको ॥ ३६ ॥ ३७॥

सद्योगानाज्यदोहांश्च यो गायति ममाग्रतः ॥
इह श्रियं परां भुक्त्वा मम सायुज्यमाप्नुयात् ३८॥

तथा योग आज्यदोह मन्त्रोंको जो मेरे आगे गान करताहै, वह इस लोकमें परम सुखको भोगकर, अन्तमें मेरे स्थानको प्राप्त होता है ॥ ३८ ॥

ईशावास्यादिमन्त्राणां जपेन्नित्यं ममाग्रतः ॥
मत्सायुज्यमवाप्नोति मम लोके महीयते ॥२९॥

अथवा जो ईशावास्यादि मंत्रोंको सावधान हो मेरे सन्मुख जप करताहै वह मेरी सायुज्य मुक्तिको प्राप्त हो मेरे लोकमें अक्षय सुख भोग करताहै ॥ २९ ॥

भक्तियोगो मया प्रोक्त एवं रघुकुलोद्वह ॥
सर्वकामप्रदो मत्तः किमन्यच्छ्रोतुमिच्छसि ३०॥
इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरभागे शिवगीतासू० शिवरा-
घवसंवादे भक्तियोगो नाम पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

हे रघुनाथजी ! यह मैंने भक्तियोग तुम्हारे प्रति वर्णन किया यह मनुष्योंको सब कामनाका देनेहारा है अब और क्या सुननेकी इच्छा करते हो ॥ ३० ॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखण्डे शिवरामसंवादे भक्तियोगो नाम पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

श्रीराम उवाच !

भगवन्मोक्षमार्गो यस्त्वया सम्यगुदाहृतः ॥
तत्राधिकारिणं ब्रूहि तन्न मे संशयो महान् ॥ १ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले-हे भगवन्! आपने मोक्षमार्ग सम्पूर्ण वर्णन किया अब इसका अधिकारी कहिये. इसमें मुझको बड़ा संदेह है. आप विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिये ॥ १ ॥

॥ श्रीभगवानुवाच ॥

ब्रह्मक्षत्रविशः शूद्राः स्त्रियश्चात्राधिकारिणः ॥
ब्रह्मचारी गृहस्थो वाऽनुपनीतोथवा द्विजः ॥ २॥

श्रीभगवान् बोले-हे राम ! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, स्त्री, ब्रह्मचारी, गृहस्थ तथा विना यज्ञोपवीत हुआ ब्राह्मण ॥ २ ॥

वनस्थो वाऽवनस्थो वा यतिः पाशुपतव्रती ॥
बहुनात्र किमुक्तेन यस्य भक्तिः शिवार्चने ॥ ३॥

वानप्रस्थ, जिसकी स्त्री मृतक होगई हो, संन्यासी, पाशुपतव्रत करनेहारे इसके अधिकारी हैं और बहुत कहनेसे क्याहै जिसके अन्तःकरणमें शिवजीके पूजनकी प्रबल भक्ति हो ॥ ३ ॥

स एवात्राधिकारी स्यान्नान्यचित्तः कथञ्चन ॥
जडोऽन्धो बधिरो मूकोनिःशौचः कर्मवर्जितः ४

वही इसमें अधिकारी है और जिसका चित्त दूसरी ओर लगाहुआ है वह इसमें अधिकारी नहीं, तथा मूर्ख अंधे बहरे मूक शौचाचाररहित, स्नान संध्यादि विहित कर्मोंसे रहित ॥ ४ ॥

अज्ञोपहासंकाभक्ता भूतिरुद्राक्षधारिणः ॥
लिंगिनो यश्च वा द्वेष्टि ते नैवात्राधिकारिणः ५॥

अज्ञोंका उपहास करनेवाले, भक्तिहीन, विभूति रुद्राक्ष-धारी पाशुपतव्रतवालोंसे द्वेष करनेवाले चिह्नधारी इनमेंसे किसी-काभी इस शास्त्रमें अधिकार नहीं है ॥ ५ ॥

यो मां गुरुं पाशुपतव्रतं द्वेष्टि धराधिप ॥
विष्णुं वा न स मुच्येत जन्मकोटिशतैरपि ॥ ६॥
अनेककर्मसक्तोऽपि शिवज्ञानविवर्जितः ॥
शिवभक्तिविहीनश्च संसारी नैव मुच्यते ॥ ७ ॥

जो मुझसे ब्रह्मके उपदेश करनेवाले गुरुसे पाशुपतके ब्रह्म-धारण करनेवालोंसे वा विष्णुसे द्वेष करताहै, उसका करोड़ों जन्ममें भी उद्धार नहीं होता, आज कलके उन पुरुषोंको इस श्लोकके ऊपर विचार करना चाहिये, जो अज्ञानवश एक दूसरेसे द्रोह करतेहैं. वह सब एकही रूप है, शिव तथा विष्णुमें कोई भी भेद नहीं है, भेद माननेवालोंकी गति नहीं होती इसमें प्रमाण (स ब्रह्म स शिवः स हरिः सेंद्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट्) अर्थात् वही परमात्मा शिव हरि इन्द्र अक्षर परम स्वराट् है (एकं रूपं बहुधा यः करोति) वही एक अनेक

रूपको धारण करता है और चाहे अनेक प्रकारके यज्ञादिकर्म-में तत्पर हो, और शिवज्ञानसे रहित हो तो शिवकी भक्ति न होनेके कारण वह संसारसे मुक्त नहीं होता ॥ ६ ॥ ७ ॥

आसक्ताः फलरागेण ये त्ववैदिककर्मणि ॥
दृष्टमात्रफलास्ते तु न भक्ता विधिकारिणः ॥ ८॥

जो वेदबाह्य धर्मोंमें केवल फलकी इच्छा करके आसक्त होतेहैं, उन्हें केवल दृष्टमात्र फलकी प्राप्ति होती है वे मोक्ष शास्त्रके अधिकारी नहीं हैं ॥ ८ ॥

अविमुक्ते द्वारकायां श्रीशैले पुण्डरीकके ॥
देहान्ते तारकं ब्रह्म लभते मदनुग्रहात् ॥ ९ ॥

काशी, द्वारका, श्रीशैल पर्वत, व्याघ्रवन, इन क्षेत्रोंमें शरीर त्यागनेसे इस पुरुषके मेरी कृपासे तारक ब्रह्मकी प्राप्ति होती है ॥ ९ ॥

यस्य हस्तौ च पादौ च मनश्चैव सुसंयतम् ॥
विद्या तपश्च कीर्तिश्च स तीर्थफलमश्नुते ॥१०॥

जिसके हाथ पैर और सम्पूर्ण इन्द्रिय, तथा मन वशमें है विद्या तप और कीर्ति विद्यमानहै, वही तीर्थका फल प्राप्त करते हैं विकारी मनवाले तीर्थका फल प्राप्त नहीं करसके ॥ १० ॥

विप्रस्यानुपनीतस्य विधिरेवमुदाहृतः ॥
नाभिव्याहारयेद्ब्रह्म स्वधानिनयनाहते ॥ ११ ॥

जिस ब्राह्मणका यज्ञोपवीत नहीं हुआ है उसे अधिकार है परन्तु वह वेदका उच्चारण नहीं करसक्ता केवल माता पिताके श्राद्धकर्ममें उच्चारण करसक्ता है ॥ ११ ॥

स शूद्रेण समस्तावद्यावद्वेदान्न जायते ॥
नामसंकीर्तने ध्याने सर्व एवाधिकारिणः ॥१२॥

जबतक ब्राह्मणका उपनयन नहीं होता, तबतक वह शूद्रकी ही समान है, नाम संकीर्तन और ध्यानमें तो सब ही अधिकारी है ॥ १२ ॥

संसारान्मुच्यते जन्तुः शिवतादात्म्यभावनात्
तथा ज्ञानं तपो वेदाध्ययनं चान्यकर्म वा ॥
सहस्रांशं तु नार्हन्ति सर्वदा ध्यानकर्मणः॥१३॥

शिवजीमें तादात्म्य ध्यानसे अर्थात् (शिवोऽहं) इस प्रकार अन्तःकरणकी एक वृत्ति करनेसे यह प्राणी संसारके पार हो जाता है, जिस प्रकार ध्यान तप वेदाध्ययन तथा दूसरे कर्म हैं, वे यह ध्यान करनेके सहस्र भागकी भी तो समान नहीं होसक्ते ॥१३॥

जातिमाश्रममङ्गानि देशं कालमथापि वा ॥
आसनादीनि कर्माणि ध्यानं नापेक्षते क्वचित् १४

जाति, आश्रम, अंग, देश, काल, किंवा आसनादि साधन, यह कोईभी ध्यानयोगकी समान नहीं हैं ॥ १४ ॥

गच्छंस्तिष्ठञ्जपन्वापि शयानो वाऽन्यकर्मणि ॥
पातकेनापि वा युक्तो ध्यानादेव विमुच्यते॥१५॥

चलते फिरते बैठते उठते बोलते शयन करते, अथवा दूसरे कार्योंमेंभी युक्तहो, और अनेक पातकोंसे युक्तहो, यहभी ध्यान करनेसे मुक्त होजाताहै ॥ १५ ॥

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते ॥
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात् १६॥

इस ध्यानयोगके करनेसे नाश नहीं होता, नित्यनैमित्तिक कर्मकी समान इसमें प्रत्यवाय नहीं है, यह थोडासा अनुष्ठान कियाभी प्राणीको महाभयसे रक्षा करताहै ॥ १६ ॥

आश्चर्ये वा भये शोके क्षुते वा मम नाम यः ॥
व्याजेन वा स्मरेत्तस्तु स याति परमां गतिम् १७

अतिआश्चर्य अथवा भय और शोक प्राप्त हुआहो वा छींकने

अथवा और कोई रोगमें जो किसी बहानेसेभी मेरा नाम उच्चारण करताहै वह परमगतिको प्राप्त होजाताहै ॥ १७ ॥

महापापैरपि स्पृष्टो देहान्ते यस्तु मां स्मरेत् ॥
पञ्चाक्षरीं वोच्चरति स मुक्तो नात्र संशयः ॥१८॥

महापापीभी यदि देहान्तमें मेरा स्मरण करे तो 'नमः शिवाय' इस पंचाक्षरी विद्याका उच्चारण करे तो निःसंदेह उसकी मुक्ति होजातीहै ॥ १८ ॥

विश्वं शिवमयं यस्तु पश्यत्यात्मानमात्मना ॥
तस्य क्षेत्रेषु तीर्थेषु किं कार्यं वान्यकर्मसु॥१९॥

जो अपने आत्मासेही आत्माको देखते सब संसारको शिवरूप देखते हैं उनको क्षेत्र तीर्थ वा दूसरे कर्मोंके करनेसे क्या लाभ है, उन्हें करनेकी आवश्यकता नहीं ॥ १९ ॥

सर्वेण सर्वदा कार्यं भूतिरुद्राक्षधारणम् ॥
नित्यं शिवं शिवोक्तेन शिवभक्तिमभीप्सता २०

विभूति और रुद्राक्ष सदा सबको धारण करना चाहिये, शिवभक्ति करनेवाले योगी हों अथवा नहों सब रुद्राक्ष धारण करें जिन्हें शिवभक्ति प्राप्त होनेकी इच्छा हो ॥ २० ॥

नरोभस्मसमायुक्तो रुद्राक्षान्यस्तु धारयेत् ॥
महापापैरपि स्पृष्टो मुच्यते नात्र संशयः ॥२१॥

जो अग्निहोत्रकी भस्म और रुद्राक्षको धारण करता है, वह महापापी होगा तौभी निःसन्देह मुक्त होजायगा ॥ २१ ॥

अन्यानि शैवकर्माणि करोतु न करोतु वा ॥
शिवनाम जपेद्यस्तु सर्वदा मुच्यते तु सः॥२२॥

और शिवउपासनके कर्म करै अथवा न करै जो केवल शिवका नामभी जपता है वह सदा मुक्तस्वरूप है ॥ २२ ॥

अन्तकाले तु रुद्राक्षान्विभूतिं धारयेत्तु यः ॥
महापापोपपापौघैरपि स्पृष्टो नराधमः ॥ २३ ॥
सर्वथा नोपसर्पन्ति तं जनं यमकिंकराः ॥२४॥

अन्तकालमें जो रुद्राक्ष और विभूतिको धारण करता है, उसे चाहै महापाप भी लगेहों नरोंमें नीचभी हो किसी प्रकारसे भी यमके दूत उसे स्पर्श करनेको समर्थ नहीं होते ॥ २३ ॥ २४ ॥

बिल्वमूलमृदा यस्तु शरीरमुपलिम्पति ॥
अन्तकालेऽन्तकजनैः स दूरीक्रियते नरः॥२५॥

जो कोई बेल वृक्षके जडकी मट्टी शरीरमें लगाता है, उसके निकट यमदूत किसी प्रकारसे नहीं आसक्ते ॥ २५ ॥

श्रीराम उवाच ।

भगवन्पूजितः क्वेन क्वेन वा त्वं प्रसीदसि ॥
तद्ब्रूहि मम जिज्ञासा वर्तते महती विभो ॥२६॥

श्रीरामचंद्र बोले-हे भगवन् ! किन मूर्तियोंमें पूजन करनेसे आप प्रसन्न होतेहो, यह जाननेकी मुझे बडी इच्छा है, सो आप कृपाकर कहिये ॥ २६ ॥

ईश्वर उवाच ।

मृदा वा गोमयेनापि भस्मना चन्दनेन वा ॥
सिक्तासिकतया वा पाषाणेनापि निर्मिता ॥
लोहेन वाथ रङ्गेण कांस्यस्वर्णरूपितलैः ॥ २७ ॥

श्रीभगवान् बोले, मृत्तिका, गोबर, भस्म, चंदन, बालुका, काष्ठ, पाषाण, लोहखण्ड, केशरादि रंग, कांसी, स्वर्ण (जस्त) पीतल ॥ २७ ॥

ताम्ररौप्यसुवर्णैर्वा रत्नैर्नानाविधैरपि ॥
अथवा पारदेनैव कर्पूरेणाथवा कृता ॥ २८ ॥

तांबा, रूपा, सुवर्ण, अथवा अनेक प्रकारके रत्न पारा अथवा कपूर ॥ २८ ॥

प्रतिमा शिवलिंगं वा द्रव्यैरेतैः कृतं तु यत् ॥
तत्र मां पूजयेत्तेषु फलं कोटिगुणोत्तरम् ॥ २९ ॥

इनमें जो अपनेको प्राप्त होसके और जो इष्ट हो उससे शिवलिंगकी मूर्ति निर्माण करे, इस प्रकार प्रीतिसे मेरी उपासना करे तो कोटिगुणा फल होता है ॥ २९ ॥

मृद्दारुकांस्यलोहैश्च पाषाणेनापि निर्मिता ॥
गृहिणां प्रतिमा कार्या शिवं शश्वदभीप्सता ३० ॥

गृहस्थी पुरुषोंको उचित है कि, मृत्तिका काष्ठ लोह कांसी अथवा पाषाणकी प्रतिमा करें, उसमें पूजन करनेसे गृहस्थियोंका सदा आनंदकी प्राप्ति होती है ॥ ३० ॥

आयुः श्रियं कुलं धर्मं पुत्रानाप्नोति तैः क्रमात् ॥
बिल्ववृक्षे तत्फले वा यो मां पूजयते नरः ॥ ३१ ॥

मृत्तिकाकी प्रतिमा पूजन करनेसे आयु, काष्ठकी प्रतिमा पूजन करनेसे सम्पत्ति, कांस्यकी पूजन करनेसे कुलवृद्धि, लोहकी प्रतिमा पूजन करनेमें धर्मबुद्धि, पाषाणकी प्रतिमा पूजन करनेसे पुत्रप्राप्ति, क्रमसे होती है, बिल्ववृक्षके नीचे अथवा उसके फलमें जो मेरी आराधना करता है ॥ ३१ ॥

परां श्रियमिह प्राप्य मम लोके महीयते ॥
बिल्ववृक्षंसामाश्रित्य यो मन्त्रान्विधिनाजपेत् ॥

इस लोकमें महालक्ष्मीको प्राप्त होकर अन्तमें शिवलोकको प्राप्त होता है और बिल्ववृक्षके नीचे बैठकर जो विधिपूर्वक मंत्रोंको जपे ॥ ३२ ॥

एके न दिवसेनैव तत्पुरश्चरणं भवेत् ॥
यस्तु बिल्वनने नित्यं कुटिं कृत्वा वसेन्नरः ॥३३॥

तो एकही दिनमें उस जप करनेवालेको पुरश्चरणका फल मिलता है, और जो मनुष्य बेलके वनमें कुटी बनाकर नित्य प्रति निवासकरे ॥ ३३ ॥

सर्वे मन्त्राः प्रसिद्ध्यन्ति जपमात्रेण केवलम् ॥
पर्वताग्रे नदीतीरे बिल्वमूले शिवालये ॥ ३४ ॥

उसके जप मात्रसेही सब मंत्र सिद्ध होजाते हैं, पर्वतके ऊपर नदीके किनारे बिल्वके नीचे शिवालयमें ॥ ३४ ॥

अग्निहोत्रे केशवस्य संनिधौ वा जपेत्तु यः ॥
नैवास्य विघ्नं कुर्वंति दानवा यक्षराक्षसाः ॥३५॥

अग्निहोत्रकी शालामें विष्णुके मंदिरमें जो मंत्रका जप करता है, दानव यक्ष राक्षस इसके जपमें विघ्न नहीं करसक्ते ॥ ३५ ॥

तं न स्पृशंति पापानि शिवसायुज्यमृच्छति ॥
स्थंडिले वा जले वह्नौ वायावाकाश एव वा२६॥

उसे कोई "पाप स्पर्श नहीं करसकता, वह शिवके सायुज्य लोकको प्राप्त होता है, पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश ॥ २६ ॥

गुरौ स्वात्मनि वा यो मां पूजयेत्प्रयतो नरः ॥
स कृत्स्नं फलमाप्नोति लवमात्रेण राघव ॥२७॥

पर्वत किंवा अपनी आत्माहीमें जो मनुष्य मेरा पूजन करताहै, एक लवमात्रकी पूजा करनेसे उसे सम्पूर्ण फल प्राप्त होताहै ॥ २७ ॥

आत्मपूजासमा नास्ति पूजा रघुकुलोद्भव ॥
मत्सायुज्यमवाप्नोति चण्डालोऽप्यात्मपूजया २८

हे राम ! अपने आत्मामें जो पूजन करता है, उसकी बराबर दूसरी पूजा नहीं. आत्मामें पूजन करनेहारा चाण्डालभी मेरे लोकको प्राप्त होताहै. "सम्पूर्ण शुभकर्म आत्माहीको अर्पण करना, उसीका विचार करना, पापाचरण न करना, यही क्षात्माकी पूजा है ॥ २८ ॥

सर्वान्कामानवाप्नोति मनुष्यः कम्बलासने ॥
कृष्णाजिने भवेन्मुक्तिर्मोक्षश्रीर्व्याघ्रचर्मणि २९॥

ऊर्णावस्त्रके आसनपर पूजा करनेसे मनुष्यको सब काम-नाकी प्राप्ति हो जाती है, मृगचर्मके आसनपर करनेसे मुक्ति और व्याघ्रचर्मपर पूजा करनेसे लक्ष्मीकी प्राप्ति होतीहै ॥ ३९ ॥

कुशासने भवेज्ज्ञानमारोग्यं पत्त्रनिर्मिते ॥
पाषाणे दुःखमाप्नोति काष्ठे नानाविधान्गदान् ४०

कुशासनपर बैठकर पूजा करनेसे ज्ञान, पत्रके आसनपर आरोग्यता, पाषाणके आसनपर दुःख और काष्ठके आसनपर पूजा करनेसे अनेक प्रकारके रोग होतेहैं ॥ ४० ॥

वस्त्रेण श्रियमाप्नोति भूमौ मन्त्रो न सिद्ध्यति ॥
प्राङ्मुखोदङ्मुखो वापि जपं पूजां समारभेत् ४१

वस्त्र पै बैठनेसे लक्ष्मीकी प्राप्ति और पृथ्वीपर बैठकर जपनेसे मंत्र सिद्ध नहीं होता, उत्तर वा पूर्वको मुखकर जप और पूजाका प्रारम्भ करना उचित है ॥ ४१ ॥

अथ मालाविधिं वक्ष्ये शृणुष्वावहितो नृप ॥
साम्राज्यं स्फाटिके स्यात्तु पुत्रजीवे परां श्रियम् ४२

हे रामचन्द्र ! सावधान होकर सुनो, अब मालाकी विधि कहता हूं स्फटिककी मालासे साम्राज्यपद प्राप्त होता पुत्रजीव जियापोतेकी मालासे अत्यन्त धनकी प्राप्ति होती है ॥ ४२ ॥

आत्मज्ञानं कुशग्रन्थौ रुद्राक्षाः सर्वकामदाः ॥
प्रवालैश्च कृता माला सर्वलोकवशप्रदा ॥ ४३ ॥

कुशकी ग्रंथिकी मालासे आत्मज्ञान, और रुद्राक्षकी मालासे सम्पूर्ण कार्योंकी सिद्धि होती है, प्रवाल (मूंगा) की मालासे सब लोकके वश करनेकी सामर्थ्य होती है ॥ ४३ ॥

मोक्षप्रदा च माला स्यादामलक्याः फलैः कृता ॥
मुक्ताफलैः कृता माला सर्वविद्याप्रदायिनी ॥ ४४ ॥

आमलेके फलोंकी माला मोक्षकी देनेवाली है, मोतियोंकी माला सम्पूर्ण विद्याओंकी देनेहारीहै ॥ ४४ ॥

माणिक्यरचिता माला त्रैलोक्यस्त्रीवशंकरी ॥
नीलैर्मरकतैर्वापि कृता शत्रुभयप्रदा ॥ ४५ ॥

माणिक्यकी माला त्रिलोकीको वश करनेहारी है, नील मरकत मणिकी माला शत्रुको भय देती है ॥ ४५ ॥

सुवर्णरचिता माला दद्याद्वै महतीं श्रियम् ॥
तथा रौप्यमयी माला कन्यां यच्छति कामिताम् ॥

सोनेकी बनी माला बडी शोभाको तथा लक्ष्मीको देती है, चांदीकी मालासे मनइच्छित कन्या प्राप्त होती है ॥ ४६ ॥

उक्तानां सर्वकामानां दायिनी पारदैः कृता ॥
अष्टोत्तरशता माला तत्र स्यादुत्तमोत्तमा ॥४७॥

और एक पारेकी माला जो औषधीद्वारा बनती है, वह सम्पूर्णही कामनाको प्राप्त करतीहै एक सौ आठ १०८ मणियोंकी माला सबसे उत्तम होती है ॥ ४७ ॥

शतसंख्योत्तमा माला पञ्चाशन्मध्यमा मता ॥
चतुःपञ्चाशती यद्वा अधमा सप्तविंशतिः ॥४८॥

सौ दानेकी उत्तम, पचास दानेकी मध्यम, अथवा ९४ दानेकी भी मध्यम है और सत्ताईस दानेकी माला अधम कहाती है ॥ ४८ ॥

अधमा पञ्चविंशत्या यदि स्याच्छतनिर्मिता
पञ्चाशदक्षराण्यत्रानुलोमप्रतिलोमतः ॥ ४९ ॥

पचीस दानोंकीभी अधम होती है, जो सौ दानोंकी माला हो पचास अक्षर (अ) से (ल) तक उलटे सीधे क्रमसे होसक्ते ह, अर्थात् मस्तक एकवार गिनसक्ता है ॥ ४९ ॥

इत्येवं स्थापयेत्स्पष्टं न कस्मैचित्प्रदर्शयेत् ॥५०॥

इसप्रकारसे स्पष्ट स्थापन करे, और किसीको माला न दिखावे गुप्त जपे ॥ ५० ॥

वर्णैर्विन्यस्तया यस्तु क्रियते मालया जपः ॥
एकवारेण तस्यैव पुरश्चर्या कृता भवेत् ॥ ५१ ॥

जो अक्षरोंकी कल्पना करके मालाद्वारा जा किया जाता है, वर्णविन्यास कल्पना से एकही वारमें उसका पुरश्चरण होजाता है ॥ ५१ ॥

सव्यपार्ष्णिं गुदे स्थाप्य दक्षिणं च ध्वजोपरि ॥
योनिमुद्राबन्ध एष भवेदासनमुत्तमम् ॥ ५२ ॥

बायां चरण गुदा स्थानपर रक्खे अर्थात् एडी लगावे और दहिना चरण उपस्थके ऊपर रखकर बैठे, यह उत्तम और अतिश्रेष्ठ योनिबंध आसन कहाताहै ॥ ५२ ॥

योनिमुद्रासने स्थित्वा प्रजपेद्यः समाहितः ॥
यं कंचिदपि वा मन्त्रं तस्य स्युः सर्वसिद्धयः ५३

जो योनिमुद्राके आसनसे बैठकर सावधान हो जप करताहै कोई मंत्र हो अवश्य सिद्धिकी प्राप्ति होजातीहै ॥ ५३ ॥

छिन्ना रुद्धाः स्तम्भिताश्च मिलिता मूर्च्छितास्तथा
सुप्ता मत्ता हीनवीर्या दग्धाः प्रत्यर्थिपक्षगाः ५४ ॥

छिन्न, रुद्ध, स्तंभित, मिलित, मूर्च्छित, सुप्त, मत्त, हीनवीर्य, दग्ध, त्रस्त, शत्रुपक्षके जाननेवाले यह मंत्र शास्त्रमें मंत्रोंके प्रकार लिखेहैं उनमें इनके लक्षण लिखे हैं कि, इस प्रकारका मंत्र ऐसा होताहै ॥ ५४ ॥

बाला यौवनमन्त्राश्च वृद्धा मत्ताश्च ये मताः ॥
योनिमुद्रासने स्थित्वा मन्त्रानेवंविधाञ्जपेत् ५५॥

तथा बालक, यौवन, वृद्ध, मत्त, इत्यादि किसीप्रकारकाभी दूषित मंत्र क्यों न हो योनिमुद्राके आसनसे जप करे तो सिद्ध होजाताहै ॥ ५५ ॥

तस्य सिद्ध्यन्ति ते मन्त्रा नान्यस्य तु कथंचन॥
प्रातं मुहूर्तमारभ्यामध्याह्नं प्रजपेन्मनुम् ॥५६॥
अत ऊर्ध्वं कृते जाप्ये विनाशाय भवेद्ध्रुवम् ॥
पुरश्चर्याविधावेवं सर्वकाम्यफलेष्वपि ॥ ५७ ॥

इसी मुद्रासे वे मंत्र सिद्ध होते हैं दूसरे प्रकारसे नहीं होते उषः कालसे लेकर मध्याह्न कालतक मंत्रका जप करना कहा है, इससे उपरान्त जपे तो कर्ताका नाश होता है यह सम्पूर्ण काम्यफलोंके पुरश्चरणकी विधिहैं ॥ ५६ ॥ ५७ ॥

नित्ये नैमित्तिके वापि तपश्चर्यासु वा पुनः ॥
सर्वदैव जपः कार्यो न दोषस्तत्र कश्चन ॥५८॥

नित्य नैमित्तिक तपश्चर्याका नियम नहीं है, चाहे जबतक जितनी इच्छाहो जप करता रहे, उसमे कुछ दोष नहीं होता ॥ ५८ ॥

यस्तु रुद्रं जपेन्नित्यं ध्यायमानो ममाकृतिम् ॥
षडक्षरं वा प्रणवं निष्कामो विजितेन्द्रियः ५९॥

जो मेरी मूर्तिका ध्यान करता हुआ निष्काम बुद्धिसे रुद्रजप, अथवा षडक्षर मंत्र ॐकार सहित जितेन्द्रिय होकर जपता (ॐनमः शिवाय) यह षडक्षर मंत्र है ॥ ५९ ॥

तथाथर्वशिरोमन्त्रं कैवल्यं वा रघूत्तम ॥
स तेनैव च देहेन शिवः संजायते स्वयम् ॥६०॥

हे राम ! अथवा अथर्वशीर्ष वा कैवल्य उपनिषदके जो मन्त्र जपताहै वह उसी देहसे स्वयं शिव होजाताहै अर्थात् साधुज्य मुक्तिको प्राप्त होताहै ॥ ६० ॥

अधीते शिवगीतां यो नित्यमेतां जितेन्द्रियः ॥
शृणुयाद्वा स मुक्तः स्यात्संसारान्नात्र संशयः ६१॥

जो नित्यप्रति शिवगीताको पढता और नित्य जप करता वा श्रवण करता है वह निःसन्देह संसारसे मुक्त हो जाताहै ॥ ६१ ॥

सूत उवाच ।

एवमुक्त्वा महादेवस्तत्रैवान्तरधीयत ॥
रामः कृतार्थमात्मानममन्यत तथैव सः॥ ६२ ॥

सूतजी बोले, हे शौनकादि ऋषियों ! भगवान् शिवजी रामचन्द्रजीसे इस प्रकार उपदेशकर वहां ही अन्तर्धान होगए और आत्मज्ञानके प्राप्त होनेसे रामचन्द्रनेभी अपनेको कृतार्थ माना ॥६२॥

एवं मया समासेन शिवगीता समीरिता ॥
एतां यः प्रजपेन्नित्यं शृणुयाद्वा समाहितः॥६३॥

यह मैंने संक्षेपसे शिवगीता तुम्हारे प्रति वर्णनकी, जो इसको जपते वा सावधान होकर श्रवण करते हैं ॥ ६३ ॥

एकाग्रचित्तो यो मर्त्यस्तस्य मुक्तिः करे स्थिता॥
अतः शृणुध्वं मुनयो नित्यमेतां समाहिताः६४॥

और एकाग्र चित्तसे ध्यान करतेहै उनके हाथमें मुक्ति स्थित रहतीहै, इस कारण हे मुनियो ! नित्य प्रति सावधान होकर शिवगीताको सुनो ॥ ६४ ॥

अनायासेनैव मुक्तिर्भविता नात्र संशयः ॥
कायक्लेशो मनःक्षोभो धनहानिर्न चात्मनः६५॥

अनायास मुक्ति होजायगी इसमें कुछ भी संदेह नहीं, इसमें शरीरको क्लेश नहीं, मानसिक क्लेश नहीं, धनका व्यय नहीं ॥ ६५ ॥

न पीडा श्रवणादेव यस्मात्कैवल्यमाप्नुयात् ॥
शिवगीतामतो नित्यं शृणुध्वमृषिसत्तमाः॥६६॥

न और किसी प्रकारकी पीडा है, केवल श्रवणसेही मुक्ति होजातीहै, हे ऋषियो। इस कारण तुम नित्यप्रति शिवगीताका श्रवण करो ॥ ६६ ॥

ऋषय ऊचुः।

अद्यप्रभृति नः सूत त्वमाचार्यः पिता गुरुः ॥
अविद्यायाः परं पारं यस्मात्तारयितासि नः॥६७॥

ऋषि बोले, हे सूतजी। आजसे तुम्हीं हमारे आचार्य पिता और गुरुहो जो कि, आपने हमको अविद्याके पार तारदिया॥ ६७ ॥

उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान्ब्रह्मदः पिता ॥
तस्मात्सूतात्मजात्त्वत्तःसत्यं नान्योऽस्ति नो गुरुः

जन्म देनेवालेसे ब्रह्मज्ञान देनेवालेका गौरव अधिकहै इसकारण हे सूत। सत्य ही तुमसे अधिक कोई दूसरा गुरु हमारा नहीं है॥६८॥

इत्युक्त्वा प्रययुः सर्वे सायंसंध्यामुपासितुम् ॥
स्तुवन्तः सूतपुत्रं ते संतुष्टा गोमतीतटम्॥ ६९ ॥
इति श्रीपद्मपुराणे उपरिभागे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्म-
विद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे गीताधिका-
रिनिरूपणं नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

व्यासजी बोले—ऐसा कहकर सम्पूर्ण ऋषि सायंसंध्या करनेके निमित्त गये, और सूतपुत्रकी बडाई करते गोमती नदीके समीप ध्यान करने लगे शिवपरायण हुए ॥ ६९ ॥

ॐ तत्सदिति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां
योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे गीताधिकारिनिरूपणं
नाम षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

श्रीभगवानुवाच ।

अव्यक्तादभवत्कालः प्रधानपुरुषः परः ॥
तेभ्यः सर्वमिदं जातं तस्माद्ब्रह्ममयं जगत् ॥ १॥

अव्यक्तसे कालकी उत्पत्ति हुई तथा उसीसे प्रधान और पुरुषकी उत्पत्ति हुई है और उनसे यह सब जगत् उत्पन्न हुआ इस कारण यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्ममय है ॥ १ ॥

सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥
सर्वतः पाणिपादं तत्सर्वतोक्षिशिरोमुखम्॥ २ ॥

जो संसारमें सब ओरको अपने कर्ण किये और सबको व्याप्त करके स्थित हो रहाहै, सब जगत्के पैर जिसके चरण और सबके हस्त, नेत्र, शिर, मुख, जिसके हाथ, नेत्र, शिर, मुख हैं तथा च श्रुतिः (सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्) इति ॥ २ ॥

सर्वेंद्रियगुणाभासं सर्वेंद्रियविवर्जितम् ॥
सर्वाधारं सदानन्दमव्यक्तं द्वैतवर्जितम् ॥ ३ ॥

जो सम्पूर्ण इन्द्रिय और गुणोंके आभाससे युक्त शरीरमें स्थित हैं और जो सब इन्द्रियोंसे वर्जित है, सबका आधार सदानन्दस्वरूप अप्रगट द्वैतरहित ॥ ३ ॥

सर्वौपम्यं परं नित्यं प्रमाणं चाप्यगोचरम् ॥
निर्विकल्पं निराभासं सर्वाभासं परामृतम् ॥४॥

सम्पूर्ण उपमाके योग्य, सबसे परे नित्य तथा प्रमाणसे भी परे, निर्विकल्प, निराभास, सबमें व्यापक, परं अमृत स्वरूप ॥ ४ ॥

अभिन्नं भिन्नसंस्थानं शाश्वतं ध्रुवमव्ययम् ॥
निर्गुणं परमं ज्योतिस्तत्स्थानं सूरयो विदुः॥५॥

सबके पृथक् और सबमें स्थित, निरन्तर वर्तमान, निश्चल अविनाशी निर्गुण और परंज्योतिस्वरूप ऐसा उस स्थानको विद्वानोंने वर्णन किया है ॥ ५ ॥

सर्वात्मा सर्वभूतानां स बाह्याभ्यन्तरः परः ॥
सोऽहं सर्वगतः शांतो ज्ञानात्मा परमेश्वरः ॥ ६ ॥

वह सम्पूर्ण प्राणियोंका आत्मा बाह्य और आभ्यन्तरसे परे जिसे कहतेहैं वही मैं सर्वगत शान्त स्वरूप ज्ञानात्मा परमेश्वर हूं ॥ ६ ॥

मया ततमिदं विश्वं जगत्स्थावरजंगमम् ॥
मत्स्थानि सर्वभूतानि इत्थं वेदविदो विदुः ॥७॥

यह स्थावर जंगमात्मक संसार मुझसेही उत्पन्न हुआ है, सब प्राणी मेरेही निवास स्थान हैं, ऐसा वेदके जाननेवाले कहतेहैं ॥ ७ ॥

प्रधानं पुरुषश्चैव तन्नु द्वयमुदाहृतम् ॥
तयोरनादिसंद्दिष्टः कालः संयोजकः परः॥ ८ ॥
त्रयमेतदनाद्यन्तमव्यक्ते समवस्थितम् ॥
तदात्मकं तदन्यत्स्यात्तद्रूपं मामकं विदुः ॥९॥

एक प्रधान और एक पुरुष यह जो दो वर्णन कियेहैं उन दोनोंका संयोग करनेवाला अनादि कालहै. यह तीनों अनादि है और अव्यक्तमें निवास करतेहैं इनका वो तदात्मक रूप है वही साक्षात् मेरा स्वरूप है ॥ ८ ॥ ९ ॥

महदाद्यं विशेषांतं संप्रसूतेऽखिलं जगत् ॥
या सा प्रकृतिरुद्दिष्टा मोहिनी सर्वदेहिनाम् १०॥

जो महत्से लेकर यह सम्पूर्णजगत् उत्पन्न करतीहै वह संपूर्ण देहधारियोंकी मोहित करनेवाली प्रकृति कहलाती है ॥ १० ॥

पुरुषः प्रकृतिस्थो वै भुंक्ते यः प्राकृतान्गुणान् ॥
अहंकारविविक्तत्वात्प्रोच्यते पंचविंशकः ॥११॥

यह पुरुषही प्रकृतिमें स्थित होकर प्रकृतिके गुणोंको भोगता है, अहंकारसहित होनेसे पच्चीसतत्त्वनिर्मित यह देह कहाताहै ॥ ११ ॥

आद्यो विकारः प्रकृतेर्महानात्मेति कथ्यते ॥
विज्ञानशक्तिर्विज्ञाता ह्यहंकारस्तदुत्थितः ॥१२॥

प्रकृतिका प्रथम विकारही महान् कहाता है यह आत्मा विज्ञानशक्तियुक्त स्थित रहता है पीछे उसीसे विज्ञानशक्तिका जाननेहारा अहंकार उत्पन्न होताहै ॥ १२ ॥

एक एव महानात्मा सोहंकारोभिधीयते ॥
स जीवः सोंतरात्मेति गीयते तत्त्वचिंतकैः॥ १२॥

उस एकही महान् आत्माका नाम अहंकार कहा जाताहै यही जीव और अंतरात्मा कहा जाताहै, यह तत्त्वके जाननेवालोंने कहाहै ॥ १२ ॥

तेन वेद्यते सर्वं सुखं दुःखं च जन्मसु ॥
स विज्ञानात्मकस्तस्य मनः स्यादुपकारकम् १३

यही जन्म लेकर, सुख और दुःख भोगताहै यद्यपि वह विज्ञानात्मा है परन्तु मनके संग होनेसे वह मन उसके उपकारक है ॥ १३ ॥

तेनाविवेकजस्तस्मात्संसारः पुरुषस्य तु ॥
स चाविवेकः प्रकृतेः संगात्कालेन सोभवत् १५॥

अज्ञानके कारण इस पुरुषको संसारकी प्राप्ति हुई है, और प्रकृतिसे पुरुषका संयोग होनेसे कालान्तरमें पुरुषको अज्ञानकी प्राप्ति हुई है ॥ १५ ॥

कालः सृजति भूतानि कालः संहरते प्रजाः ॥
सर्वं कालस्य वशगा न कालः कस्यचिद्वशे॥ १६॥

यह कालही जीवोंका उत्पन्न करता और कालही संहार

करताहै सम्पूर्णही कालके वशमें है, परन्तु काल किसीके वशमें नहीं है॥ १६ ॥

सौम्या सर्वमेवेदं नियच्छति सनातनः ॥
प्रोच्यते भगवान्प्राणः सर्वज्ञः पुरुषोत्तमः॥ १७॥

यही सनातन उसके हृदयमें स्थित होकर इस सबको जानता है और वशमें रखकर शासन करताहै, उसेही भगवान् प्राणस्वरूप सर्वज्ञ पुरुषोत्तम कहतेहैं ॥ १७ ॥

सर्वेन्द्रियेभ्यः परमं मन आप्तुर्मनीषिणः ॥
मनसश्चाप्यहंकारस्त्वहंकारान्महत्परम् ॥ १८ ॥

मनीषी विद्वानोंने इंद्रियोंसे परे मनको कहाहै, मनसे परे अहंकार, अहंकारसे परे महत् है ॥ १८ ॥

महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः ॥
पुरुषाद्भगवान्प्राणस्तस्मात्सर्वमिदं जगत् ॥ १९॥

महान्से परे अव्यक्त और अव्यक्तसे परे पुरुष है, पुरुषसे परे भगवान् प्राण स्वरूपहै, उससे यह सब जगत् हुआहै ॥ १९ ॥

प्राणात्परतरं व्योम व्योमातीतोग्निरीश्वरः ॥
सोहंसर्वगतः शांतो मया ततमिदं जगत् ॥ २०॥

प्राणसे परे व्योम (आकाश) और व्योमसे परे अग्नि ईश्वर है, सो मैं सबसे व्याप्त शान्तस्वरूप हूँ और मुझसे यह सब जगत् विस्तृत हुआहै ॥ २० ॥

नास्ति मत्तः परं भूतं मां विज्ञाय विमुच्यते ॥
नित्यं हि नास्ति जगतिभूतं स्थावरजंगमम् २१॥

मुझसे परे और कुछ नहीं है प्राणी मुझको जानकर मुक्त होजाताहै संसारमें स्थावर जंगम इनमें किसीकोभी नित्यता नहीं है ॥ २१ ॥

ऋते मामेकमव्यक्तं व्योमरूपं महेश्वरम् ॥
सोहं सृजामि सकलं संहराम्यखिलं जगत् ॥२२॥

केवल एक मैंही व्योमरूप महेश्वरहूँ सो मैंही सब जगत्को उत्पन्न करके संहार करताहूं ॥ २२ ॥

मयि मायामये देवः कालेन सह संगतः ॥
मत्सन्निधावेष कालः करोति सकलं जगत् २३॥

मायास्वरूप मुझमें कालकी संगति होकर मेरी स्थितिसेही यह काल सम्पूर्ण जगत्के उत्पन्न करनेमें समर्थ हुआहै कारण (कालनात् सर्वभूतानां कालः स परिकीर्तितः) सम्पूर्ण प्राणियोंकी आयुकी संख्याकरनेसेही इसका नाम काल हुआहै ॥ २३ ॥

नियोजयत्यनन्तात्मा ह्येतद्वेदानुशासनम् ॥
महादेवेति कालात्मा कालांतो मम सूदनः॥२४॥

यही अनन्तात्मा सब जगत्को यथायोग्य रखता है यही वेदका अनुशासन है, इसीको महादेव कालात्मा कालान्त आदिनामसे उच्चारण करते हैं यही दैत्योंको संहार करते हैं इस प्रकार जानना उचित है ॥ २४ ॥

वक्ष्ये समाहिता यूयं शृणुध्वं ब्रह्मवादिनः ॥
माहात्म्यं देवदेवस्य येन सर्वं प्रवर्तते ॥ २५ ॥

सूतजी बोले, हे ब्रह्मवादि ऋषियो ! तुम सावधान होकर सुनो हम उन देवदेव आदि पुरुषका माहात्म्य कहते हैं जिनसे यह सम्पूर्ण जगत् प्रवृत्त हुआ है ॥ २५ ॥

नाहं तपोभिर्विविधैर्न दानैर्नापि चेज्यया ॥
शक्यो हि पुरुषैर्ज्ञातुमृतेभक्तिमनुत्तमाम् ॥२६॥

शिवजी बोले—अनेक प्रकारके तप ज्ञान दान और यज्ञसे पुरुष मुझे इस प्रकार नहीं जानसक्ते जिस प्रकार श्रेष्ठ भक्ति करनेवाले मुझको जाननेको समर्थ होते हैं इससे केवल श्रेष्ठ भक्ति करनेवाले मुझे शीघ्र जानसक्ते हैं ॥ २६ ॥

अहं हि सर्वभूतानामंतस्तिष्ठामि सर्वगः ॥
मां सर्वसाक्षिणं लोको नजानाति मुनीश्वराः२७।

मैंही सर्वव्यापी होकर सब प्राणियोंके अन्तःकरणमें स्थित हूँ, हे मुनीश्वरो ! मुझे यह संसार सबलोकोंका साक्षी नहीं जानता है ॥ २७ ॥

तस्यांतरा सर्वमिदं यो हि सर्वांतरः परः ॥
सोहं धाता विधाता च कालाग्निर्विश्वतोमुखः २८

जो यह परमात्मा सबके हृदयान्तरमें निवास करता है, उसीके अन्तरमें यह सब जगत् है वही धाता विधाता कालाग्निस्वरूप सर्वव्यापक परमात्मा मैं हूं ॥ २८ ॥

न मां पश्यंति मुनयः सर्वेपि त्रिदिवौकसः ॥
ब्रह्माद्या मनवः शक्रा ये चान्ये प्रथितौजसः२९

मुझको मुनि और सब देवताभी नहीं जानते हैं तथा ब्रह्मा इन्द्र मनु औरभी विख्यात पराक्रमी मेरे रूपको यथार्थ जाननेमें समर्थ नहीं होते ॥ २९ ॥

गृणंति सततं वेदा मामेकं परमेश्वरम् ॥
यजंतिविविधैर्यज्ञैर्ब्राह्मणा वैदिकैर्मखैः ॥ ३० ॥

मुझही एक परमेश्वरको सदा वेद स्तुति करते रहते हैं, (सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति) और ब्राह्मणादि अनेक प्रकारके छोटे बडे यज्ञोंद्वारा यजन करते रहते हैं ॥ ३० ॥

सर्वे लोका नमस्यंति ब्रह्मा लोकपितामहः ॥
ध्यायंति योगिनो देवं भूताधिपतिमीश्वरम् ३१॥

पितामह ब्रह्मासहित सम्पूर्ण लोक नमस्कारकरते हैं, और योगीजन सम्पूर्ण भूतोंके अधिपति भगवान्का ध्यान करते हैं ॥ ३१ ॥

अहं हि सर्वहविषां भोक्ता चैव फलप्रदः ॥
अहं सर्वतनुर्भूत्वा सर्वात्मा सर्वसंस्थितः ॥३२॥

मैंही सम्पूर्ण हवियोंको भोक्ता और फल देनेवाला हूँ मैंही सबका शरीररूप होकर सबका आत्मा सबमें स्थित हूं ॥ ३२ ॥

मां हि पश्यंति विद्वांसो धार्मिका वेदवादिनः ॥
तेषां संनिहितो नित्यं ये मां नित्यमुपासते ३३॥

मुझे विद्वान् धर्मात्मा और वेदवादी देखसक्ते हैं उनके निकट जो नित्यप्रति मेरी उपासना करते हैं ॥ ३३ ॥

ब्राह्मणाःक्षत्रिया वैश्या धार्मिका मामुपासते ॥
तेषां ददामि तत्स्थानमानंदं परमं पदम् ॥३४॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, धार्मिक मेरी उपासना करते हैं उनको मैं परमानन्द परमपद स्वरूप अपने स्थानको देता हूं ॥ २४ ॥

अन्येपि ये स्वधर्मस्थाः शूद्राद्या नीचजातयः ॥
भक्तिमंतःप्रमुच्यंते कालेनापि हि संगताः॥२५॥

औरभी जो शूद्रआदि नीच जाति अपने धर्ममें स्थित हैं और यह मेरी भक्ति करते हैं वे कालसे यद्यपि मिलेहुए हैं तथापि मेरी कृपा-दृष्टिसे मुक्त होजाते हैं ॥ २५ ॥

न मद्भक्ता विनश्यंति मद्भक्त्या वीतकल्मषाः ॥
आदावेतत्प्रतिज्ञातं न मे भक्तः प्रणश्यति ॥२६॥

मेरे भक्त पापरहित होजाते हैं, उनका कभी नाश नहीं होता प्रथम तो यही मेरी प्रतिज्ञा है कि मेरे भक्तोंका कभी नाश नहीं होगा, यदि वह बीचमेंही सिद्धि प्राप्त होनेसे पूर्व मृतक होजाय तो फिर योगीके घरमें जन्म ले सत्संगको प्राप्तहो मुक्त होजाता है॥२६॥

यो वै निंदति तं मूढो देवदेवं स निंदति ॥
यो हि तं पूजयेद्भक्त्या स पूजयति मां सदा॥२७॥

जो मूर्ख मेरे भक्तोंकी निन्दा करता है उसने देवदेव साक्षात् मेरीही निन्दा की और जो प्रेमसे उनका पूजन करता है उसने मानो मेराही पूजन किया ॥ २७ ॥

शिवस्य परिपूर्णस्य किं नाम क्रियते शुभम् ॥
यत्कृतं शिवभक्ताय तत्कृतं स्याच्छिवे मयि३८॥

परिपूर्ण शिवस्वरूपमें और क्या शुभ किया जाय, जो कुछ शिवके भक्तके निमित्त किया है, वह सब कुछ मुझ शिव-स्वरूपकेही वास्ते किया है ॥ ३८ ॥

पत्रं पुष्पं फलं तोयं मदाराधनकारणात् ॥
योमेददाति नियतं स मे भक्तः प्रियो मम॥३९॥

जो प्रेमसे मेरे आराधनके कारण पत्र पुष्प फल जल नियमित होकर प्रदान करताहै वह मेरा भक्त और मेरा प्यारा है ॥ ३९ ॥

अहं हि जगतामादौ ब्रह्माणं परमेष्ठिनम् ॥
उत्तमः पुरुषस्त्वन्यःपरमात्मा हि गीयते ॥४०॥

मैंही जगत्की आदिमें सृष्टि उत्पन्न करनेसे ब्रह्मा परमेष्ठी कहा जाताहूँ, तथा पालन करनेसे उत्तम पुरुष परमात्मा इस नामसे गाया जाताहूं ॥ ४० ॥

अहमेव हि सर्वेषां योगिनां गुरुरव्ययः ॥
धार्मिकाणां च गोप्ताहं निहंता वेदविद्विषाम्॥४१॥

मैंही सम्पूर्ण योगियोंका अविनाशी गुरु हूँ, मैंही धर्मात्मा-ओंका रक्षक और वेदविरोधियोंका नाश करनेवाला हूं ॥ ४१ ॥

अहं हि सर्वसंसारान्मोचको योगिनामिह ॥
संसारहेतुरेवाहं सर्वसंसारवर्जितः ॥ ४२ ॥

मैंही योगियोंको संसारबन्धनके सब प्रकारके क्लेशसे छुटानेवाला हूं, मैंही सब प्रकार संसारसे रहित होकर संसारका कारणभी हूं ॥ ४२ ॥

अहमेव हि संहर्ता सृष्टाहं परिपालकः ॥
माया वै मामिका शक्तिर्माया लोकविमोहिनी ४३

मैंही सब संसारको उत्पन्न पालन करनेहारा तथ संहार करताहूं, कारण कि, कार्य अपने कारणमें लय होजाताहै, इससे सब जगत् मुझसे उत्पन्न होकर मुझमेंही लय होजाताहै तथा च श्रुतिः (विश्वस्य कर्त्ता भुवनस्य गोप्ता) और यह मेरी महाशक्ति लोकको मोहनेवाली माया है जो अनेक प्रकारसे जगत्को उत्पन्न करतीहै (अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः इति श्रुतेः ॥ ४३ ॥

ममैव च परा शक्तिर्या सा विद्येति गीयते ॥
नाशयामि च तां मायां योगिनां हृदि संस्थितः ॥

और मेरीही यह परा शक्ति विद्या नामसे गाई जातीहै मैं योगियोंके हृदयमें स्थित होकर उस अज्ञानकी उत्पन्न करनेवाली संसारमें भ्रमानेवाली मायाको नाश करताहूं ॥ ४४ ॥

अहं हि सर्वशक्तीनां प्रवर्तकनिवर्तकः ॥
आधारः सर्वभूतानां निधानममृतस्य च॥ ४५ ॥

मैंही सम्पूर्ण शक्तियोंके प्रेरणा करनेवालाहूँ, और मैंही निवृत्त करनेवालाहूँ, मैंही अमृतका निधानहूँ (स दाधार पृथीं द्यामुतेमामिति श्रुतेः) श्रुतिसे भी यह वार्ता सिद्ध है कि, वह विश्वको धारण करताहै ॥ ४५ ॥

अहमेव जगत्सर्वं मय्येव सकलं जगत् ॥
मत्त उत्पद्यते विश्वं मय्येव च विलीयते॥ ४६॥

मैंही सम्पूर्ण जगत्हूँ और मुझमेंही सब जगत् है अर्थात् यह सब कुछ मैंहीहूं दूसरी वस्तु कुछ नहीं है (सर्वं खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्ति किंचनेति श्रुतेः) यह सब जगत् मुझसेंही उत्पन्न होकर मुझमेंही लय होजाताहै (यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च) जैसे मकड़ी अपनेमेंसे जाला निकालकर ग्रहण करलेतीहै इसी प्रकार मैं जगत् उत्पन्नकर फिर लय करलेताहूं ॥ ४६ ॥

अहं हि भगवानीशः स्वयंज्योतिः सनातनः ॥
परमात्मा परं ब्रह्म मत्तो ह्यन्यन्न विद्यते ॥ ४७ ॥

मैंही भगवान् ईश्वर स्वयंज्योति सनातनहूं, मैंही परमात्मा परब्रह्महूँ, मुझसे परे कोई दूसरा नहीं है ॥ ४७ ॥

एका सर्वांतरा शक्तिः करोति विविधं जगत् ॥
आस्थाय ब्रह्मणो रूपं मन्मयी मदधिष्ठिता ४८

यह एक शक्ति तो सबके अन्तःकरणमें स्थित होकर अनेक प्रकारके जगत्को उत्पन्न करती है यही मेरी शक्ति मुझ ब्रह्म-स्वरूपमें स्थित होकर जगत्की रचना करती है और मुझहीमें स्थित है ॥ ४८ ॥

अन्या च शक्तिर्विपुला संस्थापयति या जगत्॥
भूत्वा नारायणो देवो जगन्नाथो जगन्मयः॥४९॥

दूसरी शक्ति नारायण देव जगन्नाथं जगन्मय विष्णुस्वरूप होकर इस संपूर्ण जगत्को स्थापित करती अर्थात् पालती है ॥ ४९ ॥

तृतीया महती शक्तिर्निहंति सकलं जगत् ॥
तामसी मे समाख्याता कालाख्या रौद्ररूपिणी ५०

तीसरी महती शक्ति है जो सम्पूर्ण जगत्का संहार करती है उस शक्तिका नाम तामसी है तथा उसका रौद्ररूप है कालनाम है ॥५०॥

ध्यानेन मां प्रपश्यंति केचिज्ज्ञानेन चापरे ॥
अपरे भक्तियोगेन कर्मयोगेन चापरे ॥ ५१ ॥

कोई मुझे ज्ञानसे देखतेहैं, कोई ध्यानसे, कोई भक्तियोग और कोई कर्मयोगसे अर्थात् कर्मकाण्डके आश्रयसे मेरा यजन करतेहैं ॥ ५१ ॥

सर्वेषामेव भक्तानामिष्टः प्रियतरो मम ॥
यो हि ज्ञानेन मां नित्यमाराधयति नान्यथा ५२॥

परन्तु इन सब भक्तोंमें वह मुझे सबसे अधिक प्यारा है जो नित्य प्रतिज्ञासे मेरी आराधना करताहै ॥ ५२ ॥

अन्ये च येऽत्र भक्ता मे मदाराधनकांक्षिणः ॥
तेऽपि मां प्राप्नुवंत्येव नावर्तन्ते च वै पुनः ॥५३॥

और भी जो मेरे भक्त मेरी उपासना करतेहैं, वेभी मुझको प्राप्त होजातेहैं, और फिर उनका जन्म नहीं होता (यथा य इह स्थातुमपेक्षते तस्मै सर्वैश्वर्यं ददाति यत्र कुत्रापि म्रियते देहान्ते देवः परं ब्रह्म तारकं व्याचष्टे येनामृतीभूत्वा सोऽमृतत्वं च गच्छति) अर्थात् जो उसकी भक्ति करताहै और उनतिको प्राप्त होनेकी इच्छा करताहै, उसे भगवान् सम्पूर्ण ऐश्वर्य देतेहैं और वहही मृतक हो देहान्तमें भगवान् उसे तारक मंत्रका उपदेश करतेहैं, जिससे उसका फिर जन्म नहीं होता ॥ ५३ ॥

मयाततमिदं कृत्स्नं प्रधानपुरुषात्मकम् ॥
मय्येव संस्थितं सर्वं मया संप्रेर्यते जगत् ॥५४॥

मैंनेही सम्पूर्ण प्रधान और पुरुषात्मक जगत् उत्पन्न कियाहै मुझहीमें यह सम्पूर्ण जगत् स्थितहै, और मुझसेही प्रेरित होताहै॥५४॥

नाहं प्रेरयिता विप्राः परमं योगमाश्रिताः ॥
प्रेरयामि जगत्कृत्स्नमेतद्यो वेद सोऽमृतः॥५५॥

मैं इसका प्रेरक नहींहूं अर्थात् उपाधिसे प्रेरणा करने वालाहूँ. ऐसा विद्वान् जानतेहैं परन्तु वास्तवमें मैं प्रेरक नहीं, हे परमयोग साधनेवाले ब्राह्मणों! जिस प्रकारसे मैं प्रेरक नहीं हूं और जिस प्रकारसे प्रेरक हूं इसको जो जानतेहैं वह मुक्त स्वरूप हैं अर्थात तत्त्वविचारसे जानना उचित है कि,वास्तवमें ब्रह्म कुछ नहीं करता॥५५

पश्याम्यशेषमेवेदं वर्तमानं स्वभावतः ॥
करोति कालो भगवान्महायोगेश्वरः स्वयम्॥५६॥

मैं इस संसारको जो स्वभावसे वर्तमान है सब ओरसे देखताहूँ परन्तु महायोगेश्वर काल भगवान् यह सब कुछ स्वयं करताहै ॥ ५६ ॥

योगात्संप्रोच्यते योगी मया शास्त्रेऽपि सूरिभिः ॥
योगेश्वरोऽसौ भगवान्महादेवो महान्प्रभुः॥५७॥

पण्डित जन मेरे शास्त्रके अनुष्ठान करनेवालोंको योगी कहते हैं और यह भगवान् महादेव महाप्रभु योगेश्वर कहलाते हैं ॥ ५७ ॥

महत्त्वात्सर्वसत्त्वानां परत्वात्परमेष्ठिनः ॥
प्रोच्यते भगवान्ब्रह्मा महादेवो महेश्वरः ॥ ५८ ॥

यह भगवान् महादेव महेश्वरही सम्पूर्ण प्राणियोंसे अधिक होनेसे और परेसे परे होनेसे परमेष्ठी ब्रह्मा कहलाते हैं अर्थात् युग कर्मोंके अनुसार अनेक नाम हैं इनके यथार्थ जाननेसे परम पदकी प्राप्ति होती है ॥ ५८ ॥

यो मामेवं विजानाति महायोगेश्वरेश्वरम् ॥
सोविकल्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः॥५९॥

जो इस प्रकार मुझको महायोगियोंके ईश्वर जानताहै वह विकल्परहित योगको प्राप्त होता है इसमें कुछ संदेह नहीं ॥ ५९ ॥

अहं प्रेरयिता देवः परमानंदमाश्रितः ॥
वृत्त्यामि योगी सततं यस्तं वेद स वेदवित् ६०॥

ॐतत्सदिति श्रीपद्मपुराणे शिवगीतासूपनिषत्सु शिवराघवसंवादे ब्रह्मनिरूपणं नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

मैंही परमानन्द स्वरूपमें स्थित होकर सबका प्रेरक देव हूँ मैंही सबमें नृत्य करता हूँ अर्थात् कर्मानुसार सब भूतोंको भ्रमण करताहूँ जो इस बातको जानताहै वही वेदका जानने-वाला होता है इस प्रकार तत्त्वज्ञानसे मुझे जानकर परम पदको प्राप्त होजाता है ॥ ६० ॥

ॐतत्सदिति श्रीपद्मपुराणे० शिवरामसंवादे ब्रह्म निरूपयोगो नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

श्रीराम उवाच ॥

देवदेव महादेव सृष्टिसंहारकारक ॥
कृपा क्रियतां नाथ वद मे मुक्तिसाधनम् ॥ १ ॥

श्रीरामचन्द्र बोले—हे देवदेव ! हे सृष्टिसंहारकर्ता ! हे नाथ ! कृपा करके मुझसे मुक्तिके साधन कहिये ॥ १ ॥

श्रीशिव उवाच ॥

शृणु राम महाप्राज्ञ एकाग्रकृतमानसः ॥
तथेदं कथयिष्यामि महानंदकरं परम् ॥ २ ॥

श्रीभगवान् बोले—हे बुद्धिमान् रामचंद्र ! मन लगाकर सुनो, यह महाआनंददायक वार्ता मैं तुम्हारे प्रति वर्णन करता हूं ॥ २ ॥

सर्वज्ञं सर्वमाश्रित्य सर्वेशं सर्वलक्षणम् ॥
भावाभावविनिर्मुक्तमुदयास्तविवर्जितम् ॥ २ ॥

उस सर्वज्ञ सर्वस्वरूप सर्वेशका आश्रय करके जो कि, सब का लक्षणस्वरूप है भाव और अभावसे हीन उदय और अस्तसे वर्जित ॥ २ ॥

स्वभावेनोदितं शांतं यन्नो पश्यति नाव्ययम् ॥
निरालम्बं परं सूक्ष्मं सर्वाधारं परात्परम् ॥ ४ ॥

स्वभावसेही प्रकाशस्वरूप शान्तस्वरूप है, जिस अव्ययको कोई देखनेको समर्थ नहीं, आलम्बरहित परम सूक्ष्म सबके आधारभूत परसे परेहै ॥ ४ ॥

नो ध्यानं ध्येयसंपन्नं न लक्ष्यं न च भावना ॥
नावद्धकरणं नैव नाभ्यासाच्चालनेन च ॥ ५ ॥

वह ध्यान ध्येय संपन्न नहीं है, न लक्ष्य है, न भावना, न अवद्धकरण, न अभ्यासके चलायमान करनेसे ॥ ५ ॥

न इडा पिंगला चैव सुषुम्ना नागमागमौ ॥
अनाहते न कण्ठे च नैव नादे च बिंदुके ॥ ६ ॥

न इडा पिंगला, न सुषुम्ना नाडीद्वारा उसका आना जाना, न अनाहत, न कण्ठमें, न नादमें, न बिंदुमें ॥ ६ ॥

हृदये नैव शीर्षे च चक्षुरुन्मीलने न च ॥
ललाटे नैव नासाग्रे घ्रणेशे निर्गमे न च ॥ ७ ॥

न हृदय, न शिर, न नेत्रोंके वन्द करने, न ललाटमध्यमें, न नासाके अग्र भागमें, न प्रवेश होने, न निकलनेमें ॥ ७ ॥

न बिंदुमालिनी हंसो नाकाशो नैव तारका ॥
न निरोधो न च ज्ञानं मुद्रायां नैव चासने ॥ ८ ॥

न विंदुमालिनी, न हंस, न आकाश, न तारका, न निरोध, न ज्ञान, न मुद्रा, न आसन ॥ ८ ॥

रेचके पूरके नैव कुम्भके न च सम्पुटे ॥
न चिन्ता न च शून्यं च न स्थानं न च कल्पना ॥ ९

न रेचक, न पूरक, न कुम्भक, न संपुट, न चिन्ता, न शून्य, न स्थान, न कल्पना ॥ ९ ॥

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिर्न तथा नैव तुरीयकम् ॥
न सालोक्यं समीप्यं च सरूपं न सयोज्यता ॥ १०

न जाग्रत्, न स्वप्न, न सुषुप्ति, न तुरीय, न सालोक्य, न सामीप्य, न सरूप, न सायुज्य ॥ १० ॥

न बिंदुभेदग्रथितैर्नासाग्रं न निरीक्षणम् ॥
न ज्योतिश्च शिखांतेन न किंचित्प्राणधारणे ॥ ११ ॥

न बिंदुके भेदमें प्रथित होना, न नासिकाका अग्रभाग देखना, न ज्योति, न शिखान्त, न कुछ प्राणधारणमें ॥ ११ ॥

न ऊर्ध्वं नादिमध्ये च नादिमध्यावसानकम् ॥
नातिदूरं न चासन्नं प्रत्यक्षं च परोक्षकम् ॥१२॥

न ऊर्ध्व, न आदि,मध्यमें, न आदि मध्य और अन्त, न दूर, न धोरे, न प्रत्यक्ष, न परोक्ष (दृष्टिके अगोचर) ॥ १२ ॥

न ह्रस्वं न च दीर्घं च न लुप्तं नैव चाक्षरम् ॥
न त्रिकोणं चतुष्कोणं न दीर्घं न च वर्तुलम् ॥
ह्रस्वदीर्घविहीनं च सुषुम्ना नैव बुध्यते ॥१३॥

न ह्रस्व, न दीर्घ, व लुप्त, न अक्षर, न त्रिकोण, न चतुष्कोण, न दीर्घ, न गोल, ह्रस्व और दीर्घविहीन सुषुम्नासेभी जाननेके अगोचर ॥ १३ ॥

न ध्यानमागमाश्चैव नायतः पुष्टकस्तथा ॥१४॥
न वामे दक्षिणे चैव नाच्छाद्यं नभमध्यगम् ॥
न स्त्रीलिंगं न पुँल्लिंगं न षंढं न नपुंसकम्॥१५॥

न ध्यान, न शास्त्र, न आयत (दीर्घ) न पुष्टक (पोषण-कारक) न वाम, न दक्षिण, न आच्छादित, न मध्यमें, न स्त्री, न पुरुष, न षण्ढ, न नपुंसक ॥ १४ ॥ १५ ॥

न साचारं निराचारं न तर्कं तर्कहेतुकम् ॥
न लयो विलयश्चैव अस्तिनास्तिविवर्जितम् १६॥

न आचार सहित न आचाररहित, तर्क, न तर्कका कारण, लय, विलय, अस्ति, नास्तिसे रहित ॥ १६ ॥

न माता न पिता तस्य न भ्राता न च मातुलः॥
न पुत्रोपि कलत्रं च न पौत्रो न च पुत्रिका १७॥

न उसके माता, न पिता, न भाई, न मातुल (मामा) न पुत्र, न स्त्री, न पोता, न पुत्रीहै ॥ १७ ॥

दुष्टमाया न कर्तव्या स्थानबंधं तथैव च ॥
ग्रामबंधं गेहबंधमात्मबंधं तथैव च ॥ १८ ॥

उसके निमित्त न दुष्ट मायाका कर्तव्यहै, न स्थानबन्ध, इसी प्रकार ग्रामबन्ध घरका बंधन तथा आत्माका बन्धन ॥ १८ ॥

ज्ञातिबंधं न कर्तव्यं वर्णबंधं विपर्ययम् ॥
न व्रतं न च तीर्थं च नोपासनं न च क्रिया १९
नानुमानेन कर्तव्यं क्षेत्रबंधं च सेवया ॥

न जातिबन्धन करनेकी आवश्यकता, न वर्णबन्धन, न उसका विपर्यय (उलटा), न व्रत, न तीर्थ, न उपासना, न क्रिया ॥१९॥

न शीतं न च उष्णं च न किंचित्प्राणधारणा २०

न अनुमानके करनेकी आवश्यकता, न क्षेत्रबंध, न सेवा, न शीत, न उष्ण, न कुछ प्राणधारणा ॥ २० ॥

यो विपक्षविनिर्मुक्तं हेतुदृष्टांतवर्जितम् ॥
सबाह्याभ्यंतरे चैव एकाकारं परात्परम् ॥ २१ ॥

जो अनेक पक्षोंसे रहित हेतु और दृष्टान्तसे वर्जित बाह्य अन्तर एकाकार परेसे परे तथा उससेभी परे देव विश्वके आत्मा सदाशिव है ॥ २१ ॥

परात्परतरो देवो विश्वमात्मा सदाशिवः ॥
सूर्यानंतसहस्राभश्चंद्रानंतनिभाननः ॥ २२ ॥
गणेशानंतलावण्यो विष्वनंताभिमर्दनः ॥
दावाग्न्यनंतज्वलितो रुद्रानंतोग्ररूपवान् ॥२३॥

जो अनन्त सूर्यकी समान प्रकाशमान, जो अनन्त चन्द्रमाकी समान कान्तिमान, अनन्त गणेशकी समान शोभायमान, अनन्त विष्णुकी समान दैत्योंके मारनेवाले, अनन्त दावाग्निकी समान जाज्वल्यमान, अनन्त रूप रुद्रकी समान उग्ररूपधारी ॥ २२ ॥ २३ ॥

समुद्रानंतगंभीरो वाय्वनंतमहाबलः ॥
आकाशानंतविस्तारो यमानंतभयानकः ॥२४॥

अनंतमेरुविस्तारो कुबेरानंतऋद्धिदः ॥
निष्कलंको निराधारो निर्गुणो गुणवर्जितः २५॥

अनन्त समुद्रकी समान गंभीर, अनन्त वासुकी समान महाबली, अनन्त आकाशकी समान विस्तारवान्, अनन्त यमराजकी समान भयानक, अनन्त सुमेरुकी समान विस्तृत, अनन्त कुबेरकी समान ऋद्धिदायक, निष्कलंक, निराधार, निर्गुण गुणवर्जित है ॥२४॥२५॥

न कामो न च क्रोधश्च पैशुन्यं न च दंभिता ॥
न माया न च लोभश्च न मोहः शोक एव च २६.

न काम, न क्रोध, न शिशुनता, न पाखण्डता, न माया, न मोह, न लोभ, न शोक ॥ २६ ॥

अप्रग्राह्यश्च लोभश्च त्यजेत्सर्वं शनैःशनैः ॥
न च साधनसिद्धिं च औषधीफलमेव च ॥२७॥

इनके द्वारा तथा लोभके द्वारा परमात्मा प्राप्त नहीं होता, शनैः शनैः लोभादिको त्यागन करदे, साधन सिद्धि औषधी फल ॥ २७ ॥

रसं रसायनं चैव धातुवादं तथैव च ॥
अंजनं खड्गसिद्धिश्च पातालं न च खेचरम्॥२८॥

सिद्धं रसं तथा मूलं न ग्राह्यं च कदाचन ॥
तृणवत्त्यज्यतां सर्वं यदि प्राप्तमुपार्जितम् ॥२९॥

इस रसायन धातुवाद (वितण्डा) अञ्जन (जिसके लगानेसे त्रिलोकीका ज्ञान हो) खड्गसिद्धि पाताल तथा आकाश गमनसिद्धि रस तथा मूल इनमें किसीप्रकार मन लगाना न चाहिये किन्तु यह सब प्रकारकी सिद्धिये तृणकी समान सब त्यागना चाहिये चाहे स्वयं प्राप्त हुई हों ॥ २८ ॥ २९ ॥

महासिद्धचष्टकं चैव अणिमादिगुणाष्टकम् ॥
तृणवत्त्यज्यते सर्वं संयोगान्मुच्यते ध्रुवम् ॥ ३० ॥

आठों महासिद्धि और अणिमादिक सिद्धियें इनके संयोगको तृणवत् त्यागनेसे मुक्त होजाता है इसमें कोई सन्देह नहीं ॥ ३० ॥

कृतं कर्म परित्यज्य सततं जनवर्जितम् ॥
शून्याशून्यमयो भूत्वा न किंचिदपि चिंतयेत् ॥ ३१

कियेहुए कर्मोंके फलमें इच्छा न करनी तथा उनका त्याग करना सदा संगरहित होना इस प्रकार शून्य अशून्यमें होकर कुछभी न विचारे ॥ ३१ ॥

चिंतयेत्कल्पयेन्नैव मननं मनगोचरम् ॥
नष्टं मनस्तथा चिंता मन इंद्रियमेव च ॥ ३२ ॥

न कुछ चिन्तन करे, न कल्पना करे, न मनन करे, कारण कि यह मनके धर्म परे हैं मनके नष्ट होनेसे चिन्ता और इन्द्रियादि लय होजाती हैं ॥ २२ ॥

सर्वचिंतां परित्यज्य अचिंत्यं चित्तमाश्रयेत् ॥
बहुनात्र किमुक्तेन हृदि चिन्तां निवेशयेत् ॥२३॥
अनवस्थां ततः कृत्वा न किंचिदपि चिंतयेत् ॥
अनित्यकर्मसंत्यागी नित्यानुष्ठानतोपि वा ॥२४॥

सम्पूर्ण चिन्ताको त्यागन करके चित्तको अचिन्ताके आश्रय करे बहुत कहनेसे क्या है हृदयमें विचार प्रवेश करके और उसे अनवस्थार अर्थात् लय करके फिर कुछभी न विचारे, अनित्य कर्मके त्यागनेवाला अथवा नित्य अनुष्ठानमें तत्पर ॥ २२ ॥ २४ ॥

सर्वभूतांतरावासवाङ्मनोबुद्धिमोहिनी ॥
अतैव निखिलं कर्म कृत्याज्यं विषयादिकम् ॥२५॥

ॐ तत्सदिति श्रीपद्मपुराणे शिवगितासूपनिषत्सु शिव-राघवसंवादे जीवन्मुक्तिस्वरूपनिरूपणयोगो नाम अष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

सम्पूर्ण प्राणियोंके अन्तरमें निवास करनेहारे वाणी मन और बुद्धिसे मोहनेहारे अनेक प्रकारके यह सब कर्म जो कुछभी है सब ब्रह्मरूपही हैं; फिर विषयादिकमें कौनसी वस्तु त्यागनेके योग्य है, कारण कि (ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचजगत्यां जगदिति श्रुतिः)। यह सब कुछ ब्रह्मही है ॥ ३९ ॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखण्डे शिवगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे शिवराघवसंवादे पण्डितज्वालाप्रसादमिश्रकृत-भाषाटीकायां जीवन्मुक्तिस्वरूपनिरूपणयोगो नामाष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

फाल्गुनकृष्ण त्रयोदशी, शशिदिन शंभुसनाय ॥
शिवगीताको तिलक यह,पूर्णकियो मनलाय १॥
उन्निससै पंचाशशुभ, सम्वत्सर सुखदान ॥
चंद्रमौलि शंकरसुमिर, भाष्यो गीताज्ञान ॥२॥
पढहिं सुनहिं आचरहिं जो, पावहिं पदनिर्वान ॥
भक्तिलहहिं शिवकी शुभद, नितनूतन कल्यान३

हे शंकर यह आरंभ, अ· ॥· ौ ब्नाय ।
करिये अंगीकार प्रभु, पुष्पांजलि शिरिशाय
नित ज्वालाप्रसाद पद, वन्दत वारंवार ॥
येह प्रसाद है आपको, करिये प्रभु निस्तार
॥ श्रीसांबसदाशिवार्पणमस्तु ॥



पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
खेमराज श्रीकृष्णदास,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस—बंबई.

"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-यन्त्रालयकी परमोपयोगी स्वच्छ शुद्ध और सस्ती पुस्तकें।

यह विषय आज ३०।४० वर्षसे अधिक हुआ भा: तवर्षमें प्रसिद्धहै कि, इस यन्त्रालयकी छपी हुई पुस्तकें सर्वोत्तम और सुन्दर प्रतीत तथा प्रमाणित हुई हैं सो इस यन्त्रालय में प्रत्येक विषय की पुस्तकें जैसे-वैदिक, वेदान्त, पुराण, धर्मशास्त्र, न्याय, मीमांसा, छन्द, ज्योतिष, काव्य, अलंकार, चम्पू, नाटक, कोष, वैद्यक, साम्प्रदायिक तथा स्तोत्रादि संस्कृत और हिन्दी भाषाके प्रत्येक अवसरपर विक्रीके अर्थ तैयार रहते हैं। शुद्धता स्वच्छता तथा कागज़की उत्तमता और जिल्दकी बँधाई देशभरमें विख्यात है। इतनी उत्तमता होनेपर भी दाम बहुत ही सस्ते रक्खे गये हैं और कमीशनभी पृथक् काट दियाजाता है। ऐसी सरलता पाठकों को मिलना असंभवहै संस्कृत तथा हिन्दीके रसिकोंको अवश्य अपनी २ आवश्यकतानुसार पुस्तकों के मँगानेमें त्रुटि न करनी चाहिये, ऐसा उत्तम, सस्ता और शुद्ध माल दूसरे जगह मिलना असम्भव है 'सूचीपत्र' मँगा देखो॥

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस, खेतवाड़ी-बंबई.